महर्षि पतंजलि ने पांच प्रकार के यमों की चर्चा करते हुए कहा है कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ये यम हैं।''[12] इन यमों के रूप में ही इनका सम्पूर्ण आचार शास्त्र समाहित है। ये संक्षेप में इस प्रकार हैं- अहिंसा- सब प्रकार से सब कालों में समस्त भूतों को पीड़ा न देना अंहिसा है। अगले यम-नियम अंहिसामूलक हैं। अर्थात् अहिंसा पर आश्रित हैं। वे अहिंसा की सिद्धि में सहायक हैं।[13] सत्य- जो पदार्थ जैसा हो उसके सम्बन्ध में वैसी ही वाणी और वैसा ही मन में होना 'सत्य' है।[14] अस्तेय- अवैध रूप से दूसरों के पदार्थों को लेना 'स्तेय' है और उनका प्रतिषेध अर्थात्, उसको छोड़ना, अभिलाषा न करना 'अस्तेय' है।[15] ब्रह्मचर्य- गुप्तेन्द्रिय उपस्थ का संयम 'ब्रह्मचर्य' है।[16] अपरिग्रह- अर्जन, रक्षण, क्षय, संङ, हिंसा दोषों के दीखने से विषयों को स्वीकार न करना 'अपिरग्रह' है।[17] महर्षि पतंजलि ने पांच यमों को स्वीकार करते हुए कहा है कि ''शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान ये पांच नियम हैं।[18] ये संक्षेप में इस प्रकार हैं- शौच- मिट्टी, जल आदि से होने वाला और पवित्र भोजन आदि बाह्य शौच है। चित्त के मलों को दूर करना आभ्यान्तर शौच है।[19] सन्तोष- अपने पास में विद्यमान साधन से अधिक को ग्रहण करने की अनिच्छा।[20] तप- द्वन्द्वों को सहना।[21] स्वाध्याय- मोक्ष शास्त्रों का अध्ययन और (ओ३म्) प्रणव का जप।[22] ईश्वर प्रणिधान- सब कर्मों को उस परमगुरु (परमेश्वर) में अर्पित करना।[23]

आसन को परिभाषित करते हुए महर्षि पतंजलि कहते हैं कि ''जिस अवस्था में शरीर स्थिर और सुख युक्त हो वह 'आसन' कहलाता है।''[24] शास्त्रों में अनेक आसनों की चर्चा की गई है जिनसे शरीर निरोग होता है। आगे प्राणायाम के सन्दर्भ में कहा गया है कि ''आसनों की सिद्धि हो जाने पर श्वास-प्रश्वास की गति को रोक देना 'प्राणायाम' कहलाता है।[25] अनेक योग-शास्त्रों में प्राणायाम से शारीरिक व मानसिक रोगों को भी दूर करने की बात कही गयी है। आगे कहा गया है कि ''उस प्राणायाम से विभिन्न स्थानों पर मन को लगाने की योग्यता हो जाती है।[26]

महर्षि पतंजलि प्रत्याहार को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि ''इन्द्रियों को अपने-अपने विषयों के साथ संयोग न होने पर चित्त के स्वरूप का अनुसरण करती हैं अर्थात् चित्त के समान निरुद्ध हो जाती हैं।''[27] इस अवस्था को ही प्रत्याहार कहते हैं। इसके पश्चात् धारणा को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि ''चित्त को देशविशेष अर्थात् नाभि, हृदय, मस्तक आदि में स्थिर करना 'धारणा' है।''[28]

ध्यान का महत्त्व साधना में अत्यधिक है। इसे योगसूत्रकार ने परिभाषित करते हुए कहा है कि ''जिस स्थान में धारणा की हुई है उसी स्थान में ज्ञेय-विषयक ज्ञान का एक सा बना रहना अर्थात् ज्ञेय विषयक ज्ञान से भिन्न ज्ञान को उपस्थित न करना 'ध्यान' है।[29] ध्यान के पश्चात् अष्टांग-योग साधना का अन्तिम सोपान समाधि आता है। समाधि ध्यान की सिद्धि होने के बाद ही घटित होती है। इसे परिभाषित करते हुए महर्षि पतंजलि कहते हैं कि ''वह ध्यान ही केवल ध्येय के स्वरूप को प्रकाशित करने वाला, अपने ध्यानात्मक स्वरूप से शून्य बना जैसा अर्थात् ज्ञान स्वरूप से गौण हुआ समाधि है।''[30] चार प्रकार की सम्प्रज्ञात समाधि की चर्चा करते हुए कहा है कि 'विर्तक, विचार, आनन्द और अस्मिता रूप स्थितियों के अनुभव से सम्प्रज्ञात समाधि होती है'।[31] सब वृत्तियों का विराम (निरोध), जो परवैराग्य है, उसकी पुनः-पुनः आवृत्ति से जिस स्थिति में संस्कार शेष रह जाते हैं, वह सम्प्रज्ञात से भिन्न असम्प्रज्ञात समाधि है।[32]

साधना के पथ पर आगे बढ़ते रहने से साधक धर्ममेघ सर्वोच्च समाधि तक पहुँच जाता है। योग सूत्रकार धर्ममेघ समाधि का वर्णन करते हुए कहते हैं कि विवेकख्याति प्राप्त हो जाने पर भी सिद्धियों में रागरहित योगी की दृढ़ विवेक ख्याति उत्पन्न हो जाने से धर्ममेघ नाम समाधि होती है।[33] और उस धर्ममेघ समाधि के सिद्ध हो जाने पर अविद्या आदि क्लेश तथा सकाम शुभ एवं अशुभ कर्म दूर हो जाते हैं।[34]

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष निकलता है कि न्यायदर्शनकार ने तत्त्वज्ञान अर्थात् अपवर्ग (मोक्ष) की प्राप्ति में तर्क व योग साधना को पर्याप्त महत्त्व दिया है। इनकी योग साधना को महर्षि पतंजलि द्वारा रचित अष्टांग-योग साधना के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में इस प्रकार कहा जा सकता है कि तर्कादि के बिना योग-साधना तथा योग-साधना के बिना तर्कादि अपूर्ण हैं। जैसा कि न्याय सूत्रकार ने भी कहा है कि जिज्ञासु को तत्त्वज्ञान के संरक्षण के लिए जल्प-वितण्डा का भी प्रयोग करना चाहिए, जैसे अन्यत्र अपेक्षित कण्टकशाखा का आवरण (काण्टों का फेरा) भी क्षेत्ररक्षण के लिये कभी-कभी आवश्यक होता है।[35] अतः जीवन के अन्तिम लक्ष्य अपवर्ग (मोक्ष/मुक्ति) की प्राप्ति के लिए तार्किक बुद्धि या तर्कादि तथा संयम से युक्त यम-नियमादि अष्टांग-योग की साधना आवश्यक है। ये एक दूसरे के बिना अपूर्ण हैं।

## सन्दर्भ-सूची

1. प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्यायः। वात्स्यायन भाष्य-न्यायदर्शनम्-संस्करण तृतीय, 1984, पृ0-7
2. प्रत्यक्षागमाभ्यामीक्षितस्यान्वीक्षणमन्वीक्षा, तथा प्रवर्तत इत्यान्वीक्षिकी-न्यायविद्या, न्यायशास्त्रम्। वात्स्यायन भाष्य-न्यायदर्शनम्-संस्करण तृतीय, 1984, पृ0 7
3. तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः।। न्यायसूत्र 1/1/22

# गढ़ कुंडार ऐतिहासिकता के निकष पर

**डॉ0 उमेश कुमार शुक्ल**
सहायक आचार्य–हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

उपन्यास समग्र जीवन को चित्रित करने वाली विधा है। जीवन को उसकी वास्तविकता के साथ–साथ यथा अर्थ अंकित करना उपन्यासकार का लक्ष्य होता है। ऐतिहासिक उपन्यासकार अतीत में घटी घटनाओं को उपयोगिता की कसौटी पर कसकर ही इतिहास का निर्माण करता है और उन घटनाओं के कारणों पर अधिक बल देता है। वह अपनी कल्पना प्रसूत शक्ति के बल पर घटनाओं और व्यक्ति चरित्र में फेरबदल करता है। लेकिन ये उपन्यास कल्पना प्रसूत होकर भी यथार्थपरक होते हैं। वही ऐतिहासिक उपन्यास श्रेष्ठ माना जाता है। जिसमें घटनाओं की अपेक्षा मानवीय संवेदनाओं, पारिवारिक–सामाजिक संबंधों, समकालीन व्यक्ति–चरित्रों, संस्कृति और स्थिति का अधिक अंकन होता है।

ऐतिहासिक उपन्यासों के सृजन में सबसे अधिक सफलता श्री वृन्दावन लाल वर्मा को मिली।1 श्री वृन्दावन लाल वर्मा का जन्म झाँसी से पूर्व–दक्षिण में चालीस मील दूर स्थित, पुरखों के जन्मस्थल मऊरानी नामक स्थान पर 9 जनवरी 1889ई0 को हुआ था। इनके ऐतिहासिक उपन्यास कथानक, कथ्य एवं शिल्प की दृष्टि से उच्च कोटि के हैं, उनमें प्रवहमानता है इतिहास नीरस होकर नहीं अपितु उनकी कल्पना का सहारा ले उपन्यासों में पूरी सरसता से उभरा है ऐतिहासिक उपन्यास के आरम्भ करने का श्रेय डॉ0 नगेन्द्र ने इन्हीं को दिया है– ''जहाँ लेखक का अभीष्ठ विभिन्न सामाजिक समस्याओं के सन्दर्भ में जीवन का आदर्शात्मक यथार्थ– निरूपण प्रतीत होता है, वहाँ शुद्ध ऐतिहासिक उपन्यासों की रचना–परम्परा को आरम्भ करने का श्रेय भी उन्हीं को प्राप्त है।''2

डॉ0 रामप्रसाद मिश्र ने अन्य समकालीन उपन्यासकारों से इनकी तुलना करते हुए इन्हें सर्वश्रेष्ठ माना है। इनकी इस सम्बन्ध में निम्नलिखित पंक्तियाँ ध्यातव्य हैं– ''यद्यपि वृन्दावन लाल वर्मा लालित्य के अभाव में बंकिम एवं विद्वता के अभाव में मुंशी से पीछे लगते हैं, तथापि वस्तुवादिता एवं तथ्य सम्प्रेषण में इन दोनों से आगे हैं। वे भावना या विचार में न बहकर सत्य का प्रणम्य चित्रण करते हैं। किशोरीलाल गोस्वामी के सदृश्य उन्होंने ऐतिहासिक उपन्यास रचते हुए भी इतिहास को दूर से ही नमस्कार करने की गलती नहीं की, प्रसाद के सदृश इतिहास को रंगीनी

में नहीं भटकाया, राहुल एवं रांगेय राघव के सदृश इतिहास पर वाद नहीं थोपा, हजारी प्रसाद द्विवेदी के सदृश इतिहास को पण्डितमूलक देशकाल–प्रधानता से एकांगी नहीं बनाया, चतुरसेन शास्त्री के सदृश इतिहास को उच्छृखंलता एवं अमौलिकता के अखाड़े में नहीं पटका, गुरूदत्त के सदृश इतिहास पर पूर्वाग्रह नहीं लादा, यज्ञदत्त के सदृश इतिहास को आड़ लेकर कालातीत किस्सागोई नहीं की।''3

वृन्दावनलाल वर्मा ने बुन्देलखण्ड और उसके वातावरण को केन्द्र में रखकर कई ऐतिहासिक उपन्यास लिखें उन्होंने अपना सर्वप्रथम उपन्यास 1927 में लिखा जो 1928ई0 में 'गढ़ कुंडार' नाम से प्रकाशित हुआ। इससे उन्हें सहसा असाधारण ख्याति मिली। प्रस्तुत शोध–पत्र उनके इसी ऐतिहासिक उपन्यास पर केन्द्रित है। प्रस्तुत उपन्यास में रचयिता ने प्रकृति की चिर नवीन भूमि पर युगानकूल मानव–स्वभाव को सक्रिय दिखाया है, मनुष्य की मनोवृत्ति ही उसकी नियति है, इस मूल आशय की उपन्यास की विविध कथाओं में सूक्ष्म आवृत्ति हुई है। आवृत्ति ने कथा को नाटकीयता प्रदान की है और कथा के उर्वर सूत्र दूर तक खींचकर पाठकों को अपने प्रभाव की जकड़ से छटने नहीं देते। उपन्यास बड़े कौशल से अपने सन्दर्भ में हमें वर्तमान को समझने की प्रेरणा देता है।

गढ़ कुंडार उपन्यास का कथानक प्रेमाधारित है। जिसमें 'गढ़ कुंडार' की कथा तेरहवीं शताब्दी के अन्त की है। इसमें खंगार के हाथों से बुन्देलों के हाथ कुंडार की राज्य–सत्ता जाने की प्रमुख घटना है। घटना का मूलकारण दोनों दलों का जाति–भेद और उनके बीच विवाह का अमान्य प्रस्ताव है। विवाह के माध्यम से लेखक ने जाति–भेद एवं सामाजिक संकीर्णता की समस्या को उठाया है। समस्या का यह मूल बीज तत्कालीन युग और आज के युग को प्रत्यक्ष और परोक्षरूप से कहीं–न–कहीं एक सूत्र में बाँधती है और इसके निराकरण के लिए हमें पूर्वाग्रह से मुक्त होकर नये सिरे से विचार करने की प्रेरणा देती है।

गढ़ कुंडार उपन्यास में प्रथम–परिच्छेद 'प्रवेश' में कुंडार के आस–पास के भूगोल, प्रमुख स्थानों तथा चौकियों का वर्णन किया गया है। वातावरण निरूपण के लिए लेखक ने युगों में सामञ्जस्य बैठाने के लिए 'अब' और 'तब' विशेषण का प्रयोग किया है। इस विशेषण से वह हमारे मन में जो बीत चुका है, उसके प्रति लालसा और टीस–सी जगाई है। इस परिच्छेद का अन्त इस प्रकार होता है– ''यद्यपि जुझौती (बुन्देलखण्ड) का सब कुछ चला गया, मान मर्यादा गई, स्वाधीनता गई, समृद्धि गई, बल–विकास भी चला गया– तो भी चन्देलों के बनाये अत्यन्त मनोहर और करुणोत्पादक मन्दिर और गढ़ अब भी बचे हुए हैं और बची हुई हैं चंदेलों की झीलें, जिनके कारण यहाँ के किसान अब भी चन्देलों का नाम याद कर लिया करते हैं यहाँ के प्राकृतिक दृश्य,

जिनका सौन्दर्य और भयावनपन अपनी–अपनी प्रभुता के लिए परस्पर होड़ लगाया करता है, अब भी शेष हैं। पालोथर की पहाड़ी पर खड़े होकर चारों ओर देखनेवाले को भी अपना मन सौंदर्य के हाथ और कभी भय के हाथ में दे देना पड़ता है। ऐसा ही उस समय भी होता था, जब संध्या समय पलोथर के नीचे बेतवा के दोनों किनारों पर शंख और घण्टे तथा कुंडार के गढ़ से खंगारों की तुरही बजा करती थी।''4

वर्मा जी ने गढ़ कुंडार–राज्य अर्न्तगत भरतपुर की गढ़ी के भूगोल और प्रकृति को सजीवता के साथ प्रस्तुत किया है, ये घटनाएं इतनी सजीवता से उकेरी गयीं हैं कि घटी ऐतिहासिक कथा हमारे अनुराग का अंग हो जाती है। चाहकर भी हम उस युग की जकड़ से छूट नहीं पाते।

गढ़ कुंडार के स्वामी हुरमत सिंह का पुत्र नागदत्त और उसका मित्र अग्निदत्त भरतपुरा की गढ़ी में रात्रि को ठहरते हैं, रात्रिकालीन विभिन्न घटनाओं को दिखाने के लिए लेखक ने पहाड़, वन, नदी आदि के मनोरम चित्रों को उकेरा है। उन्होंने यह दिखाया है कि मनुष्य काल–कवलित होता है, उसकी पीढ़ियाँ बदलती हैं, किन्तु प्रकृति 'बदल कर' भी वहीं है। जो तब थी, वह अब भी है, नित्य नवीन है, मानों घूम कर, बदलकर हर युग में मनुष्य और उसके मन की नित नई भूमिका प्रस्तुत करती चलती है।

उपन्यास के द्वितीय–परिच्छेद में युवा घुड़सवार, नागदेव और अग्निदेव योद्धावेश में वन शिकार की खोज में घूमते हुए दिखायी पड़ते हैं। दिन और रात के संध्या बेला को रहस्यमयी ढंग से लेखक ने इस प्रकार व्यक्त किया है– ''सूर्य का प्रकाश न था और न थी तारों की रोशनी। किरणों की चकाचौंध और तारों की झिलमिलाहट के बीच का समय निबिड अंधकार का होता है। आँखों को टटोलने पर भी कठिनता से कुछ सूझता है।''5 इसी परिच्छेद में बलबन की सेना छिपकर गढ़ी पर आधी रात को आक्रमण करती है। ये दुस्साहसी आक्रमण धन और स्त्रियों की लूट के लोभ में रातों–रात राज्य को छिन्न–भिन्न करने का भरसक प्रयत्न करते हैं लेकिन नागदत्त उनसे देर तक युद्ध करता है। गढ़ी के लोग जाग जाते हें और जुटकर मुस्लिम आक्रमणकारी सेना का डटकर मुकाबला करते हैं, और मुसलमान आक्रमणकारियों को खदेड़ने में सफलता प्राप्त करते हैं।

उपन्यासकार ने राजकुमार नागदत्त की आसक्ति सोहनपाल बुन्देले की पुत्री हेमवती के प्रति दिखायी है। नागदत्त उस पर मुग्ध है और उससे विवाह करना चाहता है। सोहनपाल के पास नागदत्त के पिता अपने पुत्र के विवाह का प्रस्ताव रखते है। बुन्देलों खंगारों से ऊँचे माने जाते हैं।

वे इस प्रस्ताव को ठुकरा देते हैं। नागदेव हेमवती हरण का प्रयत्न करता है, परन्तु उसके हाथ असफलता ही लगती है। इस अपहरण का वर्णन द्रष्टव्य है– नाग– ''तब हेमवती को जैसे बने, तैसे अमावस्या की रात को बस्ती से उठाकर किले में लाना होगा, चाहे लक्ष प्राणों का बलिदान इस काम में भले ही हो, ऐसा पहले भी हुआ है और भविष्य में भी होता रहेगा। यह तुम मुझसे पहले ही कह चुके हो कि प्रधानमंत्री महाशय ऐसे किसी काम में हमारा विरोध नहीं करेंगे और महाराज की सम्मति मैं अभी–अभी समझकर आ रहा हूँ।''6 बुन्देले कुंडारों से बदला लेने के लिए छल का आश्रय लेते हैं। सोहनपाल नागदेव से हेमवती के विवाह का छद्म प्रस्ताव भेजता है। विवाहोत्सव के अवसर पर खंगार अपनी रीति के अनुसार खूब सुरा डालते हें और अचेतावस्था को प्राप्त हो जाते हैं। उसी समय बुन्देले आक्रमण कर खंगारों को समाप्त कर देते हें। कुंडार पर सोहनपाल बुन्देला का अधिकार हो जाता है। कुंडार के अधिकृत होने के कुछ समय उपरांत हेमवती का विवाह पुण्यपाल के साथ हो जाता है। नागदत्त और खंगार–पतन का कारण जातिगत भेद–भाव है।

उपन्यासकार ने नागदत्त की प्रेमकथा के अतिरिक्त दूसरी प्रेमकथा अग्निदत्त की चित्रित की है। अग्निदत्त ब्राह्मण है, वह नागदत्त की बहन खंगार मानवती से प्रेम करता है, परन्तु जाति–भेद के कारण उन दोनों का मेल यहाँ भी नहीं हो पाता है। तीसरी प्रेमकथा कायस्थ दिवाकर और अग्निदत्त की बहन तारा की है। यहाँ भी जाति–वैषम्य की बाधा है। लेकिन यहाँ पर दिवाकर उन दोनों प्रेम कथाओं से अलग अपने प्रेम को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करता है। लेखक ने उपन्यास के अन्त में दोनों के प्रेम की परिणति का वर्णन इस प्रकार किया है– ''दिवाकर ने सहसा अपने हाथों से तारा का सिर लेकर अपने कंधे पर रख लिया। कुछ क्षण इस तरह तारा के सिर को कंधे पर रखे रहा, बोला 'तारा', हमारा संयोग अखण्ड और अनन्त है, वर्णाश्रम धर्म हमारी देहों के संयोग का निषेध कर सकता है, परन्तु आत्माओं के संयोग का निषेध नहीं कर सकता। यही हमारा संयोग है, तारा, हम लोग योग–साधन करेंगे।''7

गढ़ कुंडार की कथा की मूल शक्ति पात्रों की चरित्र–चित्रण हैं, उपन्यास में पात्र में बड़ी संख्या में है, किन्तु उनकी चारित्रिक रेखायें स्पष्ट और उनके व्यक्तित्व परस्पर पृथक हैं। उपन्यास के आरम्भ में ही प्रस्तुत होने वाले नागदेव, अग्निदेव, अग्निदत्त हरिचन्देल के शब्द–चित्र जैसे विवरण इस कथन के प्रमाण हैं। उपन्यास को ऐतिहासिकता प्रदान करने के लिए लेखक ने लोक प्रचलित मुहावरों और लोकोक्तियों का भी प्रयोग गोपीचंद के द्वारा बुन्देलों और पड़िहारों की तुलना के सन्दर्भ में की है।

''सब एक से ही हैं, जैसे– नागनाथ, वैसे साँपनाथ।''8

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि वृन्दावन लाल वर्मा के गढ़ कुंडार उपन्यास में सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से अतीत को वर्तमान से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस प्रयास में लेखक ने ऐतिहासिकता की क्षति नहीं होने दी है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह उपन्यास अपने समय और समाज को यथावत निरूपित करने में पूर्णतः सफल हुआ है, और इतिहास के निकष पर अपने को खरा सिद्ध करने में सफल रहा है।

सन्दर्भ :

1. डॉ0 रामचन्द्र तिवारी, हिन्दी का गद्य साहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2006, पृ0 201
2. डॉ0 भगवतीशरण मिश्र, हिन्दी के चर्चित उपन्यासकार, राजपाल एण्ड सन्स, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2010, पृ0 38
3. राम प्रसाद मिश्र, हिन्दी साहित्य का वस्तुपरक इतिहास खण्ड–2, 1998, सत्साहित्य भण्डार, अशोक विहार, दिल्ली, पृ0 1154
4. वृन्दावन लाल वर्मा, गढ़ कुंडार, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2011, पृ0 11
5. वही, पृ0 14
6. वही, पृ0 316
7. वही, पृ0 219
8. वही, पृ0 86

# राष्ट्र निर्माण में वैदिक शिक्षा नीति की प्रासंगिकता

**डॉ. रूपमाला शर्मा,**
प्रवक्ता, संस्कृत विभाग,
मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कालेज,
सहारनपुर

आज के वातावरण में मानवीय मन और मस्तिष्क सर्वाधिक दूषित हो चुके हैं। धर्म का त्याग, धार्मिक अंधविश्वास, बढ़ती हुई साम्प्रदायिकता, आर्थिक वैषम्य, भौतिक उन्नति के कारण बढ़ती भोगवादिता, राजनीतिक स्वार्थ, छलकपट, वृद्धों का अपमान, आत्महत्याएँ, अशान्ति तथा हिंसा, नारी-शोषण, अनुशासनहीनता, दहेज प्रथा आदि दुर्गुणों के बढ़ने से मानव मात्र त्रस्त है। पग-पग पर व्याप्त हुआ भ्रष्टाचार, जीवन मूल्यों का परिवर्तन तथा नैतिकता, सदाचार आदि की बढ़ती हुई उपेक्षा जैसे अनेक कारणों से आज मानव के समक्ष अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनसे ग्रसित हुआ मानव तो पतनोन्मुख हो ही रहा है, देश भी पतन के गर्त में जा रहा है।

इन समस्याओं के मूल कारणों पर यदि विचार करें तो स्पष्ट होता है कि आज शिक्षा का वह स्वरूप और स्तर नहीं रह गया है जो प्राचीनकाल में था। भारत में अनादिकाल से ही शिक्षा की परम्परा में परा और अपरा दोनों का समावेश था। परा में अक्षर ब्रह्म को समझने की प्रक्रिया का ज्ञान तथा अपरा में वेद तथा वेदांग को अध्ययन का क्षेत्र बनाया जाता था क्योंकि इन दोनों के सम्बन्ध पर ही मानव, राष्ट्र तथा विश्व का विकास निर्भर है। प्राचीन शिक्षा पद्धति आध्यात्मिकता और भौतिकता का मिश्रण था। शिक्षा की सार्थकता व्यक्ति के भौतिक सुख तथा आत्मिक सुख के लिये थी जिसमें चरित्र का निर्माण अथवा कहें कि पवित्र आचरण का भाव मुख्य रूप से सन्निहित था। वास्तव में शिक्षा का अर्थ ही था जो व्यक्ति को शिक्षित करे। अर्थात् केवल किसी विषय का ज्ञान होना ही पर्याप्त नहीं बल्कि उसको सीखना या आचरण में लाना भी आवश्यक है, तभी पाणिनीय शिक्षा में अर्थज्ञान से रहित होकर पढ़ने वाले को अधम पाठक कहा गया।[1]

आधुनिक शिक्षा में यह भाव समाहित नहीं है। आज की शिक्षा ब्रिटिश पद्धति पर आधारित है जिसमें व्यक्ति को समाज और संस्कृति से विमुख किया जा रहा है। आधुनिक शिक्षा व्यक्ति को केवल भौतिकवादी बना रही है, सांसारिक सुख भोगों की प्राप्ति अधिक से अधिक हो, व्यक्ति का यही ध्येय रह गया है। दूसरों को पीछे धकेलकर स्वयं आगे बढ़ना केवल अपने विषय में सोचना, सम्बन्धों की अवहेलना करना है, यही उसका आचरण होता जा रहा है। वस्तुतः मनुष्य-मनुष्य से प्रेम नहीं कर रहा, उसके लिये धन ही सर्वोपरि है। अतः आज आवश्यकता है ऐसी शिक्षा की जो मनुष्य को मनुष्य से

जोड़ सके, उन्नति करने के साथ-साथ एक दूसरे के सुख-दुख का भागी भी बना सके। मनुष्य को मानवता की शिक्षा दे सके। अतः ऐसी शिक्षा व्यवस्था के लिये हमें अपने प्राचीन गौरव वेदों की ओर लौटना होगा जिनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थी।

वैदिक शिक्षा जीवन के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक सभी क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैदिक ऋषि शिक्षा को राष्ट्र के विकास के लिये अनिवार्य मानते थे। ऋग्वैदिक मन्त्रों से ज्ञात होता है कि विद्या पवित्र करने वाली है, सत्य से होने वाले कर्मों को धारण करने वाली है।[2] स्पष्ट है कि यदि विद्यार्थी पवित्र आचरण वाले सत्य से युक्त कर्मों को करने वाला तथा शुभ कर्मों को करने वाला होगा तो समाज में फैल रहा अनैतिक वातावरण स्वयं ही शुद्ध हो जायेगा। अतः वैदिक शिक्षा सर्वाधिक कल्याण करने वाली है और विद्यार्थी तथा राष्ट्र के विकास में पूर्णतः सहायक है।

यजुर्वेद से ज्ञात होता है कि उपनयन संस्कार के समय ली जाने वाली दीक्षा से ही व्यक्ति सत्य संकल्प वाला बनाया जाता था। यथा-

अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे रुध्यताम्।
इदमहमनृतमत् सत्यम् उपैमि।।[3]

अर्थात् अग्नि को साक्षी रखकर व्रत लिया जाता था कि असत्य को छोड़कर सत्य को ही ग्रहण करूंगा। असत्य मार्ग से सत्य मार्ग पर जाता हूँ। सत्य के मार्ग को अपनाने से उन्नति होती है और स्वर्ग प्राप्त होता है। स्पष्ट है कि ऋषियों को ज्ञात था कि उन्नति के मार्ग को सत्य से प्राप्त किया जा सकता है। झूठ के मार्ग से नहीं। अतः वे सत्य के साथ ही शिक्षा आरम्भ करते थे।

अथर्ववेद के मन्त्र से ज्ञात होता है कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति की बुद्धि को अत्यन्त तीक्ष्ण बनाना, उसे वृद्धि या उन्नति की ओर ले जाना तथा महान् सौभाग्य के लिये प्रबुद्ध करना था-

बृहस्पते सवितर्वर्धयैनं ज्योतयैनं महते सौभगाय।
सशित् चित् संतर सं शिशाधि विश्वं एनमनु मदन्तु देवाः।।[4]

अथर्ववेद में आचार्य तथा शिष्यों के लिये ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना आवश्यक कहा गया है गुरु और शिष्य के कर्तव्यों के विषयों में विस्तार से वर्णन किया गया है। आचार्यो ब्रह्मचारी[5]। आचार्यो ब्रह्मचर्येण ब्रह्मचारिणमिच्छते।[6] अर्थात् आचार्य स्वयं संयमी और ब्रह्मचारी हो। शिष्य ब्रह्मचर्य का पालन करे तथा उनका जीवन संयमी हो।

वैदिक काल में स्त्रियाँ भी पुरुषों के समान ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करती थीं। ब्रह्मचर्य के द्वारा ही कन्या

युवा पति को प्राप्त करती है, यह कथन अथर्ववेद में मिलता है- ''ब्रह्मचर्येण कन्या युवसनं विन्दते पतिम्''[7] उच्चतम कन्यायें ब्रह्मचर्य व्रत द्वारा ही बौद्धिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करती थीं। यथा-

उपयामगृहीतोऽस्यादित्येभ्यस्त्वा। विष्णुऽउरुगायैष ते सोमस्तंरक्षस्व मा त्वा दभन्।[8]

अर्थात् हे कुमार! ब्रह्मचारिन् चौबीस वर्ष पर्यन्त ब्रह्मचर्य का सेवन करने वाली मैं अड़तालीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य सेवन करने वाले आपको स्वीकार करती हूँ। अर्थात् यजुर्वेद के अनुसार कन्या का विवाह ब्रह्मचर्याश्रम समाप्त कर लेने के पश्चात ही करने का विधान था। यह उपदेश वर्तमान युवकों और युवतियों के उन्मुक्त आचरण को नियन्त्रित कर सकता है।

वैदिक काल में गुरु एवं शिष्य का पवित्र एवं मधुर सम्बन्ध पाया जाता था। गुरु अपने शिष्य को और शिष्य अपने गुरु को सम्मान देता था। यथा-

विद्यार्थिना स्तुतं सन्मां ब्रह्मावतु गुरुश्च मे।
विद्या ग्रहण वक्तृत्वशक्तिभ्यां नौ सदाऽवतु।।[9]

अर्थात् मुझ विद्यार्थी के द्वारा स्तुत वह ब्रह्म मेरी और मेरे गुरु की रक्षा करे। विद्या का ग्रहण वक्तृत्व शक्ति के द्वारा वह सदा हमारी रक्षा करे। इस प्रकार विद्यार्थी ब्रह्म से अपनी तथा गुरु की रक्षा के लिये प्रार्थना कर रहा है। इतना ही नहीं शिष्य अपने गुरु के प्रत्येक कार्य में शीघ्रता, तत्परता एवं चैतन्य दिखायें, यह भी उल्लेख मिलता है।[10] गुरु के कर्त्तव्य का निर्देश करते हुए कहा गया है कि वह 'देवेन मनसा सह[11] अर्थात् दिव्य मन से अर्थात शुद्ध हृदय से शिक्षा दें।

वैदिक शिक्षा प्रणाली में मानव-मात्र के साथ उपभोग करने की शिक्षा दी गई है। यथा-

ईशावस्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद् धनम्।।[12]

इस संसार में जो कुछ भी जड़-चेतन स्वरूप है, वह समस्त ईश्वर से व्याप्त है। उस ईश्वर को साथ रखते हुए त्यागपूर्वक भोगते रहो। आसक्त मत होओ, क्योंकि धन, भोग्य पदार्थ किसका है अर्थात् किसी का भी नहीं है। यदि व्यक्ति को यह तथ्य समझ में आ जायेगा कि धन भोग्य पदार्थ किसका है, किसी का नहीं तो उसके मन में किसी भी प्रकार का लालच नहीं रहेगा और वह पथभ्रष्ट नहीं होगा।

वेदों में हृदय की उच्चता और विचारों की उच्चता की बात भी कही गयी है। अर्थात् उच्च विचार वाले होकर उन्नत हों। सद्भावनाओं और सद्विचारों से ही हृदय की उन्नति होती है। अथर्ववेद के 7/97 सूक्त में मनुष्य द्वारा विद्या और बल प्राप्त करने, विद्वानों के सत्संग से वाग्मी और कुशल होकर उन्नति करने,

उत्तम व्यवहार करने और मनुष्य धर्म का पालन करने की बात कही गई है। इन्हीं के द्वारा मनुष्य उन्नत विचारों और उन्नत हृदय वाला बनता है। इसके साथ ही विनम्रता को अपनाने पर बल दिया गया है। कहा भी गया है कि 'विद्या ददाति विनयम्', अर्थात् विद्या विनय देती है। जिस व्यक्ति के पास ज्ञान है वह विनम्र होता है। इससे स्पष्ट है कि वैदिक शिक्षा नैतिक आचरण पर अधिक बल देती है।

आज की शिक्षा प्रणाली में सदाचार, शिष्टाचार, आचार, नीति, त्याग आदि विषयों की उपेक्षा दिखाई देती है जिससे अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार आदि बढ़ता जा रहा है। वर्तमान शिक्षा पद्धति में नैतिक शिक्षा का अनिवार्य रूप से शिक्षण होना चाहिए। सत्य, संयम, दान, दया, परोपकार, उद्यम आदि का महत्त्व प्रतिपादित होना चाहिए। समाज अपने शिक्षकों को भरपूर सम्मान दे क्योंकि शिक्षक ही हमारे कल के निर्माता हैं। आज पुनः प्राचीन शिक्षा पद्धति को सम्पूर्ण भारतवर्ष में पल्लवित पुष्पित करने की आवश्यकता है जिससे हमारा देश पुनः विश्व में अपनी प्राचीन प्रतिष्ठा प्राप्त कर सके।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. पाणिनीय शिक्षा, 32
2. (क) पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती।
   यज्ञं वष्टु धियावसुः।। (ऋग्वेद 1/2/10)
   (ख) चोदयित्री सूनृतानां चेतन्ती सुमतीनाम्।
   यज्ञं दधे सरस्वती।। (ऋग्वेद 1/3/11)
3. यजुर्वेद 1/5
4. अथर्ववेद 7/16/1
5. वही, 11/5/16
6. वही, 11/5/17
7. वही, 11/5/18
8. यजुर्वेद 8/1
9. तैत्तिरीयोपनिषद्, शिक्षावल्ली 4/8
10. शतपथ ब्राह्मण 3/6/2/15
11. अथर्ववेद 1/1/2
12. ईशावस्योपनिषद् 1

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

# यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में पर्यावरण की परिकल्पना

**डॉ. अपर्णा धीर**
असिस्टेण्ट प्रो0,
इन्स्टीट्यूट ऑफ ऐडवांस्ट साइंस
डार्टमोथ, यू.एस.ए

'पर्यावरण' शब्द परि+आ उपसर्ग पूर्वक वृ आवरणे से ल्युट् प्रत्यय लगकर निष्पन्न होता है, सामान्य रूप से परि+आ+वरण से भी कह सकते हैं। चारों ओर से वरण अथवा आवरण अथवा भरण करना ही पर्यावरण कहलाता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि वास्तव में पर्यावरण केवल प्राणिजगत् के लिए सुरक्षा-कवच के रूप में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को चारों ओर से आच्छादित करने वाला है। कहा गया है कि जीवों की अनुक्रियाओं को प्रभावित करने वाली समस्त भौतिक तथा जैवीय परिस्थितियों का योग ही पर्यावरण है, इसे जीवमण्डल (जलमण्डल, स्थलमण्डल और वायुमण्डल के जीवनयुक्त भागों का योग) भी कहते हैं।[१] पर्यावरण के अन्तर्गत सभी प्राकृतिक तत्त्व यथा- भूमि, सूर्य-प्रकाश, वायु, जल, वर्षा, पर्वत, वनस्पति, नदी आदि आते हैं। इस प्रकार प्रकृति का सम्पूर्ण स्वरूप ही पर्यावरण कहलाता है। इन्हीं सब प्राकृतिक तत्त्वों से समस्त प्राणिजगत् आवरित है। वास्तव में शुद्ध वायु, जल, पेड़-पौधे, भूमि, सूर्य आदि के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

अत: वैदिक ग्रन्थ पर्यावरण चेतना एवं चिन्तन के प्रणेता कहे गये हैं। जहाँ वैदिक ऋषियों ने संहिता ग्रन्थों में स्तुतियों के रूप में इन प्राकृतिक शक्तियों का मन्त्रों में यत्र-तत्र गान किया है, वहीं यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में प्रकृति-प्रशंसा के अतिरिक्त इन प्राकृतिक तत्त्वों के स्वरूप इत्यादि का भी कथन मिलता है। जिससे प्राणिजगत् और प्राकृतिक शक्तियों के परस्पर सम्बन्ध को ज्ञात किया जा सकता है। जैसा कि कहा गया है पर्यावरण से हमारा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ही आवृत्त है। उसी दृष्टि से पर्यावरण के कुछ तत्त्वों को 'विश्वकर्मा'[२] कहा गया है क्योंकि वे संसार के निर्माता हैं। यथा- 'विश्वकर्माऽयमग्निः' एवं 'अयं वै वायुर्विश्वकर्मा योऽयं पवत एषं हीदं सर्वं करोति'। वैदिक मन्त्रों में ऋषि प्रतिपल प्रकृति के प्रति चिन्तन करते हुए दिखाई देते हैं। प्रस्तुत शोधालेख में पर्यावरण एवं उसके प्राकृतिक अङ्गों की चर्चा शुक्लयजुर्वेदीय शतपथ ब्राह्मण और कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय ब्राह्मण के सन्दर्भ में की जा रही है।

## वृक्ष

पेड़-पौधों को वृक्ष, वनस्पति, औषधि आदि नामों से यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में सम्बोधित किया गया है। वनस्पतियों की उत्पत्ति के विषय में शतपथ ब्राह्मण में ऋषि कहते हैं कि पृथिवी पर पहले न औषधि थी न ही वनस्पति, उस समय प्रजापति ने औषधि की उत्पत्ति की।[३] तैत्तिरीय ब्राह्मण[४] में भी इसी प्रकार अनन्त औषधियों की रचना का कथन किया गया है- 'औषधिर्न जनयाम इति। ते दिवोवृष्टिमसष्टजन्त'। वर्णित है कि प्रजापति ने आकाश में वृष्टि को रचा, उस वृष्टि के जितने छोटे-छोटे कण हुए उतनी ही औषधियाँ उत्पन्न हुईं। इस प्रकार वैदिक वाङ्मय में वनस्पतियों अथवा औषधियों की अनेक प्रकार की सत्ता को स्वीकार किया गया है। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' में औषधियों के लिए 'वर्षवृद्धा'[५] शब्द है जिसका अभिप्राय है कि औषधियाँ, वर्षा को बढ़ाने वाली अथवा वर्षा से बढ़ने वाली होती हैं। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार औषधियाँ प्रदूषकों का अवशोषण करती हैं।[६] पशुओं की आश्रयदाता एवं अन्नदाता मानकर शतपथ में औषधियों को पशुपति अर्थात् पशुओं की स्वामी कहा गया हैं। ऋषि ने शतपथ ब्राह्मण में पीतुदारु वृक्ष का उल्लेख किया है जहाँ बताया गया है कि पीतुदारु वृक्ष सुगन्ध से युक्त होता है।[७] इस प्रकार पीतुदारु वृक्ष को वायु में सुगन्ध को बढ़ाने वाला जानना चाहिए। जहाँ सुगन्ध होती है, वह स्थान निश्चित ही अत्यन्त शोभनीय हो जाता है। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' में वर्णन है कि हम सब औषधियों के रसों पर जीवित हैं।[८] यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में वनस्पतियों को रोगों को दूर करने वाली माना गया है। शतपथ ब्राह्मण में औषधियों को अन्न कहा गया है।[९] इस प्रकार पर्यावरण के अङ्ग वृक्ष के प्रदूषण-निवारक, जल-वर्षक, भरण-पोषणकारक एवं सौन्दर्यवर्धक गुणों का इन ब्राह्मणों में कथन मिलता है।

## सूर्य

यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में सूर्य के स्वरूप एवं सौर-ऊर्जा के विषय में अनेक सन्दर्भ मिलते हैं। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' में स्पष्टत: सूर्य को पर्यावरण का अङ्ग मानते हुए कहा है कि समस्त जगत् सूर्य से घिरा हुआ है।[१०] सर्वविदित है कि सूर्य-रश्मियाँ समस्त प्राणियों में जीवन-शक्ति को विकसित करती हैं। यह शक्ति अग्निरूप है। इस विषय में 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' का मत है कि अग्नि से युक्त यह सूर्य अनेक रश्मियों के साथ उदित होकर समस्त विश्व को अपने रश्मि रूपी जाल से प्रकाशित कर देता है।[११] इस वाक्य से दो-तीन तथ्य विचारणीय हैं। यथा- सूर्य अग्नि से युक्त है। अत: निश्चित ही उसकी रश्मियों में भी अग्नितत्त्व विद्यमान है। 'रश्मि रूपी जाल' से तात्पर्य सब ओर से सूर्य ने हम विश्व-वासियों को घेरकर चमक से भरा हुआ है। इस प्रकार समस्त संसार में प्राणतत्त्व एवं ऊर्जा संचार सूर्य द्वारा ही सम्भव है। 'शतपथ ब्राह्मण' के ऋषि ने सूर्य-रश्मियों के विषय में गहन चिन्तन करते हुए सूर्य की 100 प्रकार की

रश्मियाँ कही है।[१२] इन रश्मियों में से एक सूर्य-रश्मि का नाम 'वृष्टिवनि'[१३] है, जो वृष्टि प्रदान करने वाली है। इस प्रकार यजुर्वेदीय ब्राह्मण कालीन ऋषि जल-वृष्टि में सूर्य की भूमिका दर्शाते हैं।

### ऋतु

यजुर्वेदीय ब्राह्मणों के अनेक सन्दर्भों में ऋतुओं का नामोल्लेख मिलता है। यहाँ क्रमशः वसन्त से शिशिर पर्यन्त ऋतुएं कही गई हैं।[१४] द्रष्टव्य है कि दोनों ब्राह्मणों ने वसन्त को प्रथम ऋतु माना है। प्रकृति में सूर्य का योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। अतः 'शतपथ ब्राह्मण' में सूर्य और ऋतुओं के विशेष सम्बन्ध की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए आदित्य को ही सभी ऋतु माना गया है।[१५] इससे ज्ञात होता है कि तत्कालीन ऋषि ऋतु-क्रम में सूर्य की भूमिका के प्रति सजग थे। वातावरण अथवा वायुमण्डल की चर्चा करते हुए भी ऋषि 'शतपथ ब्राह्मण' में दिखाई देते हैं। उन्होंने ऋतुओं की स्थिति पृथ्वी से ऊपर (8. 7.1.10) मानकर उनमें वायु की सत्ता (8.3.2.14) का प्रतिपादन किया है।

### वायु

वायु पर्यावरण का महत्त्वपूर्ण तत्त्व है, जिस पर अन्य प्राकृतिक तत्त्व भी आधारित होते हैं, यथा- ऋतुएँ, वनस्पति-जगत् आदि। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' में वायु को अन्तरिक्ष का अध्यक्ष कहा गया है।[१६] वायुमण्डल से ऊपर आदित्य की स्थिति स्वीकार करते हुए शतपथ ब्राह्मण में वायु को आदित्य के नीचे बहने वाला कहा गया है।[१७] वायु की गति पर्यावरण के अनेक प्रकार के प्रदूषणों को दूर करती है, जिससे ऋतु-क्रम सुगमता से चलता है क्योंकि सभी ऋतुओं के नियमित काल पर आना ही पर्यावरण-शुद्धि का प्रतीक है। 'शतपथ ब्राह्मण' में वायु को समस्त ऋतुओं का कारक बताया गया है।[१८] विशेषकर वर्षा-ऋतु के सन्दर्भ में ऋषि वर्णन करते हैं कि वायु द्वारा वर्षा होती है, जिससे औषधियाँ और वनस्पतियाँ उत्पन्न होते हैं।[१९] इस प्रकार वायु से वर्षा की स्थिति कही गई है। इन ब्राह्मणों में पर्यावरण के अङ्ग वायु, ऋतु, जल, वृक्ष, सूर्य के परस्पर सम्बन्ध को दर्शाया गया है। वायु ही प्राणवायु के रूप में प्राणियों को जीवन प्रदान करती है।[२०] वायु की महत्ता को देखते हुए शतपथ के ऋषि ने वायु को 'प्रजापति' माना है।[२१] दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि प्रजापति अर्थात् प्रजा का स्रष्टा एवं पालक। अतः वायु को भी निसंकोच प्रजापति कहा जा सकता है।

### पशु

जीव-जन्तु, पशु-पक्षी, कीट एवं कृमि ये सभी पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं इसीलिए ये पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि पृथ्वी पर वन्य जीवों के विलुप्त हो जाने से सम्पूर्ण पर्यावरण की व्यवस्था असंतुलित हो जायेगी।[२२] 'शतपथ ब्राह्मण' में स्पष्टतः कहा गया है कि सात प्रकार

के ग्राम्य और सात प्रकार के अरण्य पशु होते हैं।[२३] जिनमें द्विपाद और चतुष्पाद पशु है[२४] एवं एक खुर वाले यथा- अश्व और गर्दभ हैं।[२५] माना जाता है कि अग्नि का तेज दोषों का नाश करता है इसीलिए अग्नि के तेज से युक्त पशु भी प्रदूषण निवारण में सहायक कहे गये हैं।[२६] तैत्तिरीय ब्राह्मणकालीन ऋषि इसी दृष्टि से पशुओं को 'आग्नेया पशवः' कहकर सम्बोधित करते हैं।[२७]

## पृथिवी

यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में पृथ्वी को अदिति, वैश्वानर, पूषा, धेनु, भूमि, नैऋति सम्बोधित करते हुए ऋषि ने पृथिवी के स्वरूप आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की है। शतपथ ब्राह्मण में पृथ्वी को परिमण्डल से व्याप्त माना गया है।[२८] दोनों ही ब्राह्मणों ने पृथ्वी की व्युत्पत्ति 'प्रथ' शब्द अर्थात् फैलने से दी है।[२९] स्पष्टतः कहा गया है कि पृथ्वी बड़ा बर्तन है[३०], जो अस्थिर और चलायमान है।[३१] इसके भीतर अग्नि, मिट्टी, कंकड़ आदि हैं।[३२] सर्वविदित है कि पृथ्वी पर ही औषधियाँ स्थापित होती हैं अर्थात् उनकी जड़े नीचे की ओर होती हैं।[३३]

## जल

जल समस्त प्राणिजगत् के जीवन को प्रभावित करता है। हम सभी जानते हैं कि जीवों की शारीरिक संरचना में जल प्रमुख घटक है। केवल शारीरिक संरचना ही नहीं, अपितु सृष्टि के आदिकाल से जल की भूमिका देखने को मिलती है। 'शतपथ ब्राह्मण' के अनुसार जल सूक्ष्म सलिलावस्था से आपः स्थूलावस्था में परिणत हुए।[३४] यह आपः सब में व्याप्त कहे गये हैं।[३५] 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' के मतानुसार धूम से अग्नि, अग्नि से ज्योति, ज्योति से अर्चि, अर्चि से मरीचि, मरीचि से उदारा की उत्पत्ति हुई। पुनः उदारा अभ्र के समान संहत हुये फिर वस्ति का विस्फोट हुआ, इससे समुद्र उत्पन्न हुआ।[३६] जल एक प्रकार का ऋतुचक्र-नियन्त्रक भी है। इसी कारण 'शतपथ ब्राह्मण' में 'वर्षा वै सर्व ऋतवः' कहा गया है।[३७] जल अमृतरूपा[३८] है क्योंकि वह सबको पवित्र[३९] करने वाला है। 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' में कथित है कि जल पर्यावरण के पोषक होने के कारण अनेक प्रकार से मनुष्य की रक्षा करते हैं।[४०] 'शतपथ ब्राह्मण' में तो कामनापूरक के रूप में जल का वर्णन किया गया है।[४१] वास्तव में जल से सभी प्राणियों को खाद्य पदार्थ एवं पीने योग्य पानी मिलता हैं, जिससे प्राणियों के प्राणों की रक्षा होती है। कहा गया भी है कि जल जब इस लोक में आता है तब अन्न की उत्पत्ति होती है।[४२] इस प्रकार यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में ऋषि ने जल के सभी रूपों यथा- सृष्टिकालीन आपः, समुद्र एवं वर्षा-जल का विस्तृत वर्णन किया है।

## निष्कर्ष

आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विस्मयकारी अन्वेषण के परिणामस्वरूप आज स्वच्छ वायु में सांस ले पाना, वाहनों के अवागमन से उत्पन्न ध्वनियाँ, कारखानों के कारण दूषित नदियाँ, रसायनों से असमय पकाई गई फसलों से प्राप्त शाक, फलादि का सेवन, भू-स्खलन इत्यादि निश्चित ही चिन्ता के विषय बन गये हैं। इसी दूरदृष्टि के कारण वैदिक ऋषियों ने पर्यावरण-संरक्षण को महत्त्व देते हुए प्रकृति को अपने जीवन का अभिन्न-अङ्ग माना। इसी कारण उन्होंने प्रकृति का संरक्षण करना अपना नैतिक कर्त्तव्य माना है किन्तु पर्यावरण-संरक्षण से पूर्व वैदिक ऋषियों की पर्यावरण-परिकल्पना को जानना परमावश्यक है। इसी दृष्टि से यहाँ यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में कथित प्राकृतिक शक्तियों के विषय में प्राप्त सन्दर्भों को ग्रहण किया गया है। ऋषि ने इन प्राकृतिक तत्त्वों की प्रदूषण-निवारक, तापमान नियन्त्रक, भूसंरक्षक, जल-वर्षक, भरण-पोषणकारक, सौन्दर्यवर्धक इत्यादि के रूप में भूमिका को यहाँ अभिव्यक्त किया है। इन सब प्राकृतिक तत्त्वों के महत्त्व एवं परस्पर सम्बन्ध को जान लेने के पश्चात् हमारा कर्त्तव्य है कि हम सब इस तरह अपनी गतिविधियों को करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषित न हो और प्रकृति में साम्यावस्था बनी रहे। यही संतुलित पर्यावरण वास्तव में हमें रोगमुक्त कर हमारी विचारधारा को सकरात्मक बनाता है।

## सन्दर्भसूची


1. (सं.) कृष्ण लाल, प्रह्लाद स्मारक वैदिक व्याख्यान माला (चतुर्थ स्तबक), पृ. 12
2. श.ब्रा. (शतपथ ब्राह्मण) 8.1.1.7, 9.2.2.2
3. श. ब्रा. 2.2.4.3-5
4. तै. ब्रा. 2.1.1.1
5. वर्षवृद्धा वा औषधयः। तै. ब्रा. 2.2.5.10, 3.2.2.5, 3.2.5.10
6. ओषं धयेति ततः ओषधयः सम्भवन्। श.ब्रा. 2.2.4.5
7. स एष वनस्पतिरभवत् पीतुदारुः। तस्मात्स सुरभिः। गन्धादि समभवत्। श.ब्रा. 13.4.4.7
8. तस्मादपां चौषधीनां च रसमुपजीवामः। तै.ब्रा. 3.2.3.10
9. सर्वमेव तदन्नं यत्सर्वौषधम् । श.ब्रा. 7.2.4.14
10. तै. ब्रा. 2.6.6.5
11. तै. ब्रा. 1.6.6.2, 2.8.7.1
12. श. ब्रा. 10.2.6.2

13. श. ब्रा. 14.2.1.21
14. श. ब्रा. 13.5.4.28, तै. ब्रा. 2.6.19.1-2
15. आदित्यस्त्वेव सर्वऽऋतवः। श. ब्रा. 2.2.3.9
16. तै. ब्रा. 3.2.1.3
17. श. ब्रा. 9.4.2.4
18. श. ब्रा. 8.3.2.14
19. श. ब्रा. 1.7.1.18, 3.7.4.4
20. प्राणो वै वात। श. ब्रा. 1.1.2.14, 8.4.1.8
21. अर्धं ह प्रजापतेर्वायुरर्धं प्रजापतिः। श.ब्रा. 6.2.2.11
22. नन्दिता सिंघवी, वेदों में पर्यावरण चेतना, पृ. 251

# महर्षि यास्क-प्रतिपादित निर्वचन सिद्धान्त

**डॉ. दीपक कुमार शर्मा**
सहा. अध्यापक, वेद-विभाग
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)
श्री रणवीर परिसर, जम्मू
कोट-भलवाल, जम्मू

वेदार्थ परिज्ञान हेतु निरुक्त की महत्ता लोकविदित है। व्याकरणादि के द्वारा भी जब वैदिक पदों की समुचित व्याख्या सम्पादित नहीं हो पाती तब एक मात्र निरुक्त ही वैदिकों का शरण्य है। भाषा-विज्ञान की दृष्टि से भी निरुक्त का स्थान अन्यतम है, निरुक्त का अपना सिद्धान्त सर्वोपरि होता है 'अर्थ नित्यं परीक्षेत् न संस्कारमाद्रियेत्।' यह अर्थ - चिन्तन की ओर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट करता है, जबकि शब्द-संस्कार की भूमिका गौण होती है। तथापि नैरुक्तों का यह मानना है कि अर्थ चिन्तन भी स्वतन्त्र होकर नहीं कर सकते, प्रतिपादित अर्थ का विषय के साथ सम्बन्ध होना अत्यन्त अनिवार्य है।

आचार्य यास्क शब्दों को तीन कोटि में विभक्त करते हैं:-

1. प्रत्यक्षवृत्तिपरक शब्द।
2. परोक्षवृत्तिपरक शब्द।
3. अतिपरोक्षवृत्ति परक शब्द।

**प्रत्यक्षवृत्तिपरक शब्द :**

इस वृत्ति के अंतर्गत आने वाले शब्दों के धातु, लिङ्, वचन, प्रत्यय आदि स्पष्ट होते हैं ये अर्थ के अनुकूल व्याकरण-प्रक्रिया वाले शब्द होते हैं। आचार्य दुर्गाचार्य के अनुसार प्रत्यक्ष वृत्तिगत शब्दों के अर्थ परिज्ञान हेतु निरुक्त की विशेष आवश्यकता नहीं है, व्याकरण शास्त्र से ही इनके अर्थ स्पष्ट हो जाते हैं।

**परोक्षवृत्तिपरक शब्द :**

जिन शब्दों का अर्थ व्याकरण-प्रक्रिया के परस्पर अनुकूल नहीं होता है तथा जिसके मूल का विकार भी स्पष्ट नहीं हो, ऐसे शब्द परोक्षवृत्तिगत आते हैं। ऐसे शब्दों के अर्थानुसन्धान में निरुक्त सहायक है।

**अतिपरोक्षवृत्तिपरक शब्द :**

जिन वैदिक शब्दों की प्रकृति अत्यन्त अस्पष्ट हो अर्थात् धातु, प्रत्यय आदि का कथमपि संकेत प्राप्त न होता हो उन्हें अतिपरोक्षवृत्ति के अन्तर्गत रखा जाता है। मूल रूप से ऐसे शब्दों के अर्थानुसन्धान में ही निर्वचन-पद्धति का आश्रय लेना अनिवार्य हो जाता है।

यास्क की निर्वचन पद्धति के मूलभूत सिद्धान्त हैं कि-

1. शब्द का निर्वचन अस्पष्टता की स्थिति में किया जाता है।

2. निर्वचन अर्थ की समानता अथवा ध्वनि की समानता के आधार पर किया जाता है।

**अर्थ-साम्य**

अर्थ साम्य के भी अपने नियम हैं - 1- प्रसङ्ग से भ्रष्ट अर्थात् प्रयोग का सन्दर्भ अज्ञात होने पर निर्वचन नहीं करना चाहिए अर्थात् अर्थ-साम्य के परिज्ञान हेतु शब्द के प्रकरण का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। 2- अनुकरण अर्थात् निर्वचनीय शब्द आधार भूत शब्द के किसी एक अर्थ के अनुकरण के माध्यम से भी प्रचलित हो सकता है। जैसे - 'पर्व' का अर्थ त्यौहार तथा संधि-स्थल दोनों होते हैं। मूलतः यह शब्द 'प्री' धातु से निष्पन्न है जिसका अर्थ होता है प्रसन्न करने वाला। देवताओं को प्रसन्न करने के लिए दर्शपौर्णमास आदि यागों को पर्व कहा जाता था। यह दोनों पक्षों की सन्धि पर भी आते हैं। अंगुलियों के पोर को भी पर्व कहा जाता है। प्रसन्न करने वाले त्यौहारों की भी पर्व संज्ञा की जाती है। अतः अनुकरण किस अर्थ में किया गया है, इसका भी विचार निर्वचन में किया जाना चाहिए।

**ध्वनि-साम्य**

शब्दों की निर्वचन-प्रक्रिया में ध्वनि-साम्य के अनुसन्धान में ध्यातव्य है कि ध्वनियों में विषमता के कारण क्या हैं अथवा ध्वनि वैषम्य की कौन-कौन सी दिशाएँ हैं। इसके पश्चात् ध्वनि-साम्य का परिवेषण करना चाहिए। इसके सहायक निम्न बिन्दु हो सकते हैं-

**क- लोप**

आधार शब्द में विद्यमान ध्वनि का निर्वचनीय शब्द में न रहना लोप है। इसकी दिशाएँ हैं - आदि लोप, उपधा लोप, आदि।

**ख- विकार**

ध्वनियों के स्वर और व्यञ्जनों के आधार पर यह विकार भी दो प्रकार का होता है। स्वर विकार तथा व्यञ्जन विकार। स्वर विकार मात्रा की विकृति के रूप में दण्डिन् = दण्डी, राजन् = राजा में है। व्यञ्जन-विकार के रूप में उदाहरणस्वरूप - (1) आदि व्यंजन का वर्णान्तर भाव-द्योतिष = ज्योतिष। (2) अन्त्य व्यंजन का वर्णान्तर भाव मेह = मेघ (3) सम्प्रसारण अर्थात् अन्तः स्थों य् र् ल् और व् के स्थान में स्वरों का क्रमशः इ, ऋ, लृ, उ का आना। यज् का इज्।

**ग- वर्ण विपर्यय**

इसका तात्पर्य वर्णों का स्थान परिवर्तन। यथा कस् + इ + ता = सिकता, कृत् कर्तृ तर्कु।

**घ- वर्णागम :**

नवीन वर्ण की उपस्थिति वर्णागम के रूप में वर्णित है। ध्वनि-विकार की ये प्रवृत्तियाँ निम्न-श्लोकों में परिगणित की गयी हैं:

वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ।
धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम्।।[1]
आदिमध्यान्तलुप्तानि, प्रच्छन्नापिहितानि च।
ब्रह्मणः परिगुह्यर्थं वेदे व्यवहितानि च ।।[2]

वर्णागम आदि के द्वारा परिवर्तन के सम्बन्ध में निम्न श्लोक भी द्रष्टव्य है -

भवेद् वर्णागमाद् हंसः, सिंहो वर्णविपर्ययात्।
गूढोत्मा वर्णविकृतेः वर्णनाशात् पृषोदरम्।।[3]

जिन शब्दों में एकाधिक अंश समाहृत हैं उनके विषय में यास्क का सिद्धान्त है कि सर्वप्रथम उन समाहृत अंशों का अर्थ अलग-अलग स्पष्ट करना चाहिये। तदनन्तर प्रथम अंश की व्याख्या के पश्चात् परवर्ती अंश की व्याख्या करनी चाहिए। यथा 'कक्ष्या'[4] रस्सी (घोड़े की लगाम) होती है, क्योंकि यह कक्ष (कांख) का सेवन करती है। इससे स्पष्ट होता है कि इस शब्द में दो अंश है कक्ष + या दूसरे अंश का अर्थ है सेवते। इसी प्रकार राज-पुरुष एक समस्त शब्द है, इसका समासार्थ बतलाना चाहिये - राजा का पुरुष । फिर राजा का निर्वचन और उसके बाद पुरुष का निर्वचन करना चाहिए तथा निर्वचन अच्छी तरह शब्द के अर्थ की जितनी अर्थ दिशाएँ हैं, उन्हें बतलाते हुए करना चाहिए।

आचार्य यास्क ने निर्वचन के लिए अपेक्षित सिद्धान्तों को स्पष्ट करने के लिए अपने भाष्य के प्रारम्भ में सम्पूर्ण प्रथम अध्याय तथा दूसरे अध्याय के 28 खण्डों में से 04 खण्डों में निर्वचन के सिद्धान्त एवं निर्वचन शास्त्र के अध्ययन के लिए अपेक्षित ज्ञान का प्रतिपादन किया है।

निर्वचन करते समय यास्क स्वयं को निघण्टु के शब्दों तक ही सीमित नहीं रखते। प्रसङ्ग प्राप्त होने पर अन्य शब्दों का निर्वचन करके मन्त्र को उद्धृत करके उसकी पुष्टि करते हैं। निघण्टु पठित शब्द के निर्वचन में आए पर्याय आदि प्रासङ्गिक शब्दों, निघण्टु-गत शब्द पर उद्धृत मन्त्र में श्रुत किन्तु निघण्टु में असङ्कलित कठिन शब्दों तथा उन शब्दों की व्याख्या में आये हुए शब्दों, अन्यथा मिलते-जुलते शब्दों का भी निर्वचन कर देते हैं। सर्वप्रथम वे शब्दों का वैदिक अर्थ प्रदान करते हैं। तदनन्तर उन शब्दों का प्रयोग यदि लोक में भी होता है तो उनके लौकिक-अर्थ की परीक्षा भी निर्वचन करके करते हैं। यथा - 'व्रत' (2/13)[5] शब्द के दो निर्वचनों में पहला वैदिक अर्थ में है तथा दूसरा लौकिक अर्थ में। अनेकार्थक शब्दों के भी भिन्न-भिन्न निर्वचन करके उसका अर्थज्ञान कराना आचार्य यास्क की विशेषता है। उदाहरण स्वरूप 'अपत्य' (3-1), 'कच्छ' (04/18) आदि। प्रमुख रूप से आचार्य यास्क ने निर्वचन को दो भागों में विभक्त किया है - (1) शब्द-निर्वचन (2) अर्थ-निर्वचन।

**शब्द-निर्वचन**

इसके अन्तर्गत वे शब्द आते हैं जिनमें उन्होंने शब्द की प्रकृति, उसमें होने वाले विकार को ध्वनि-साम्य की दृष्टि से ध्यान में रखा है। जैसे अश्व, पुत्र, विंशति, सहस्र इत्यादि।

**अर्थ-निर्वचन**

ये निर्वचन वर्ण-साम्य की अपेक्षा अर्थ-साम्य की प्रमुखता को दृष्टि में रखकर किये जाते हैं। जैसे निघण्टु = आहनन,[6] समुद्रः = समभिद्रवन्त्येनमापः इत्यादि।

यास्क-प्रणीत निर्वचन-शास्त्र में शब्द के भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक परिवेश को भी दृष्टि में रखा है। इनके निर्वचन में हमें एक साथ ध्वनि, विज्ञान, अर्थ-विज्ञान, आदि का प्रयोग प्राप्त होता है तथा बिना निरुक्त-शास्त्र के वैदिक पदों का ज्ञान अत्यन्त दुरूह है, अतएव निरुक्त-शास्त्र एवं निर्वचन पद्धति न केवल वैदिक-विद्वानों के लिए ही साहाय्य है अपितु समस्त संस्कृतज्ञों के लिए अर्थज्ञानानुसन्धान हेतु मार्ग प्रशस्त करती है।

**इति शम्।**

**सन्दर्भसूची -**

1. निरुक्तम् भूमिका पृ. 21, प्रकाशक मेहरचन्द लछमनदास, पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।

2. निरुक्त के पांच अध्याय भूमिका पृ. 35, इंडोलॉजिकल बुल हाउस, दिल्ली।

3. निरुक्तम् भूमिका पृ. 21, छज्जूरामशास्त्रिकृत टीका।

4. निरुक्त द्वितीयाध्याय के प्रथम वाद में।

5. निरुक्त 2/13

6. निरुक्त, प्रथमाध्याय के प्रथम वाद में।

# शैलेश मटियानी-व्यक्तित्व एवं कृतित्व

**डॉ. आनन्द सिंह फर्त्याल**
प्रवक्ता-हिंदी
राजकीय इंटर कालेज लालढांग, हरिद्वार

मुंशी प्रेमचंद के बाद जिन कथाकारों ने कथा विधा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया उनमें शैलेश मटियानी जी का नाम अग्रणीय है। आपने उन्हीं की तरह दलित शोषित और दबे कुचले लोगों की पीड़ा को अपने साहित्य में स्थान दिया। आपने अपने कथा साहित्य के माध्यम से समाज में गरीब मजदूर एवं स्त्रियों को मानवीय हक व सम्मान दिलाने के लिए अथक प्रयास किया। आपका पूरा लेखन इसी संघर्ष तथा सरोकार से जुड़ा है। आपके कथा साहित्य में जीवन संघर्ष का अदम्य साहस है।

**संक्षिप्त परिचय-**

जन्म 14 अक्टूबर, सन् 1931

जन्म स्थान- ग्राम बाड़ेछीना (अल्मोड़ा)

पिता का नाम- श्री विशन सिंह मटियानी

माता का नाम- श्रीमती लक्ष्मी देवी

मृत्यु- 13 अप्रैल, सन् 1992

मटियानी जी का जीवन अत्यन्त दारुण एवं नरकीय स्थितियों से गुजरा है। आप जब मात्र नौ वर्ष की अवस्था के थे, तभी आप के पिताजी ने एक ईसाई महिला से दूसरा विवाह कर लिया था। वे घर परिवार त्याग कर दूसरे गाँव (बेरीनाग) में रहने लगे थे। मटियानी जी की माँ स्तन केन्सर जैसे असाध्य रोग से पीड़ित थी। माँ की देखरेख के साथ-साथ घर के सारे कार्य इन्हें ही करने पड़ते थे। इस उम्र में परिवार की सारी जिम्मेदारी इन्हीं पर थी। ऐसी विषम परिस्थिति में आपने सन् 1941 में बाड़ेछीना से प्राइमरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। गाँव में विद्यालय न होने के कारण आगे की पढ़ाई अवरुद्ध हो गई। अब घर गृहस्थी के सारे कार्य- पानी भरना, गाय-भैंस दुहना, लकड़ी काटना और दिन भर जंगल में बकरियां चराना इत्यादि आपको ही करने पड़ते थे। आपने अपनी अनुभूतियों का चित्रण इस प्रकार किया है-

''उतनी कम उम्र में पानी का पूरा कनस्तर भरकर और लकड़ी का गठ्ठर जंगल से ढोकर लाते सिर का निचला हिस्सा पहले दुखते-दुखते बाद में कठोर हो गया। हाँ, अपने सामर्थ्य भर अधिकतम परिश्रम करते हुए यह आत्मसन्तोष अवश्य मिलता था कि कहने वाले भले ही कहते रहें कि हमारी परवरिश कर रहे हैं, मगर माँ यह महसूस करते हुए रोटी का टुकड़ा तोड़ सके कि उसके हिस्से की चाकरी उसका बेटा कर रहा है।''[1]

पढ़ने लिखने की उम्र में कलम की, किताब की जगह आपके हाथों में कुल्हाड़ी-दराती रहती थी। चाचा जी के आश्रय में रहने के लिए ये सारे कार्य अनिवार्य थे। सन् 1943 में इनके माता-पिता का देहान्त हो गया। माँ की मृत्यु के बाद आपके सिर पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा था। आपकी स्थिति घर में नौकरों की तरह हो गई थी जिसका उल्लेख आपने किया है -

''सुबह उठकर नौले पानी भरने जाना, लौटकर गाय-भैंस दुहना, गोठों का पर्स निकालना, कलेवा करके गाय-बकरियों को लेकर सेलना, धन धार या सोलखेत वनों की ओर निकल जाना, कुल्हाड़ी-दराती सदैव मेरे पास रहती थी। और जब घर लौटता था तो घास या लकड़ी का गठ्ठर मेरे सिर पर रहता था।''[2]

मटियानी जी ऐसी विषम परिस्थिति में भी विचलित नहीं हुए। सन् 1945 में बाड़ेछीना प्राथमिक विद्यालय का उच्चीकरण हुआ। वहां के प्रधानाचार्य श्री लक्ष्मण सिंह गैलाकोटी के सहयोग से इनका कक्षा छः में प्रवेश हो गया। शिक्षा के प्रति इनकी लगन को देखकर इनके प्रधानाचार्य जी ने इनसे कहा था -

''अगर तुम्हें जूठे बरतन घिसने पड़ें, औरतों के घाघरे भी धोने पड़ें तो भी विद्या प्राप्ति के महत् लक्ष्य से विमुख न होना।''[3]

सन् 1947 ई. में आपने कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण की। आगे की शिक्षा हेतु राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज, अल्मोड़ा में नवीं कक्षा में प्रवेश लिया। यहाँ आप भाई-बहन के साथ चाचा बहादुर सिंह के आश्रय में रहते थे। चाचा की अल्मोड़ा में गोश्त की दुकान थी। आप उनके कार्यों में हाथ बंटाते थे। प्रातःकाल दो-तीन बकरियों की खाल उतार मीट दुकान में लगाकर ही आप स्कूल जाया करते थे। स्कूल से लौटकर मीट बेचना, कीमा कूटना आपका दैनिक कार्य था। छोटा भाई चन्दन स्कूल पढ़ने की उम्र में रामजे स्कूल के सामने फुटपाथ पर चूरन-मूँगफली बेचता था। आपने ऐसी विषम परिस्थितियों के बीच भी सन् 1951 ई. में द्वितीय श्रेणी में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की।

सन् 1950 ई. से ही मटियानी जी रमेश मटियानी 'शैलेश' नाम से कविता-कहानियाँ लिखने लगे थे। प्रकृति, पहाड़ एवं हिमालय के प्रति विशेष लगाव के कारण आपने अपना उपनाम 'शैलेश' रखा था। पारिवारिक पृष्ठभूमि जुआरी और बूचड़ की होने के कारण स्थानीय पत्रिकाओं में आपको स्थान नहीं

मिला। लेकिन आपका लेखन निरन्तर चलता रहा। प्रथम बार सन् 1950 ई0 में 'शान्ति ही जीवन है' तथा 'संघर्ष के क्षण' नाम से दो कहानियाँ 'अमर कहानी' तथा 'रंगमहल' में प्रकाशित हुईं। आपकी इस सफलता पर घर ही नहीं जाति समाज के लोग भी ताने मारने लगे थे। लोग कहते-

''अरे यह विशनुआ जुआरी का बेटा और शेर सिंह बूचड़ का भतीजा लेखक बन रहा है। घोर कलयुग कहते हैं किसे? जुआरी का बेटा बूचड़ का भतीजा पं. इलाचन्द्र बनने का सपना देख रहा है।''[4]

कविता-कहानियाँ लिखने के कारण मटियानी जी की प्रशंसा नहीं वरन् उपेक्षा ही हुई। हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आपने प्राइमरी स्कूल में अध्यापक हो जाने के लिए बहुत दौड़-धूप की लेकिन सारे प्रयास असफल रहे। अन्ततः निराश होकर भाई-बहन को छोड़ अत्यधिक पीड़ा लिए सन् 1951 ई0 में एक दिन आप घर छोड़कर निकल पड़े। अल्मोड़ा से दिल्ली जाते वक्त बहन हीरा व भाई चन्दन की यादें आपको बार-बार व्याकुल कर रही थीं। छोटे भाई को फुटपाथ पर चूरन-मूंगफली बेचते छोड़ आने का दर्द बार-बार आपके अन्तर्मन को कचोटता रहा। भाई-बहन को न पढ़ा-लिखा पाने का आपको बहुत दुःख था जिसका आपने जिक्र भी किया है-

''मेरे आगे तुम नहीं बिलख रही हो, बल्कि वह अभागिन बहन बिलख रही है जिसे मैं अपर प्राइमरी भी नहीं पढ़ा पाया। मेरा वह भाई बिलख रहा है जो अशिक्षा के अन्धकार से ही अभिशप्त होकर भटक रहा है।''[5]

दिल्ली में 'अमर कहानी' सम्पादक श्री ओम प्रकाश गुप्ता की मदद से अग्रवाल कम्पनी में कुछ दिनों तक नौकरी की लेकिन मन नहीं लगा। मटियानी जी के मन में प्रयाग की साहित्य उर्वरा धरती के प्रति असीम श्रद्धा थी। वे किसी तरह इलाहाबाद पहुँचना चाहते थे। लगभग एक सप्ताह में ही 'दोराहा' नामक उपन्यास लिख और उसे पन्द्रह रुपये में बेचकर वे इलाहाबाद चले आए। इस साहित्य नगरी में भी उन्हें जिजीविषा हेतु संघर्ष करना पड़ा। इसके बाद वे आजीविका की तलाश में बम्बई पहुँचे। यहाँ पहुँचते ही इनका सारा सामान यात्रा के दौरान बना एक मित्र ठग ले गया। विवश होकर मटियानी जी को इस मायानगरी के फुटपाथों पर शरण लेनी पड़ी। इन फुटपाथों पर उन्होंने दलित, घृणित एवं शोषित वर्ग को बहुत नजदीक से देखा और उनके साथ जीवन यापन किया। फुटपाथों पर पलने वाले कुलियों, मजदूरों, भिखारियों, उचक्कों व उठाईगीरों से उन्हें बहुत आत्मीयता एवं सहारा मिला। इस बीच उन्हें पेट की आग बुझाने हेतु बहुत संघर्ष करना पड़ा। भूख से बचने के लिए मटियानी जी प्रार्थना किया करते थे कि-

''हम फुटपाथियों को पुलिस आवारा, चोर, उचक्के छोकरे समझकर पकड़कर ले जाए। कम से कम हवालात में खाना और निर्विघ्न फर्श तो मिलेगा।''[6]

सन् 1943 ई. से लेकर सन् 1956 ई. तक का समय इनके जीवन का सबसे विकट काल था। जीवन के इस दारुण काल में ही उन्होंने माता-पिता, दादा-दादी सभी को खो दिया। ये चौदह वर्ष का समय इनके लिए बनवास से भी अधिक कष्टप्रद रहा। अपनों को खो देने का गम तथा भाई-बहन को छोड़ आने की व्याकुलता इन्हें बार-बार व्यथित करती रही। इन चौदह वर्षों के संघर्षों का प्रभाव इनके लेखन में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।

सन् 1958 ई. में मटियानी जी का विवाह अल्मोड़ा जनपद के तलाट ग्राम के नाथू सिंह प्रधान की पुत्री नारायणी देवी के साथ हुआ। इसी बीच उनकी चार सन्तानें हुई, दो पुत्र राकेश व मनीष, दो पुत्रियाँ तरुलता तथा शुभा मटियानी। सन् 1964 ई. से लेकर सन् 1992 ई. तक वे सपरिवार इलाहाबाद में ही रहे। इस दौरान उन्होंने सर्वाधिक और सर्वश्रेष्ठ रचनाओं का सृजन किया।

13 अप्रैल, सन् 1992 ई. को आपके छोटे पुत्र मनीष की हत्या कर दी गयी। आप युवा पुत्र को खो देने का सदमा बर्दाश्त न कर सके। दिमागी सन्तुलन रखना कठिन हो गया। आपको विक्षिप्तता (मानसिक रोग) के दौरे पड़ने लगे। इसके बाद आप इस शोकाकुल वातावरण को छोड़कर हल्द्वानी (नैनीताल) चले आए। इस रोग ने मृत्यु-पर्यन्त तक आपका दामन नहीं छोड़ा। विक्षिप्तता के दौर में भी आपने साहित्य सृजन किया और अन्तिम समय तक हिन्दी साहित्य को समृद्ध करते रहे। अन्ततः 24 अप्रैल, सन् 2001 ई. को विक्षिप्तता में ही संघर्षों से कभी हार न मानने वाले शैलेश मटियानी दिल्ली के एक मनोचिकित्सालय में जीवन से हार गये।

**साहित्यः-एक परिचय**

जन कथाकार शैलेश मटियानी जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। आपने बहुआयामी साहित्य का सृजन कर हिन्दी साहित्य को अमूल्य निधि प्रदान की है। आपने साहित्य की कई विधाओं पर लेखनी चलाई, जिसमें कहानियाँ, उपन्यास, निबन्ध, संस्मरण, एवं बाल साहित्य आदि हैं। आपने पहाड़ी ग्रामों से लेकर महानगरों के यथार्थ कटु अनुभवों को अपनी लेखनी बनाया है। आपने समाज के उस वर्ग पर लिखा जो समाज से उपेक्षित एवं तिरस्कृत है। आपने ऐसे ही लोगों की जिजीविषा एवं संघर्ष को अपने कथा साहित्य का विषय बनाया है। आपके विपुल साहित्य की संक्षिप्त रूपरेखा इस प्रकार है-

**उपन्यासः**

शैलेश मटियानी जी ने अपने जीवनकाल में लगभग (40) चालीस उपन्यासों का सृजन किया है। आपके अधिकांश उपन्यास कुमाऊँ व बम्बई अंचल पर आधारित हैं। आपने अपने अधिकांश उपन्यासों में गाँवों

और नगरों के पिछड़े दलित, शोषित, दबे-कुचले एवं गरीब लोगों के नारकीय जीवन को दर्शाया है। आप मुख्यतः दलित चेतना के उपन्यासकार माने जाते हैं। आपके उपन्यासों का विवरण निम्नलिखित है-

1- बेरीबली से बोरीबन्दर तक (1956) 2- कबूतरखाना (1960) 3- किस्सा नमर्दाबेन गंगूबाई (1961) 4- हौलदार (1962) 5- चिट्टीरसैन (1962) 6- बेला हुई अबेर (1962) 7- मुख सरोवर के हंस (1962) 8- चौथी मुट्ठी (1962) 9- एक मूँठ सरसों (1962) 10- मंजिल दर मंजिल (1966) 11- दो बूँद जल (1966) 12- कोई अजनबी नहीं (1966) 13- भागे हुए लोग (1966) 14- उगते सूरज की किरण (1970) 15- पुनर्जन्म के बाद (1970) 16- माया सरोवर (1973) 17- बर्फ गिर चुकने के बाद (1975) 18- छोटे-छोटे पक्षी (1977) 19- नागवल्लरी (1978) 20- रामकली (1978) 21- आकाश कितना अनन्त है (1979) 22- सवित्तरी (1980) 23- उत्तरकाण्ड (1980) 24- रेड़े वाले (1980) 25- बावन नदियों का संगम (1981) 26- गोपुली गफूरन (1981) 27- अर्द्धकुम्भ की यात्रा (1983) 28- मुठभेड़ (1983) 29- चन्द औरतों का शहर (1992) 30- कुतिया 31- डोमिनी

**अपूर्ण उपन्यासः**

32- कमीनों की बस्ती 33- घात 34- अश्वगंधा 35- सडाँध 36- शीर्षकहीन 37- सुयाँल कोसी 38- सातवाँ समुन्दर 39- चट्टान 40- सीढ़ियाँ

**कहानीः**

मटियानी जी ने हिन्दी कथा साहित्य को अपने बेजोड़ उपन्यासों के साथ-साथ अनेक कालजयी कहानियाँ भी दी हैं। आप मूलतः कहानीकार हैं। आपने लगभग दो सौ पचास (250) कहानियों का सृजन किया है। आपकी उपलब्ध सभी कहानियों को सन् 2004 ई0 में आपके पुत्र राकेश मटियानी द्वारा 'शैलेश मटियानी की सम्पूर्ण कहानियाँ' नाम से पाँच भागों में प्रकाशित किया है। इसमें आपकी अनेक असंकलित कहानियाँ भी हैं जो अभी तक किसी संकलन में प्रकाशित नहीं हो पायीं थीं।

शैलेश मटियानी की सम्पूर्ण कहानियाँ (भाग-1)

शैलेश मटियानी की सम्पूर्ण कहानियाँ (भाग-2)

शैलेश मटियानी की सम्पूर्ण कहानियाँ (भाग-3)

शैलेश मटियानी की सम्पूर्ण कहानियाँ (भाग-4)

शैलेश मटियानी की सम्पूर्ण कहानियाँ (भाग-5)

**संस्मरण:**

मटियानी जी ने लगभग चार संस्मरण लिखे हैं जिनमें आपके त्रासद एवं उपेक्षित जीवन का मार्मिक वर्णन है। इन संस्मरणों को पढ़कर आपके दारुण एवं संघर्षपूर्ण जीवन का अंदाजा लगाया जा सकता है। आपके संस्मरण निम्नलिखित हैं-

1- लेखक की हैसियत से। 2- पर्वत से सागर तक।

3- रास्ता बन्द है और लक्ष्य अधूरा। 4- मुड़ मुड़कर मत देख।

**निबन्ध:**

मटियानी जी ने अनेक निबन्धों का सृजन किया। आपके निबन्ध सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर आधारित हैं। आपने सामान्य लीक से हटकर एक नये परिप्रेक्ष्य पर लिखा है इसलिए आपके निबन्ध तर्कयुक्त एवं विचार प्रधान हैं। आपने लगभग बारह निबन्ध लिखे जो निम्नलिखित हैं-

1- जनता और साहित्य (1976) 2- लेखक और संवेदना (1983) 3- त्रिज्या (1984) 4- यदा-कदा (1985) 5- मुख्यधारा का सवाल (1985) 6- राष्ट्रभाषा का सवाल (1988) 7- कागज की नाव (1991) 8- कभी-कभार (1993) 9- किसे पता है राष्ट्रीय शर्म का मतलब? (1995) 10- राष्ट्रीयता की चुनौतियाँ (1997) 11- किसके राम, कैसे राम (1999) 12- कहानी कैसे बनती है

**बाल साहित्य**

मटियानी जी ने बालोपयोगी एवं शिक्षाप्रद बाल साहित्य का भी सृजन किया है। आपने बाल साहित्य पर लगभग पच्चीस पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से अब तक पन्द्रह पुस्तकें प्रकाशित भी हो चुकी हैं जो निम्नलिखित हैं-

1- सिंधु और गंगा 2- अपनी-अपनी परम्परा 3- चुहिया और दूल्हा 4- चाँदी का रूपइया और रानी गौरइया 5- तीन रंग की कथा 6- योग-संयोग 7- फूलों की नगरी 8- भरत-मिलाप 9- सुबह के सूरज 10- माँ तुम आओ 11- माँ की वापसी 12- बिल्ली के बच्चे 13- यजमान और पुरोहित 14- हाथी और चींटी की लड़ाई 15- खांसी को फांसी

**निष्कर्षतः**

संक्षेप में कहा जा सकता है कि मटियानी जी का जीवन अत्यन्त कटुताओं से भरा रहा है। आपके कथा साहित्य से अधिक रोचक उनका जीवन परिचय है। आपके जीवन परिचय को पढ़कर आश्चर्य की अनुभूति होती है। विश्वास नहीं होता कि इतने अभावों को सहकर एवं इतनी विषम परिस्थितियों के बीच जीकर भी कोई व्यक्ति इतना प्रखर और उच्च कोटि का साहित्यकार बन सकता है। यह सब आपके धैर्य, साहस, दृढ़ इच्छा शक्ति, योग्यता और प्रतिभा का परिचय है। आपका सम्पूर्ण जीवन संघर्षों में व्यतीत हुआ इसके बावजूद आप उच्च कोटि का विपुल कथा साहित्य रच सके यह आपके अदम्य साहस का परिचय है। आप विषम से विषम परिस्थितियों में भी लेखकीय दायित्वों के प्रति निष्ठावान रहे हैं। आपने समाज के यथार्थ को गहनता से जाना, परखा और भोगा है। आपके साहित्य में सत्यता के दर्शन होते हैं, इसलिए आपका साहित्य वर्तमान परिवेश में भी जीवन्त प्रतीत होता है। आपने अपने व्यक्तित्व से ही नहीं बल्कि कृतित्व से भी समाज को नई दिशा दी है, इसलिए आपका व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों ही लोगों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थः-**

1. ''लेखक की हैसियत से'' - शैलेश मटियानी, पृष्ठ-109
2. ''लेखक की हैसियत से'' - शैलेश मटियानी, पृष्ठ-27
3. ''भूमिका-मेरी तैंतीस कहानियाँ'' - शैलेश मटियानी, पृष्ठ-08
4. ''भूमिका-मेरी तैंतीस कहानियाँ'' - शैलेश मटियानी, पृष्ठ-11
5. ''एक मंगलद्वीप और'' - शैलेश मटियानी, पृष्ठ-04
6. ''भूमिका-मेरी तैंतीस कहानियाँ'' - शैलेश मटियानी, पृष्ठ-18

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

# भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा का विवेचनात्मक अध्ययन

**डॉ० नरेन्द्र प्रताप सिंह**
विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग,
देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार

भाषा विज्ञान के अन्तर्गत लिपि विज्ञान, शब्द विज्ञान, पद विज्ञान, वाक्य विज्ञान, अर्थ विज्ञान, कोश विज्ञान, शैली विज्ञान, सर्वेक्षण पद्धति, सुर विज्ञान, शिक्षण विज्ञान, बोली विज्ञान आदि आते हैं। इसके अलावा भाषा उत्पत्ति की समस्या, उसका वर्गीकरण, कालक्रम व प्रकृति इत्यादि का अध्ययन किया जाता है। भाषाविज्ञान अर्थात् भाषा की आंतरिक संरचना का अध्ययन। इसमें ध्वनि, रूप, शब्द, पद, वाक्य, अर्थ और प्रोक्ति आते हैं। हिन्दी शब्द का प्रयोग भारत में बोली जाने वाली सभी आर्य भाषाओं के लिए होता है। व्याकरण की दृष्टि से हिन्दी में शब्द-रूप और क्रिया-रूप पूर्णतः वियोगात्मक हैं तथा इसकी लिपि देवनागरी लिपि है। इस भाषा की विशेषता है कि जो हम बोलते हैं, वही लिखते हैं। इसकी ध्वनियों में स्वर और व्यंजन हैं। शब्दों के आदान-प्रदान से भाषाएं समृद्ध, सरल और सहज होती हैं। हिन्दी में अनेक भाषाओं के शब्द समाहित हैं। विश्व की भाषाओं में हिन्दी भाषा का स्थान विशिष्ट है।

भाषा विज्ञान का प्रारंभ सन् 1786 में सर विलियम जोन्स के संस्कृत, लैटिन एवं ग्रीक के तुलनात्मक अध्ययन के संकेत से हुआ। पाश्चात्य देशों में भाषाविज्ञान के कई नाम प्रचालित हैं जिनमें से कम्पेरेटिव फिलोलॉजी, साइन्स आर्फ लैंग्वेज तथा लिग्विंजिक आदि प्रमुख हैं। प्राचीन भारत में निर्वचनशास्त्र, व्याकरण, शब्दानुशासन आदि शब्दों का प्रयोग भाषाविज्ञान के लिए किया जाता रहा। आधुनिक काल में भाषाशास्त्र, तुलनात्मक भाषा शास्त्र, शब्दतत्त्व, व भाषिकी आदि शब्दों का प्रयोग भाषा विज्ञान के पर्याय के रूप में होता है। भारतीय भाषाओं में भाषा विज्ञान के लिए भाषा तत्त्व, भाषा शास्त्र, शब्द तत्त्व, शब्द शास्त्र व शब्द कथा आदि का नाम प्रचलित है। इसी प्रकार पद-विद्या व शब्दशास्त्र इत्यादि शब्दों का आशय भी भाषा-विज्ञान के प्रयोजन को सिद्ध करता रहा, परन्तु समय के साथ ये शब्द रूढ हो जाने से इसका नाम भाषा-विज्ञान ही उपयुक्त जान पडा। भाषा-विज्ञान में भाषा का अनुशीलन किया जाता है। भाषा का यह प्राचीन रूप विद्वानों के चिन्तन-मनन का ही फल है । इस विज्ञान में संज्ञा आदि परिभाषाओं को सावधानी से समझना पड़ता है। वर्ण-लोप, अर्थ-विकार आदि भाषा के कार्यों का निरीक्षण करना और उन्हीं के आधार पर भाषा नियमों की रचना करना भाषा-विज्ञान का काम है। भाषा में विकार या परिवर्तन क्यों होता है? कैसे एक भाषा समय के साथ-साथ अनेक भाषाओं अथवा विभाषाओं का रूप धारण कर लेती है? भाषा के मूल में संज्ञा व क्रिया आदि शब्द-भेदों का भी अध्ययन

आदि जिज्ञासा का समाधान भाषा विज्ञान की विविध शाखाओं के माध्यम से होता है।[21] भाषा-विज्ञान में भाषा की उत्पत्ति, उसकी बनावट, उसके विकास तथा ह्रास की वैज्ञानिक व्याख्या है। ध्वनि-विचार, रूप-विचार, अर्थ-विचार ये सब भाषा-विज्ञान के प्रधान अंग हैं। भाषा का शरीर जिन व्यक्त ध्वनियों से बनता है, उन्हें 'वर्ण' कहकर पुकारा जाता है।[22] शब्दों का मूल रूप क्या है? उसमें जोड़ा अंश उपसर्ग है या प्रत्यय। कभी-कभी कुछ शब्द एक जैसे दिखायी देते हैं मगर उनका उद्‌गम भिन्न-भिन्न मूलों से होता है, जैसे- संस्कृत शब्द 'कार्य' से हिंदी में 'कारज' और 'काज' दो रूप जान पड़ते हैं।[23] अर्थात् शब्दों की व्युत्पत्ति का निमित्त कुछ और होता है और व्यवहार कुछ और होता है ।[24] ध्वनि-प्रतीकों की संरचनात्मक व्यवस्था को भाषा कहते हैं। भाषा के बाह्य रूप को उसकी शब्दावली तथा आन्तरिक गठन को उसके संरचनात्मक स्वरूप से जाना जाता है।

भाषा विज्ञान में भाषा के विभिन्न अंगों, स्वरूपों का विवेचन तथा निरूपण होता है। इसमें भाषा कब किस प्रकार और कैसे परिवर्तित होती है, अन्य भाषाओं के शब्द किन-किन नियमों के अधीन होकर मिलते हैं, आदि का विस्तृत ज्ञान भी मिलता है। इसके अन्तर्गत भाषा की उत्पत्ति, रूप विकास तथा वाक्यों की बनावट भी आते हैं। इसकी सहायता से भाषा का वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विवेचन, अध्ययन और अनुशीलन का बोध होता है। भाषा विज्ञान की तुलनात्मक अध्ययन पद्धति ने लैटिन, ग्रीक, अवेस्ता आदि ने अनेक वैदिक शब्दों के अर्थ को स्पष्ट किया है। इसके माध्यम से प्राचीन भाषा के अर्थ, उच्चारण तथा प्रयोग से संबंधित समस्याओं का समाधान हुआ है। इससे मातृभाषा एवं विदेशी भाषाओं को सीखने में सरलता और शीघ्रता मिलती है। भाषा विज्ञान, भाषा व लिपि में परिवर्तन सहायक है। भाषाविज्ञान से अर्थ-विज्ञान तथा अर्थ-विकास को समझने में सरलता होती है। इससे शब्दार्थ में छिपी ध्वनि भी स्पष्ट होती है। यह अनुवाद  में भी सहायक है, क्योंकि भाषा विज्ञान अर्थनिर्णय तथा पाठनिर्णय में सहयोगी है। इससे सांकेतिक लिपि का उन्नयन होता है जो भाषा की शुद्धता एवं उपयोगिता प्रदान करता है। इसमें व्याकरण के नियमों का दार्शनिक एवं सैद्धान्तिक आधार, निरूपण, शब्द और अर्थ का संबंध, प्रकृति और प्रत्यक्ष का मौलिक अर्थ, पद विभाजन का आधार आदि का विवेचन होता है। भाषा विज्ञान में उच्चरित ध्वनियों का भी विश्लेषण किया जाता है।

प्राचीनकाल में भाषा विज्ञान या भाषा शास्त्र के अन्तर्गत शब्दों की व्युत्पत्ति और स्वरों के उच्चारण पर विशेष ध्यान दिया जाता था। उस अवधि का शास्त्रग्रन्थ-निरुक्त ग्रंथ, भाषा विज्ञान का ही पर्याय था, निर्वचन शब्द ही निरुक्त शब्द का समानार्थक है, इसका साधारण अर्थ - बोलना, उच्चारण करना, कहना, समझना ,व्याख्या करना है। निर्वचन का प्रचलित अर्थ है व्युत्पत्ति। निर्वचन को शब्द शास्त्र कहते हैं जिसे आजकल व्याकरण के अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है जो भाषा विज्ञान को अभिव्यक्त करता है। भाषा विज्ञान या भाषाशास्त्र वास्तव में शब्द विज्ञान या शब्द शास्त्र ही है। भाषा विज्ञान का अगला

प्रयोजन भाषा शिक्षण है जिसमें ध्वनि, वर्ण, स्वर ,मात्रा, रूप और अर्थ आदि आते हैं। भाषा विज्ञान के अंतर्गत व्याकरण की वैज्ञानिक प्रक्रिया भी आती है। इसमें ध्वनि विज्ञान, ध्वनि शिक्षा, रूप विज्ञान वाक्य विज्ञान, अर्थ विज्ञान आदि घटक हैं। भाषा विज्ञान को अनेक नामों से जाना जाता है- फिलॉलोजी, कम्परेटिव फिलॉलोजी, सांइटिफिक एटिमॉलोजी (वैज्ञानिक व्युत्पत्तिशास्त्र) फोनालोजी (ध्वनिशास्त्र), ग्लासालोजी (शब्द शास्त्र), तथा सांइस ऑफ लैंग्वेज आदि। मैक्समूलर के अनुसार भाषा विज्ञान का नाम लोगोलॉजी (वाणी शास्त्र) भी हो सकता है। फ्रांस के विद्वान इसे लांगिस्तीक (अंग्रेजी में लिंग्विस्टिक) तथा जर्मन लोग ''स्प्राख विशेन शैफ्ट'' नाम से परिचित हैं। हिंदी में फिलॉलोजी तथा साईंस ऑफ लैंग्वेज को भाषा विज्ञान कहते हैं। फिलॉलोजी शब्द का व्यवहार प्राचीन भाषा तथा साहित्य शिलालेखों की भाषा के संदर्भ में किया जाता है और लिंग्विस्टिक्स के अंतर्गत आधुनिक जीवित भाषाओं एवं बोलियों का अध्ययन किया जाता है। डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार - ''भाषिक संरचना के छः स्तर- अर्थ, प्रोक्ति, वाक्य, रूप, शब्द और ध्वनि हैं। ध्वनि से शब्द बनते हैं, शब्दों से रूप, रूपों से वाक्य और एक से अधिक वाक्यों से प्रोक्ति का निर्माण होता है। शब्दों में भाषा की सहज इकाई प्रोक्ति है। प्रोक्ति के विश्लेषण से वाक्य मिलते हैं, वाक्यों के विश्लेषण से शब्द और शब्दों के विश्लेषण से ध्वनि उत्पन्न होती है। डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार- ''भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन को ही भाषा विज्ञान कहते हैं। देवी शंकर द्विवेदी के कथनानुसार- ''भाषा के विज्ञान को भाषिकी कहते हैं। भाषिकी में भाषा का वैज्ञानिक विवेचन किया जाता है ''डॉ. देवेन्द्र शर्मा के मतानुसार- ''भाषा के विज्ञान को भाषा विज्ञान कहते हैं।'' भाषाविद् ब्लॉक एवं ट्रेगर के कथनानुसार -''जब भाषाविद् वाणी के सभी समाजगत रूपों का विवरण प्रस्तुत करता है तब उसे भाषा का व्याकरण अथवा भाषा की व्यवस्था कहते हैं।'' भाषा वैज्ञानिक जोहन लॉयन्स के मतानुसार- ''भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन को भाषा विज्ञान कहा जाता है।'' भाषा विज्ञान के अन्तर्गत फोनेटिक्स या ध्वनि शास्त्र भी आता है। जिसमें ध्वनि से संबन्ध रखने वाले अवयवों- मुख, नासिका, स्वरयन्त्र, ध्वनितंत्र आदि ध्वनि उत्पन्न होने की क्रिया, ध्वनिलहर और उसके सुनने का अध्ययन ध्वनिशास्त्र कहलाता है। ध्वनि शास्त्र को ही ध्वनि विज्ञान कहते हैं, जिसमें ध्वनि परिवर्तन एवं ध्वनि विकास के कारणों और दिशाओं के विश्लेषण पर विचार किया जाता है। ध्वनियों से शब्द बनते हैं जिनका प्रयोग पद एवं रूप होता है। पद विज्ञान में पदों का अध्ययन, अर्थसूचक अंग, संबन्ध बनाने वाले तत्त्व, धातु, प्रत्यय, उपसर्ग का संबध, संज्ञा, क्रिया, विशेषण आदि में परस्पर संबंध व भेद तथा व्याकरण द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक प्रक्रिया आदि का ज्ञान होता है।

ध्वनि विज्ञान के अंतर्गत ध्वनि परिवर्तनों का तात्त्विक विवेचन तथा ध्वनि के इतिहास आदि बातों का होता है, इसमें ध्वनि शिक्षा, उच्चारण और विवेचन आते है। पौराणिक भाषा शास्त्री ध्वनि का ऐतिहासिक तथा तात्त्विक विवेचन किया करते थे। पर आधुनिक वैज्ञानिक ध्वनि शिक्षा को महत्त्व देते हैं। रूप विज्ञान

प्रकृति और प्रत्यय का रूपात्मक विवेचन है। वाक्य विज्ञान भी व्याकरण से संबन्धित है। अर्थ विज्ञान के अन्तर्गत व्युत्पत्ति और भाषा के नियमों की मीमांसा आती है। आज व्युत्पत्ति विज्ञान एक शास्त्र बन गया है। अर्थ विज्ञान में व्युत्पत्ति शास्त्र तथा अर्थातिशय के आधार पर भाषा द्वारा इतिहास और संस्कृत की कल्पना की जाती है। भाषा की सबसे छोटी इकाई शब्द है जो ध्वनि से बनता है। शब्द के साथ-साथ उत्पन्न ध्वनियों का विवेचन होता है।

रूपविज्ञान के अन्तर्गत रूपों से शब्दों के उद्‌भव व विकास का अध्ययन होता है। जो वाक्य में पद के रूप में अर्थ की सृष्टि करते हैं। अर्थ युक्त भाषा की शुरुआत रूपों से ही होती है। रूपों से मूल शब्द, व्युत्पन्न शब्द, संयुक्त शब्द और समस्त पद की रचना होती है। भाषा में उक्ति या अभिव्यक्ति का तत्व है वाक्य। वाक्य शब्दों को व्याकरणितक नियमों के अनुसार प्रस्तुत करता है जिससे शब्दों के परस्पर संबध से वाक्य का एक समन्वित अर्थ निकल सके। इस प्रकार विचारों को प्रकट करने के लिये वाक्यगत संबधों को समझना आवश्यक है। जैसे -हमने पुस्तक पढ़ी और आपको दे दी आदि। शब्द वाक्य में जिस रूप में प्रयुक्त होते हैं, उसे पद कहते हैं और पद उस शब्द की सारी व्याकरणिक विशेषताओं की प्रस्तुत करता है। रूप से हमारा तात्पर्य स्वरान्त शब्द व्यञ्जनात शब्द से है। रूप विज्ञान में रूप सार्थक शब्द खण्ड होता है। शब्द एक या अधिक रूपों में निर्मित होता है। उदाहरण के लिये -घोड़ा, सड़क आदि शब्दों में केवल एक ही रूप है। बचपन इसमें शब्दों के एक से अधिक खण्ड हैं। इसमें विभिन्न रूपों से शब्दों की रचना का ज्ञान होता है।

वाक्य विज्ञान में वाक्य संरचना के विभिन्न घटकों के बीच परस्पर संबधों का अध्ययन किया जाता है। विभिन्न शब्दों के प्रयोग से वाक्य की रचना होती है। इसके अंतर्गत वाक्यात्मक संबधों का अध्ययन दो रूपों में वाक्य विन्यासात्मक संबध और रूपावली संबध है। इसमें शब्दों से पद की रचना तथा वाक्य का समन्वित अर्थ प्रकट होता है यहाँ वाक्य विन्यासात्मक संबध से तात्पर्य वाक्य के विभिन्न घटकों के बीच व्याकरणिक संबध जैसे -कर्ता, कर्म, क्रिया विशेषण, आदि का अध्ययन है। रूपावली संबध से आशय वाक्य के किसी घटक विशेष का अपने ही वर्ग के अन्य शब्दों से जुड़ा होना है। उदाहरण के लिये -महेश घर जा रहा है। यहाँ पर महेश के प्रयोग के स्थान पर लड़का, वह, मेरा भाई आदि शब्दों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी प्रकार घर के स्थान पर मंदिर, अस्पताल, स्कूल आदि शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एक ही वर्ग के एकाधिक शब्द- पदबंधों के बीच का यह संबध रूपावली संबध कहलाता है।

भाषा संस्कृति की पहचान है जिससे रहन-सहन, प्रकृति-प्रवृत्ति की अभिव्यक्ति होती है। भाषा का प्रारंभ मौखिक रूप से होता है बाद में उसकी लिपि बनती है, और तत्पश्चात लिखित रूप सामने आता है।

भाषा ध्वन्यात्मक है। भाषा द्वारा ध्वनियों, वर्णों, प्रकृति, प्रत्यय और अर्थ का भी ज्ञान तथा उच्चारण की शुद्धता और अर्थ-ग्रहण की प्रक्रिया का भी बोध होता है। डॉ0 भोलानाथ तिवारी के अनुसार भाषा, उच्चारण अवयवों से उच्चरित ध्वनि प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके द्वारा समाज के लोग आपस में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। डॉ0 बाबू राम सक्सेना के कथनानुसार भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है और एक ऐसी शक्ति है, जो मनुष्य के विचारों, अनुभवों और संदर्भों को व्यक्त करती है। इनसाइक्लो पीडिया ऑफ ब्रिटेनिया के अनुसार- भाषा मानवीय कार्य व्यवहारों का माध्यम है। यह विचारों की अभिव्यक्ति तथा समाज द्वारा स्वीकृत ध्वनि संकेतों का व्यवहार है। स्वीट के अनुसार- ध्वन्यात्मक शब्दों द्वारा विचारों को प्रकट करना ही भाषा है। भाषा शब्द की उत्पत्ति भाष् धातु से हुई है। भाष् व्यक्तायां वाचि अर्थात् व्यक्त वाणी ही भाषा है। भाष्यते व्यक्तवाग्रूपेण अभिव्यज्यते इति भाषा अर्थात जिसकी अभिव्यक्ति की जाती है, वह भाषा है। महर्षि पतंजलि के अनुसार व्यक्ता: वाचि वर्णा: येषाम् त इमे व्यक्तवाच: अर्थात् वर्णों के द्वारा व्यक्त वाणी भाषा है। भाषा अभिव्यक्ति है, विचारों के आदान-प्रदान का सामाजिक साधन है, एक व्यवस्थित पद्धति है। इसमें संकेतों के आधार पर भावों को अभिव्यक्त किया जाता है। इसके लिए ध्वनि, रूप, शब्द, पद, वाक्य, अर्थ, व प्रोक्ति की आवश्यकता होती है। भाषा के तीन पक्ष वैयक्तिक, सामाजिक और सार्वभौमिक हैं। सामाजिक परिवेश से भाषा निखरती है। इससे व्यक्ति के व्यक्तित्व और बौद्धिक स्तर का ज्ञान होता है। इन दिनों की भाषा वाक्य-रचना से प्रभावित हो रही है। आवश्यकता की पूर्ति के लिए नये शब्दों की रचना अनोखे ढंग से हो रही है जैसे फिल्म से फिल्माना, रेडियोऐक्टिव से रेडियोधर्मी आदि। भाषा में वैज्ञानिक, विधि, तकनीकी, औषधि, संचार, बैकिंग, जनमाध्यम आदि शब्दावली होती है। इन दिनों भाषा दिन-प्रतिदिन परिवर्तित और विकसित हो रही है। इसका इस्तेमाल साहित्यिक, सरकारी कामकाज, शिक्षा और मनोरंजन आदि में हो रहा है। भाषा में विचारों और भावों का आदान-प्रदान होता है। मनुष्य अपने विचार, भाव और अनुभव को जिन ध्वनि संकेतों के माध्यम से प्रकट करता है, भाषा है। भाषा के विविध रूप बोली, विभाषा, मानक भाषा, साहित्यिक भाषा, मातृभाषा, सम्पर्क भाषा, माध्यम भाषा, संचार भाषा, राजभाषा, राष्ट्र भाषा व अन्तरर्राष्ट्रीय भाषा आदि हैं।

भाषा विज्ञान और व्याकरण का घनिष्ठ सम्बन्ध है। व्याकरण एक कला है और भाषा विज्ञान एक विज्ञान। व्याकरण दो प्रकार की होती है वर्णनात्मक और व्याख्यात्मक। वर्णनात्मक व्याकरण लक्ष्यों का व्यवस्थित रूप में वर्गीकरण करता है और सामान्य नियमों का वर्गीकरण करता है, जबकि व्याख्यात्मक व्याकरण भाषा की प्रवृत्ति की व्याख्या करता है जिनमें ऐतिहासिक, तुलनात्मक और सामान्य व्याकरण आदि अंग हैं। भाषा विज्ञान किसी भाषा की ऐतिहासिक आलोचना तथा अन्य भाषा से उसकी तुलना करता है जबकि व्याकरण नियम-उपनियम और अपवाद का विवेचन करता है। भाषा विज्ञान प्रत्येक शब्द का

इतिहास प्रस्तुत करता है, जबकि व्याकरण भाषा विज्ञान में सहायक है। भाषा की संरचना में तीन प्रमुख अंग सहायक हैं। ध्वनि, व्याकरण और अर्थ। इनमें से व्याकरण के दो प्रमुख अवयव वाक्य और शब्द है। वाक्य से छोटा घटक उपवाक्य कहलाता है। वाक्य एक उपवाक्य अथवा एक से अधिक उपवाक्यों का भी हो सकता है। जहाँ वाक्य में केवल एक उपवाक्य होता है, वहाँ वह उपवाक्य स्वतंत्र कहलाता है अथवा सरल वाक्य कहलाता है। जिन उपवाक्यों में दोनों उपवाक्य स्वतंत्र होते हैं उन्हें संयुक्त वाक्य कहते है तथा जिन वाक्यों में एक उपवाक्य मुख्य और दूसरा आश्रित रहता है उन्हें मिश्रित वाक्य कहते हैं। भाषा एक सुसम्बद्ध योजना या संघटना है, जिसमें कर्ता, कर्म, क्रिया आदि व्यवस्थित रूप से आ सकते हैं। सुव्यवस्थित पद्धति होने के कारण पद-रचना और वाक्य-रचना के विभिन्न नियम हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है। प्रत्येक भाषा में जो ध्वनियां प्रतीकात्मक होती हैं इनका विशेष वस्तु या क्रिया से मौलिक संबंध नहीं है। भाषा में एक वस्तु का बोध कराती है और वहीं ध्वनि दूसरी भाषा में दूसरे अर्थ को बताती है। भाषा की ध्वनियां केवल संकेतात्मक या प्रतीकात्मक हैं। भाषा मूलत: यादृच्छिक ध्वनि संकेतों की एक व्यवस्था है,जो मानव अभिव्यक्ति है, यह विचारों के आदान-प्रदान का सामाजिक साधन है। हम अपनी वागिन्द्रिय की सहायता से जिन संकेतों का उच्चारण करते है, वे ही भाषा के अन्तर्गत आते हैं। लिपि या लेखन पद्धति भी भाषा का कार्य करती है। परन्तु यह मूल ध्वनियों का केवल संकेतात्मक चित्रण है। अत: लिपि को गौण रूप मे भाषा कहा जाता है। इसी आधार पर उच्चरित ध्वनियों को लिपिबद्ध किया जाता है और उसका तात्त्विक रूप से उच्चारण होता है। विभिन्न भाषाओं के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि भाषा में जिन ध्वनि संकेतों का प्रयोग होता है, वे ऐच्छिक हैं। प्रत्येक भाषा में विशेष ध्वनि को विशेष अर्थ का वाचक माना जाता है। यह मनुष्य के उच्चारण अवयवों से नि:सृत ध्वनि समूह है। भाषा व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके बौद्धिक स्तर की परिचायक है। इसके मूलभूत लक्षणों में यादृच्छिकता, सृजनात्मकता, अनुकरणग्राह्यता, परिवर्तनशीलता, द्वैतता, स्वत:पूर्णता, निजी वैयक्तिकता, सतत प्रवहणशीलता, उपार्जित सामाजिक सम्पदा आदि हैं। भाषा के चार आयाम -व्याकरण ,उच्चारण शब्दकोश और लिपि होते हैं। भाषा ही वह कोड व्यवस्था है जिसके द्वारा सामाजिक प्रयोजनों की सिद्धि होती है इस कोड व्यवस्था के मौखिक रूप ध्वनिबद्ध संदेश है। भाषा को कोडव्यवस्था इसलिए कहा गया है क्योंकि इसमें संकेतों का प्रयोग व्यवस्थाबद्ध है। कोड भिन्न-भिन्न भाषाओं में ध्वनि, वर्ण की दृष्टि से अलग-अलग होते हैं। उदाहरण के तौर में हिन्दी में जल, तमिल में तन्नी, उर्दू में आब, जर्मनी में वाशर और अंग्रेजी में वाटर कहा जाता है। इसी प्रकार ध्वनि, वर्ण की दृष्टि से एक समान कोड भिन्न-भिन्न भाषाओं में अलग-अलग वस्तु व्यवहार के लिए प्रयोग में आता है, जैसे कम के लिए हिन्दी में न्यूनता का इस्तेमाल किया जाता है। ये कोड ध्वनि की दृष्टि से, व्याकरण की दृष्टि से, अर्थ की दृष्टि से व्यवस्थित होते हैं। हिन्दी के वाक्यों में क्रिया अंत में रहती है। अंग्रेजी में, फ्रेंच में और हिन्दी में कुछ

विशेषण संज्ञा के लिए लिंग के अनुसार प्रयोग में आते हैं। उदाहरण स्वरूप अच्छा लड़का, अच्छी लड़की, अच्छे लड़के को अंग्रेजी में गुड के प्रयोग करने में कोई भिन्नता नहीं आती है।

भाषिक संरचना और भाषिक प्रकार्य भिन्न-भिन्न है। भाषा की संरचना में इसके आंतरिक गठन पर विचार किया जाता है। हॉकिट ने भाषिक संरचना के पाँच भेद बताए हैं जिनमें व्याकरणिक, स्वानिमिक, रूप-स्वानिमिक, आर्थी व स्वनिक हैं। जबकि भोलानाथ तिवारी ने छह स्तर : अर्थ, प्रोक्ति, वाक्य, रूप, शब्द और ध्वनि को स्वीकार किया है। इसमें अर्थ मूल तत्व है जो प्रोक्ति में व्यक्त होता है, प्रोक्ति के भीतर वाक्य, वाक्य के भीतर रूप, रूप के भीतर शब्द एवं धातु, कारक चिन्ह और प्रत्यय आदि समाहित हैं। आधुनिक भाषा विज्ञान में रूपिम के अन्तर्गत शब्द, धातु, कारक, चिन्ह तथा प्रत्यय आते हैं। प्रत्येक भाषा का ढांचा या आकार-प्रकार दूसरी भाषा से भिन्न होता है। विभिन्न भाषाओं में लिंग, वचन, क्रिया-भेद आदि में एकरूपता नहीं पायी जाती है जैसे- हिन्दी में दो वचन और संस्कृत में तीन वचन होते हैं। हिन्दी में दो लिंग तो गुजराती में तीन लिंग होते हैं। कुछ भाषाओं में ध्वनियों को प्रकट करने लिए पर्याप्त चिह्न नहीं होते हैं। अंग्रेजी का ध्वनि-चिह्न 'टी' हिन्दी वर्णमाला की दोनों ध्वनियों 'ट' और 'त' के लिए प्रयोग में लाया जाता है।[5] संरचनात्मक भाषा-विज्ञान को अंग्रेजी में 'स्ट्रक्चरल लिग्विस्टिक्स' भी कहते हैं। यह वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान के अन्तर्गत ही है। 'पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय' के प्रसिद्ध भाषाविद् डॉ. जैलिया एस. हैरिस की पुस्तक 'स्ट्रक्चरल लिग्विस्टिक्स' के प्रकाशित होने से भाषा-विज्ञान को 'वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान' से भिन्न माना है। भाषा-विज्ञान में ध्वनियों, पदों, वाक्यों आदि की व्याख्या मात्र की जाती है जबकि संरचनात्मक भाषा-विज्ञान में विवरण के साथ-साथ उनका पूरा विश्लेषण किया जाता है।[6] भाषा का संरचनात्मक स्वरूप भाषिक व्यवस्था के अनुरूप हो जिससे एक भाषा समुदाय के लोग आपस में बातचीत कर सके और समझ सकें। भाषा एक ऐसी सहजात प्रकृति है जो मानसिक और शारीरिक सामर्थ्य के रूप में कई शताब्दीयों के स्वाभाविक चयन के रूप में विकसित होती हैं।[7]

भारत में आर्यभाषा का प्रारंभ 1500 ई.पू. के आसपास से माना जाता है। भारतीय आर्यभाषा का पुरातन रूप वैदिक संहिताओं में मिलता है। इसमें रूपाधिक्य है, प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं का समय वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत के रूप में 1500ई.पू. से 500 ई.पू. के लगभग माना गया है।[8] वैदिक संहिताओं की भाषा में भी एकरूपता नहीं थी। कुछ की भाषा बहुत पूर्ववर्ती तो कुछ की परवर्ती। उदाहरणार्थ, ऋग्वेद में ही प्रथम और दसवें मण्डलों की भाषा को छोड़कर शेष मण्डलों की भाषा, पारसियों के धर्मग्रन्थ 'अवेस्ता' के अपेक्षाकृत निकट है। वैदिक संहिताओं की काव्य भाषा तत्कालीन बोलचाल की भाषा से कुछ भिन्न थी। ब्राह्मणों-उपनिषदों की भाषा संहिताओं के बाद की है। इसमें उतनी जटिलता एवं रूपाधिक्य नहीं है। गद्यभाग की भाषा बोलचाल की भाषा के अधिक निकट है। इस समय

आर्यो का केन्द्र मध्यदेश होने से भाषायी अशुद्धता थी।[9] वैदिक भाषा में तीन लिंग होते थे : पुल्लिंग, स्त्रीलिंग, नपुंसकलिंग। वचन तीन और कारक विभक्तियाँ आठ थीं। विशेषण के रूप संज्ञा की तरह ही चलते थे। मूल भारोपीय में सर्वनाम के मूल या प्रातिपादिक बहुत अधिक थे। वैदिक भाषा में धातुओं के रूप आत्मने (अपने लिए) तथा परस्मै (दूसरों के लिए) दो पदों में और कुछ उभयपदी थे। क्रिया रूप तीनों वचनों एवं तीनों पुरुषों में होते थे। भविष्य के रूप कम थे। उनके स्थान पर प्रायः सम्भावनार्थ या निश्चयार्थ का प्रयोग मिलता है। कर्मधारय, तत्पुरुष, बहुव्रीहि एवं द्वन्द्व, ये चार समास ही मिलते है। ऋग्वेद में पश्चिमोत्तरी बोली का ही प्रतिनिधित्व था। इस भाषा पर स्थानीय प्रभाव कम होने से इसे 'आदर्श' भाषा और 'उदीच्य' भाषा भी कहकर पुकारा जाता था। शब्दों की दृष्टि से वैदिक भाषा में प्रथम विशेषता यह कि तद्भव या मूल शब्द से विकसित शब्द प्रयुक्त होने लगे। वेद में 'इह' (यहाँ) इसी प्रकार का शब्द है। इसका मूल शब्द 'इध' है। पालि 'इधों' और अवेस्ता 'इद' इसी बात के प्रमाण हैं कि महाप्राण व्यंजन के स्थान पर 'ह' के विकास होने से 'इध' से 'इह' बना। शब्दों की दृष्टि में अनेक आर्यतर शब्दों का आगमन हुआ, जैसे- अणु, अरणि, कपि, काल, गण, नाना पुष्कर, अटवी, तंडुल, आदि शब्द द्रविड से तथा वार, कंबल, बाण, कौसल आदि शब्द आस्ट्रिक से वैदिक भाषा में आये।[10] वैदिक भाषा में 'लृ' 'ॠ', ऋ के उच्चारण स्वरवत् होते थे। संस्कृत में आकर ये कदाचित् 'लि', 'रि', 'री', जैसे उच्चरित होने लगी थी। 'ऐ', 'औ', के उच्चारण वैदिक में 'आइ', 'आउ' थे। ये संयुक्त स्वर थे, किन्तु लौकिक संस्कृत में ये 'अइ', 'अउ' हो गए। 'ए', 'ओ' के उच्चारण वैदिक में 'अइ', 'अउ' था। वैदिक भाषा के संयुक्त स्वर संस्कृत भाषा में मूल स्वर हो गए। लेखन में 'ळ्', 'ळ्ह' अक्षर समाप्त हो गए और इनके स्थान पर ड, ढ प्रयुक्त होने लगे।[1] वैदिक भाषा में लिट् 'वर्तमान' के अर्थ में किन्तु लौकिक में वह परोक्ष भूत के लिए आता था।[11]

द्वितीय मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं में पालि 500 ई.पू. से 1 ई0 तक, प्राकृत 1 ई. से 500 ई. तक एवं अपभ्रंश तथा अवहट्ठ की कालावधि 500 ई0 से 1000 ई. तक है। पालि भाषा (विशेषतः दक्षिणी बौद्ध) भाषा का प्राचीनतम प्रयोग चौथी सदी में लंका में लिखित ग्रन्थ 'दीपबंस' (बुद्धवचन) में हुआ है। पालि वैदिक भाषा के प्रसिद्ध वैयाकरण कच्चायन के अनुसार पालि में 41 ध्वनियाँ थीं। इसके स्वरों में ह्रस्व ऍ, ऑं दो नए स्वर विकसित हुए। 'लृ' 'ॠ' और 'ऋ' पूर्णतः समाप्त हो गए थे। ए, औ स्वर नहीं रहे। वैदिक की ही तरह पालि के व्यंजनों में भी 'ळ्' ,'ळ्ह' ध्वनियाँ थी। वैदिक और संस्कृत में श्, ष् ,स् तीन व्यंजन के स्थान पर पालि में केवल 'स्' का ही प्रयोग होता था।[12] प्राकृत भाषा ध्वनि की दृष्टि से ये भाषाएॅं पालि के पर्याप्त निकट हैं। इनमें पालि की ही तरह ह्रस्व 'ए', 'ओ' और 'ळ्', 'ळ्ह' का प्रयोग होता था । ऐ, औ, ऋ और लृ का प्रयोग नहीं हुआ । 'ऋ' का प्रयोग लिखने में तो हुआ, किन्तु भाषा में यह ध्वनि नहीं थी। ऊष्म वर्ग में केवल 'स्' का प्रयोग होता था। प्राकृतों में 'न'

का प्रयोग 'ण' के रूप में हुआ था। द्विवचन के रूपों का प्रयोग (संज्ञा, क्रिया,) प्राकृत भाषा में नहीं मिलता। 'नीय' प्राकृत अपवाद है, जिसमें कुछ द्विवचन के रूप हैं। संयोगात्मक भाषा की विशेषता वैदिक और संस्कृत के साथ-साथ पालि में भी सुरक्षित रही लेकिन समय के साथ यह तेजी से वियोगात्मकता की ओर बढ रही थी। छठी सदी से अपभ्रंश का प्रयोग होने लगा था। अपभ्रंश का अर्थ है 'गिरा हुआ' या 'बिगड़ा हुआ'। कुछ विद्वानों के अनुसार यह प्राकृत और आधुनिक भाषाओं के बीच की कड़ी है। ध्वनियों में 'ऋ' का लिखने में प्रयोग था, किन्तु उच्चारण 'रि' में होता था। 'ल्' का प्रयोग मागधी, गुजरात, राजस्थान, बॉगडू, पहाड़ी में बोली जाने वाली शौरसेनी में था। 'ळ्ह' का भी कहीं-कहीं प्रयोग था। संगीतात्मक स्वराघात समाप्त और बलात्मक स्वराघात विकसित हो चुका था। यह उकार-बहुला भाषा थी। ध्वनि-परिवर्तन की दृष्टि से जो प्रवृत्तियॉ पालि में शुरू होकर प्राकृत में पली-बढ़ीं उन्हीं का यहाँ और विकास हुआ। य का ज, म का वँ, व का ब, ष्ण का न्ह, क्ष का क्ख या च्छ आदि। भाषा बहुत हद तक वियोगात्मक हो गई थी। नपुंसकलिंग समाप्त होने से रूपों की संख्या कम हो गई थी।[13] अपभ्रंश के परवर्ती रूप को अवहट्ठ कहा गया। यह अपभ्रंश और आधुनिक भाषाओं के बीच की कड़ी है। 11वीं सदी से 14 वीं सदी के अपभ्रंश के कवियों ने अपनी भाषा को अवहट्ठ कहा है। अवहट्ठ का स्पष्ट रूप से प्रयोग विद्यापति के ग्रन्थ 'कीर्तिलता' में मिलता है--''देसिल बयना सब जन मिट्ठा, ते तैसन जम्पओ अवहट्ठा''। यहाँ 'देसिल बयना' (देशी वचन) और अवहट्ठ को एक ही माना है। विद्यापति के समय में प्रचलित यह साहित्यिक भाषा थी, जिसे जन साधारण आसानी से समझ सके।

आधुनिक काल की भाषाओं में हिन्दी सब भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन के रूप में स्वीकार की गयी है। अपभ्रंश भाषाओं से विकसित आर्य भाषाएं बोलचाल और परवर्ती शताब्दी में साहित्य का माध्यम बनी, इनकी ध्वनियॉ मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं से पृथक नहीं, तथापि उनमें न्यूनाधिक परिवर्तन दिखाई पड़ता है जैसे 'ऋ' को हिन्दी में 'रि' और मराठी में 'रू' की तरह उच्चारित किया जाने लगा तथा 'ष', 'श' की भॉति बोला जाने लगा। द्वित्व वाले शब्दों का प्रथम वर्ण प्रायः दीर्घ हो गया। व्याकरण की दृष्टि से संस्कृत में कारकों के जो 24 रूप प्रचलित थे, वे प्राकृत में 12 और अपभ्रंश में 6 रह गए हैं।[14] हिन्द' का अर्थ 'भारत' और 'हिन्दी' का अर्थ 'भारतीय' के रूप में प्रयोग प्रारम्भ में किया जाता था, जो बाद में भाषा के लिए रूढ़ होता चला गया। संस्कृत से फारसी में अनूदित 'पंचतंत्र' की भूमिका में ईरान के बादशाह नौशेरवा के मन्त्री बुजर्च मिहर ने लिखा है कि यह अनुवाद जबान-ए- हिन्दी से किया गया है। यहाँ पर जबान-ए-हिन्दी का अर्थ भारतीय भाषा संस्कृत से है।[15] पूर्वी और पश्चिमी हिन्दी का सबसे महत्त्वपर्ण अन्तर वाक्य रचना से सम्बन्धित है। डॉ सुनीति कुमार चटर्जी के अनुसार पश्चिमी हिन्दी कर्म-प्रयोग प्रधान भाषाओं के साथ और पूर्वी हिन्दी की बोलियॉ कर्तृ प्रयोग प्रधान भाषाओं के साथ बोली जाती है। कुल मिलाकर पूर्वी और पश्चिमी हिन्दी में जो अन्तर है, वह उनकी भौगोलिक और

ऐतिहासिक कारणों से भी है। वर्तनी की समस्याएँ किसी ना किसी रूप में होती हैं। प्रमाण रूप में संस्कृत जैसी सुव्यवस्थित तथा पाणिनी द्वारा मानकीकृत भाषा में भी सभी शब्दों की एक वर्तनी नहीं है। उदाहरणार्थ- कैलास-कैलाश, उषा-ऊषा, कर्म-कर्म्म, आदि शब्दों की वर्तनी ठीक मानी जाती है। भाषा के मानक रूप की दृष्टि से आवश्यक है कि अधिकांश शब्दों की वर्तनी सुनिश्चित हो। हिन्दी में य, व, का वैकल्पिक प्रयोग लोग अनेक प्रकार से करते हैं, जैसे-जायेगा, जावेगा, जाएगा और पायेगा, पावेगा, पाएगा आदि। प्रश्न यह है कि इनमें से कौन-सा रूप सही है।[16] हिन्दी, उर्दू, पंजाबी आदि कुछ भाषाओं में आदर के लिए बहुवचन का प्रयोग होता है। ऐसी स्थिति में ये भाषाएँ स्रोत-भाषा हो या लक्ष्य भाषा, अनुवादक को वचन परिवर्तन का ध्यान रखना चाहिए। लिंग परिवर्तन भी सभी भाषाओं में समान नहीं होता। संस्कृत में 'पुष्प' नपुंसक लिंग है तो हिन्दी में पुल्लिंग। 'व्यक्ति' संस्कृत' में स्त्रीलिंग और हिन्दी में 'पुल्लिंग'। ऐसे ही 'देवता' हिन्दी में पुल्लिंग है तो संस्कृत में स्त्रीलिंग। 'जहाज और चाँद' हिन्दी में पुल्लिंग तथा अंग्रेजी में स्त्रीलिंग ।[17] कुछ लोग 'दुख' में विसर्ग का प्रयोग करते हैं और कुछ नहीं। ऐसे ही कुछ  छ. तथा छह लिखते हैं। इसका प्रयोग करने की दृष्टि से विभिन्न विद्वानों में मतभेद हैं । संस्कृत परम्परा में हल चिह्न केवल आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जाता है। हिन्दी में आप, हम, तुम आदि हजारों अकारान्त शब्दों का उच्चारण हलन्त में होता है लेकिन लिखा नहीं जाता। कुछ लोग विदेशी शब्दों जैसे- सन् ,एम्॰ ,ए॰ ,एम् काम्॰ में भी हल लगाते है, मुख्यत: पूर्वी हिन्दी के लोग।[18]

हिन्दी शब्द का प्रयोग भारत में बोली जाने वाली सभी आर्य भाषाओं के लिए होता है। हिन्दी शब्द का सम्बन्ध संस्कृत के सिंधु शब्द से माना जाता है, यह सिंधु ही ईरान में हिन्दु हो गया। धीरे -धीरे सम्पूर्ण भारत वर्ष हिन्दु से हिन्द हुआ, और भाषा के संदर्भ में हिंद की भाषा हिन्दी कहलायी। प्रारंभ में यह अपभ्रंश के अति निकट रही। इसीलिए सामान्य तौर से अपभ्रंश की ध्वनियों का प्रयोग मिलता है। इसमें ऐ, औ दो नये स्वर एवं ड़, ढ़ दो नये व्यंजन जुड़े हैं। च वर्ग की ध्वनि स्पर्श से स्पर्श-संघर्षी हो गया है। न, र, ल, श ध्वनियां दन्त्य से वर्त्स्य हो गयी हैं। फारसी शब्दों के ग्रहण के कारण ख, फ आदि कुछ नयी ध्वनियां विकसित हो गयी है। व्याकरण की दृष्टि से हिन्दी में शब्द-रूप और क्रिया-रूप पूर्णत: वियोगात्मक हो गये हैं। वाक्य-रचना में शब्द-क्रम निश्चित हो गया है तथा शब्दावली नितनूतन हो चली जा रही है। हिन्दी भाषा में पाँच उपभाषाएँ हैं : पूर्वी हिन्दी, पश्चिम हिन्दी, राजस्थानी, पहाड़ी व बिहारी। जिसमें अनेक बोलियाँ भी समावेशित हैं: अवधी बघेली छत्तीसगढ़ी, खड़ीबोली, हरियाणवी, बुन्देली, कन्नौजी, मारवाड़ी, जयपुरी (ढुढ़ाड़ी) मेवाती, मालवी, बागड़ी, पश्चिमी पहाड़ी, कुमाऊँनी, गढ़वाली, भोजपुरी, मागधी, मैथिली।

हिन्दी ध्वन्यात्मक भाषा है। यह दो रूपों में प्रयुक्त होती है मौखिक और लिखित। भाषा वाक्यों से मिलकर बनती है वाक्य शब्दों से मिलकर बनते हैं शब्दों का निर्माण वर्णाक्षरों से होता है। भाषा की

लघुत्तम ईकाई ध्वनि कहलाती है, ध्वनि के दो भेद हैं स्वर एवं व्यंजन। स्वर ध्वनियाँ बिना किसी सहायता से स्वतंत्र रूप से उच्चरित होती हैं। इनके दो भेद हैं। ह्रस्व स्वर और दीर्घ स्वर। ह्रस्व स्वरों में बोलने में कम समय लगता है, जबकि दीर्घ स्वरों के बोलने में ह्रस्व से अधिक समय लगता है। हिन्दी भाषा में अनुस्वार और विसर्ग आयोगवाह के रूप में प्रयुक्त होते हैं भाषा की विशेषताओं में ध्वनि प्रतीक अध्ययन, विश्लेषण लिखित एवं उच्चरित रूपों की व्याख्या उच्चरित रूप स्थानीय विशेषताओं से प्रभावित होकर परिवर्तित होना, निर्दिष्ट परम्परा द्वारा निर्धारित भाषा का प्रयोग एवं भाषा के विचार पक्ष एवं अभिव्यक्ति पक्ष का आपसी संबध आदि है। प्रत्येक भाषा के दो तत्व होते हैं सार्थक एवं निरर्थक इकाई के रूप में। सार्थक इकाईयों को रूपिम तथा निरर्थक इकाईयों को स्वनिम कहा जाता है। हम जिस क्रम में ध्वनियों का उच्चारण करते हैं उसी क्रम में उन्हें पूर्व निश्चित आकारों के माध्यम से दिखाना ही लिपि है अर्थात लिपि में उच्चारित ध्वनियों के लिए चिह्न निश्चित करते हैं इन चिह्नों को वर्ण कहते हैं उदाहरण के लिये वर्ण प एक ध्वनि का प्रतीक है। किसी भाषा की वर्णमाला उस भाषा की सभी ध्वनियों के प्रतीकों की व्यवस्था होती है। भाषा प्रतीकात्मक है जिसमें शब्द की छवि मस्तिष्क में बनती है और वह सरलता से सीखने में मदद करती है। भाषा प्रक्रिया में पहले विचार उत्पन्न होते हैं फिर शब्द प्रतीक बनते हैं, फिर इन प्रतीकों का लिखित रूप बनता है जिसे लिपि कहते हैं। हिन्दी भाषा की वर्णमाला की लिपि देवनागरी लिपि है। यह लिपि हिन्दी की ध्वनियों का प्रतिनिधित्व करती है। देवनागरी लिपि बांई और से दांई और लिखी जाती है। अरबी भाषा लिपि में लेखन दाएँ से बाएँ चलता है। जापानी भाषा में वर्ण ऊपर से नीचे के क्रम में लिखे जाते हैं। चीनी भाषा में ध्वनियों के अलग संकेत नहीं होते बल्कि पूरा शब्द एक तस्वीर की तरह होता है। जिसे चित्रलिपि कहते हैं। देवनागरी लिपि में प्रायः शब्दों के आदि एवं अन्त को छोड़कर व्यजनों के साथ स्वर के स्थान पर केवल मात्राओं का प्रयोग होता है जबकि रोमन में सर्वत्र शब्दों में व्यजन और स्वर का प्रयोग अनिवार्य है।

शब्द का लिखित रूप उसकी वर्तनी कहलाता है। इसी को हिज्जे भी कहते हैं। शब्दों को सही वर्तनी में लिखने से ही वाक्य का सही अर्थ निकलता है। हिन्दी भाषा की विशेषता है कि अधिकतर हम वही लिखते हैं जो बोलते हैं इसीलिये ह्रस्व, दीर्घ स्वरों का उच्चारण सही होने पर ही सही लिखा जा सकता है। उदाहरण के लिये दिन दीन में उच्चारण के अन्तर में ही लिखावट एवं उसके अर्थ में अन्तर आ सकता है। भाषा के शब्दों को हम वर्णो के क्रम में लिखते हैं तो वह वर्तनी कहलाती है। हमें भाषा में उच्चारण और वर्तनी में सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता होती है तभी हम शुद्ध लेखन में सफल हो पाते हैं। हिन्दी में लगभग 47 ध्वनियां हैं लगभग पचास ध्वनियों का उच्चारण करते हैं। कुछ भाषाओं में सिर्फ 30 ध्वनियॉ होती हैं और कुछ भाषाओं में पैंसठ ध्वनियॉ तक होती हैं। भाषा में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है लहजा या वाक्य बोलने का तरीका। इसी को पारिभाषिक शब्दावली में 'अनुतान' कहते

हैं। हिन्दी के सभी व्यंजन अवरोधी ध्वनियों में आते हैं। हिन्दी व्यंजनो का प्रयत्न के आधार पर वर्गीकरण में अवरोध की प्रकृति के आधार पर, स्वर तंत्रियों के कम्पन के आधार पर, और श्वास की मात्रा आधार पर किया गया है। हिन्दी की आगत ध्वनियों में दूसरी भाषाओं के शब्द जैसे -अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी तथा अनेक यूरीपीय भाषा के शब्द समावेशित हैं। इन शब्दों के माध्यम से ऐसी ध्वनियाँ हिन्दी में आ गयी हैं जो पूर्व में हिन्दी में नहीं थीं। उदाहरण के लिये -कैप, मैप, में आगत स्वर- 'ऍ' तथा कॉफी, टॉफी में आगत स्वर 'ऑ' है। इसी प्रकार आगत व्यंजनों के लिये परम्परागत वर्णों के नीचे बिन्दी लगाने का प्रावधान है उदाहरण के लिये -क़ फ़ आदि से बनने वाले शब्द ताक़ (दीवार का आला) इसी प्रकार फ़न (हुनर)-ताक (ताकना) फन (साँप का)। सुर तान तथा अनुतान का प्रयोग शब्दों के उच्चारण में किया जाता हैं। बोलने में आये उतार -चढ़ाव को सुर परिवर्तन कहा जाता है। इसमें उतार को अवरोह तथा चढ़ाव को आरोह कहा जाता है। अनेक भाषाओं में सुर के इन्ही आरोह अवरोह के कारण शब्दों तथा वाक्यों के अर्थ बदलते हैं। शब्द स्वर पर सुर भेद को तान या (टीन) कहते हैं। चीनी, जापानी, कोरियन आदि भाषाओं में सुर परिवर्तन से एक ही शब्द के भिन्न -भिन्न अर्थ हो जाते हैं। अनुतान वाक्य स्तर पर सुर-भेद को कहा जाता है। हिन्दी अंग्रेजी भाषाओं में सुर परिवर्तन से वाक्य का अर्थ बदल जाता है। उदाहरण के लिये -वह जा रहा है। सामान्य कथन प्रश्न वाचक कथन- वह जा रहा है और विस्मयादि बोधक या आश्चर्य परक वाक्य या कथन वह आ रहा है! इस प्रकार आरोह अवरोह की दृष्टि से अनुतान के तीन स्तर उच्च आरोही, निम्न अवरोही तथा मध्य सम होते हैं।

**स्वर और व्यंजन ध्वनियाँ :** स्वर वे ध्वनियाँ है जिसके उच्चारण में वायु मुख से बिना किसी अवरोध के बाहर निकलती है जैसे अ-आ, इ-ई आदि स्वर ध्वनियाँ हैं। इसी प्रकार व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में उच्चारण अवयवों जीभ ओंठ के द्वारा मुख के ऊपरी जबड़े में विभिन्न स्थानों पर वायु का मार्ग अवरुद्र होता है। हिन्दी में क से लेकर ह तक सभी व्यंजन ध्वनियाँ हैं। ध्वनियों शब्द मे अर्थभेद पैदा करती हैं। क से लेकर प वर्ग के सारे व्यंजन स्पर्श कहलाते हैं। इसका एक उपवर्ग भी है जिसे नासिक व्यंजन कहते हैं अर्थात नाक से बोले जाने वाले व्यंजन। क वर्ग को कण्ठ व्यंजन, च वर्ग को तालव्य व्यंजन, ट वर्ग को मूर्धन्य व्यंजन, त वर्ग को दन्त व्यंजन, तथा प वर्ग को ओष्ठ व्यंजन कहा जाता है। व्यंजनों की तुलना में ध्वनियों का एक महत्वपूर्ण प्रकार है स्वर। स्वर वे ध्वनियाँ हैं जिनके बोलने में मुँह ज्यादा खुलता है उदाहरण के लिये- अ-आ। ह्रस्व एवं दीर्घ स्वर में उच्चारण करते समय क्रमशः कम समय एवं अधिक समय लगता है। हिन्दी की ध्वनियों में स्वर और व्यंजनों के उच्चारण सम्मिलित हैं। इनमें ह्रस्व, दीर्घ, घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण आदि विशेषताएँ समाहित हैं। भाषा में शब्द सम्पदा के अनेक स्रोत हैं। उनमें से एक स्रोत है उच्चारण। वे अपने उच्चारण के साथ आते हैं अतः शब्द के स्त्रोत को पहचानने से ही वर्तनी को सही किया जा सकता है। जैसे हिन्दी में संस्कृत से आये शब्द -रक्षा,

अध्ययन, अरबी फारसी स्त्रोत से आये शब्द -नकल, उम्र इसी प्रकार अंग्रेजी से आए शब्द -साइकिल, डाक्टर आदि शब्दों की वर्तनी की विशेषताएँ हैं। शब्दों के आदान-प्रदान से भाषाएं समृद्ध, सरल और सहज होती है। हिन्दी में अन्य भाषाओं के शब्दों को मान्यता मिली है - बस, कार, टीवी, ट्रक, स्कूल, स्टेशन जैसे शब्द हमारे बोलचाल, व्यवहार के अंग हैं। कई शब्दों के रूप भी बदले हैं- रपट, अफसर, लालटेन, रेस्तां जैसे शब्द हिन्दी में स्वीकृत हैं। हम अन्य भाषाओं के शब्द अपने मुख सुख के हिसाब से बदलकर फिर उन पर अपने व्याकरण के नियम लगाते हैं- कार से कारें, स्कूली, मास्टर, मास्टरनी, डॉक्टरनी, लाठीचार्ज, रेलगाड़ी जैसे शब्द गढ़े गए हैं। मास्को, कनाडा, लंदन, सिकन्दर, अरस्तू, त्रासदी, कामदी इसी प्रकार के शब्द हैं। इसी तरह इंटरनेट, मोबाइल, ब्लॉग, ब्रेकिंग न्यूज, प्राइम टाइम, ट्विटर, विकीपीडिया, विकीलीक्स का अपनी भाषा की प्रकृति के अनुरूप लिंग निर्धारण किया जा सकता है। कम्प्यूटर, चिप, एस आई टी, ए टी एस, जैसे शब्दों को आत्मसात् करने की आवश्यकता है। शब्दों का प्रयोग सामाजिक स्वीकृति पर आधारित होता है। समाज अपने आचरण और स्वभाव के अनुरूप ही शब्द प्रयोग की इजाजत देता है। भाषाओं में शब्द की संस्कृति, उस क्षेत्र की प्रकृति के अनुरूप होती है, इसीलिए किसी भी भाषा का शब्द और मुहावरा हमारी अपनी जीवन शैली में ज्यों का त्यों नहीं खप सकता। दूसरी भाषाओं के शब्दों एवं मुहावरों को अपनी भाषा परंपरा के घोल में विलायित करके हम भाषिक संरचना में अपनी परंपरा तथा पहचान को बनाए रख सकते हैं। शब्दों के रूप निर्धारित करके उनके सिद्ध- निषिद्ध, स्वीकार-परिहार्य पक्षों पर आधारित विचार प्रस्तुत किया जाता है जिससे भ्रम की स्थिति में आवश्यकता के अनुरूप संशोधन हो सके। भाषा पहले बोलने वालों की, फिर लिखने वालों की और बाद में भाषाविदों या विद्वानों की होती है, लेकिन आज हिन्दी में सुधार की बात कहकर उसके सुधार का निर्णय सरकार, अधिकारी तथा विद्वानों द्वारा किया जाता है। इसमें बोलने वालों की मानसिकता कोई नहीं समझना चाहता। भाषा का उद्देश्य जानकारी प्राप्त करना, लोगों के मध्य संवाद स्थापित करना है। वह तो स्वत: स्फूर्त होती है जो देश, काल, परिस्थितियों के अनुरूप अपने को ढालकर प्रस्तुत होती है। समाज की विलक्षणता भाषा की विविधता है। आमजनों के मध्य इसका इस्तेमाल होने के कारण इसमें दूसरी भाषाओं एवं बोलियों के शब्द सम्मिलित होते रहते हैं। भाषा में शब्द भण्डारण श्रमिक, कुली, राजगीर, तांगे एवं रिक्शा चालक, धर्मस्थलों एवं पयर्टक स्थानों के विक्रेताओं के व्यावहारिक शब्दों से होता है। आज समाचार पत्र तथा मीडियाकर्मी भी नये-नये शब्दों को गढ़ रहे हैं। समाचारों, धारावाहिकों, फिल्मों, ग्राफिक्स, रियल्टी ने भाषा के स्वरूप को पूरे विश्वभर में पहुंचा दिया है। विश्व में 6800 भाषाएं हैं, बोलियों की संख्या तो और भी अधिक है। विश्व की 2800 भाषाओं में सबसे अधिक बोली जाने वाली चीनी, अंग्रेजी, स्पेनिश और अरेबियन हैं और इसके बाद हिंदी आती है। भारत में 179 भाषाएं और 54 बोलियाँ हैं। इनमें से हिंदी सबसे अधिक लोगों की सम्पर्क भाषा है। हिंदी भाषा विश्व की प्रमुख भाषा होने के साथ संस्कृत जैसी उत्कृष्ट भाषा की अवतार-स्वरूपा है और विश्व की जानीमानी वैज्ञानिक

लिपि 'देवनागरी' में लिखी जाती है। आज विश्व के 700 करोड़ लोगों में से करीब 100 करोड़ हिंदी को समझते हैं, और भारत के सवा सौ करोड़ में करीब 90 करोड़। देश में 6000 से अधिक और हिंदी की 2000 से अधिक बोली भाषाएं हैं। भारत में करीब 50 भाषाएं ऐसी हैं जिनकी लोकसंख्या 10 लाख से कहीं अधिक है, और करीब 7000 बोली-भाषाएं हैं जिनमें बोलने वाले कम से कम पांच सौ लोग हैं। भारत में 1898 में जार्ज ग्रियर्सन ने अध्ययन के द्वारा 175 भाषाओं और 54 बोलियों का पता लगाया था। 1961 में 1100 भाषाओं को दर्ज किया गया। 2001 में यह ऑकड़ा मात्र 122 हो गया। वडोदरा के रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटर ने सभी कम व ज्यादा बोली जानेवाली भाषाओं को मिलाकर कुल 750 की सूची तैयार की, जिनमें 22 अनुसूचित, 480 जन जातीय व घुमंतू समुदायों सहित 80 समुद्रतटीय बोलियां शामिल की गई। इनमें से पिछले पचास साल में तकरीबन 20 प्रतिशत भाषायें लुप्त हो चुकीं हैं, जिनमें अधिकांश आदिवासी व घुमंतू समुदायों की भाषायें हैं। सिक्किम की एक भाषा सिर्फ चार लोगों द्वारा बोली जाती है। कम्प्यूटर के आने के बाद इसमें से एक तिहाई भाषाएं खतरे में हो गई हैं। भाषा करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व तथा उनकी सामुदायिकता का संवहन करती है। वह व्यक्ति, परिवार और समाज के बीच पुल का कार्य करती है। भाषा जब छूटती है तो उसका समाज भी छूटता है। इसका अपने मूल स्वरूप से विस्थापित होने का तात्पर्य अपनी जड़, समाज और सरोकार से दूर होते जाना है, जिससे एक जड़विहीन और स्मृतिविहीन समाज तो बन जाता है पर अपनी स्वयं की पहचान नष्ट हो जाती है। यहाँ भाषा छोड़ने का तात्पर्य मात्र शब्द और व्याकरण छोड़ना नहीं, वरन् एक पूरी विचार सारणी और जीवनदृष्टि छोड़ना है। चूंकि भाषा, सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है इसीलिए इसका संरक्षण एवं विस्तारण युग की मांग है। भाषा एक व्यवस्था, मानसिक सत्ता, सामाजिक है । व्यक्ति, समाज, घटना और परिस्थिति भाषा के विकास में सहायक है। भाषा शरीर है और वर्ण उसकी आत्मा। इसका आधार व्याकरण है। व्याकरण को समझे बिना भाषा सीखी नहीं जा सकती। हिन्दी विस्तृत भू-मण्डल पर बोली जाने के कारण यह एकता और अखण्डता को प्रकट करती है लेकिन हिन्दी भाषा का व्याकरण गंभीर एवं सूक्ष्म है जिससे हिंदीतर इसे सहजता से स्वीकार करने में जी चुराते हैं, इसीलिए आज इसे सरल एवं सुरुचिकर बनाने की आवश्यकता है। यदि हम इक्कीसवीं सदी के सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ना चाहते हैं तो आज नही तो कल हमें हिन्दी भाषा और भाषा विज्ञान के अहमियत को समझना ही पड़ेगा।

**संदर्भ ग्रन्थ एवं सहयोगी ग्रन्थ : -**

1. भाषा विज्ञान - प्रो. सरिता वशिष्ठ पृ. 11, 12, 25, 26
2. भाषा विज्ञान - श्यामसुन्दर दास पृ. 25
3. भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा - राम छबीला त्रिपाठी- पृ. 3, 6, 7, 26, 149, 150,151, 155
4. हिन्दी का सामाजिक संदर्भ -रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव एवं रामनाथ सहाय
5. हिन्दी भाषा संरचना के विविध आयाम-रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव, राधा कृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. हिन्दी भाषा की संरचना -भोलानाथ तिवारी, वाणी प्रकाशन, दिल्ली ।
7. हिन्दी संदर्भ और संरचना- सूरज भान सिंह, साहित्य सहकार, दिल्ली।
8. हिन्दी का वाक्यात्मक व्याकरण- सूरज भान सिंह, साहित्य सहकार, दिल्ली।
9. हिन्दी की ध्वनि संरचना- भोलानाथ तिवारी
10. भाषा रहस्य- डॉ श्यामसुन्दर दास, पृ.13,20,22,23 24, 47, 50
11. राजपाल हिन्दी शब्दकोश - डॉ. हरदेव बाहरी पृ. 618
12. ऑक्सफोर्ड अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश- डॉ. सुरेश कुमार + डॉ रामनाथ साही पृ0 681
13. आधुनिक हिन्दी शब्दकोश-गाोविन्द चातक पृ. 326
14. मानक हिन्दी कोश-डॉ. रामचंद्र वर्मा पृ. 219
15. आदर्श हिन्दी संस्कृत कोश-डॉ. रामसरूप 'रसिकेश' पृ. 439
16. आधुनिक भाषा विज्ञान- डॉ. मोतीलाल गुप्त पृ. 1
17. भाषा साहित्य और संस्कृति- विमलेश कान्ति वर्मा+मालती पृ. 90
18. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना- डॉ. हरिश्चंद्र पाठक पृ. 18, 23, 24, 26, 35, 75, 76, 86, 87, 214
19. भाषा विज्ञान के सिद्धान्त- डॉ. त्रिलोचन पाण्डेय पृ. 21, 159
20. भाषा साहित्य और संस्कृति- विमलेश कान्ति वर्मा+मालती पृ015, 93
21. हिन्दी भाषा - डॉ. भोलानाथ तिवारी पृ. 8, 10, 11, 12, 13, 18, 279, 280

22. हिन्दी शब्दानुशासन- पं. किशोरीदास वाजपेयी पृ0 75

23. हिन्दी भाषा में वर्तनी एवं उच्चारण सम्बन्धी त्रुटियां एवं उपचार-डॉ. भॅवरलाल नॉगदा पृ. 16

24. हिन्दी भाषा का आधुनिकीकरण-डॉ. कैलाशचन्द्र भाटिया पृ. 46, 151

25. विश्व पटल पर हिन्दी-सूर्यप्रसाद दीक्षित पृ. 7, 16

# संतो भक्ती सतो गुण आनी

**डॉ० सुमन तिवारी**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर
डॉ. हरेश नारायण पाण्डेय
सहायक प्रोफेसर

भारतीय चिन्तन साधना में कबीर साहब का स्थान अद्वितीय है। मध्यकालीन साधना के नाम से अभिहित वस्तुतः साधना तथा चिन्तन का मुख्य द्वार कबीर का व्यक्तित्व और उनकी वाणी है जिसे हम मध्यकालीन साधना के नाम से अभिहित करते हैं। कबीर की साधना पद्धति योग और ज्ञान की नीरवता से रहित भक्ति का अन्तःश्रोत लिए हुए है। इसलिए इनकी दार्शनिक विचारधारा का अल्प प्रभाव इनकी वाणी में दृष्टिगोचर होता है। स्वामी रामानन्द ने मुद्रा, तिलक, नाम, मंत्र और माला...... इन पांच संस्कारों का विधान किया था। परन्तु इनका विरोध करते हुए कबीर साहब ने बताया कि इन वाह्य विधानों की अपेक्षा हृदय के भवरोग की गांठ खोलना आवश्यक है। शालग्राम की सेवा- पूजा से भ्रान्ति और भी बढ़ेगी जीव माया में फंसेगा, परन्तु प्रत्येक साधु में देवता का और प्रत्येक आत्मा में शालग्राम का दर्शन उसे अद्वैत ज्ञान करा देता है। स्वामी रामानन्द द्वारा उपदिष्ट अनन्य अनुराग में कबीर का पूरा विश्वास था। उनकी भक्ति में अनन्य भाव से भगवान की शरणागति, अहैतक प्रेम विना शर्त आत्स समर्पण आदि भावों की चरम परिणित हुई है। वे गोविन्द को बार-बार पुकार कर कहते हैं कि- 'हे गोविन्द मैं तुम्हारी शरण में आया हूँ क्यों नहीं तुम मुझे उबार लेते'? वृक्ष के नीचे आदमी छाया के लिए जाता है, अगर उस वृक्ष से ही ज्वाला निकलने लगे तो उपाय ही क्या रह जायेगा? आदमी पानी पी कर शीतल होने के लिए जलाशय में जाता है, परन्तु अगर वहाँ से आग की लपटें निकलने लगें तो उपाय ही क्या रह जायेगा? हे नाथ कबीर केवल तुम्हीं को जानता है। वह तुम्हारी शरण में आया है, परन्तु यह कैसा आश्चर्य है कि तुम्हीं उसे जला रहे हो। कहां तो तुम्हें अपने प्रेम पीयूष से शरणागत की रक्षा करनी थी, परन्तु तुम इसके विपरीत वियोग रूपी आग में झुलसने लगे। कबीर साहब आत्म समर्पण करते हुए कहते हैं कि हे प्रभु मैं आपका गुलाम हूँ आप चाहें जो मुझे बेच दें क्योंकि ये तन, मन, धन सब आपका ही है आप ही मेरे ग्राहक भी हैं और आप ही सौदागर भी। कबीर साहब ने तन-मन-धन न्योछावर करके स्वयं को राम पर कुर्बान कर दिया है-

तलफै बिन बालम मोर जिया
दिन नहिं चैन रात नहिं निदियां, तलफ तलफ के भोर किया।
तन मन भोर रहँट- अस डोलै सून्न सेज पर जनम द्दिया।
नैन थकित भय पंथ न सूझै, साईं बेदरदी सुध न लिया।[1]
कहत कबीर सुनो भाई साधो, हरो पीर दुख जोर किया।[2]

अर्थात बालम (परमात्मा) के बिना कबीर की आत्मा तड़प रही है। कबीर साहब कहते हैं कि मुझे दिन में शान्ति नहीं मिलती, रात्रि के समय उन्हें नीद नहीं आती, पूरी रात तड़प-तड़प कर ही भोर होती है। परमात्मा (प्रिय) के बिना मेरी सेज सूनी है। शरीर चर्खा बन गया है। प्रिय की राह देखते देखते आंखें थक गई हैं। कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है जिस पर चलकर परमात्मा का सान्निध्य प्राप्त हो सके। विरह-वियोगिनी आत्मा पिऊ पिऊ करके जान दे रही है, किन्तु निर्गुण है वह पीव, निर्मोही है वह भगवान। शून्य सनेही राम ही उसके एक मात्र आराध्य हैं और कौन है जो उस पतिप्राण का दर्शनीय बन सके। वह दिन कब आयेगा जब मेरा जीवन सफल होगा। देह धरने का फल प्राप्त होगा। प्रिय के साथ अंग से अंग मिलाकर आलिंगन का मौका मिलेगा, जब वे प्रिय के साथ हिल मिल कर खेलेंगे, जब उनके शरीर और इन्द्रिय मन और प्राण प्रियतम में एकरूप हो जायेंगे न जाने राजाराम वह कामना कब पूरी करेंगे। डॉ. रामकुमार वर्मा ने 'कबीरः- एक अनुशीलन' में लिखा है कि यद्यपि सन्त सम्प्रदाय नाथ सम्प्रदाय की एक स्वतंत्र कड़ी थी और योग का अभ्यास ही उसकी साधना का एक अंग बन गया था परन्तु इस युग में भक्ति की जो धारा उत्तर भारत में लहरा उठी थी वह सन्त सम्प्रदाय की साधना का अंग बनकर रह गई, यही नहीं भक्ति का महत्व इतना अधिक बढ़ गया था कि योग की कष्ट साध्य-क्रियाएं नाम मात्र के लिए साधना के अन्तर्गत रह गई थीं। प्रेम की विश्वासमयी अनुभूति एकमात्र भक्ति उसके अन्तर्गत सम्प्रदाय साधना की प्रमुख मान्यता बन गई थी। स्वामी रामानन्द के प्रभाव से राम और उनकी भक्ति का प्रसार इतना अधिक था कि संत सम्प्रदाय में भी राम और उनकी भक्ति का रूप स्वीकार किया गया। यह दूसरी बात है कि राम का नाम ही संत सम्प्रदाय से मान्य हुआ, राम का व्यक्तित्व नहीं। राम के ब्रह्म रूप को विस्तार देने के लिए एक ओर अवतार और मूर्ति का खण्डन किया गया और दूसरी ओर राम के अनेकानेक नाम तथा उनके निर्गुण रूप पर बल दिया गया।

कबीर साहब बार-बार इस तथ्य का स्मरण दिलाते हैं कि मानव जीवन अत्यन्त दुर्लभ है। इस मानव जीवन को सार्थक बनाने हेतु वे हरि भजन तथा प्रभु भक्ति का अवलम्ब ग्रहण करने को कहते हैं, उनका मत है कि मानव योनि को प्राप्त करके भी अगर मनुष्य नहीं सचेत हुआ तो उससे बड़ा भाग्यहीन और कोई नहीं होगा-

''नर देही बहुरि न पाइये, ताथै हरषि हरषि गुण गाइये।
जो मन नहीं तजै विकारा, तौ क्यूँ तिरिये भौ भारा।
जब मन छाड़ौ कुटिलताई, तब आई मिले राम जाई।।''

कबीर साहब ने भक्ति को सर्वोपरि माना है ज्ञान, कर्म, योग ये सभी भक्ति के दूसरे दर्जे हैं। जहां भक्ति की स्थापना है वहाँ अन्य किसी तथ्य का स्थान नहीं है। भगवान की अनुभूति को प्राप्त करने के लिए

आवश्यक है कि मानव भक्त बने, उसमें असीम ईश्वर के प्रति अनन्य सेवा का भाव उजागर हो। ज्ञान का मार्ग अत्यन्त लम्बा है। वर्षों की सतत साधना कष्ट का मार्ग है। योग को हठयोग भी कहा जाता है। वह अत्यन्त दुरूह तथा योग्य गुरु के अभाव में नितान्त असम्भव है। ऐसी स्थिति में भक्ति ही अत्यन्त सरल, सहज तथा सर्वसुलभ है। भक्ति का भाव जिस पल साधक को अपने में समेट ले, जिस समय साधक अपने अस्तित्व को मिटा दे, तब वह विराट ब्रह्म उसके हृदय में उपजेगा, और हरि का भजन ही मानव के मोक्ष का कारण बनेगा।

भाव भगति विसवास बिन, कहै न संसै सूल।
कहै कबीर हरि भगति बिन, मुक्ति नहीं रहे मूल।।[3]

कबीर साहब ने ब्रह्म को भक्ति का अवगाहन बताया है। वे राम, कृष्ण, रघुपति, माधव हरि का नामोल्लेख नहीं करते हैं। वे अवतारों में भी विश्वास नहीं करते हैं। उनके अनेक पदों में पूर्णतया ब्रह्म की ही प्रशस्ति दिखाई पड़ती है-

मन रे! राम सुमरि राम सुमरि भाई
राम नाम सुमिरन बिना बूड़त है अधिकाई
अजामिल गज गनिका पतित करम कीन्हा।
तेउ उतरि पार गये राम नाम लीन्हा।[4]

कबीर साहब के राम निरुपाधि, निर्विकार, निर्विशेष, ब्रह्म के पर्याय हैं। वही इस विशाल विराट सृष्टि के कर्ता-धर्ता हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि उपासना भयमूला तथा भक्ति प्रेममूला है। लेकिन इन दोनों का अभीष्ट ईश्वरानुरक्ति है। श्रद्धा तत्व की कुछ समानता दोनों में अवश्य दिखाई पड़ती हैं। भक्त को उपासक कहा जा सकता है तथा उपासक को भक्त माना जा सकता है, दोनो की क्रियापद्धति में भले ही अन्तर हो परन्तु ईश्वर प्राप्ति का शेष संसाधन वही है। कबीर साहब की भक्ति के विविध रूप दिखाई पड़ते हैं। 'कबीरवाणी' में शान्त भाव प्रधान भक्ति के अनेक स्थल मिलते हैं-

सोहं हंसा एक समान, काया के गुण आनहि आन।
माटी एक सकल संसारी, बहु विधि भांडे घड़ै कुँमारा।
पचबरन दस पुहिये गाई, एक दूध तेखौ पतिआई।
कहै कबीर संसा कर दूरि, त्रिभुवन नाथ रह्या भरपूरि।[5]

दास्य भाव प्रधान भक्ति में कबीर साहब स्वयं को हरि का दास मानते हैं। जो प्रभु चाहेगा वही होगा उससे विलग कुछ भी सम्भव नहीं है। मनुष्य चाहें जितने प्रयत्न कर ले वह कुछ भी नहीं कर सकता।

सब कुछ करने वाला वही विराट प्रभु है। कबीर ने अपना सर्वस्व उसी स्वामी को समर्पित कर दिया है–

> ''मैं गुलाम मोहि बेंच गुंसाई, तन, मन, धन, मेरा राम जी के ताई।''[6]

सख्य भाव प्रधान भक्ति में कबीर साहब राम को अपना बड़ा भी मानते हैं। परिणामस्वरूप वे निःसंकोच तथा निडर बने रहना चाहते हैं।

> जब मोहिं राम भरोसा तेरा, और कौन का करौं निहोरा।
> जाके राम सरीखा साहेब भाई, सो क्यूँ अनत पुकारन जाई।[7]

वात्सल्य भावप्रधान भक्ति में कबीर ने स्वयं को पुत्र तथा हरि को माता के रूप में वर्णित किया है। तथा अपने द्वारा किये गए अपराधों का प्रायश्चित भी करते दिखाई देते हैं। उनका कथन है कि बेटा यदि माँ का बाल पकड़कर भी खींचता है तब भी माँ स्नेहदायिनी माँ ही बनी रहती है। ''कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति'' द्वारा कबीर एक स्थल पर इसी भाव को पोषित करते दिखाई पड़ते हैं–

> हरि जननी मै बालक तेरा, काहे न अवगुन बकसहु मोरा।
> करि गहि केस करै जो धाता, तऊ न हेत उतारै माता।।[8]

कबीर साहब की सम्पूर्ण भक्ति दाम्पत्य भाव प्रधान भक्ति है। वे जीवात्मा को नारी तथा परमात्मा को पति मानते हैं–

> दुलहिन गावहु मंगलाचार, हम घरि आयौ राजाराम भरतार।
> तन रति करि मैं मन रति करहूँ पंच तत वराती।
> रामदेव मोरे पाहुनैं आये, मैं जोवन मैंमाती।
> सरीर सरोवर बेदी करिहूँ, ब्रह्मावेद उचार।
> रामदेव संग भांवरि लेहूँ, धनि धनि भाग हमार।
> सुर तैंतीस कोतिग आये, मुनिवर सहस अट्ठासी।
> कहै कबीर हम व्याह चलैहैं, पुरिष एक अविनासी।[9]

कबीर साहब साधक, सन्त तथा सच्चे भक्त थे। हठयोग के ज्ञाता थे, लेकिन प्रेम उनके जीवन का मूल था। उनकी भक्ति साधना का मूल स्वयं तथा भाव दाम्पत्य भाव था। वे सती तथा शूर के समान उस परम पद की ओर एकनिष्ठता से बढ़ना चाहते हैं। संसार के असारता की चिन्ता, उस सन्त वैरागी को कहाँ? वह तो नित राम भक्ति की ओजस्विनी धारा में प्रवाहित रहना चाहता है। समाज की कुरीतियों

के जंगल को काटते हुए भक्त कबीर परमात्मोन्मुखी जीवन का स्वाद पा ही जाते हैं। यह कबीर की मौलिकता तथा विशिष्टता है। उनकी भक्ति भाव धारा में प्रशंसा के दो शब्द लिखते हुए आचार्य द्विवेदी जी का मत है कि- ''कबीर साहब का यह भक्ति रूप ही उनका वास्तविक स्वरूप है। इसी केन्द्र के इर्द गिर्द उनके अन्य रूप स्वयमेव प्रकाशित हो उठे हैं।[10]

## सन्दर्भसूची

1. कबीर- हजारीप्रसाद द्विवेदी पृ. पद 173
2. संत काव्य- परशुराम चतुर्वेदी पृ. पद 17
3. प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य (कबीर की साखी), सं0 आद्या प्रसाद द्विवेदी, पृ. 23
4. कबीर- हजारीप्रसाद द्विवेदी पृ. 97
5. कबीर ग्रन्थावली- सं0 श्यामसुन्दरदास पृ. 60
6. संत काव्य- परशुराम चतुर्वेदी पृ. 94 पद 10
7. कबीर ग्रन्थावली- सं0 श्यामसुन्दरदास पृ. 94 पद 111
8. कबीर ग्रन्थावली- सं0 श्यामसुन्दरदास पृ. 69 पद 2
9. कबीर- हजारीप्रसाद द्विवेदी पृ. 118

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

# संस्कृत व हिन्दी काव्य में सौन्दर्याभिव्यक्ति के स्वरूप की अवधारणा

**डॉ० गोपाल राम**
प्रवक्ता हिन्दी विभाग
श्री गरीबदासीय साधु संस्कृत महाविद्यालय,
जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार

संस्कृत भाषा भारत देश की बहुत प्राचीनतम भाषा है, इस भाषा में लिखा गया साहित्य (काव्य) कई हजार वर्ष पुराना है। संस्कृत साहित्य को दो वर्गों में विभाजित किया गया है- वैदिक संस्कृत साहित्य व लौकिक संस्कृत साहित्य। वैदिक संस्कृत साहित्य के इतिहास की पृष्ठभूमि पर नजर डाले तो, वैदिक कालीन साहित्य में सौन्दर्य शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है, बल्कि इस शब्द के पर्याय यदा-कदा देखने को मिलते हैं, जिसमें सौन्दर्य की अवधारणा और उसके वाचक-व्यंजक शब्दों तथा उक्तियों का प्रयोग देखने को मिलता है जैसे- रूप, ललित, सुष्ठ, काम्य, कमनीय, रमणीय, चारु, रुचिर, प्रिय, भद्र, रण्व, मधुर आदि। किन्तु ऋग्वेद के अनेक ऋचाओं में ईश्वर के अनेक रूपों को वर्णन किया गया है-

**भुवत् त्रितस्य यर्ज्यो भुवदिन्द्राय मत्सरः।**
**सं रुपैरज्यते हरि॥**[१]

चारू के वैदिक संस्कृत काव्य में दो अर्थ हैं- 1- कल्याण रुप 2- सुन्दर या प्रीतिकर-

**यमी गर्भमृतावृधे दृशे चारूमजीजनन्।**
**कविं मंहिष्ठमध्वरे पुरुस्पृहम॥**[२]

अर्थात जगत को धारण करने वाले जिस चारू अर्थात सबके कल्याणरूप अथवा प्रिय प्रभु को।

अथर्ववेद में भी सौन्दर्याभिव्यक्ति की अनेक अवधारणाओं को प्रस्तुत किया है इसमें सौन्दर्य को स्पष्ट अभिव्यक्त न करके उसके पयार्यवाची शब्दों का प्रयोग बहुतया देखने को मिलता है -

**वल्गु - आ नो अग्ने सुमितं संभलो गमेदमाँ कुमारीं सह नो भगेन।**
**जुष्टा वरेषु समनेषु वल्गुरोषं पत्या सौभगमस्त्वस्यै॥**
**वल्गुः रुचिरा प्रीतिजननी स्यात्।**[३]

इस प्रकार ऋग्वेद व अन्य वेदों के अनेक ऋचाओं में सौन्दर्य के सभी अंगो का सूत्रबद्ध और मार्मिक विवेचन मिलता है - जिसमें 1- वाणी के सौन्दर्य का स्वरुप-मानस और चाक्षुष, दिव्य और लौकिक।

2- प्रेरणा- स्रोत सौन्दर्यानुभूति का विवेचन - प्रयोजन व सार्थकता। उपकरण शब्द, अर्थ, अंलकार, लय, छंद आदि का विवेचन मिलता है।[४]

उत्तर वैदिक काल के दो महत्वपूर्ण ग्रन्थ रामायण व महाभारत में भी सौन्दर्याभिव्यक्ति को प्रयोग हुआ है। रामायण में तो एक काण्ड का नाम ही सुन्दर काण्ड है। ''सुन्दर काण्ड'' का नामकरण कदाचित इसलिए भी हो सकता है कि उसमें लंकापुरी की शोभा तथा उसके अधिपति रावण के वैभव-विलास का वर्णन किया गया है, यद्यपि विशेषज्ञ इसका सम्बध सुनर हनुमान से जोड़ते हैं।[५]

रामायण में 'सुन्दर' या 'सौन्दर्य' शब्द के अनेक पर्यायों का प्रयोग हुआ है, जो निम्न प्रकार है- रमणीय, रम्य, शोभन, शुभदर्षन, चारु, रुचिर, श्रीमंत आदि।

**गम्यतां भवता शैलश्चित्रकूटः स विश्रुतः।**
**पुष्यश्च रमणीयश्च बहुमूलफलायुतः।।**[६]

वस्तुतः देखा जाए तो आदिकवि वाल्मीकि जी ने रामायण में सौन्दर्य के अनेक शब्द चित्र अंकित किए हैं। सुन्दरता के सभी रुपों का अत्यंत उल्लासपूर्वक वर्णन किया गया है। जैसे- प्राकृतिक सौन्दर्य के अन्तगर्त आकाश, चन्द्र, सूर्य, मेधमाला, वन-उपवन, शैल, नदी, सरोवर आदि का, वसन्त, शरद, हेमन्त आदि ऋतुओं का, भौतिक सौन्दर्य में नगर, राजमार्ग, राजभवन का, मानव सौन्दर्य के अन्तगर्त नर-नारी के रुप सौन्दर्याभिव्यक्ति के समृद्ध उपलब्ध हैं।

महाभारत में सुन्दर के लिए रम्य, रुचिर, सुरूप, चारु, कान्त, प्रियदर्शन, शोभन, मनोरम, सुभग मनोहर आदि उन सभी पर्यायों का प्रयोग किया गया है।-

**रुपवान् दर्शनीयश्च..........................................।**[७]
**उचाव वाक्यं मधुरामिधानं**
**मनोहरं चन्द्रमुखी प्रसन्ना।**[८]

लौकिक संस्कृत कवियों के सौन्दर्य-वर्णन का गौरव अत्यन्त समृद्ध है, उनका सौन्दर्य-विवेचन बहुत अधिक मधुर व मार्मिक है। इसमें सौन्दर्याभिव्यक्ति के मूर्धन्य कवि कालिदास है, जिन्होंने स्थान-स्थान पर कलात्मक सौन्दर्य, प्राकृतिक सौन्दर्य व मानव सौन्दर्य के अनेक चित्र प्रस्तुत किए। वस्तुतः देखा जाए तो महाकवि कालिदास जी की कविताओं में सौन्दर्याभिव्यक्ति नैसर्गिक है-

**किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्।**[९]

अभिजात संस्कृत काव्य में सौन्दर्य शब्द का मुक्त प्रयोग हुआ है, परन्तु पारिभाषिक अर्थ-वैशिष्ट्य उसे प्राप्त नहीं है, 'सुन्दर' की अपेक्षा उसके पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग संस्कृत काव्य व काव्यशास्त्र में देखने को मिलता है। संस्कृत काव्य में सौन्दर्य के निम्नलिखित पर्याय अमरकोश में देखने को मिलते हैं-

**सुन्दरं रुचिर चारू सुषमं साधु शोभनम्।**
**कान्तं मनोरमं रूच्यं मनोज्ञं मंजु मंजुलम्॥**[१०]
**अभीष्टेऽभीप्सितं हृदयं दयितं वल्लभं प्रियम्॥**[११]

संस्कृत व भारतीय काव्यशास्त्र में काव्य आचार्यों ने सौन्दर्य शब्द का परिभाषिक अर्थ का सही वाचक शब्द 'रमणीयता' कहा है, जिसका प्रयोग पं. राज जगन्नाथ ने अपने काव्य लक्षण में इस प्रकार किया है-

**रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्॥**[१२]

संस्कृत काव्य शास्त्र में प्रयुक्त 'सौन्दर्य' के अनेक पर्याय शब्द भी देखने को मिलते है- जिनमें शोभा, चारुता, रमणीयता आदि। आचार्य दण्डी के काव्यादर्श में इस प्रकार की सौन्दर्याभिव्यक्ति देखने को मिलती है-

**काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकरान् प्रचक्षते।**[१३]

इस प्रकार प्राचीन वैदिक संस्कृत काव्य में सौन्दर्य को स्वतंत्र रुप में स्वीकार किया नहीं गया है। वैदिक ऋचाओं व रामायण, महाभारत में विश्व सौन्दर्य के भाव को प्रमुखता प्रदान की गई है, उसमें वाणी के सौन्दर्य, संगीत, चित्र व प्राकृतिक सौन्दर्य आदि कलाओं को महत्व दिया गया है इसलिए सौन्दर्य के स्वतंत्र अर्थ के रुप में कामना नहीं की गई है। इसके अतिरिक्ति लौकिक संस्कृत काव्य में सौन्दर्याभिव्यक्ति की एक अलग परिकल्पना प्रस्तुत की गई, इसमें महाकवि कालिदास का सर्वोत्तम योगदान रहा है। महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' सौन्दर्याभिव्यक्ति की अनुपम कृति है।

हाँलाकि संस्कृत साहित्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर नजर डाले तो, संस्कृत काव्य में अनेक आचार्यों ने अपने काव्यों व महाकाव्यों में सौन्दर्यता के प्रति अपने सुविचार प्रस्तुत किए हैं।

हिन्दी साहित्य के इतिहास में हिन्दी काव्य को चार भागों में विभाजित किया गया है आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल और आधुनिक काल। इन सभी कालों में अनेक कवियों ने सुन्दरता, सौन्दर्यता, पर अपनी नाना प्रकार की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है।

हिन्दी साहित्य का प्रथम सोपान आदिकाल माना जाता है, जिसे रामचन्द्र शुक्ल जी ने वीरगाथा काल का नाम दिया है, आदिकाल में सौन्दर्यात्मक काव्य की अभिव्यक्ति कम देखी गयी। इस काल में साहित्य की पृष्ठभूमि वीरगाथा काव्य रही है। आदिकाल के रासो साहित्य में 'नरपति नाल्ह' द्वारा रचित ग्रन्थ 'बीसलदेव रासो' में सौन्दर्याभिव्यक्ति के अनेक चित्र देखने को मिलते हैं। इस ग्रन्थ में भोज परमार की पुत्री राजमति और अजमेर के चौहान राजा बीसलदेव तृतीय के विवाह, वियोग व पुर्नमिलन की कथा को बड़ी सरस व रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया है।[१४]

**आव्यो राजा मास बसंत। गढ़ माहिं गूड़ी उछली।।**
**जइ धन मिलती अंग सँभार। मान भंग हो तो बाल हो।**
**ईणी परिरहता राज दुवारि।।**[१५]

आदिकालीन कवि चन्दबरदाई कृत 'पृथ्वीराज रासो' में वस्तु-वर्णन का सौन्दर्य चित्रण बहुत अधिक है, कवि ने बड़ी तन्मयता के साथ नगरों, वनों, सरोवरों, किलों आदि का सौन्दर्य वर्णन उनके पर्याय रुप में किया है। कवि ने समय व क्रिया को एक साथ बिम्बों में बाँधकर रंग और ध्वनियों को रुपायित कर दिया। 'पृथ्वीराज रासों' में नारी सौन्दर्य का मनोरम चित्र इस प्रकार है-

**मनहुं कला ससिभान कला सोलह सों बन्निय।**
**बाल बेस ससि ता समीप, अमृत रस पिन्निय।**
**बिगसि कमल स्रिग, भ्रमर बेनु खंजन मृग लुट्टिय।।**
**हीर कीर अरु बिम्ब, मोति नख सिख अहिघुट्टिय।**
**छत्र्पति गयंद हरि हंस गति, बिह बनाय संचै सचिय।**
**पद्मिनी रूप पद्मावतिय, मनुहँ कामी कामिनि रचिय।।**[१६]

हिन्दी साहित्य के आदिकालीन कवि विद्यापति द्वारा रचित कीर्तिलता, कीर्तिपताका और पदावली ही ऐसी रचनाएँ है, जिसके कारण उन्हें महाकवियों की श्रेणी प्राप्त हुई है। 'पदावली' विद्यापति की एक ऐसी रचना है जिसमें कवि की काव्य प्रतिभा के काव्यात्मक तत्वों का चरमोत्कर्ष है इस काव्य में कवि ने अनेक पदों में सौन्दर्याभिव्यक्ति को प्रस्तुत किया है-

**चाँद सार लए मुख घटना करू, लोचन चकित चकोरे।।**
**अमिय धोय आँचर जनि पोछल, दह दिसि भेल उँजोरे**
**कामिनी कओने गढ़ली।**
**रुप सरुप हम कहए न पारिअ, लोचन लगि रहली।।**

भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग है, इस काल में काव्य की आदर्श मूल्यों की स्थापना एवं मानवीयता को उच्च धरातल पर लाने का प्रयास किया गया, जो बहुतया सफल रहा। इन्हीं गुणों के कारण हिन्दी साहित्य का भक्तिकाल भारतीय समाज का मार्गदर्शक भी रहा है। इस काल की चार शाखाएं है- ज्ञानमार्गी शाखा, प्रेममार्गी शाखा, रामभक्ति शाखा व कृष्णभक्ति शाखा। इन चारों शाखाओं की अपनी पहचान व विशेषताएँ हैं, जो समूचे भक्तिकाल को एक सूत्र में बाँधती हैं। हाँलाकि इस काल में भक्ति का स्वरुप विद्यमान है, परन्तु उस भक्ति के स्वरुप में भी सौन्दर्याभिव्यक्ति बहुतया देखने को मिलती है। भक्तिकाल के निर्गुण भक्तिशाखा काव्य में प्रेममार्गी प्रसिद्धि कवि 'जायसी' ने अपने महाकाव्य 'पद्मावत' में राजकुमारी पद्मनी का सौन्दर्यवर्णन व सिंहलद्वीप का प्राकृतिक सौन्दर्य वर्णन बहुत ही अनुपम रुप से प्रस्तुत किया है जिसमें राजकुमारी पद्मावती के सौन्दर्य-चित्रण की अनुपम छठा इस प्रकार है-

**सरवर तीर पदमिनी आई। खोंपा छोरि केस मुकुलाई।।**
**ससि-मुख, अंग मलयगिरि बासा। नागिन झाँपि लीन्ह चहुँ पासा।।**
**ओनई घटा परी जग छाँहा। ससि के सरन लीन्ह जनु राहा।।**
**छपि गै दनहिं भानु कै दसा। लेइ निसि नखत चाँद देखावा।।**[१८]

भक्तिकालीन काव्य के सगुणभक्ति शाखा में भगवान श्री राम, श्री कृष्ण की सौन्दर्याभिव्यक्ति के अनेक चित्र प्रस्तुत किए गए हैं- महाकवि सूरदास जी ने श्री कृष्ण की बाललीलाओं में उनकी सुन्दरतम् छवि का चित्रण इस प्रकार किया है-

**हरि-मुख निरखत नैन भुलाने।**
**ये मधुकर रुचि-पंकज लोभी, ताहि तैं न उड़ाने।।**
**कुण्डल मकर कपोलनि कैं ढिंग, जानु रवि रैनि विहाने।**
**भ्रुव सुन्दर, नैननि गति निरखत, खंजन मीन लजाने।।**
**अरुण अधर, दुज कोटि ब्रज- दुति, ससि धन रूप समाने।**
**कुंचित अलक सिलीमुख मिलि मनु लै मकरन्द उड़ाने।।**
**तिलक ललाट कण्ठ मुकुता बलि, भूषण मनिमय सोने।**
**सूर स्याम रस-निधि नागर के, क्यों गुन जात बखाने।।**[१९]

महाकवि तुलसीदास द्वारा रचित 'कवितावली' के 'अयोध्याकाण्ड' में कवि ने 'श्री राम एवं लक्ष्मण की सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण निम्न प्रकार से किया है -

**साँवरे-गोरे सलोने सुभायँ, मनोहरताँ जिति मैनु लियो है।**
**बान-कमान, निषंग कसे, सिर सोहैं जटा, मुनि बैषु कियो है।**
**संग लिएँ बिधुबैनी बधू, रति को जेहि रंचक रूप दियो है।**
**पायन तौ पनहीं न, पयोदेंहि क्यों चलिहैं, सकुचात हियो है।[२०]**

रीतिकालीन हिन्दी साहित्य को सौन्दर्य काल भी कहा जाता है, इस काल में बहुतया कवियों ने सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण किया इसलिए विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने इस काल कोश्रृंगार काल' कहा है। सौन्दर्याभिव्यक्ति व श्रृंगारिकता की प्रवृत्ति इस काल का मुख्य विषय- नायिका भेद, नखशिख वर्णन व ऋतुवर्णन रहा है। इस काल के सौन्दर्याभिव्यक्ति को प्रस्तुत करने वाले कवि केशवदास, बिहारी, मतिराम, पद्माकर व घनानन्द आदि प्रमुख है। रीतिकाल के प्रमुख कवि बिहारी के दोहे में सौन्दर्याभिव्यक्ति निम्नवत् है -

**अंग-अंग नग जगमगात, दीप सिखा-सी देह।**
**दिया बढ़ाएँ हू रहै, बड़ो उज्यारौ गेह।।[२१]**

हाँलाकि रीतिकाल के अधिकतर कवियों ने सौन्दर्य अभिव्यक्ति की अवधारणा को बहुतया रुप में प्रस्तुत किया है, परन्तु पद्माकर व देव कवियों की रचनाओं में सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण अत्यधिक है -

कवि देव-

**ये अखियाँ बिन काजर कारी अयारी चित में चपटी सी।**
**मीठी लगैं बतियाँ मुख सीठी यौ सौतन के डर मैं ढपटी सी।**
**अंग हू राग बिना अंग अंग झकोरे सुगन्धन की झपटी सी।**
**प्यारी तिहारी ये एँड़ी लसै बिन जावक पावक की लपटी सी।।[२२]**

कवि 'पद्माकर' द्वारा नायिका सौन्दर्याभिव्यक्ति -

**सुन्दर सुरंग नैन सोभित अनंग रंग**
**अंग अंग फैलत तरंग परिमल के।**
**बारन के भार सुकुमारि को लचत लंक**
**राजै परजंक पर भीतर महल के।।[२३]**

उपरिलिखित दोनों कविताओं में देव व पद्माकर द्वारा नायिका का स्वभाविक रुप सौन्दर्य और उसकी सुकुमारता का वर्णन अत्यन्त मनोरम ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

हिन्दी साहित्य में आधुनिक काल को जनजागरण युग कहा गया है। इस काल के साहित्यकारों, कवियों पर स्वामी विवेकानन्द, राजा राममोहन राय, स्वामी दयानन्द सरस्वती आदि के पुनर्जागरण आन्दोलन का प्रभाव आधुनिक काल के भारतेन्दु युग पर बहुत पड़ा। परन्तु फिर भी तत्कालिक लेखकों ने सौन्दर्याभिव्यक्ति पर अनेकों कविताएँ लिखी। भारतेन्दु युग के प्रर्वतक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपनी काव्य रचनाओं में भक्ति, शृंगारिकता, देश-प्रेम, सामाजिक परिवेश और प्रकृति के विभिन्न सन्दर्भों को लेकर काव्य रचना प्रारम्भ की जिनमें -'प्रेम-मल्लिका, प्रेम-सरोवर, गीत-गोविन्दानन्द, वर्षा-विनोद, प्रेम फुलवारी, वेणु गीत' आदि विशेषत: शृंगारिक व सौन्दर्याभिव्यक्ति परक रचनाएँ है।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी ने अपनी कविता 'यमुना छवि' में प्राकृतिक सौन्दर्य का चित्रण इस प्रकार किया है-

**तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।**
**झुके कूल सों जल परसन हित मनुहँ सुहाए।**[२४]

भारतेन्दु युग के प्रर्वतक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के फुफेरे भाई राधाकृष्ण दास बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपने काव्य में सौन्दर्याभिव्यक्ति के अनेक सुन्दर चित्र प्रस्तुत किए हैं। राधाकृष्ण दास ने प्रेम के सौन्दर्यात्मक निरुपण निम्न प्रकार सवैया में किया है -

**मोहन की यह मोहनी मूरत, जीय सों भूलत नाहिं भुलाये।**
**छोरन चाहत नेह को नातो, कोऊ बिधि छूटत नाहिं छुराये।।**[२५]

द्विवेदी युग को आधुनिक काल का शृंगारिक युग भी कहा जाता है, इस युग में ज्यादातर कविताएँ राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत लिखी गयीं। इस काल में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के अतिरिक्त अयोध्या सिंह उपाध्याय, श्रीधर पाठक, मैथिलीशरण गुप्त व रामनरेश त्रिपाठी आदि प्रमुख कवि रहे हैं। इन कवियों की अधिकतर कविताओं में सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण बहुतया देखने को मिलता है, परन्तु श्रीधर पाठक की 'कश्मीर सुषमा' व अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की रचना 'प्रियप्रवास' में सौन्दर्याभिव्यक्ति के अनेक चित्र देखने को मिलते हैं। प्रियप्रवास में राधिका का सौन्दर्य वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है-

**नीले फूले कमल दल सी गात की श्यामता है।**
**पीला प्यारा बसन कटि में पैन्हते हैं फबीला।**
**छूटी काली अलक मुख की कान्ति को हैं बढ़ाती।**
**स्रहस्त्रों में नवल-तन की फूटती सी प्रभा है।**[२६]

द्विवेदी युग के महान कवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित महाकाव्य 'साकेत' प्रथम सर्ग में कवि ने उर्मिला के रुप सौन्दर्य को इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

**कनक-लतिका भी कमल-सी कोमल,**
**धन्य है उस कल्प-शिल्पी की कला!**
**जान पड़ता नेत्र देख बड़े-बडे,**
**हीरकों में गोल नीलम है जड़े।**
**पद्म रागों से अधर मानो बने,**
**मोतियों से दाँत निर्मित है घने।**[२७]

हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल में छायावाद युगीन कविताओं में सौन्दर्य व प्रेम के सूक्ष्म से सूक्ष्म पक्ष का निरूपण देखने को मिलता है। छायावादी कवियों ने हिन्दी कविता को एक नवीनता प्रदान करते हुए, वैयक्तिक श्रृंगार भावना, सौन्दर्यानुभूति व प्राकृतिक श्रृंगारिकता आदि का बहुतया प्रयोग किया है, जो छायावादी काव्य की प्रसिद्धि व लोकप्रियता का आधार भी है। जयशंकर प्रसाद, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रानन्दन पंत व महादेवी वर्मा की कविताओं में सौन्दर्याभिव्यक्ति के अनेक चित्रण देखने को मिलते हैं। 'जयशंकर प्रसाद' ने 'कामायनी' में 'श्रद्धा' का मनोरम सौन्दर्य वर्णन इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

**घिर रहे थे घुँघराले बाल,**
**अंश अवलंबित मुख के पास।**
**नील घन-शावक से सुकुमार**
**सुधा भरने को विधु के पास।**[२८]

छायावादी युग के सुकुमार कवि सुमित्रानन्दन पंत ने नारी सौन्दर्य की अपेक्षा प्रकृति सौन्दर्य को अधिक महत्व दिया, परन्तु कवि ने प्रकृति का जो मानवीयकरण स्वरूप अपनी कविताओं में प्रस्तुत किया है वह अनुपम है। कवि ने अपनी कविताओं में प्रकृति सौन्दर्य के अनेक मनोरम रूपों का मधुर व सरस चित्रण प्रस्तुत किया है-

**छोड़ द्रुमों की मृदु छाया,**
**तोड़ प्रकृति से भी माया,**
**बाले तेरे बाल जाल में कैसे उलझा दूं लोचन?**
**छोड़ अभी से इस जग को।**[२९]

महादेवी वर्मा की कविताओं में प्राकृतिक सौन्दर्य के अनेकोंनेक मानवीयकरण स्वरूप चित्रित हैं, इसी प्रकार की एक अभिव्यंजना में कवयित्री ने वर्षा ऋतु का सुन्दर चित्रण एक नारी के रुप में प्रस्तुत किया, जिसमें प्रकृति रूपी नारी को अपने समस्त सौन्दर्य विधाओं में सजधज कर प्रस्तुत किया है-

**रूपसि तेरा घन-केश-पाश!**
**श्यामल श्यामल कोमल कोमल,**
**लहराता सुरभित केश-पाश!**
**नभगंगा की रजत धार में,**
**धो आई क्या इन्हें रात?**
**कम्पित हैं तेरे सजल अंग,**
**सिहरा सा तन हे सद्यस्नात!**
**भीगी अलकों के छोरों से**
**चूँती बूदें कर विविध-लास**
**रूपसि तेरा घन-केश-पाश॥**[३०]

**वत् त्रितस्य यर्ज्यो भुवदिन्द्राय मत्सरः।**

छायावाद युग के पश्चात प्रगतिवादी कविताओं में भी अनेक कवियों ने सौन्दर्यभिव्यक्ति कविताएँ लिखी लेकिन इन कविताओं में यर्थाथवाद, मार्क्सवाद व साम्यवाद का प्रभाव अधिक रहा, इसलिए प्रगतिवादी युगीन कविताओं में यर्थाथवादी सौन्दर्याभिव्यक्ति का सहज रुप देखने को मिलती है, जिसमें प्रकृति व मानवीय सौन्दर्याभिव्यक्ति का सहज रुप देखने को मिलता है। प्रगतिवादी कवि केदारनाथ अग्रवाल की कविता 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' में प्रकृति की सुन्दरता का सहज रुप देखने को मिलता है-

**एक बीते के बराबर,**
**यह हरा ठिगना चना।**
**बाँधे मुरैटा शीश पर-**
**छोटे गुलाबी फूल का**
**सजकर खड़ा है।**[३१]

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान देश निराशा और संघर्ष की स्थितियों से गुजर रहा था और आर्थिक तंगी के कारण देश की जनता बहुत दुःखी थी, और प्रगतिवाद के प्रचार प्रसार से व्यक्ति में संघर्ष करने की क्षमताओं का विकास होने लगा यहीं विकसित रुप ने प्रयोगवाद का नया रुप धारण किया। प्रयोगवादी काव्य में वैयक्तिकता, विद्रोह, कुण्ठा व भारतीय परिवेश की सहज प्रवृत्तियाँ देखने को मिलती हैं।

प्रयोगवादी कवियों ने अपनी कविताओं में सौन्दर्याभिव्यक्ति को नये प्रतिमानों व प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। प्रयोगवाद के प्रर्वतक श्री अज्ञेय ने नये प्रतिमानों के साथ सौन्दर्याभिव्यक्ति को नवीन रुप में प्रस्तुत किया है। कवि द्वारा रचित कविता 'कलगी बाजरे की' में कवि ने 'बाजरे की कली' का रुप सौन्दर्य वर्णन नये ढंग से प्रस्तुत किया है-

**हरी बिछली घास।**
**डोलती कलती छरहरी बाजरे।**
**अगर मैं तुमको**
**ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका**
**अब नहीं कहता।**[३२]

वस्तुतः देखा जाए तो प्रयोगवादी कवि अपने पूर्ववर्ती कवियों द्वारा सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण करने में सफल नहीं हो सके परन्तु प्रयोगवादी कवियों ने सौन्दर्य चित्रण के नये प्रयोगों को प्रस्तुत कर हिन्दी काव्य को नई पहचान दी।

नई कविता में कवियों ने सहज अभिव्यक्ति के माध्यम से सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण किया है, परन्तु यह चित्रण मानव के विवेक पर निर्भर रहा है इसी कारण नयी कविता सामाजिक सत्यों व बिडम्बनाओं को व्यक्तिगत सौन्दर्यात्मक दृष्टि से आत्मसात् करती है। वस्तुतः देखा जाए तो नयी कविता में मानवीय व प्राकृतिक सौन्दर्य की अतिशयोक्ति अभिव्यक्ति नहीं है बल्कि मानवीय व प्राकृतिक सौन्दर्य का यथार्थ चित्रण देखने को मिलता है, इसलिए नई कविता ने पुरानी कविता के सारे बंधनों को तोड़ डाला है। नये कवि के पैर जीवन के खुरदुरे यथार्थ पर खड़े हुए हैं। इसलिए नयी कविता का सौन्दर्य बढ़ाने के लिए कवियों ने नये उपमानों, प्रतीकों और बिम्बों का प्रयोग किया है।

नयी कविता के कवि 'सर्वेश्वरदयाल सक्सेना' द्वारा रचित 'मेघ आए बन-ठन के' कविता में प्राकृतिक व मानवीय सौन्दर्य रुपों को नये प्रतीकों के माध्यम से संजोया है-

**मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।**
**आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,**
**दरवाजे-खिड़कियाँ खुलने लगीं गली-गली,**
**पाहुन ज्यों आए हो गाँव में शहर के**
**मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।**
**पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,**
**आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए**

**बाँकी चितवन उठा, नदी ठिठकी, घूँघट सरके।**
**मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।[३३]**

साठोत्तरी कविता के कवियों ने सौन्दर्य का यर्थाथ चित्रण किया है, उन्होंने सौन्दर्य के कई प्रतीकों व बिम्बों को यथार्थ के रुप में चिह्नित कर, उसके सहज स्वरुप को स्वीकार कर उसका सौन्दर्य वर्णन उनकी कविताओं में देखने को मिलता है। तत्पश्चात अस्सी के दशक में हिन्दी साहित्य में एक क्रान्तिकारी बदलाव आया उस समय दलित कविता हिन्दी साहित्य जगत में अपना पैर पसार चुकी थी। कई कवियों ने दलितों पर कविताएँ लिखी इसमें दलितों पर लिखा गया काव्य व दलितों के द्वारा लिखा गये काव्य में सौन्दर्य चित्रण बहुधा देखने को मिलता है। वर्तमान परवेश में सुन्दरता के कई मायने आ गए। अब सौन्दर्य का सम्बन्ध नारी या प्राकृतिक सौन्दर्य से नहीं है परन्तु अब कृत्रिम वस्तुओं की सुन्दरता को भी कवियों ने कविताओं में पिरोया है, जिसके अनेक रुप वर्तमान कविताओं में देखने को मिलते हैं।

## सारांश

संस्कृत व हिन्दी काव्य में प्राचीन काल से लेकर आज तक सौन्दर्य के अनेक रुप हमें देखने को मिलते हैं। भारतीय प्राचीन साहित्य में सौन्दर्य की अभिव्यक्ति करने के लिए कवियों ने सौन्दर्य को परोक्ष रुप में प्रस्तुत किया है और मानवीय व प्राकृतिक सौन्दर्य को प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति नहीं करके उसके पयार्यों को प्रस्तुत किया है। इसके कई उदाहरण वैदिक कालीन भारतीय साहित्य (ऋचाओं) में मौजूद हैं। इसके अतिरिक्ति लौकिक संस्कृत साहित्य में सौन्दर्याभिव्यक्ति के कई प्रत्यक्ष स्वरूप चित्रित किए गए, संस्कृत के कई कवियों, आचार्यों ने सौन्दर्य की विविध व्याख्या करते हुए उससे अपने काव्य की शोभा को बढ़ाया है। हिन्दी साहित्य के आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के कविता में सौन्दर्याभिव्यक्ति का चित्रण बहुतया देखने को मिलता है, क्योंकि काव्य का एक मुख्यांग सौन्दर्य चित्रण है। बिना सौन्दर्य चित्रण के कविता में नीरसता आ जाती है। हालाँकि आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के कवियों ने मानवीय, प्राकृतिक सौन्दर्य को अपनाया है और आधुनिक काल में कृत्रिम सौन्दर्य-चित्रण को कविता में स्थान मिला है।

## सन्दर्भ सूची

1. ऋग्वेद/9-34-4
2. ऋग्वेद/9-10-2-6
3. अथर्ववेद-2-3-36-1

4. डॉ. नगेन्द्र, भारतीय सौन्दर्य शास्त्र की भूमिका, नेशनल पब्लिशिंग हाउस दरियागंज दिल्ली, 1986, पृ0 34,
5. डॉ. नगेन्द्र, भारतीय सौन्दर्य शास्त्र की भूमिका, नेशनल पब्लिशिंग हाउस दरियागंज दिल्ली, 1986, पृ0 38
6. वाल्मीकि रामायण 2-54-41
7. महाभारत (उद्योग पर्व) 98-12
8. महाभारत (अनुपर्व) 11-5
9. मा0 डॉ0 शास्त्री, राकेश, अभिज्ञान शाकुन्तलम्, परिमल पब्लिकेशन्स दिल्ली, 2004, पृ0 99
10. व्याख्याकार- श्री राम तेज पाण्डेय, अमर कोश- 3/50, चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी, 2007, पृ0 203
11. व्याख्याकार- श्री राम तेज पाण्डेय, अमर कोश- 3/51, चाौखम्बा विद्याभवन वाराणसी, 2007, पृ0 203,
12. डॉ0 नगेन्द्र, भारतीय सौन्दर्य शास्त्र की भूमिका, नेशनल पब्लिशिंग हाउस दरियागंज दिल्ली, 1986, पृ0 83
13. व्याख्याकारगुप्त, धमेद्र कुमार, आचार्य दण्डी विरचितकाव्यादर्शः, मेहरचन्द्र लक्ष्मणदासनई दिल्ली, 1973, पृ0 81
14. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 2006, पृ0 70
15. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, कमल प्रकाशन नई दिल्ली, 2003, पृ0 38
16. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 2006, पृ0 75
17. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 2006, पृ0 242
18. डॉ0 मानवेन्द्र पाठक, प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य-मंजूषा, अंकित प्रकाशन हल्द्वानी उत्तराखण्ड, 2015, पृ0 89
19 सं0 केवशदत्त रूवाली, प्राचीन काव्य पल्लव, विवेक प्रकाशन लखनऊ, 1997, पृ0 79
20. अनुवादक- डॉ0 नारायण, इन्द्रदेव, कवितावली, गीताप्रेस, गोरखपुर, 1949, पृ0 32
21. सं0 केवशदत्त रूवाली, प्राचीन काव्य पल्लव, विवेक प्रकाशन लखनऊ, 1997, पृ0 94
22. डॉ0 सुरेश, अग्रवाल, रीतिकालीन काव्य संग्रह, अशोक प्रकाशन नई दिल्ली, 1992, पृ0 150
23. डॉ0 भगवत स्वरूप मिश्र, काव्यांजली, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार, 1975, पृ0 120
24. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 2006, 465
25. डॉ0 भगवत स्वरूप मिश्र, काव्यांजली, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार, 1975, पृ0 135

26. डॉ0 सविता मोहन, अद्यतन हिन्दी कविता, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार, 2010, पृ0 42
27. जयशंकर प्रसाद, कामायनी, डायमंड पाकेट बुक्स नई दिल्ली, 1988, पृ0 20
28. डॉ0 नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 2006, 550
29. महादेवी वर्मा, नीरजा, लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद उ0 प्र0, पृ0 15
30. प्रकाशक- एन0सी0ई0आर0टी0, क्षितिज, एन0सी0ई0आर0टी0 नई दिल्ली, 2009, पृ0 119
31. डॉ0 देवीदत्त तिवारी, नया हिन्दी काव्य, विवेक प्रकाशन लखनऊ, 1997, पृ0 24
32. प्रकाशक- एन0सी0ई0आर0टी0, क्षितिज, एन0सी0ई0आर0टी0 नई दिल्ली, 2009, पृ0 127

# धर्म क्षेत्र में नीति मूल्यों का अवमूल्यन

**डॉ० बबीता शर्मा**
असिस्टेन्ट प्रोफेसर
दर्शनशास्त्र विभाग, कन्या गुरुकुल परिसर
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

**मीरा त्यागी**
शोधछात्रा
दर्शनशास्त्र विभाग, कन्या गुरुकुल परिसर
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

भारतीय संस्कृति एक धर्मवादी संस्कृति है। धर्म के अन्तर्गत नैतिक गुणों का पालन करने और उनके अनुसार जीवन व्यतीत करने का प्रत्येक व्यक्ति से निवेदन किया गया है। इन नियमों के पालन से व्यक्ति की आध्यात्मिक उन्नति की ओर बढ़ने की पात्रता बढ़ती है तथा साथ ही सामाजिक संघर्ष में कमी आती है। इसीलिए भारतीय समाज में एक साधारण धर्म का पालन करना, साधारण धर्म के नाम से जाना जाता है जिसके द्वारा व्यक्ति के कर्तव्यों का निर्धारण होता है दूसरी और भारतीय धर्म में सांसारिक कर्मो से उपरत होकर भगवत् प्राप्ति के साधनों को अपनाने का भारतीय जीवन व्यवस्था में प्रबल आग्रह किया गया है। इसी कारण सम्पूर्ण समाज व्यवस्था को धर्म का नाम दिया गया है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति के कर्तव्यों का ही मुख्य रूप से उल्लेख किया है।

सभी धार्मिक विश्वास अपने से सम्बन्धित व्यक्तियों को पवित्रता, नैतिकता, सदाचार तथा सयंम की सबसे अधिक शिक्षा देते हैं। किन्तु वर्तमान युग में धर्म के क्षेत्र में इन सभी नियमों में गिरावट आयी है। नैतिक गुणों के अन्तर्गत सभी धर्मों ने सत्य के पालन को सर्वाधिक महत्व दिया है किन्तु वर्तमान समय में सत्य का पालन धर्म के क्षेत्र में भी धीरे-धीरे न्यून होता जा रहा है। आज पण्डित, मौलवी, पादरी, मठाधीश आदि धर्मगुरु अपने व अपने सम्प्रदाय की स्वार्थपूति के लिए भोले-भाले लोगों को शब्द जाल में फँसाकर चिकनी चुपड़ी बाते करते हुए उनका शोषण करते हैं। यह एक प्रकार का असत्य आचरण ही है। इससे समाज भी दिशाहीन होता है। महाराज मनु ने सत्य को धर्म के दश लक्षणों के अन्तर्गत गिनाया है।[1] कहीं-कहीं तो सत्य को ही धर्म के रूप में माना गया है। सत्य के पालन से जहाँ धर्म की शुद्धि होती है, वही असत्य आचरण द्वारा धर्म की हानि होती है।

सभी धर्मों में जिस दूसरे नैतिक नियम पर सर्वाधिक बल दिया गया है वह अहिंसा है। महाभारत में तो अहिंसा को परम धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है।[2] अहिंसा का तात्पर्य किसी भी प्राणी को किसी भी समय किसी प्रकार से कष्ट न देना है। किसी के प्राणों को उसके शरीर से वियुक्त करना साक्षात हिंसा कहलाता है। धर्मशास्त्रों में ब्राह्मण, गाय, स्त्री, भ्रूण, बला और आत्महत्या इनको महान् अपराध घोषित किया गया है। इनमें भी ब्रह्महत्या व गौ हत्या को महापातक बताया गया है। क्योंकि गाय व ब्राह्मण दोनों

ही व्यक्ति व समाज के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। आज के धर्म सम्प्रदायों में अहिंसा रूपी नैतिकता का अवमूल्यन हुआ है। आज अपने धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु हिंसा और आतंकवाद को भी उचित ठहराया जाने लगा है। मनसा, वाचा, कर्मणा तीनों प्रकार की हिंसाओं का प्रयोग करते हुए आज के धर्मगुरु देखे जाते हैं। मनुस्मृति में गौ हत्या को महान् पाप बताकर उसके प्रायश्चित का विधान किया गया है।[3] जबकि इसके विपरीत आज धर्म के नाम पर गौ हत्यायें हो रही हैं। आज धर्म का प्रचार सर्वाधिक होता हुआ दिखायी देता है। फिर भी समाज में हिंसा व असत्य आदि आचरणों का ही बोलबाला है।

धर्मशास्त्रों में इन्द्रिय निग्रह पर बल दिया गया है। स्मृति गन्थों में पर स्त्री गमन का निषेध है। इसके अतिरिक्त गाड़ी में, जल में और दिन में मैथुन का निषेध किया गया है।[4] धर्मिक व्यक्ति के लिए अल्पाहार पर बल दिया गया है और भोजन में भी बहुत से खाद्य पदार्थ एक साथ लेने को मना किया गया है। खाने का समय भी दिन मे दो बार ही नियत किया गया है।[5] इन सबका उद्देश्य मन की चंचलता को रोकना तथा विचारों को पवित्र करना रहा है। आज के धर्म गुरु या धार्मिक व्यक्ति जितेन्द्रिय दिखायी नहीं देते। धर्म गुरु भी पर स्त्री गमन करते हुए देखे जाते हैं। जिह्वास्वाद के लिए अनेकों प्रकार के खाद्य पदार्थ आज सभी के आहार में सम्मिलित है, जो मन की चंचलता और विकारों का मुख्य कारण हैं। वास्तव में इन्द्रिय निग्रह को प्राप्त व्यक्ति ही धार्मिक हो सकता है। वर्तमान समय में धर्म के क्षेत्र में इसका पूर्णतया अभाव देखा जाता है। इसीलिए धार्मिक व्यक्तियों के ऊपर भी अनेक प्रकार के आक्षेप लगते हुए देखें जाते हैं।

सभी धर्मों में सिखाया जाता है कि किसी भी प्रकार की चोरी नही करनी चाहिए और न जीवन जीनें के साधनों का अधिक संग्रह करना चाहिए। किन्तु आज धर्म क्षेत्र में इसके विपरीत आचरण दिखायी देता है। धर्म गुरु अपनी बातों के जाल मे फँसाकर भोली-भाली जनता के धन का हरण कर रहें है। धर्म के नाम पर भौतिक सुख साधनों का संग्रह भी आज के धर्म गुरुओं के पास होता हुआ दिखायी देता है। यह अस्तेय एवं अपरिग्रह जैसे नैतिक नियमों का अवमूल्यन ही है।

धर्म शास्त्रों में नैतिक गुणों के पालन के साथ-साथ नैतिक दोषों का वर्णन करके उनको वर्जित बताया गया है। जैसे काम, लोभ, मोह, मद्य, क्रोध, मत्सर इत्यादि।[6] इन्हें षड् रिपु के नाम से भी जाना जाता है। धर्मशास्त्रों में इनको छः शत्रु इसलिए बताया गया है क्योंकि मनुष्य ही दुर्गति कराने वाले है। लेकिन आज धर्म क्षेत्र में भी इन भौतिक दोषों का आचरण देखने को मिलता है। वास्तव में यदि चिन्तन किया जाये तो सभी नैतिक नियमों के अवमूल्यण में ये दोष ही कार्य करते हुए दिखायी देते हैं।

धार्मिक व्यक्ति के लिए पवित्रता का ध्यान रखना तपस्वी होना, सन्तोषी स्वभाव का होना, स्वाध्याशील होना और ईश्वर में आस्था रखना उपयोगी बताया है। पवित्रता से तात्पर्य शारीरिक मानसिक व आत्मिक शुद्धि से है। मानसिक और आत्मिक शुद्धि वैचारिक शुद्धि से प्राप्त होती है। वर्तमान समय में धार्मिक क्षेत्र में विचारों में कलुषता दिखायी देती है। एक धर्म के लोग दूसरे धर्म को नीचे गिराने के लिए विभिन्न प्रकार की कुत्सित योजनाएं बनाते हुए देखे जाते हैं। दूसरे धर्म-सम्प्रदायों का अहित चिन्तन करते रहते हैं। इसी के कारण समाज में गिरावट आयी है। धार्मिक व्यक्ति के लिए तपस्वी होना अर्थात् मान-अपमान, लाभ-हानि, जय-पराजय, आदि द्वन्द्वों में समान बने रहना लाभदायक होता है। आज के धर्मों में इसका अभाव दिखायी देता है। जरा सा अपमान होने पर आज के धर्मगुरु भी हत्या तक करते हुए देखे जाते हैं। सन्तोषी व्यक्ति के मन में किसी प्रकार का दु:ख नहीं होता उसे असीम सुख की प्राप्ति होती।[7] किन्तु वर्तमान धार्मिक व्यक्तियों में भी सन्तोष का पूर्णतया अभाव है। संसार में उत्तेषणा, वित्तेषणा तथा लोकेषणायें तीन एषणायें सामान्य संसारी पुरुषों में बतायी हैं। ये एषणाएं ही बन्धन का कारण है। आज के धर्म गुरुओं में वितेषणा और लोकेषणा प्रबलता के साथ दिखायी देती हैं। यह धार्मिक मूल्यों का अवमूल्यन ही है।

जैसा हम पूर्व में कह चुके है कि सभी प्रकार के नैतिक दोषों के मूल में वैचारिक अशुद्धता ही कार्य करती है। वैचारिक शुद्धि स्वाध्याय से प्राप्त होती है। आज धार्मिक लोग भी कम मात्रा में स्वध्यायशील होते हैं। इसी कारण धार्मिक विचारों का अवमूल्यन हुआ है। आज का व्यक्ति ऊपर से देखने में तो ईश्वर के प्रति आस्था रखता हुआ प्रतीत होता है, किन्तु वास्तव में ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण उसके अन्दर नहीं है। वह ईश्वर भक्ति भी अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए करता है। इस प्रकार उपर्युक्त कारणों पर दृष्टिगत करने से विदित होता है कि वर्तमान समय में धर्म क्षेत्र में भी नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है।

## सन्दर्भ सूची

1. तत्र विषयदोषनजेन वैराग्येण तद्वैमुख्यमुत्पाद्यते।
अभ्यासेन च सुख जनक-शान्तप्रवाहदर्शन द्वारेण
दृढ़ स्थैयर्यमुत्पाद्यते-भोजवृति-योगसूत्र 1/12
2. तप: स्वाध्यायेज्वरप्रणिनानि क्रियायोग:।-योगसूत्र-2-1
3. तपो द्वंदसहनम्। - व्यासभाष्य योगसूत्र-2/32
4. नातपस्विनो योग: स्थ्यिति। - व्यासभाष्य योगसूत्र-2-1
5- अनादिकर्मक्लेशवासनाचित्रा प्रत्युपस्थित विषयजाला चाशुद्विनन्तिरेण
तप: संभेदभापद्यत हति तपस उपासनम्।- व्यासभाष्य योगसूत्र-2-1

6. चित्त प्रसादनम् बाधामानमनेनासे व्यमिति मन्यते।।- व्यासभाष्य योगसूत्र-2-1

7. स्वाध्याय: प्रणवादि पवित्राणां जपो मोक्षशास्त्रध्ययनं वा।- व्यासभाष्य योगसूत्र-2-1

# 'भारतमाता ब्रूते' में वर्णित राष्ट्रीय भावनायें

**डॉ० दीपक कुमार**
प्रवक्ता, संस्कृत, रा0इ0का0 जयन्ती
कोठियाड़ा, रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड

राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना ही राष्ट्रीय भावना है। इसी भावना के प्रेरणास्वरुप राष्ट्र का नागरिक राष्ट्र की उन्नति के लिए सब कुछ करने में समर्थ होता है। इसी भावना के वशीभूत होकर नागरिक अपना सर्वस्व राष्ट्र को अर्पण कर देता है। डॉ. हरिनारायण दीक्षित महोदय के शब्दों में अपने राष्ट्र की भूमि, जनसमूह, संस्कृति, सभ्यता, इतिहास, धर्म, साहित्य, कला, राजनीति, जीवन-दर्शन आदि के प्रति लोगों के मन में गरिमा एवं महिमा का जो एक नैसर्गिक स्वाभिमान हुआ करता है, उसे ही हम राष्ट्रीय भावना की संज्ञा देते हैं।[1] भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों की मातृभूमि को दासता से मुक्त करवाने की प्रेरिका राष्ट्रीय भावना ही रही। जिस भावना के वशीभूत होकर स्वतन्त्रता सेनानियों को फाँसी के तख्त से भी भय नहीं हुआ। यह भावना स्वार्थ से रहित होती है तथा सभी की हितसाधक होती है। राष्ट्रीय-भावना मानव को जाति, धर्म, संस्कृति तथा सभ्यता से ऊपर उठाती है। इस सम्बन्ध में श्री रत्नास्वामी का कथन है कि भारत हमारी जन्म भूमि है, पुण्य भूमि है, और मातृभूमि के हर पुत्र का यह कर्तव्य है कि वह अपने देश को ऐसा बनाये, उसका ऐसा विकास करे कि लोगों को अपने देश, उसकी स्वाधीनता और उन्नति के प्रति उत्साह हो, भारत की आकृति, उसका स्वरुप, उसका सौन्दर्य, उसकी नदियाँ, उसका रेगिस्तान, उसकी वनस्पतियाँ और उसके पशु इन सबसे भारत के हर पुरुष, स्त्री और बच्चे को परिचित होना चाहिए।[2] 'श्री रत्नास्वामी' के ये विचार यही स्पष्ट करते हैं कि राष्ट्रीय भावना राष्ट्र के किसी एक विषय के सम्बन्ध में नहीं होती अपितु राष्ट्र के प्रत्येक तत्व के प्रति अपनत्व की भावना राष्ट्रीय भावना कहलाती है।

इस विवेचन का सारांश यही है कि अपने देश की भूमि, संस्कृति, लोग, इतिहास, धर्म के प्रति लोगों का विश्वास, प्रेम तथा कर्तव्यनिर्वाह ही राष्ट्रीय भावना है परन्तु दूसरे किसी राष्ट्र के प्रति दुर्भाव इसमें त्याज्य माने गये हैं।[3] 'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में वर्णित उपर्युक्त तत्वों का विवेचन अग्राँकित है-

## भारत की प्रकृति के प्रति उदात्त भावना

नगर, नदियाँ, हवा, वृक्ष, आदि सभी तथ्य प्रकृति के अन्तर्गत आते हैं। महाकाव्य में इन सभी का वर्णन उदात्त भावना से हुआ है। महाकाव्य में वर्णित ये तत्व प्रत्येक भारतवासी का सिर गर्व से ऊँचा कर देते हैं। प्रकृति के सन्दर्भ में कवि ने लिखा है कि-

अस्माकं भारती भूमि प्रकृत्यै बहुरोचते।
अतोरंरम्यते सास्यां समोदं वनवासिनी।।[4]

भारत-भूमि के पहाड़ों, नदियों तथा झरनों की प्रशंसा करते हुये दीक्षित जी महाकाव्य में लिखते हैं कि यहाँ भारत भूमि के उक्त सभी तत्व अवि मनोहर हैं-

सरितोभूधराह्द्या निर्झराश्च मनोहराः।
वर्धयन्ति सदैतस्याश्, शोभां चेतोहरा नृणाम्।।[5]

भारत के झरनों का तो मनोहर चित्रण देखने योग्य है-

खचुम्बिगोत्थ मनोहराणि, साव्यक्तनादं सलयं वहन्ति।
हारन्तिकण्ठे च विलोक्य भूमेः प्रासीदतां तौ गिरिनिर्झराणि।।[6]

भारत के वनों एवं झीलों के प्रति कवि के हृदय में अतीव स्नेह है। वे भारतीयों के लिए वनों का महत्व जानते हैं। इसलिए तो लिखते हैं कि भारत के लिए आइने का काम करने वाली इसकी झीलें और इसकी अपार वन सम्पत्तियाँ लोगों को इसकी रमणीयता और उपयोगिता की सूचना देती हैं-

सरस्यो दर्पणी भूता, अनन्ता वन सम्पदः।
सूचयन्ति जनानस्या रम्यताचोपयोगिताम्।।[7]

एवमेव समग्र वन प्रान्त को सुगन्धित करने वाले देवदारु के वृक्षों का वर्णन भी अत्यधिक आह्लाददायक है-

तपस्थितानामिव तापसानां, स्वगन्धसन्पूरितकाननानाम्।
शोभामसीमां सरलद्रुमाणां, विलोकमानौ मुदमापतां तौ।।[8]

'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में भारतीय नदियों और नदी-सागर के पवित्र संगमों की भी प्रशंसा की गयी है। गंगा नदी का वर्णन तो उदात्त भावना से किया गया है। यही नदी प्रत्येक भारतीय को, धार्मिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक रुप से एक सूत्र में बाँधती है। इसलिए तो गंगा नदी में स्नान करते हुये लोग भेदभाव को त्याग देते हैं-

न जातिभेदो न च वर्ग भेदो, न क्षेत्रवादस्य कथापि चास्ति।
अहो प्रभावो भुवि देवनद्या, भेदान् विमुञ्चन्ति जना यदङ्के।।[9]

गंगा नदी को देख डॉ. दीक्षित का मानना है कि यह गंगा जल नहीं है यह तो आसमान का एक टुकड़ा है जो गंगा जी की आरती को समीप से देखने के लिए तारा रूपी आँखों को साथ लेकर पृथ्वी पर आया है।

इदमिहास्ति न देवनदी जलं, गगनखण्डमिदं वसुधागतम्।
नचलदीपगणश्च जलेप्ययं, भगण एष समं नभसागत:।।

इसी प्रकार भारत की वनस्पतियों के लिए सुगन्धित तथा मनोहारी कहकर भारत का गौरव बढ़ाया गया है, कश्मीर राज्य स्थित कुंकुम और केसर की खेती का ऐसा सुन्दर चित्रण अन्यत्र कहाँ-

दृष्ट्वा कृषिं कुंकुम केसराणां, शोभां सुमाच्छन्न महीरुहाणाम्।
घ्रात्वा तदुत्थं च मनोज्ञगन्धम्, नेत्राणिनासे च तयोरहृष्यन्।।[10]

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि 'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में भारत की प्रकृति का वर्णन अति उदात्त भावना से किया गया है जिससे पाठक भारत भूमि के प्रति प्रेमासक्त हो जाता है।

**भारतभूमि के प्रति मातृत्व की भावना**

प्राचीन काल से ही मातृभूमि के लिए माता की संज्ञा प्रदान की जाती रही है। वस्तुत: मातृभूमि को माता कहने की भावना हमें वेदों से मिली, अथर्ववेद के अनुसार हम पृथ्वी के पुत्र हैं-

तासु नो धेह्यभिं न: पवस्य माता भूमि:।
पुत्रोऽहं पृथिव्या: पर्जन्य: पिता स उ न: पिपर्तु:।।[11]

यजुर्वेद का यह मन्त्र भी इसी परिप्रेक्ष्य में द्रष्टव्य है-

उपहूता पृथ्वी मातोपमां पृथ्वी माता ह्यताम्।[12]

कुछ ऐसे ही भाव अपनी मातृभूमि के प्रति 'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में मिलते हैं। महाकाव्य के अनुसार जन्म भूमि जन्म देने वाली माता के समान सदैव आराधनीया होती है-

जन्मभूमिमथ स्वीयां, वन्दे भारतमातरम्।
जननीव सदाराध्या जन्मभूमिर्मता सताम्।।[13]

बाईसवें सर्ग में भी भगवान विष्णु ने भारतमाता को जन्मभूमि, कर्मभूमि व मर्मभूमि कहकर माता के समान माना है-

देवि! त्वमेवासि मदीय जन्मभूः, देवि! त्वमेवासि मदीय कर्म्मभूः।
त्वमेव चासीह मदीयमर्म्म भू, त्वं मे ततोमातृसमास्यसंशयम्।।[14]

यह तथ्य इस बात को स्पष्ट करता है कि जन्मभूमि माता के समान होती है। महाकाव्य में मुख्यरुप से भारतमाता का चित्रण हुआ है, भारत की धरती ही भारतमाता है। यह तथ्य स्वयं भारतमाता भगवान विष्णु से कहती हैं-

तस्यैव देशस्य यशस्विनः प्रभो, भूरस्म्यहं भारतमातृ नामिका।
एते उभे संस्कृति सभ्यताभिधे सुते च मे स्तः परिचायिके च मे।।[15]

इस प्रकार महाकाव्य में मातृभूमि को माता का स्थान प्रदान कर महाकवि ने इसमें राष्ट्रीय भावना का बीजारोपण किया है।

**भारतराष्ट्र के हित के लिए चिन्तन**

'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में भारतराष्ट्र के हित के लिए चिन्तन किया गया है। देवी लक्ष्मी के द्वारा की जा रही भारतदेश के प्रति चिन्ता इसका प्रमाण है-

समुत्थिते भारतवर्षनाम्नि, चित्ते तयोराशु समुद्गताभूत।
क्षेमं च योगं प्रति तस्य चिन्ता, गुणेक्षु कस्यास्ति न पक्षपातः।।[16]

भारतवर्ष के नाम के उठते ही उन दोनों के चित्त में शीघ्र ही उसकी कुशलता के लिए चिन्ता उठ खड़ी हुयी। गुणों के प्रति कौन पक्षपात नहीं करता?

लक्ष्मी जी द्वारा भारतराष्ट्र के लोगों के विषय में भगवान विष्णु से पूछे गये प्रश्न एक दृष्टि में अवलोकनीय हैं-

अमीजनाः भारतदेश जाताः, कथं स्वकीयं गमयन्ति कालम्।
ते कीदृशास्सन्ति सुता मदीयाः, परस्परं ते च किमाचरन्ति।।
ते भुंजते किंच पिबन्ति किन्ते, कुर्वन्ति ते किंच किमाश्रयन्ते।
पठन्ति ते किंच लिखन्ति किन्ते, वांछन्ति ते किंच कथं यतन्ते।।
धनानि चान्नान्यपि सन्ति तेषां, गृहेष्वजस्रं च यथोप्सितानि।
सुखेन शान्त्या किमु ते वसन्ति, किं कुर्वर्तेऽन्योन्य सहायतां ते।।[17]

अर्थात् भारत देश में उत्पन्न वे लोग अपना जीवन किस प्रकार बिता रहे हैं, मेरे वे बेटे बेटियाँ कैसे हैं? और वे सब आपस में किस प्रकार का आचरण करते हैं? वे क्या खाते हैं? क्या पीते हैं? क्या काम करते हैं? क्या आश्रय लेते हैं? क्या पढ़ते हैं? क्या लिखते हैं? क्या चाहते हैं? और उसके लिए क्या प्रयत्न करते हैं? क्या उन सबके घरों में अभीष्ट धनधान्य हमेशा रहता है? क्या वे सब सुख और शान्ति से रहते हैं? क्या वे सब एक दूसरे की सहायता करते हैं?

महाकाव्य के अन्त में भगवान विष्णु भारतमाता से कहते हैं कि ''पाप का ताण्डव जब पूरी तरह बढ़ जायेगा, सत्पुरुष अपने धर्म का आचरण करने से डरने लगेंगे और आपकी सहनशक्ति भी जब नष्ट हो जायेगी, तब मैं सज्जनों की रक्षा के लिए पृथ्वी पर जन्म लूँगा।''

वृद्धिं यदायास्यति पापताण्डवं, भेष्यन्ति धर्माचरणे च सज्जना:।
सहिष्णुता तेऽपि यदा नशिष्यति, तदा जनिष्ये भुवि रक्षितुं सत:।।[18]

पाप का ताण्डव जब पूरी तरह बढ़ जायेगा, सत्पुरुष अपने धर्म का आचरण करने में जब डरने लगेंगे, और सहनशक्ति भी जब नष्ट हो जायेगी, तब मैं सज्जनों की रक्षा करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लूँगा। इस श्लोक का भाव श्रीमद्भगवद्गीता के इस श्लोक से कितना मिलता है-

यदा यदा हि धर्मस्य, ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।[19]

इस प्रकार इस महाकाव्य में देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु के व्याज से भारतराष्ट्र के प्रति चिन्ता व्यक्त की गयी है तथा भगवान् विष्णु के प्रयासों से इसके सुखी होने की आशा प्रकट की गयी है।[20]

### भारत के सन्तों के प्रति आदर की भावना

भारतीय संस्कृति में सन्तों का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन काल से ही सन्त मातृभूमि की उन्नति के लिए कृत संकल्प थे। ऋग्वेद में इससे सम्बन्धित प्रमाण मिलते हैं। ऋग्वेद में कहा गया है कि अपनी माता को अपमानित करने की चेष्टा नहीं करें-

अयं पन्था अनुवित्त: पुराणोयतो देवा उदजायन्त विश्वे।
अतश्चिदा जनिषीष्ट प्रवृद्धो मा मातरमुपा पत्तवेक:।।[21]

एवमेव अखण्डनीय देवी अदिति के प्रति अपराध न करने का उपदेश भी दिया गया है-

अनागसो अदितये देवस्य सवितु: सवे विश्वावामानि धीमहि।
आ विश्वदेवं सत्पतिं सूक्तैरधा वृणीमहे सत्यसवं सवितारम्।।[22]

अर्थात् ''प्रेरणा देने वाले सविता देव की प्रेरणा से अखण्डनीय देवी अदिति का कोई अपराध न करें, हम सभी रमणीय और अभीष्ट धनों को प्राप्त करें''।

ऋग्वेद के इन मन्त्रों से स्पष्ट होता है कि प्रारम्भ से ही भारतीय सन्तों ने नागरिकों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी तथा राष्ट्र निर्माण व संचालन में अपनी भूमिका का निर्वाह किया तथा अपने कार्यों के निष्पादन के फलस्वरुप समाज में आदरणीय हो गये। 'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में भी राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले सन्तों के प्रति आदर प्रकट किया गया है। मंगलाचरणात्मक सर्ग में अपने गुरुवर को सिद्धि प्राप्त साधु कह कर उनकी वन्दना की गयी है।

सर्वदा सर्वदातारं तपोनिष्ठं तपोनिधिम्।
मन्नावः कर्णधारं तं गुरुं वन्दे मुहुर्मुहुः।।[23]

हमेशा मुझे सब कुछ सुलभ कराने वाले, तपस्या में निष्ठा रखने वाले, तपोनिधान और मेरी जीवन नौका का संचालन करने वाले अपने उन गुरुदेव को मैं बार-बार प्रणाम करता हूँ।

एवमेव हरिद्वार स्थित श्रवणनाथ मन्दिर के व्याज से कवि ने कहा है कि ''सिद्धि प्राप्त कर लेने वाले साधु सन्तों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए''।

नार्हन्त्युपेक्षां धृतसिद्धय जनाः।[24]

गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द जी का उद्धरण तो अतीव आह्लाददायक है। स्वामी श्रद्धानन्द जी एक ऐसे सन्त थे, जिन्होंने समाज के निर्माण हेतु अपना सर्वस्व त्याग, इस विद्या के मन्दिर की स्थापना की। नवम सर्ग में कवि ने स्वामी श्रद्धानन्द जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। इसी प्रकार भारतमाता मन्दिर में स्थित 'सन्त मन्दिर' में स्थित अनेक राष्ट्रीय सन्तों का वर्णन किया गया है।

**भारत के स्वतन्त्रता सेनानियों के प्रति आदर की भावना**

'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की स्तुति भारतमाता मन्दिर के व्याज से की गयी है तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी है। नवें सर्ग में स्वामी श्रद्धानन्द जी के परिप्रेक्ष्य में कहा गया है कि ''उन्होंने गुरुकुल को छोड़ भारत के स्वतन्त्रा संग्राम में भाग लिया''-

समाजस्याथ राष्ट्रस्य सेवायां व्यापष्टतोऽचिरम्।
राष्ट्रस्वातन्त्र्यनेतृणां, मध्ये मूर्धन्यतां गतः।।[25]

भारतमाता मन्दिर के द्वितीय तल में अर्थात् 'शूरमन्दिर' में अनेक राष्ट्रीय शूरवीर सुशोभित हो रहे हैं। महाकाव्य में महारानी लक्ष्मीबाई' का चित्रण कुछ इस प्रकार से किया गया है-

लक्ष्मीश्च नाम्नाखिलविश्वविश्रुता, झाँसीश्वरीधावति वाजिनि स्थिता।
नग्नं कृपाणं दधती च दक्षिणे, पाणौ च वामे रिपुखड्गरोधकम्।।
पृष्ठे स्वपुत्रं च कटौ कृपाणिकां, रणेब्रजन्ती निजमातृभूमये।
वीराग्रगण्या रणवेषभूषिता, विभाति देशाय हुतात्मजीविता।।[26]

इसी क्रम में आजादी के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले सरदार भगतसिंह, वीरता की प्रतिमूर्ति चन्द्रशेखर आजाद, हेमू कालानि तथा अश्फाक उल्ला खाँ भी इस मन्दिर में सुशोभित हो रहे हैं। चन्द्रशेखर आजाद का चित्रण पाठक के हृदय को रोमांचित करता हुआ सा आभासित होता है, कवि के शब्दों में-

आजादपूर्वस्य च चन्द्रशेखरो, धोत्येकवासा वयसा च नूतनः।
क्रमेणवामे च करे च दक्षिणे, रुच्या दधानो घटिकां चकंकणम्।।
वहंश्चकट्या गुलिकाश्च पिष्टलं, करेण श्मश्रु निजं प्रसाधयन्।
यज्ञोपवीतीहि विभाति भारत-स्वतंत्रतायै हुत जीवितो रणे।।[27]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि 'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में कवि ने स्वतंत्रता सेनानियों को काव्यपथ का पथिक बना काव्य को राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत कर दिया है। इन शूरवीरों के चरित्र से जहाँ राष्ट्र के प्रति भक्ति का आविर्भाव होता है वहीं अपनी गौरवमयी गाथा से प्रत्येक भारतवासी का सिर गर्व से ऊपर उठ जाता है।

**भारतभूमि का मानवीकरण**

'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य के अध्ययन से विदित होता है कि इसमें भारतभूमि का मानवीकरण किया गया है। ग्यारहवें सर्ग में भगवान विष्णु के पूछने पर वह स्वयं कहती है कि मैं भारत देश की धरती हूँ और मेरा नाम भारतमाता है।

'तस्यैव देशस्य यशस्विनः प्रभो! भूरस्म्यहं भारतमातृनामिका'।[28]

डॉ. दीक्षित के द्वारा भारतभूमि को मातृ रूप देना अद्‌भुत तो है ही साथ ही भारतमाता को प्रदत्त कलेवर भी चमत्कृत करने वाला है। सभ्यता एवं संस्कृति के ह्रास से चिन्तित भारतमाता का स्वरूप वर्णन द्रष्टव्य है-

मार्गे ततस्तौ हरिपैड़िगामिनि, मन्दं भ्रमन्तौ तरुमूलमाश्रिताम्।
चिन्ताब्धिमग्नामिवचोन्नतभ्रुवं, श्रद्धेयरूपां महिलामपश्यताम्।।
तस्या समीपे भुविचानतानने, अपारदुःखाहतचित्तचेतने।
प्रक्षीणदेहे अतिजर्जराम्बरे, आस्तां स्त्रियौ द्वे अपरे तदासिते।।[29]

इसके बाद हर की पैड़ी की ओर जाने वाले मार्ग में घूमते हुये उन दोनों ने एक वृक्ष की जड़ का सहारा लेकर बैठी हुयी, उठी हुई भौंह वाली, मानो चिन्ता के समुद्र में डूबी हुयी किन्तु श्रद्धा करने योग्य रूप वाली महिला को देखा। उस समय उसके पास दो और स्त्रियाँ जमीन पर बैठी हुयी थीं उनके मुँह झुके हुये थे, अपार दुःख के कारण उनके चित्त की चेतना घायल हो गयी थी, उनकी देह दुर्बल थी और उनके वस्त्र अत्यन्त फटे हुये थे।

संस्कृति, सभ्यता और भारतमाता का चित्रण देख श्रीमद्भागवतमहापुराण के भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का स्मरण हो उठता है। वस्तुतः भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का भावचित्रण ही भारतमाता संस्कृति एवं सभ्यता में दृष्टिगोचर हो उठता है। श्रीमदभ्ागवत महापुराण के अनुसार भक्ति, ज्ञान वैराग्य का चित्रण द्रष्टव्य है-

तत्राश्चर्यं मया दृष्टं श्रूयतां तन्मुनीश्वराः,
एका तु तरुणी तत्र निषण्णा खिन्नमानसा।
वृद्धौ द्वौ पतितौ पार्श्वे निःश्वसन्तावचेतनौ,
शुश्रूषन्ती प्रबोधन्ती रुदती च तयोः पुरः।।[30]

नारद जी कहते हैं कि वहाँ मैने एक आश्चर्य देखा वहाँ एक स्त्री खिन्न मन से बैठी थी। उसके पास दो वृद्ध युवक अचेत अवस्था में पड़े जोर जोर से साँस ले रहे थे। वह स्त्री उनकी सेवा करती हुयी कभी उन्हें चेत करने का प्रयत्न करती और कभी उनके आगे रोने लगती थी। 'भारतमाता ब्रूते' महाकाव्य में 'भारतमाता' अपनी भूमि पर उपजी समस्त कुरीतियों एवं कुप्रथाओं को भगवान विष्णु एवं देवी लक्ष्मी से कहती है। वर्तमान में भारतभूमि पर रिश्तों की गरिमा समाप्त होने के विषय में भारतमाता की यह उक्ति द्रष्टव्य है-

गेहे गेहेऽत्र दृश्यन्ते, मातापितृप्रपीडका।
मर्यादा भंजका धूर्ताः पुत्राः पुत्रवधूजना।।[31]

आजकल यहाँ लगभग हर घर में माता पिता को पीड़ा पहुँचाने वाले, मर्यादाओं को तोड़ने वाले धूर्त बहू-बेटे दिखाई देते हैं।

भारतमाता के द्वारा अपने दुखों को भगवान विष्णु के पास मनोवैज्ञानिक शैली में कहा गया है, जो पाठक के हृदय में इन कुरीतियों को दूर करने की प्रेरणा स्वतः जागृत करती है। मानव मानस में यही जागृति आज के परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक राष्ट्र भक्ति है क्योंकि इन कुप्रथाओं और कुरीतियों को समाप्त किये बिना हमारा देश उन्नति के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो पायेगा। यह महाकाव्य हमारे उन आन्तरिक शत्रुओं को पहचानने की शक्ति प्रदान करता है जो हमारे ही परिवेश में रह समाज को खोखला कर रहे हैं। बाहरी शत्रुओं को तो सभी पहचान लेते हैं, परन्तु अन्दर छिपे दुश्मनों को पहचानना अति दुष्कर है। इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि भारतमाता ब्रूते महाकाव्य में वह सभी तत्व समाहित हैं जो पाठक के मानस में राष्ट्रीय भाव भर देते हैं। यही राष्ट्रीय भाव राष्ट्र की उन्नति में सहायक सिद्ध होते हैं। निसन्देह भारतमाता ब्रूते महाकाव्य में वर्णित राष्ट्रीय भावनायें एक ओर कुरीतियों को समाप्त करने हेतु मानस पटल को उद्वेलित करते हैं वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के प्रति प्रेमांकुर प्रस्फुटित करते हैं।

## सन्दर्भसूची


1. संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना, डॉ. हरिनारायण दीक्षित, पृ0 22
2. उद्धृत राजनीतिकविज्ञान (आशीर्वादम् व कृष्णकान्त मिश्र) पृ0 705
3. संस्कृत साहित्य में राष्ट्रिय भावना, डॉ. हरिनारायण दीक्षित, पृ0 24
4. भा. मा. ब्रू.- 1/49
5. भा. मा. ब्रू.- 1/50
6. भा. मा. ब्रू.- 2/21
7. भा. मा. ब्रू.- 1/51
8. भा. मा. ब्रू.- 2/22
9. भा. मा. ब्रू.- 8/5
10. भा. मा. ब्रू.- 2/18
11. अथर्ववेद- 12/1/12
12. यजुर्वेद- 2/10
13. भा. मा. ब्रू.- 1/48
14. भा. मा. ब्रू.- 22/3
15. भा. मा. ब्रू.- 11/23
16. भा. मा. ब्रू.- 2/3

17. भा. मा. ब्रू.- 2/5-7

18. भा. मा. ब्रू.- 22/68

19. श्रीमद्भगवद्गीता- 4/7

20. भा. मा. ब्रू.- 22/71 उत्तरार्द्ध

21. ऋग्वेद- 4/2/18

22. ऋग्वेद- 5/6/82 (6वाँ मन्त्र)

23. भा. मा. ब्रू.- 1/33

24. भा. मा. ब्रू.- 3/47

25. भा. मा. ब्रू.- 9/113

26. भा. मा. ब्रू.- 10/92-93

27. भा. मा. ब्रू.- 10/95-96

28.. भा. मा. ब्रू.- 11/23 पूर्वार्द्ध

29. भा. मा. ब्रू.- 11/1-2

30. श्रीमद्भागवत् महापुराण 1/1/38-39

31. भा. मा. ब्रू.- 13/67

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

# वर्तमान दलित साहित्य का विकास एवं स्वरूप

शोध निर्देशक
**डा० सुशील उपाध्याय**
हिन्दी एंव भाषा विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड सस्कृंत विश्वविद्यालय हरिद्वार

**नीलम देवी**
शोध छात्रा
उत्तराखण्ड सस्कृंत विश्वविद्यालय हरिद्वार

वर्तमान समय में दलित साहित्य का विकास अपनी प्रगति की ओर अग्रसरित है। उन्नीसवीं शताब्दी से आधुनिक साहित्य का विकास हुआ है दलित साहित्य का प्रारम्भ मुख्य रूप से मराठी साहित्य में हुआ। इसी तरह दलित साहित्य का प्रारम्भ व विकास हुआ। दलित साहित्य का विकास महाराष्ट्र के ज्योतिबा फुले एवं भीमराव अम्बेडकर आदि से हुआ। भारत की सभी भाषाओं में दलित साहित्य ने विशाल रूप धारण कर लिया है। वर्तमान दलित साहित्य की जड़ें स्वामी अछुतानन्द हरिहर की प्रगतिशील कविताओं में दिखाई देती है। वर्तमान दलित लेखक को अपने भोगे हुए यथार्थ को लिखने में कोई झिझक नहीं है। वह पूरे आत्म विश्वास के साथ न केवल कटु साहित्य यथार्थ को लिखता है, अपितु उसके विरुद्ध दृढ़ प्रतिरोध की चेतना का संचार भी करता है।

हिन्दी दलित साहित्य में अभिव्यक्त विद्रोह, नकार ओर नवसान निर्माण का स्वप्न हमेशा से आलोचना का शिकार रहा है। वर्तमान में दलित साहित्य के सौन्दर्य बोध ने उस पर लगने वाले आरोपों को नकार कर जीवनवादी साहित्य के रूप में प्रतिष्ठा हासिल एवं मान्यता प्राप्त की है। आज दलित साहित्य देश की सीमाओं से बाहर वैश्विक स्तर पर भी लिखा जा रहा है। दलित साहित्य से मनुष्य सारे ढांचे को तोड़कर नए ढांचे तैयार करता है। इसलिये भाव की जगह विभाग को अधिक प्रमुखता दी जाती है। भाव बोध से अधिक महत्व मनुष्य बोध का है। दलित साहित्य पूरी व्यवस्था को बदलना चहता है यही दलित साहित्य की प्रमुख विशेषता है यह केवल संवेदना की स्थिति में न होकर दार्शनिक स्तर का है। दलित साहित्य ने मनुष्य को मनुष्य के रूप मे पहचाना है। दलित साहित्य मे विविधता है, यही विविधता हमारे चिन्तन का विकास है। लेखक अपने स्वभाव के अनुसार साहित्य का सृजन करता है प्राचीन, अर्वाचीन और समकालीन सहित्य में दलितों का वास्तविक चित्रण नहीं हुआ है। दलितों का वास्तविक चित्रण दलित साहित्य में दलित लेखकों द्वारा ही संभव है क्योंकि दलित लेखक दलितो के जीवन का यथार्थ साहित्य में अभिव्यक्त कर सकता है। वर्तमान में दलित साहित्य में जो अनुभव व यथार्थ अभिव्यक्त हुआ है, ऐसा किसी अन्य साहित्य में व्यक्त नहीं हो पाया है। दलित जीवन का अनुभव जाति विशेष का अनुभव है, जो सम्पूर्ण दलित जाति का प्रतिनिधित्व करता है।

वर्तमान दलित साहित्य व्यक्ति से व्यक्ति की तरह व्यवहार करने पर बल देता है। वह अपने आत्मसम्मान के लिए परम्पराओं व धर्म को नहीं मानता। क्योंकि परम्पराएं तथा धर्म दलित मानव के जीवन विकास को अवरुद्ध करती हैं। इसलिये वह इन्हें तोड़कर जीवन में विकास के मार्ग पर अग्रसर होता है। इसी से वर्तमान दलित साहित्य का विकास संभव है। दलित लेखक ईमानदारी एवं सामाजिक जिम्मेदारी व निष्ठा से दलित साहित्य लिखता है। जिससे लेखन में कार्यकर्ता का आवेश और निष्ठा अभिव्यक्त होती है ''वर्तमान भारतीय साहित्य जगत में दलित साहित्य अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। प्रारम्भ में ही दलित साहित्य साहित्य जगत में एक आन्दोलन की तरह रहा है। और वर्तमान में भी इस साहित्य को आन्दोलन की दृष्टि से देखा जा रहा है और इसमें सत्यता भी है। जिस प्रकार दलित साहित्य ने हिन्दी साहित्य में अपना एक विशेष स्थान बनाया है उसे साहित्य जगत में एक आन्दोलन भी कहा जा सकता है ''दलित साहित्य दलित समाज के लिये प्रेरणा का स्रोत है जो दलित समाज को आगे बढ़ने के लिय प्रोत्साहित करता है।

वर्तमान में दलित जीवन साहित्य में विशेष रूप से दिखाई देता है। यह दलित जीवन वर्तमान समाज का हृदय है। साहित्यकार को दलित वर्ग के व्यापक जीवन को समझने के लिए दिव्य-दृष्टि का होना आवश्यक है। दलित साहित्यकार को दलित जीवन के यथार्थ जीवन के सभी जुल्मों से मुक्त करने वाले साहित्य का निर्माण करना चाहिए। तथा उसे दलितों के प्रति सजग होना चाहिए। भारतीय समाज और दलित जीवन का सम्बन्ध अधिक निकट का सम्बन्ध है। साहित्य, जीवन का अंग होता है। इस कारण दलित जीवन भी साहित्य का एक सशक्त अंग है। दलित लेखकों की साहित्य विषयक समझ दलित साहित्य की जन्म प्रक्रिया से सुसंगत है। दलित साहित्य की प्रेरणा संघर्ष करते हुए सामाजिक न्याय एवं विकास के समान अवसर पाने की है।

साहित्यकार सबसे पहले मानव होता है वह बाद में जब साहित्य जगत में आता है तब वह साहित्यकार होता है। दलित साहित्य केवल दलितों का न होकर पीड़ितों- शोषितों की प्रखर वाणी बन गया है। दलित साहित्य दलित लेखकों के विचारों में साम्यता, अनुभव एवं भावना में साम्यता होने के कारण समानता दिखाई देती है। दलित साहित्य के विकास काल में पुरोगामी लेखक समीक्षकों ने महत्वपूर्ण साझेदारी की है। उनका दलित साहित्य मे विशेष योगदान रहा है। साहित्यकारों ने अपने सतत् प्रयासों से दलित साहित्य का विकास किया है। दलित साहित्य के विकास में दलित साहित्यकारों के अलावा महिला साहित्यकारों ने भी अपने अनुभवों तथा यथार्थ स्वरूप को दलित साहित्य में अभिव्यक्त किया है। दलित साहित्य मूलतः मानव - मूल्यों का संवाहक हैं।

वर्तमान में हिन्दी में जो दलित साहित्य लिखा जा रहा है इससे पहले भी दलित जीवन पर लिखा गया था। उन्होने दलित मानव के जीवन को केन्द्र बनाकर साहित्य लिखा। वर्तमान समय में दलित साहित्य आज एक अच्छी स्थिति में पहुच चुका है। उसने साहित्य की सभी विधाओं में परिष्कृत एवं पुरस्कृत रचनाएं प्रदान की है। दलित साहित्य की यात्रा विकास पथ पर अग्रसर होकर आज अपनी गम्भीर मुद्रा को धारण करती हुई आगे बढ़ रही है। ''आज भारतवर्ष में दलितों में जो भी प्रगतिशील चेतना जागृत हुई है उसका आधार डा. भीमराव अम्बेडकर, फुले आदि के क्रान्तिकारी विचार और कार्य ही है। अतः दलित समाज की उन्नति एवं प्रगति का मूल स्रोत शिक्षा एवं दलित साहित्य ही है। दलित साहित्य के प्रेरणा स्रोत बुद्ध, कबीर महात्मा ज्योतिबा फुले तथा डा. भीमराव अम्बेडकर प्रमुख है। जिनकी प्रेरणा पाकर दलित साहित्यकारों नें दलित साहित्य को लिखना प्रारम्भ किया और उन्नति की ओर अग्रसर किया।

भारतीय दलितों के दलितपन के लिए अज्ञानता, रूढियां - जड़ताएं एवं अशिक्षा प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। शिक्षा के आलोक में ही सभी अंधकार मिटाये जा सकते हैं। शिक्षा ही वह हथियार है, जो दलितों के समाज में आगे बढ़कर अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए विरोध एवं संघर्ष के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि शिक्षा के अभाव में व्यक्ति एवं उसके समाज का विकास अवरुद्ध होता है। अतः शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जो जीवन मे उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है। डा. भीमराव अम्बेडकर का भी नारा था कि ''शिक्षित बनो, संघर्ष करो, जात पात के उन्मूलन द्वारा ही दलित अपनी पहचान बना सकेंगे। इसके लिए महात्मा फुले ने दलितों के लिए नये स्कूल खोले। 'इस प्रकार दलित साहित्य में अनुभव की विभिन्न और अचरज डालने वाली असीम परिधियों की अभिव्यंजना मिलती है। दलित साहित्य स्वतन्त्र विधा के रूप में प्रकट हुआ है। वर्तमान समय में दिन-प्रतिदिन दलित साहित्य हमारे समक्ष नये-नये रूपों में उभर कर सामने आ रहा है।

दलित साहित्य के वर्तमान स्वरूप, विकास तथा दलितों की मुक्ति के लिए दलित साहित्यकारों नें विशेष भूमिका निभायी है। हिन्दी साहित्य में दलित साहित्य नें 1980 ई0 से अपनी अलग पहचान बनाई है। किन्तु दलित साहित्य भारतीय साहित्य में अपना वह स्थान नहीं बना पाया, जिसकी अपेक्षा दलित साहित्यकारों नें की थी। हिन्दी साहित्य के इतिहास में अनेक परिवर्तन हुए जिन्होंने हिन्दी साहित्य की मुख्य धारा को विशेष रूप से प्रभावित किया हैं। उनमें एक दलित साहित्य भी है, जिसने हिन्दी साहित्य को मुख्य रूप से प्रभावित किया है। दलित साहित्य दलितों की पीड़ा, शोषण, उत्पीड़न को रूपायित तथा उनके जीवन को उसी यथार्थ रूप में अभिव्यक्त करता है जिस रूप मे दलितों नें उसे भोगा एवं सहा है। दलित साहित्य दलित जीवन का प्रमुख साहित्य है। वर्तमान दलित साहित्य साहित्य हिन्दी साहित्य जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दलित साहित्य मानव की समता, स्वतन्त्रता और बंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है। यह साहित्य मानव तथा मानवता को विशेष रूप से महत्व प्रदान करता है। क्योंकि दलितों के पास न जाति है न मनुष्यता का हक। वह तो मनुष्यत्व पाने को लालायित है। साहित्य समाज का दर्पण होता है। दलित साहित्य भी दलित समाज का दर्पण है। इसी साहित्य द्वारा ही दलित वर्ग की वर्तमान स्थिति का चित्रण किया गया है। इस साहित्य से ही दलित समाज में जागृति पैदा हुई है एवं दलित समाज को दिशा मिली है। इसी सन्दर्भ में प्रो. चमनलाल जी का कथन है कि ''दलित साहित्य वह साहित्य है जो दलितों के जीवन, उनके सुख-दुख, उनकी सामाजिक राजनीतिक स्थितियों, उनकी संस्कृति, उनकी आस्थाओं-अनास्थाओं, उनके शोषण व उत्पीड़न तथा इस उत्पीड़न-शोषण के दलित द्वारा प्रतिरोध की स्थितियों को व्यापकता तथा गहराई के साथ, कलात्मकता से प्रस्तुत करता है। वर्तमान दलित साहित्य डा0 भीमराव अम्बेडकर के विचारों के ओतप्रोत है और उसी दिशा में विकास की ओर प्रयासरत है। हिन्दी दलित साहित्य आज इस स्थिति में है कि वह भारत की अन्य भाषाओं के दलित साहित्य के समक्ष अपने वैशिष्ट्य के कारण जाना जाता है।

वर्तमान समय मे भी हिन्दी क्षेत्र के समाज में दलित साहित्य को समझने एवं स्वीकार करने के प्रति उत्सुकता बढ़ी है। हिन्दी में दलित साहित्य एवं दलित चेतना वास्तविक बन गई है। स्वतन्त्रता आन्दोलन से पूर्व दलित सम्बन्धी साहित्य को प्राचीन दलित साहित्य और उसके बाद के दलित सम्बन्धी साहित्य को आधुनिक या वर्तमान दलित साहित्य कह सकते हैं। उन्नीसवीं सदी से आधुनिक दलित साहित्य का विकास हुआ। इस साहित्य का प्रचार-प्रसार बढ़ा। अतः आधुनिकता से प्रभावित होकर दलित साहित्य की सभी विधाओं में विकास हुआ, जो निरन्तर प्रगति पर है। आज हिन्दी दलित साहित्य ने अपनी पहचान स्थापित करते हुए, समाजिक मूल्यों और साहित्यिक विमर्श में अपना पक्ष दृढ़ता के साथ रखा है और साहित्य को समाज सापेक्ष और वस्तुनिष्ठ बनने की प्रकिया से जोड़ने की पहल की है। दलित साहित्य के प्रकाश में आने पर दलित वर्ग पर अत्याचार तथा शोषण आदि मे कमी आई है। क्योंकि इस साहित्य ने दलितों पर हो रहे अत्याचार, शोषण एवं उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाई है।

डा. भीमराव अम्बेडकर द्वरा प्रेरित दलित साहित्य ने मनुष्य को केन्द्र माना है। मानव की स्वतन्त्रता की घोषणा, मुक्ति के लिए प्रोत्साहित करने वाला वंश, वर्ण तथा जाति का विरोध करने वाला साहित्य ही दलित साहित्य है। मानवता ही दलित साहित्य का विशेष धर्म है, जो समाज, संस्कृति और साहित्य व्यक्ति को लघु बनाता है। इसलिए उसके विरुद्ध दलित साहित्य विरोध करता है। अम्बेडकर के विचार ही दलित साहित्य की प्रेरणा है। यह साहित्य जीवनवादी साहित्यिक धारा एवं यथार्थवादी साहित्य है। क्योंकि यह यथार्थ एवं अनुभूति का साहित्य है, उसी से निर्मित व व्यापक है। दलित साहित्य का पथ अलग तथा स्वतन्त्र होता है। दलित साहित्य के सन्दर्भ में यशवंत मनोहर कहते हैं ''श्रेष्ठ जीवन मूल्यों का और कला

मूल्यों का अपूर्व एकरस मिलन समारोह साकार करने वाला साहित्य भविष्य में दलित साहित्य के रूप में पहचाना जाएगा। उनके द्वारा रचा हुआ क्रान्तिकारी, कलावादी, मराठी साहित्य के इतिहास गौरव की महिमा होगी।'' दलित साहित्य की प्रेरणा, भूमिका, प्रतिबद्धता आदि मानवता में मिलती है जिसे दलित लेखको ने अम्बेडकर वाद के नाम से सम्बोधित किया है।

वर्तमान समय में साहित्य सन्दर्भ में देखा जाए तो आज का दलित साहित्यकार यह स्वीकार करता है कि ब्राह्मणों ने जो भी धर्मग्रन्थों पर धर्मशास्त्रों की रचना की है वह अपने वर्गीय स्वार्थ की रक्षा के लिए की है। आज का दलित साहित्यकार समाज में भेदभाव पूर्ण व्यवस्था को समाप्त कर एक ऐसे सद्‌भाव पूर्ण समाज की स्थापना करना चाहता है जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान उनके गुणों के आधार पर हो न कि जाति से। दलित साहित्य की ऊर्जा का स्रोत दलित वर्ग का जीवन क्षेत्र है। वर्तमान समय में साहित्य की सभी विधाओं में दलित साहित्य विस्तार पा रहा है। दलित साहित्य कई सवालों को लेकर लिखा जा रहा है। लगभग साहित्य की सभी विधाओं में दलित साहित्य ने अपना खाता खोला है। डा0 अम्बेडकर के विचार पर आधारित साहित्य केवल दलितों को ही नहीं, किन्तु सवर्ण समाज के लिए भी शिक्षा का साधन बन सकता हैं। हिन्दी और भारत की अन्य भाषाओं में दलित चेतना का स्वर उभरा है। दलित साहित्य स्वयं एक समर्थ साहित्य है।

आज वर्तमान समय में दलित साहित्य का विकास तीव्र प्रगति पर हो रहा है। भारत में आज भी साहित्यकार मानव नियति में राष्ट्र के नव निर्माण के प्रति अपना दायित्व अनुभव कर रहा है, उसके लिए सबसे प्रमुख चिन्ता हो जाती है, सामान्य जन की मुक्ति। वर्तमान दलित साहित्य के विकास में दलित साहित्यकारों द्वारा एक क्रान्तिकारी प्रयास सतत् रूप मे जारी है, तथा वे इस ओर प्रत्यनशील हैं। हमारे प्रमुख दलित साहित्यकार ओमप्रकाश वाल्मीकि स्वयं लिखते हैं कि ''दलित साहित्य की व्यापकता इसी में है कि अन्याय, अत्याचार, सामाजिक विषमताओं, शोषण, दमन के विरुद्ध एक दीवार की तरह खडा हो जाए, बेहतर समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए, तभी उसका सामाजिक दायित्व और वैचारिक प्रतिबद्धता सिद्ध होगी। अतः वर्तमान दलित साहित्य दलित सामाज की एक विशेष आवश्यकता है इसी साहित्य के द्वारा ही दलित समाज में जागरुकता फैली है। जो दलित समाज की परमावश्यकता है।

**<u>सन्दर्भ सूची</u>**

1. डा. दिलीप मेहरा, हिन्दी कथा साहित्य में दलित, क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2011, पृ. सं. -157.

2. डा. दिलीप मेहरा, हिन्दी कथा साहित्य में दलित, क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2011 पृ. सं. -157
3. डा. राम भरोसे, दलित विमर्श तथा प्रेमचद्र साहित्य, अनीता पब्लिशिंग हाउस, लोनी गाजियाबाद, प्रथम संस्करण - 2014, पृ. सं. -202.
4. डा. शरण कुमार लिगंले, दलित साहित्य, वेदना और विद्रोह, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2010 पृ. सं. -170.
5. साक्षान्त मस्के, परम्परागत वर्ण-व्यवस्था और दलित साहित्य वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2009 पृ. सं. -46.
6. साक्षान्त मस्के, परम्परागत वर्ण-व्यवस्था और दलित साहित्य वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2009 पृ. सं. -27.
7. डा. शरण कुमार लिगंले, दलित साहित्य का सौर्दयशास्त्र, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, संस्करण - 2014 पृ. सं. -25.
8. प्रो. चमनलाल, दलित साहित्य एक मुल्यांकन, राजपाल प्रकाशन कश्मीरी गेट दिल्ली, पृ. सं. -15.
9. ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य अनुभव, सघर्ष एवं यथार्थ राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, पृ. सं. -33।
10. मनोहर यशवन्त, दलित साहित्य सिद्वान्त और स्वरूप पृ. सं. 621.
11. डा. दिलीप मेहरा हिन्दी कथा साहित्य में दलित विमर्श, क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी नई दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2011 पृ. सं. -33.
12. ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, पृ. सं.-20.

# मल्टीमीडिया लर्निंग की वर्तमान विद्यालय व्यवस्था में आवश्यकता

**विश्लेषणात्मक अध्ययन**

**अभिषेक कुमार दूबे**
शोधार्थी, मनोविज्ञान विभाग,
देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार,

**शोध-सारांश**

आज अधिकतर माता-पिता की यही शिकायत रहती है कि या तो उनके बच्चों का पढ़ने में मन नहीं लगता या उनकी अपने विषय के प्रति रुचि ही नहीं हैं। वास्तविकता यही है कि आज अधिकतर बच्चों की अपने विषय के प्रति रुचि ही नहीं है। वे स्कूल जाते जरूर हैं परन्तु उनका सारा ध्यान केवल इधर-उधर की बातों में ही रहता है। इसी कारण वे अपने विषय में महारत नहीं प्राप्त कर पाते हैं। इसी विषय को केन्द्र में रखकर प्रस्तुत शोध-पत्र लिखा जा रहा है इससे ये समझने में सरलता होगी कि किस तरह से पाठ्यक्रम को ऐसा बनाया जाये कि विद्यार्थियों का विद्यालय में मन लगा रहे तथा उनके अपने विषय के प्रति भी रुचि जाग्रत हो सके। प्राथमिकता केवल विद्यालय स्तर पर बच्चों की संख्या को बढ़ाना ही नहीं होनी चाहिये बल्कि यह भी होनी चाहिये कि जिस वजह से बच्चे विद्यालय आ रहे हैं वह कार्य भी हो रहा है अथवा नहीं।

**कूट संकेतः- विद्यालय व्यवस्था एवं मल्टीमीडिया लर्निंग**

**प्रस्तावनाः**- विद्यालय किसी भी प्रकार का हो चाहे वह सरकार द्वारा संचालित हो रहे हों अथवा निजी संस्थान द्वारा संचालित हो रहे हों दोनों ही प्रकार के विद्यालय में यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय का वातावरण इस प्रकार का हो जिससे विद्यार्थियों का मन विद्यालय में लगा **( जगमोहन सिंह राजपूत )** रहे साथ ही साथ वह खेल-खेल में पढ़ाई कर सके व बताई गई बातों को आसानी से सीख लें। वर्तमान में विभिन्न प्रकार के यंत्रों का प्रयोग किया जा रहा है जिससे अधिगम को सुगम बनाया जा रहा है। मल्टीमीडिया लर्निंग भी इसी दिशा में कार्यरत है।

मल्टीमीडिया लर्निंग सीखने की ऐसी पद्धति है जिसमें एक से अधिक माध्यम के द्वारा निर्देष दिया जा सके। एक से अधिक माध्यम से आशय यह है कि जहाँ दृश्य तथा श्रव्य माध्यम के द्वारा निर्देष प्रसारित किया जा रहा हो। मल्टीमीडिया लर्निंग इक्कीसवीं सदी के विद्यार्थियों के लिये सीखने के एक आकर्षक माध्यम के रूप में उभर कर सामने आया है। यह एक ऐसी प्रविधि है जिसमें सीखने वाले अर्थात विद्यार्थी वर्ग तथा सीखाने वाले अर्थात शिक्षक वर्ग के लिये एक उत्तम प्रविधि के रूप में विकसित हुआ है।

आज सामान्यत: विद्यालय परिवेश में बच्चों को 6-7 घण्टे तो रहना ही होता है। इसके पश्चात कठिन होती पढ़ाई का बोझ बच्चों को परेशान करता है। अत: आवश्यक हो जाता है ऐसी परिस्थितियों में बच्चों की मनोदशा को सुधारना। क्योंकि यदि इस अवस्था में इनकी मनोदशा में सुधार नहीं हुआ तो आगे चलकर विद्यालय जाना तथा पढ़ाई के प्रति अरुचि इनकी प्राथमिकता बन जायेगी जैसा कि आज कई अभिभावकों की समस्या है **( प्रो. मोईनुद्दीन )**। अत: विद्यालय में होने वाली पढ़ाई इस तरह से होनी चाहिये कि बच्चों को 6-7 घण्टे बीतने का पता ही न चले और खेल-खेल में सभी कुछ सीख जायें।

वर्तमान विद्यालय व्यवस्था बहुत बोझिल प्रतीत होती है। अभी हाल ही में एक न्यूज चैनल ने अपनी खबर में इस बात को प्रसारित किया था कि बच्चों के स्कूल के बैग का बोझ दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। नन्हें बच्चों का बचपन केवल स्कूल बैग के बोझ उठाने में ही बीत रहा है। ऐसे में किसी की पीठ दर्द कर रही है तो किसी की कमर दर्द कर रही है इस तरह की समस्या सदैव बच्चे करते रहते हैं। अत: इसी स्तर से ही सुधार की आवश्यकता है। बच्चों का मन विद्यालय में लगा रहे इस दिशा में मल्टीमीडिया लर्निंग कारगर हो सकता है।

प्रस्तुत शोध पत्र इस बिन्दु को केन्द्र में रखकर लिखा गया है कि निजी विद्यालय तो फिर भी किसी तरह से अपने स्कूल के बच्चों के लिये इस प्रकार की व्यवस्था कर पाने मे समर्थ हैं जिससे वहां के बच्चों का मन स्कूल में लगा रहे परन्तु सरकार द्वारा चलाये जा रहे विद्यालय में तो इस प्रकार की कोई व्यवस्था ही नहीं है। न तो प्रयोगशाला है, न ही किसी प्रकार की स्मार्ट क्लास का प्रावधान है इत्यादि। ऐसी हालत में बच्चों को किस प्रकार से उन्नत बनाया जा सकता है यह वांछनीय प्रश्न है। इसी सन्दर्भ में मल्टीमीडिया लर्निंग की वर्तमान में आवश्यकता को बताया जा रहा है विशेष कर सरकारी शिक्षण संस्थान के परिप्रेक्ष्य में।

**मल्टीमीडिया लर्निंग एक दृष्टि में:-** अब यहां सर्वप्रथम यह जान लेना आवश्यक है कि मल्टीमीडिया लर्निंग क्या है। जैसा कि पूर्व में ही मल्टीमीडिया लर्निंग को परिभाषित किया जा चुका है परन्तु अध्ययन की दृष्टि से यहां भी इसकी परिभाषा आवश्यक है। मल्टीमीडिया लर्निंग को बहुत से प्रारूपों में परिभाषित किया जा सकता है। परन्तु अध्ययन के आधार पर मल्टीमीडिया लर्निंग को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि जहाँ एक से अधिक माध्यम के द्वारा निर्देश दिया जा रहा हो। एक से अधिक माध्यम से आशय यह है कि जहाँ दृश्य तथा श्रव्य माध्यम के द्वारा निर्देश प्रसारित किया जा रहा हो।

अब यदि मल्टीमीडिया लर्निंग को यदि मस्तिष्कीय प्रक्रम के साथ जोड़कर देखा जाये तो इस दिशा में पूर्व में शोध दर्शाते हैं कि मस्तिष्क दो माध्यमों के द्वारा किसी सूचना को संसाधित करता है जो इस प्रकार

है दृश्य तथा श्रव्य। जब सूचनाओं को इन दोनों माध्यमों के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है तो मस्तिष्क नई सूचनाओं को ग्रहण कर लेता है। दूसरे शब्दों में कहे तो इन माध्यमों के द्वारा सूचनाओं को मस्तिष्क के अनुकूल बनाया जाता है, जिससे समझने में सुविधा होती है। इन तकनीकी आधारित उपकरणों में माध्यम से विद्यार्थियों की अधिगम क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान समय न्यूरोमनाविज्ञान की क्रान्ति का समय है। इस अध्ययन के पूर्व इस बात को जान लेना आवश्यक है कि मस्तिष्क किस प्रकार सूचनाओं को संसाधित करता है।

मस्तिष्क में सूचनाओं का संसाधन बहु-चरणीय प्रक्रिया है जिसमें प्रत्यक्षीकरण, अवधान, चयन, संगठन तथा एकीकरण इत्यादि प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं **( स्वैलर, २००३ )**। दीर्घकालिक स्मृति इन प्रक्रियाओं का केन्द्र होती है। दीर्घकालिक स्मृति सूचनाओं को बहुत समय तक संचित रखती है। सूचनाओं को कई खंड में संचित किया जाता है जिसे चुंक या स्कीमा कहा जाता है। स्कीमा के माध्यम से सूचनाओं को एक दिशात्मक रूप मिलता है जिससे नई सूचनाएं एक संगठित रूप में स्मशति में संचित हो जाती है **( काई, ग्लेसर तथा रीस, १९८२ )**। संक्षिप्त में कहा जाये तो दीर्घकालिक स्मृति में सीखी गई सूचनाओं को ही संचित किया जाता है।

उपर्युक्त विवरण के आधार पर यह देखना है कि मल्टीमीडिया लर्निंग मस्तिष्क प्रक्रम से किस प्रकार सम्बन्धित है।

१. प्रभावी मल्टीमीडिया की मान्यता है कि क्रियात्मक स्मृति की सूचनाओं को संसाधित करने की एक सीमित क्षमता होती है।

२. प्रभावी मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण में माध्यम से या दृश्य तथा श्रव्य माध्यमों के द्वारा सूचनाओं को क्रियात्मक स्मृति में संसाधित करने में सहायता मिलती है तथा इन माध्यमों के द्वारा मस्तिष्क ज्यादा सूचनाओं को संग्रहित करता है।

3. प्रभावी मल्टीमीडिया में ऐसा माना जाता है कि केवल शब्द को संसाधित करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है अत: दोनों माध्यमों दृश्य तथा श्रव्य का प्रयोग किया जाना चाहिये।

४. प्रभावी मल्टीमीडिया की मान्यता है कि दीर्घकालिक स्मृति में सूचनाओं को एक अर्थपूर्ण ढंग से संगठित किया जाता है जिसे चुंक या स्कीमा कहते हैं। अत: यदि सूचनाओं को एक संगठित रूप में प्रस्तुत किया जाये तो विद्यार्थियों को इन्हें जल्दी समझ में आयेगा तथा इन सूचनाओं को दीर्घकालिक स्मृति में ज्यादा समय तक रखने में भी सहायता मिलेगी।

अब यह देखना है कि मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण को किस प्रकार से बनाया जाये जिससे विद्यार्थियों को उसे समझने में आसानी हो तथा वो उसका उपयोग अपनी अधिगम क्षमता को विकसित करने में कर सकें। आगे मल्टीमीडिया लर्निंग के कुछ महत्वपूर्ण सिद्धान्तों की व्याख्या की जा रही है जिनके माध्यम से यह जानने में सुविधा होगी कि मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण को किस प्रकार से विद्यार्थियों के केन्द्रीकृत बनाया जा सके साथ ही किस प्रकार से विद्यार्थी इसका उपयोग करें।

1. **शब्दों तथा चित्रों का एक साथ प्रस्तुतीकरण ज्यादा प्रभावी होता है अपेक्षाकृत केवल शब्दों के प्रस्तुतीकरण के। (रिचर्ड ई मेयर,२००५)** को मल्टीमीडिया लर्निंग के मूल सिद्धान्तों का जनक कहा जाता है। इन्होंने बताया कि दोनों ही माध्यम शब्द तथा चित्र का प्रयोग ज्यादा प्रभावी है अपेक्षाकृत केवल शब्द के। (**स्वैलर,२००५**) ने अपने प्रयोगों के माध्यम से इस विषय की पुष्टि भी की है कि शब्दों तथा चित्रों के माध्यम से मस्तिष्क एक साथ ज्यादा सूचनाओं को संसाधित कर सकता है।

2. **मल्टीमीडिया लर्निंग तब ज्यादा प्रभावी होती है जब सीखने वाले का अवधान केन्द्र में हो ना की इधर-उधर या विपरीत दिशाओं में।** मल्टीमीडिया का उपयोग तब ज्यादा प्रभावी होता है जब सीखने वाले का अवधान बिखरा हुआ न हो। विखण्डित अवधान उस दशा में होता है जब सीखने वाले को जो सूचना दी जा रही है वह सूचना अलग-अलग हो या एक ही समय में दो सूचनाओं को एक साथ प्रस्तुत किया जा रहा हो। संक्षिप्त में देखा जाये तो इस कथन का आशय इस प्रकार है कि जब सूचना से सम्बद्ध अंशों को एक साथ दिखाया जाता है तो अधिगम ज्यादा प्रभावी होता है। विपरीत इसके यदि सम्बद्ध अंशों को एक साथ नहीं दिखाया जाता तो अवधान प्रभावित होता है।

3. **मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण में असंगत सूचनाओं को स्थान नहीं देना चाहिये।** कुछ अध्ययन बताते हैं कि मल्टीमीडिया लर्निंग तब ज्यादा प्रभावी होती है जब सीखने वाले के विषय या उद्देश्य से सम्बन्धित या विषय से संगत तथ्य ही प्रस्तुतीकरण में उपस्थित होते हैं। (**कालयुग, चांदलर तथा स्वैलर १९९९**) ने अपने शोध में पाया कि विद्यार्थी तब ज्यादा सीखते हैं जब मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण में असंगत तथा अनावश्यक या व्यर्थ की सूचनाएं सम्मिलित न हों केवल आवश्यक सूचनाओं को ही स्थान दिया जाना चाहिये।

4. **मल्टीमीडिया लर्निंग तब ज्यादा प्रभावी होती है जब यह सीखने वाले को प्रभावित करे तथा साथ ही सीखने वाले के नियंत्रण में हो।** सभी विद्यार्थी की अधिगम क्षमता एक जैसी नहीं होती

है। शोध बताते हैं कि जब सीखने वाला इस योग्य हो कि वह प्रस्तुतीकरण की गति को नियंत्रित कर सके तब वह ज्यादा अच्छे से सीखता है।

5. **मल्टीमीडिया लर्निंग तब ज्यादा प्रभावी होती है जब सीखने वाले के ज्ञान का स्वरूप मल्टीमीडिया अंशों को प्रस्तुत करने के पूर्व ही उत्प्रेरित हो। (पोलॉक, चांदलर तथा स्वैलर,२००२)** ने अपने शोध में पाया कि मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण में माध्यम से अधिगम क्षमता को उस दिशा में बढ़ाया जा सकता है जब सीखने वाला उसके प्रति उत्प्रेरित हो।

6. **मल्टीमीडिया निर्देश जिनमें सजीव चित्रण या एनिमेशन उपस्थित हो ऐसे प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अधिगम को बढ़ाया जा सकता है। (बैटनकोर्ट २००५)** ने अपने अध्ययन में पाया कि एनिमेशन तब ज्यादा प्रभावी होता है जब विद्यार्थियों को किसी अंश को समझने में ज्यादा कठिनाई होती है। एनिमेशन विद्यार्थियों को उन तथ्यों को समझने में सहायता करता है जिन्हें सामान्य तरीके से नहीं देखा जा सकता है। प्रमुख रूप से यह उन तथ्यों के लिये ही सही है जिन्हे देखा नहीं जा सकता है जैसे विद्युत धारा इत्यादि।

7. **मल्टीमीडिया लर्निंग उस स्थिति में प्रभावी मानी जाती है जब सीखने वाला दिखाई गई नई जानकारी का उपयोग करे तथा उसके प्रति प्रतिक्रिया प्राप्त करे। (मेयर २००५)** ने बताया कि मल्टीमीडिया लर्निंग की सार्थकता तब मानी जाती है जब विद्यार्थी सीखी गई विषय-वस्तु का सार्थक उपयोग करे तथा उसके प्रति एक अच्छी प्रतिक्रिया दे। यहां प्रतिक्रिया का अर्थ विकास से है।

## निष्कर्ष

इस प्रकार से उपरोक्त सिद्धान्तों के आधार पर मल्टीमीडिया लर्निंग काम करती है। यदि इन सिद्धान्तों के आधार पर प्रस्तुतीकरण को तैयार किया जाये तो विद्यार्थियों को सीखी गई चीजों को आसानी से समझने में सहायता मिलेगी तथा वे उसका उपयोग भी कर सकेंगे। प्रस्तुत शोध पत्र वर्तमान समय में चल रही विद्यालय व्यवस्था से सम्बन्धित है। स्कूल कोई प्रयोगशाला नहीं है और ना ही बच्चे कोई उपकरण हैं जिन पर नित्य नये प्रयोग किये जाते हैं। जैसे मिड-डे-मील, नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक, वेश-भूषा इत्यादि प्रदान करना। ये सभी बातें तो बहुत अच्छी हैं परन्तु इनके साथ-साथ यह भी सोचना आवश्यक है कि उनकी अधिगम क्षमता को किस प्रकार से बढ़ाया जा सके साथ ही उन्हें किस प्रकार से विद्यालय में समायोजित होने के लिये एक स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके। आज तक के सभी प्रयास केवल विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिये ही किये गये हैं ना की इनकी शिक्षा को अच्छा बनाने के लिये। इसलिये यह प्रयास किया जाना चाहिये कि बच्चों के पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाना होगा जिससे

कि उनकी अपने विषय में रुचि उत्पन्न हो सके और वे पढ़ाई गई विषय-वस्तु को अच्छे से समझ सकें। इसके लिये आवश्यक है कि विद्यालय में मल्टीमीडिया साधनों का प्रयोग किया जाना चाहिये। जिससे बच्चों की पढ़ाई सम्बन्धी आदतों को सुधारा जा सके। इस व्यवस्था से न केवल विद्यार्थी वर्ग को लाभ मिलेगा अपितु शिक्षक वर्ग भी लाभान्वित होगा। शिक्षक कम समय में अधिक ज्ञान सम्प्रेषित कर सकेगा साथ ही गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर भी अपने पठन-पाठन सम्बन्धी कार्य को संचारित कर सकेगा। अतः इस व्यवस्था को विद्यालय के उपयोग में लाया जाना चाहिये जिससे विद्यार्थियों का विकास सुचारू रूप से हो सके।

### सन्दर्भ सूची

1. Betrancourt, M. ( 2005) The animation and interactivity principles in multimedia learning. In R. E. Mayer (Ed.). The Cambridge Handbook of Multimedia Learning.

   Chi, M., Glaser R. and Rees, E. (1982). Expertise in problem solving. In R. Stenberg (Ed). Advances in the Psychology of human intelligence (pp.7-75) Hillsgale, NJ,: Erlbaum.

2. Kalyuga, S. (2005) Prior knowledge principle in multimedia learning. In R.E. Mayer (Ed). The Cambridge Handbook of Multimedia Learning. New York: Cambridge University Press.
3. Mayer, R.E. (2005) Introduction to Multimedia Learning. In R.E. Mayer (Ed.). The Cambridge Handbook of Multimedia Learning. New York: Cambridge University Pess.
4. Mayer, R.E. (2005) The Cambridge Handbook of Multimedia Learning. New York: Cambridge University Press.
5. Pollock, E., Chandler, P. and Sweller, J. (2002). Assimilating complex information. Learning and Instruction, Vol. 12, pp. 61-86.
6. Sweller, J. (2003) Evolution of human cognitive architecture. In B. Boss (Ed.). The Psychology of Learning and Motivation. Vol. 43, pp. 215-266. San Diego, C.A.: Academic press.

7. Sweller, J. (2003) Evolution of human cognitive architecture. In B. Boss (Ed.). The Psychology of Learning and Motivation. Vol. 43, pp. 215-266. San Diego, C.A.: Academic press.

8. Sweller, J. (2005) Implication of cognitive load theory for multimedia learning. In R.E. Mayer (Ed.). The Handbook of Multimedia Learning. New York: Cambridge University Press.

9. सिंह जगमोहन राजपूत (21 दिसम्बर, 2014)। तलाशने होंगे सच्चे आयाम। दैनिकजागरण, पृष्ठ संख्या - 11

10. प्रो. मोईनुद्दीन (21 दिसम्बर. 2014)। शिक्षा की रीढ़ बने मजबूत। दैनिक जागरण, पृष्ठ संख्या-11

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

# ''मंजुल भगत के साहित्य में नारी के विविध रुप''

**मोना शर्मा**
शोध–छात्रा
कन्या गुरुकुल परिसर, हरिद्वार
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

**प्रो. सुचित्रा मलिक**
निर्देशिका, हिन्दी विभाग
कन्या गुरुकुल परिसर, हरिद्वार
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

हिन्दी साहित्य की प्रसिद्ध लेखिका मंजुल भगत का रचनाकाल लगभग तीन दशक का है। अपने अल्पकालिक जीवन में वह साहित्य में अविस्मरणीय योगदान दे गयी हैं। इनके कथा साहित्य में कुल सात उपन्यास व ग्यारह कहानी संग्रह हैं। उपन्यास क्रमशः 'टूटा हुआ इन्द्रधनुष', 'लेडीज क्लब', 'अनारो', 'बेगाने घर में', 'खातुल', 'तिरछी बौछार' व 'गंजी' हैं। इसी प्रकार कहानी संग्रह 'गुल मोहर के गुच्छे', 'क्या टूट गया', 'आत्महत्या से पहले', 'कितना छोटा सफर', 'बावन पत्ते और एक जोकर', 'सफेद कौआ', 'दूत', 'चर्चित कहानियाँ', 'बूँद', 'आखरी चोट' और 'अन्तिम बयान' हैं। इनका सम्पूर्ण साहित्य नारी जीवन की गहन पड़ताल है। नारी के विविध रुपों की अभिव्यक्ति इनके कथा साहित्य में सर्वत्र दिखायी पड़ती है। समाज हो या साहित्य नारी के बिना उसकी कल्पना अर्थहीन है। ऋग्वेद ने तो नारी को वह स्थान दिया जो राष्ट्र ध्वज का तथा शरीर में मस्तक का है। यजुर्वेद का कथन है कि स्त्री! तू द्यौ के समान उच्च शिरोभाग पर स्थित, सूर्य के समान तेजस्विनी, ध्रुव के समान अटल, सबकी पोषक, धारक तथा पृथ्वी के समान गृहस्थ को धारण करने वाली है।

मूर्धासि राड् ध्रुवासि धरुणा धर्त्रयसि धरणी।[1]

वेदों में नारी के रूपों का उल्लेख हमें गार्गी, अपाला, घोषा और लोपामुद्रा आदि के रुपों में मिलता है। वैदिक काल में नारी के सम्मान की स्थिति मनुस्मृति के निम्नलिखित श्लोक से स्पष्ट होती है–

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते, सर्वास्तत्राफलाः क्रिया।।[2]

अर्थात् जिस कुल में नारी की पूजा अथवा मान सम्मान होता है, उस कुल में देवता निवास करते हैं और जिस कुल में स्त्रियों को सम्मान नहीं मिलता है, वहाँ सभी प्रकार के कर्म निष्फल हो जाते हैं।

आधुनिक काल के साहित्य में भी नारी को देवी की तरह पूजा गया है। प्रसाद ने कितनी सुन्दर पंक्तियों में नारी का चित्रण किया है।

नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नगपग तल में।
पीयूष स्रोत सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल में।।[3]

नारी का जो आदर्श पुरातन काल में था, वही रूप आधुनिक काल के रचनाकारों ने भी चित्रित किया है। मंजुल भगत की रचनाओं में ऐसे नारी पात्र हैं जो समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करते हैं। अपने परिवार को अपनी प्राथमिकता मानते हुए अपना सर्वस्व उस पर न्यौछावर करने को तत्पर हैं। 'अनारो' इसका ठोस उदाहरण है। वह अपने परिवार के लिए दिन-रात मेहनत करती है और पति से दो बात अपने सम्मान की सुनकर सब कष्ट झेलने को तैयार है। वह कहती है, ''देखा है किसी का मरद जो इत्ती बड़ी बात कह दे, वह भी भरी सभा के आगे। कैसा मान! कित्ती बड़ी बात की अनारो उसकी घरवाली ही नहीं, भाई बरोबर है। सब किया धरा वसूल हो गया, कर्ज का क्या है। कर्ज तो चुटकियों में उतर जायेगा, पर उसका मान, उसकी कदर बनी रहे, उसके मरद की नजर में।''[4] इसी तरह 'नालायक बहू' की कामिनी अपने पति के आत्म सम्मान की रक्षा के लिए अपनी सारी शक्ति लगा देती है और सफल होती है। माँ के रुप में भी मंजुल भगत के पात्र अपनी संतान के लिए संघर्षरत दिखायी पड़ते हैं। अनारो, गंजी, झरोखे से मुंडेर तक व शैतान बाजा के नारी पात्र ममतामयी रूप लिये हुए हैं।

निर्मला जैन के शब्दों में, ''मंजुल के स्त्री पात्रों का भरा-पूरा संसार है। मंजुल की कहानियों में विकल्पों की तलाश करती नारियाँ, निर्णय लेती नारियाँ, समस्याओं के स्थायी-अस्थायी समाधान खोजती नारियाँ और कभी-कभी अस्मि यानी 'मैं' हूँ के अहसास में अपनी सार्थकता तलाश कर आश्वस्त होती नारियाँ हैं।''[5]

मंजुल के साहित्य में नारी के आदर्श रूप की ही कल्पना नहीं की गयी है, वरन् उसमें नैतिक मूल्यों को चुनौती देती नारी का भी चित्रण किया गया है। मंजुल ने नारी पात्र समाज की मर्यादा को तोड़ते हुए बाहर आये और अपने को अलग पंक्ति में स्थापित किया। कमल किशोर गोयनका के शब्दों में, ''मंजुल भगत की स्त्री भरापूरा समाज है। वह पूरे समाज को जीती है। उनके स्त्री पात्र सम्बन्धों की मधुरता की अपेक्षा कटुता और विसंगतियों में जीते हैं और हर परिस्थितियों में अपनी जीवटता एवं जिजीविषा को बनाये रखते हैं। मजुल भगत की स्त्रियाँ परम्परा एवं आधुनिक जीवन मूल्यों के द्वंद और तनाव में घिरी है, पारिवारिक परिवेश में प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति सजगता एवं अस्वीकृति का तीव्र भाव भी उनमें है। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मंजुल के स्त्री पात्र किसी भी प्रकार के अपराध-बोध और कुंठा से मुक्त हैं। स्त्री के साथ अपराध-बोध का जो मिथक बना हुआ था, वह इन स्त्री पात्रों में नहीं मिलेगा। स्त्री की यह मुक्ति एक बड़ी उपलब्धि है।''[6] इस प्रकार की नारी को हम आधुनिक नारी की संज्ञा दे सकते हैं जो परिवार व समाज के अलावा अपने सुखों के लिए भी लड़ती है। वह केवल अपने समाज

में अपने ऊँचे स्थान के लिए आदर्श नहीं बनना चाहती है। मंजुल की नारी विवाह के सम्बन्ध में अपनी स्वतंत्र सोच रखती है। 'टूटा हुआ इन्द्र धनुष' की पात्र शोभना प्रेमी को पति नहीं बनाना चाहती और कहती है, ''तुम्हारे और मेरे बीच में जो भी है, मैं उसे रिश्ता नहीं बनाना चाहती। रिश्ते ऊब जाया करते हैं।''[7]

'त्यागमयी' की पात्र कामना भी अपने पति को उसकी बेवफाई की सजा देती है और उसकी हत्या कर देती है। अन्य कहानी जैसे मोहरा, लेडीज क्लब व बावन पत्ते एक जोकर के आदि के नारी पात्र करुणा व ममत्व के भाव से कोसों दूर है। इनके साहित्य में उच्च वर्ग की महिला पात्र खोखली आजादी के लिए अपने परिवार व बच्चों की अनदेखी करती हैं।

मंजुल भगत के साहित्य में वेश्याओं का चित्रण भी है जो समाज की सच्चाई पाठक के सामने प्रस्तुत करती हैं। 'बुआ जी' कहानी में पात्र बुआ जी जैसे पवित्र सम्बन्ध से पुकारी जाती है परन्तु वास्तविकता में मालिक की रखैल है और उसकी एक अवैध सन्तान भी है। लेखिका बुआ जी के माध्यम से कहती है, ''जरा सी परिस्थिति परिवर्तन से यही कुलदेवी है और यही कोठे की नर्तकी''।[8] अनारों, गंजी व त्यागमयी आदि कहानियों में भी वेश्या के चरित्र दृष्टव्य हैं। समाज में स्त्री का ये रूप स्वीकार्य नहीं है। बदलते परिवेश व आर्थिक स्थितियों के चलते महिलाओं को घर की दहलीज लांघनी पड़ती है। इसका मतलब ये बिल्कुल भी नहीं है कि स्त्री सदा ही अपने चरित्र से गिर जाती है। आज की आधुनिक नारी प्रत्येक क्षेत्र में पुरुष के साथ बराबर की सहभागिता निभाती है।

उनके नारी पात्र प्रेम-प्रसंग में भी पुरानी मान्यताओं से बाहर निकले हैं। वह प्रेम की नई परिभाषा गढ़ते नजर आये हैं। तभी तो टूटे हुए इन्द्रधनुष की शोभना कहती हैं, ''मनीष जीवन का वह सरस, मादक अंश जो स्वप्न की सी वास्तविकता लिए है। मनीष- जिससे उसे विवाह नहीं किया, माँ-बाप और समाज की अनुमति के बावजूद। किसी भी बाहरी रुकावट के न होने के बावजूद। केवल इसलिए कि आठों पहर एक साथ जीकर, जीवन से जुझते रहने के लिए मनीष की आवश्यकता नहीं। उसके लिए कोई भी एक पुरुष काफी हो सकता है। प्रभात उसके लिए बहुत काफी है। बहुत कुछ ऐसा है जो प्रभात के, भर-भर हाथ ले लेने पर भी बचा रहता है। बहुत गहरे दूर के रत्न सा वही मनीष का है।''[9]

नायिका शोभना पति प्रेम के साथ-साथ प्रेमी का प्यार भी पाना चाहती है। प्रेम का ऐसा रूप लेखिका की कुछ अन्य कहानियों में भी परिलक्षित होता है। आधुनिक नारी का जो चित्रण मंजुल भगत ने तीन दशक पहले किया था, वह आज के सन्दर्भ में प्रासंगिक होता जा रहा है। आधुनिकता के नाम पर जो नारी की सोच में खोखलापन आ गया है, लेखिका ने उसे अपने पात्रों के माध्यम से दर्शाया है। मंजुल भगत के नारी पात्र इतनी विविधता लिये हुए है कि एक पात्र में ही कई अलग-अलग रंग दिखायी पड़ते

हैं। समाज में नारी की वास्तविक स्थिति से पाठकों का परिचय करवाया। मंजुल भगत ने नारी को सिर्फ पूजनीय ही नहीं बनाया, बल्कि सच्चाई के धरातल पर खड़ा करने का कार्य किया। नारी के विविध रूपों का अद्‌भुत संगम मंजुल भगत के साहित्य में सर्वदा मौलिक व विशिष्ट रहेगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-**


1. यजुर्वेद 14/21
2. विशुद्ध-मनुस्मृति, श्लोक सं. 56, पृष्ठ 123
3. कामायनी, जयशंकर प्रसाद, पृष्ठ 114
4. मंजुल भगत, अनारो, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पृष्ठ 101
5. मंजुल भगत, समग्र कथा साहित्य, अंतिम बयान, निर्मला जैन, पृष्ठ 110
6. कमल किशोर गोयनका, मंजुल भगत समग्र कथा साहित्य भूमिका, पृष्ठ 18
7. मंजुल भगत समग्र कथा साहित्य, टूटा हुआ इन्द्रधनुष, कमल किशोर गोयनका पृष्ठ 24
8. मंजुल भगत समग्र कथा साहित्य, बुआ जी, कमल किशोर गोयनका, पृष्ठ 66
9. वही, टूटा हुआ इन्द्रधनुष, पृष्ठ 23

# The Elements of Vedic Rituals reflected in the Paspaúâhnika of the Mahâbhâcya

**Prof. Manoj Kumar Mishra**
Head, Deptt of Veda
Rashtriya Sanskrit Sansthan (Deemed University)
Janakpuri, New Delhi

This is a popular proverb in Indian Sastric tradition-शास्त्रं हि शास्त्रान्तरानुबन्धि। This axiom is applicable to the Mahâbhâcya of Patañjali also. At very outset, while explaining अथ शब्दानुशासनम् he promises to describe grammatical structure of Vedic and classical words-केषां शब्दानाम्? लौकिकानां वैदिकानाञ्च। In the context of Vedic words, he furnishes the examples from the SaAhitâs of all the four Vedas. We find sophisticated reference of Vedic rituals at various places of the Mahâbhâcya. I am confining myself to the Paspaúâhnika only. The sage Patañjali enumerates five chief objectives of the study of Grammar-

रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम् (पस्पशा.)

The second objective ऊह is common in MîmâAsâ tenet also. There is a formula in the MîmâAsâsûtra-ऊहः (मी.सू.1.2.5), the purport of which according to Âcârya SâyaGa runs thus-

प्रकृतावाम्नातस्य मन्त्रस्य समवेतार्थत्वाय तदुचितपदान्तरस्य प्रक्षेपेण पाठ ऊहः। तद्यथा-अन्वेनं माता मन्यतामनु पिताऽनु भ्राता (तै.ब्रा.3.6.6.1) इति प्राकृतः पशुविषये मन्त्रपाठः। तस्य च मन्त्रस्य विकृतौ पशुद्वये सति 'अन्वेनौ माता मन्यताम्' इत्यूहः। पशुबहुत्वे सति 'अन्वेनान् माता मन्यताम्' इत्यूहः कर्तव्यः (ऋग्वेदभाष्यभूमिका)

The analogous view is expressed by Maharci Patañjali- ऊहः खल्वपि न सर्वैर्लिङ्गैर्न च सर्वाभिर्विभक्तिभिर्वेदे मन्त्रा निगदिताः। ते चावश्यं यज्ञगतेन पुरुषेण यथायथं विपरिणमयितव्याः।

Viz the Mantras in the Veda are neither read in all the case-endings nor in all genders. These (Mantras) ought to be modified as needed by a person involved in sacrificial

process. Kaiyyama unravels the meaning of afore-stated passage of the Mahâbhâcya in following words- प्रकृतिवद्विकृतिः कर्तव्येति मीमांसकैर्व्यवस्थापिते न्याये प्रकृतिप्रत्ययादीनामूहं वैयाकरणः सम्यग्विजानाति। तत्राग्नेर्मन्त्रोऽस्ति-'अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामि'। "सौर्यं चरुं निर्वपेद् ब्रह्मवर्चसकामः" इति सौर्ये चरौ मन्त्र ऊह्यते। 'सूर्याय त्वा जुष्टं निर्वपामि'।

Darúa-PûrGamâsa is model of all Icmis, it is why all the components are narrated in this context (यत्र समग्राङ्गोपदेशः सा प्रकृतिः, अर्थसङ्ग्रह 22) where as सौर्य is a modification, since all the components are not narrated here. Âgneya Yâga is an important feature of दर्शपूर्णमास, so oblation is poured with formula-अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामि। In सौर्य Fire (Agni) is replaced by the sun god. Hence, there occurs a modification in the Mantra tuned to सूर्य in form of declining it in dative case (अग्नये, सूर्याय). This observation is of great ritualistic value.

While speaking in terms of असन्देह (Doubtlessness), the sage Patañjali states-याज्ञिकाः पठन्ति-स्थूलपृषतीमाग्निवारुणीमनड्वाहीमालभेत। तस्यां सन्देहः- स्थूला चासौ पृषती च स्थूलपृषती, स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सेयं स्थूलपृषती। तां नावैयाकरणः स्वरतोऽध्यवस्यति-यदि पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं ततो बहुव्रीहिः, अथ समासान्तोदात्तत्वं ततस्तत्पुरुषः (पस्पशा.)।

In above-quoted fragment, Patañjali points towards the rite of touching of a draught cow of some certain quality for the dual deity-Agni-VaruGa. It is a brilliant example of Patañjalis vast knowledge of Vedic liturgy. In the rite of Pitr%mçdha, the touching of a draught ox is prescribed. The corresponding Mantra applied during this act reads-

अनड्वाहमन्वारभामहे सौरभेयं स्वस्तये।
स न इन्द्र इव देवेभ्यो वह्निः सन्तारणो भव।। (वा.सं.35.13)

The Kâtyâyana-œrauta-sûtra describes application of above-quoted Mantra in following words-

सुमित्रिया न इति स्नात्वाहतवाससोऽनुडुत्पुच्छमन्वारभ्यानड्वाहमित्युद्वमित्यागच्छन्ति
(का.श्रौ.सू.21.4.23)

अन्वारम्भ is nothing else but आलम्भन, as evidenced by the commentaries of Uvama and Mahîdhara on the word अन्वारभामहे। This word is explained as आलभामहे by the duo of

commentators. It is clear that आलम्भन (touching) of अनुडुह् (draught ox) is injuncted but not of a female. The description of Patañjali would be belonging to some other recession of the Veda, where touching of a female might have been prescribed.

Let us see another example-याज्ञिकाः पठन्ति- "आहिताग्निरपशब्दं प्रयुज्य प्रायश्चित्तीयां सारस्वतीमिष्टिं निर्वपेत्"। (पस्पशा.)

The performers of the sacrifice read "A person, who has established sacred fire, ought to perform expiatory rite of सारस्वतीष्टि having used wrong words"

The similar description is available at various places of Vedic literature and liturgical texts, associated with the Veda. For instance- one such reference from ÚatapathabrâhmaGa is being put forward here-

स यदि पुरा मानुषीं वाचं व्याहरेत्-तत्रो वैष्णवीमृचं यजुर्वा जपेत्। यज्ञो वै विष्णुस्तद्यज्ञं पुनरारभते। तस्यो हैषा प्रायश्चितिः-"देववीतये त्वा गृहणामि" इति। देवानवददित्यु हि हविर्गृह्यते। (शा.ब्रा.1.1.4.9)

Viz if he speaks human language before pouring of the oblation, he must mutter the (verse) devoted to lord VicGu (इदं विष्णुर्विचक्रमे etc.) or the Yajus of the same deity. Since, VicGu himself is yajña, thus he re-initiates the sacrifice. This is an expiatory rite…….We can conceive how accurate is observation of Patañjali.

We come to another example- याज्ञिकाः पठन्ति-दशम्युत्तरकालं पुत्रस्य जातस्य नाम विदध्याद् घोषवदाद्यन्तरन्तस्थमवृद्धं त्रिपुरुषानूकमनरिप्रतिष्ठितम्। तद्धि प्रतिष्ठिततमं भवति। "द्वयक्षरं चतुरक्षरं वा नाम कृतं कुर्यान्न तद्धितम्" इति। (पस्पशा.)

Viz the knowers of sacrifices read- after ten days one should name his son. The first consonant of name should be voiced (घोष), whereas middle one a semi-vowel. Any lengthened syllable should not occur in the beginning of name. The name should contain some parts of the names of three immediate fore-fathers. The name of child should be devoid of the nomenclature of enemies. Only such name earns prestige. The name should be two-syllabled or quadro-syllabled ending in primary suffix not in secondary suffix.

The similar view is found in the Gr%hya-sûtra of Pâraskara-दशम्यामुत्थाय ब्राह्मणान् भोजयित्वा पिता नाम करोति। द्वयक्षरं चतुरक्षरं वा घोषवदाद्यन्तरन्तस्थं दीर्घाभिष्ठानं कृतं कुर्यान्न तद्धितम् (पा.गृ.सू.1. 17.1-2)।

Pâraskara prescribes that child should be named by father. Though, there is no mention of grand-father or great grand-father etc as name-models, yet Harihara mentions the option of grandfather etc. as name-models- पक्षे पितामहादिनाम तत्कुर्यात्।

We glide to an other example-याज्ञिका: पठन्ति-"प्रयाजा: सविभक्तिका: कार्या:" इति (पस्पशा.) viz the knowers of ritualistic process read-"the Prayâjas must be performed with proper application of case-endings. There is diversified view on the nature of Prayâjas. In Darúa-PûrGamâsa, there are five fore-offerings under the name of प्रयाज। The five Prayâjas are- समित्, तनूनपात्, इड् बर्हि: and स्वाहाकार। The number of Prayâjas is eleven in animal sacrifice.

An other example is worthy beholding- वेदे खल्वपि-'पयोव्रतो ब्राह्मणो यवागूव्रतो राजन्य: आमिक्षाव्रतो वैश्य:' "When a sacrificer is to perform a specific Yâga, if the sacrifier is a BrâhmaGa, he should consume milk; a royal sacrificer should consume gruel; whereas a sacrificer of merchant class should consume आमिक्षा।"

Such type of prescription is found in the context of the Somayâga. the corresponding formulae of Kâtyâyana-úrauta-sûtra are being extracted here-

तत्क्षीरव्रतौ भवत: (का.श्रौ.सू.7.4.20)
"तदेव व्रतं ययोर्दम्पत्योस्तौ तत्क्षीरव्रतौ भवत:" इति सरलावृत्ति:।
यवागू राजन्यस्यामिक्षा वैश्यस्य (का.श्रौ.सू.7.4.25)
व्रतं भवति। तण्डुलानां शिथिल: पाको यवागू: .........। तथैवामिक्षा
वैश्यस्य व्रतम्। आमिक्षा स्फुटितं दुग्धम्। (सरलावृत्ति:)

An other example is being presented here-"बैल्व: खादिरो वा यूप: स्याद्" इत्युच्यते। यूपश्च नाम पश्वनुबन्धार्थमुपादीयते। शक्यं चानेन यत्किञ्चिदेव काष्ठमुच्छ्रित्यानुच्छ्रित्य वा पशुरनुबन्धुं तत्र नियम: क्रियते। (पस्पशा.)

The sacrificial post should be made of either खदिर वत व बिल्व। The sacrificial post is used for tying up of animal victim. Having erected or not erected any wood, the animal victim can be tied to, but there is नियम।

Now, the relevant part of Kâtyâyana-úrauta-sûtra, containing the same purport is being presented here-

पलाशं बहुलपर्णमशुष्काग्रमूर्ध्वशकलशाखं मध्याग्रोपनत-व्रणम्। अभावे खदिरबिल्वरौहितकात्। खदिराभावे सोम इतरान् (का.श्रौ.सू.6.1.8-10)

Viz the sacrificial post is made of such Palâúa tree, which comprises abundant leaves, should neither be dry nor wet, the covering barks and branches of which are upwards and which is curved in the front (at the top) and middle, if Palâúa is not available, then sacrificial post should be made of Khadira in Nirûhapaœubandha. In a Soma-yâga if even Khadira is not available, then the wood of Bilva or Rauhitaka must be used to carve out sacrificial post.

The mention made by sage Patañjali-"बैल्वः खादिरो वा यूपः स्यात्" apparently seems to be associated with निरूढपशुबन्ध।

The Following statement of Patañjali containing the application of a formula (यजुर्मन्त्र) is reckonable-

अग्नौ कपालान्यधिश्रित्याभिमन्त्रयते-भृगूणामङ्गिरसां घर्मस्य तपसा तप्यध्वम्।

Having kept pot-sherds one fire one utters the मन्त्र-भृगूणामिति। This Mantra with slight variation is obtained in the V.S. as भृगूणामङ्गिरसां तपसा तप्यध्वम् (वा.सं.1.18), viz be heated by the heat of penance of Bhr%gus and AEgirasas.

This formula is applied in covering of the pot-sherds with fire-ambers (brands)-

भृगूणामित्यङ्गारैरभ्यूहति, का.श्रौ.सू.2.4.37

A slight variation in the Mantra and its application as read, adopted by Patañjali is surely on basis of शाखाभेद (Recessional variation).

One more important thing is to be headed to in above three examples. The sage Patañjali in all three examples has termed them as 'Niyama'. Niyama is a sort of injunction in the school of PûrvamîmâAsâ, which they define as-नियमः पाक्षिके सति।

There is a distinguished ritualistic example, most often presented by PûrvamîmâAsâkas- व्रीहीन् अवहन्ति (He beats paddy grains with pestle). This beating of paddy is performed to separate the husk from rice. The separation of rice can be done in other ways also like "Tearing the paddy with nails" (नखविदलन). But, out of so many options of unhusking the paddy, only अवघात is prescribed. This process is termed as नियम।

When Bilva or khadir wood is used to carve out sacrificial post, only then the metaphysical imprint (अपूर्व) is generated. The same should be understood in case of पयोव्रतः etc and heating of the pot-sherds with the Mantra-भृगूणामिति।

While explaining the Vârtika अप्रयुक्ते दीर्घसत्रवत् Patañjali states- यद्यप्यप्रयुक्ता अवश्यं दीर्घसत्रवल्लक्षणेनानुविधेयाः। तद्यथा दीर्घसत्राणि वार्षशतिकानि वार्षसाहस्रिकाणि च। न चाद्यत्वे कश्चिदप्याहरति। केवलमृषिसम्प्रदायो धर्म इति कृत्वा याज्ञिकाः शास्त्रेणानुविदधते (पस्पशा.)

Viz The words like ऊष etc. are no more in use, yet these are to be taken into account for grammatical treatment as the Dîrghasatras are treated by श्रौतसूत्र etc. No one ventures upon the performance of Dîrghasatras of hundred years and thousand years now a days. Only it is a righteous deed vouchsafed by the sages, taking this fact into consideration ritualistic school prescribes it through शास्त्र (कल्प)।

The observation of Patañjali is extremely remarkable and shows his vast and deep pedantry over vedic rituals. According to Kâtyâyana-úrauta-sûtra the Satra of hundred years span is associated with the Sâdhyas, so it is termed as साध्यानामयनम्. The Satras of one thousand years are called विश्वसृजामयनसत्र-

शतसंवत्सरं साध्यानाम्, सहस्रसंवत्सरं विश्वसृजाम् (का.श्रौ.सू. 24.5.23-24)

An other place of Mahâbhâcya, where ritualistic flavor exists, is also being pointed out-

वेदशब्दा अप्येवमभिवदन्ति-"योऽग्निष्टोमेन यजते य उ चैनमेवं वेद"। "योऽग्निं नाचिकेतं चिनुते य उ चैनमेवं वेद"।।

Viz the Vedic words say-"one who performs अग्निष्टोम and knows it in this way"."One who piles fire (related to नचिकेता or named after him) and knows it thus"

अग्निष्टोम is name of first Soma-sacrifice, which according to Kâtyâyana-úrauta-sûtra is performed during Vasanta(Spring)-वसन्तेऽग्निष्टोमः (का.श्रौ.सू.7.1.5). The same way pilling of fire, named after the name of नचिकेता is a prime ritualistic feature of some of the branches of Kr%cGayajurveda.

In light of above description, it becomes evidently clear that knowledge of Patañjali was for vast. Vedic rituals with all substitutes were well known to this grammarian of supreme class.

# POLITICAL CRISIS OF 1657-58 A.D

**RITU**
RESEARCH SCHOLAR
INDIRA GANDHI UNIVERSITY MEERPUR
REWARI

On Political developments which took place in 1657-58 A.D., there emerge four points (a) the war of succession (b) Jihad (c) civil war and (d) revolt. Historians who worked on Aurangzeb's reign, (1658-1707 A.D.) are divided on this question. Among modern historians those who have commented on it, are J.N Sarkar, S.R. Sharma, A.L Shrivastava, Lane Poole, Zahiruddin Farooqi, Shibli Nomani, R.P Tripathi, J. Ovington, Waldemar, Neeru Misra, Satish Chandra, Athar Abbas Rizvi, Athar Ali, Paul Jackson, Andre Wink, R.P Khosla, H.K Naqvi, Sidney Owen, J.F Richards, R.C Majumdar, Najib Ashraf, among Pakistan historians are Shaikh Mohammad Ikram, Ishtiaq Husain Qureshi, Iftekhar Ahmed Ghauri, Moinul Haq and Muhammad Aslam.[1] These Historians are divided into three major groups, one highly critical of Aurangzeb and his policies, the second glorify Aurangzeb and the third present a balanced a portrait of Mughal emperor Aurangzeb.

After the news of Shah Jahan's illness and rumours of his death spread in Agra in October, 1657, Dara Shikuh imprisoned the *Vakils* of the princess as a result of which correct news about Shah Jahan's physical condition was not available to Aurangzeb, Murad and Shuia. The intentions of Shah Jahan to crown Dara Shikuh as the heir apparent by virtue of his being the eldest son were clear from the very beginning. According to Muslim political Theory and the Turko-Mungol theory of kingship, Dara Shikuh had to succeed Shahjahan. Thus all possible efforts were made to channelize the flow of power in such a way as to make it clear to the nobility, the members of the royal family and the masses, that Dara Shikuh was the successor. There was nothing wrong in this because the eldest son had been the royal scepter as the successor right from the days of Babur.

Each of the princess who could have claimed a share in the Empire started to claim the throne one by one. Murad Bakhsh was followed by Shah Shuja who declared himself Mughal Emperor. Aurangzeb and Murad met on the 23rd October, 1657 and decided to form a common front. Aurangzeb and Murad decided to March towards Agra. To prevent Murad and Aurangzeb advancing on Agra, Dara Shikuh decided to dispatch the army. Jaswant Singh was deputed for this task. The success of Aurangzeb in the battle of Dharmat enhanced his prestige. Dara's fate was sealed when he was defeated by Aurangzeb and Murad at the battle of Samugarh on the 29th May, 1658 A.D. Aurangzeb entered Agra. Shortly afterwards, Shah Jahan was made captive. Soon after, Murad Bakhsh was also made prisoner. On 21st June, 1658 Aurangzeb crowned himself emperor, with the title of Alamgir. Having ascended the throne once and with the former emperor in his captivity, Aurangzeb pursued and captured Dara Shikuh and Sulaiman Shikuh in turn and got them conveniently liquidated along with Murad Bakhsh.

Contemporary Persian historians and European travelers have written about these battles. Kazim Shirazi the official historians records that, 'basically he (Aurangzeb) rose against the ill designs of some anti-Islamic people and fought in support of Islam and it was also quite clear to the people.'[2] Saqi Mustaid Khan another historian says that, "It was necessary for various reasons to remove the dust of his (Dara's) life."[3] Saqi Mustaid Khan further says that, "This emperor had to do with powerful enemies in a single year. But through God's grace he achieved victory everywhere by diut of his strong arm and sharp sword.[4] An Ottoman ruler wrote to Aurangzeb that, "It is reckoned that your Majesty, with blessing of the pious, the ulema nd the *mashaikh*s, will also endeavour in every way to display your zeal for din-i-ahmadi and will strive to protect pure Shariat of prophet.[5] Ishwardas Nagar quotes a letter of Jahan Ara saying that, "In the life time of your father both of you (Aurangzeb and Murad) should not assert a claim to the throne of the kingdom was also imperor. Now, etiquete demands that warning the ring of obedience in your ear of caution, you should do according to the wishes of the exalted monarch".[6]

European travellers have also commented on it. Bernier observes that " The situation further having inspired the rooms with projects of ambition, each laid claim to the empire, and a war was kindleld among them.[7] Tavernier says that, "The revolutions which took place in the Empire of the Great Mughal on account of the supposed death of Shah Jahan are full of so many important and memorable incidents, that they deserve to be known throughout the world."[8] Mannucci comments that, "In 1658 Aurangzeb in revolt against his father, moved on Agra." [9]

On the basis of contemporary sources, modern historians also discussed this aspect. Lane Poole, writes that, "It has been suggested that on Dara's side religious sympathies were assumed for political reasons, in order to win over the tributary Rajas, and governors for the artillery, with a view to the coming struggle for the throne. As will be seen, Dara's emancipated ideas did him more harm than good, and formed a pretext for his destruction."[10] J.N Sarkar writes that, "Qazi Abdul Wahab issued a decree asserting that Shah Jahan was physically unfit to govern, the throne was virtually vacant and therefore Aurangzeb's accession to it was no violation of Quranic law.[11] S.R Sharma writes that, 'Birht right is a vulgar road to kingly sway; Tis every dull- got elder brother's way, Drop from above he lights into a throne; Grows a piece with that he sits upon; But who by force scepter does obtain, Right comes of course, whatever he was before; Murder and usurption are no more.[12] R.P Tripathi reveals that, "Babur did not like the idea of the division of authority partnership in rule is a thing unheard of. The lead given by the first two Mughal rulers was on the right lines, Humayun was the eldest son of his father, and Akbar his eldest son. Nevertheless the definite recognition of the right of minors was a more in the right direction. It strengthened monarchy in the same proportion as it weakened the dangerous doctrine that the fittest had the last right to the throne."[13] Satish Chandra writes that, "In anticipation of a war of succession, both Dara and Aurangzeb had been counting nobles for a long time."[14]

Many historians in Pakistan have written on Aurangzeb. Ishtiaq Hussain Qureshi, the Indian-turned-Pakistani historian opines that, "The orthodox had their hopes centred in Aurangzeb who was not only orthodox in his beliefs and practices but also a puritan…

Orthodoxy was again seated in the place of authority with the support of those who believed in it and had fought for it.[15] Qureshi further buttressed his argument by saying that, Aurangzeb was greatly helped by the Naqshbandi influence in the war of succession, and when he emerged victorious and ascended the throne as Mohiuddin Alamgir he proved to the political culmination of Mujadidi movement."[16] Qureshi elaborates his argument by saying that, "once the realization had come that the struggle was much more basic than merely an effort for the restoration of orthodoxy, the sunnis should have been ready to make greater effort to win the Shias over to their side and to wean them from their alliances with the non-muslims. The effort was made but only when Islam had become politically too weak.[17]

On this issue two significant questions come up. Firstly, since the coronation of an emperor is basically related to monarchy, now we have to examine the position of monarchy in Islam. Secondly, is it true, as Muhammad Aslam says, that the ulema and mashaikh played a significant role in this struggle?

**II**

After the death of Prophet Muhammad, the Pious Caliphate came into existence in 632 A.D., when Muawiyah declared himself the 'Caliph'. The main features of Pious Caliphate were elected Caliphate, government by shura (Consultation), custodianship of baitulmal (state treasury), independent judiciary, government free from racial discriminations. The main features of *mulukiyat* (monarchy) were hereditary monarchy, no freedom of expression, judiciary worked under the subordination of monarchs, state treasury as their personal property, racial discrimination, abolition of superiority of law. Large number of Muslims protested against these policies of Umaiyad rulers.[18] The result of these protests was the tragedy of Karbala, dishonor of Prophet's Mosque at Madina, dishonor of Kaba and the rise of the mystic movement. Mystics knew that these political changes brought by Muaviyah would not be restricted to polity only, they would certainly influence society, religion and culture. They followed the policy of aloofness from the state because they considered *mulukiyat* an un-Islamic institution.

नायिकायाः लोकोत्तरशारीरिककमनीयतायाः निरूपणं वनस्पति – सहयोगग्रहणं विना कथमपि सम्भवं नास्ति। उपर्युक्तपद्ययोः उपमालङ्कारस्य चमत्कारोऽपि वनस्पत्यधीनो वर्तते। रसाभिव्यक्तौ अपि वनस्पतय किमपि अपूर्वं सौन्दर्यमुपस्थापयन्ति।

भवन्तु मानवाः, सागराः, नद्यः, गिरयः, वनानि, वनस्पतयः अन्यानि च सकलानि भौतिकवस्तूनि वा सर्वत्र भगवत एवैश्वर्यं विलसति। मानवानां सुखसमृद्धयर्थं वनस्पतीनाम् अस्तित्वं सुतरां महत्वपूर्णमस्ति अतिप्राचीनकालादेव मानवसमाजेन तत्संस्कृत्या च सह वनस्पतीनां प्रगाढः सम्बन्धो वर्तते। मानवस्य सामाजिकविकासे, आर्थिकप्रगतौ सांस्कृतिकेभ्युदये, औषधिविज्ञानसमुन्नतौ अन्यान्यप्रगतिक्षेत्रेषु च वनस्पतीनां योगदान ंसर्वथा उल्लेखनीयमास्ते। वनस्पतीनामपि विकासे संरक्षणे च मानवानामपि योगदानं महत्त्वपूर्णं विद्यते। तत्वद्रष्टारो ऋषयः सर्वप्रथमं वनस्पतीनां यथार्थज्ञानं प्राप्तवन्तः। गृहस्थानां, मुनीनां , तपस्विनां, गुरुकुलानां, साधकानां, चिन्तकानां, पशुपक्षिणां, परिशुद्धवातावरणस्य च कृते वनस्पतयो महोपयोगिनः सन्ति। ते सर्वेषां कृते कल्याणकारिणो वर्तन्ते।

इत्थं सुद्दढं प्रतिपादयितुं शक्यते यत् वनस्पतिजगत् प्रति अस्माकं मनीषीणां यत् पर्यालोचनं दरीदृशयते तेन वनस्पतीनां जीवनस्य अवधारणा मानवमात्रस्य कृते अनुकरणीया अनुपालनीया चेति।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**

१. बृहदारण्यकोपनिषदि – २/८/–२
२. कालिदासग्रन्थावल्यां कुमारसम्भवे – १/४४
३. कालिदासग्रन्थावल्यां अभिज्ञानषाकुन्तले – ४/६
४. कालिदासग्रन्थावल्यां रघुवंशमहाकाव्ये– २/१३
५. कालिदासग्रन्थावल्यां अभिज्ञानशाकुन्तले – ३/४

६. तत्रैव - ३/८

७. तत्रैव - ३/६

८. तत्रैव - १६

६. तत्रैव - १/६

# ''मोक्ष का स्वरूप : भारतीय दर्शन एवं दयानन्द दृष्टि''

डॉ० पुष्पेन्द्र जोशी
सहायकाचार्य संस्कृत एवं पालि विभाग,
पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

भारतीय दर्शन के सभी सम्प्रदाय मनुष्य को उसके त्रिविध तापों से मुक्ति के मार्ग से अवगत कराने के लिए ही प्रवृत्त हुए हैं।[1] दर्शन शब्द की व्युत्पत्ति 'दृश्यतेऽनेनेतिदर्शनम्' की जाती है। इस प्रकार इनका व्युत्पत्तिजन्य अर्थ है देखना, विचारना, श्रद्धा करना। कौटिल्य अर्थशास्त्र में परिगणित चार विद्याओं में से एक 'आन्वीक्षिकी' कदाचित् दर्शन शब्द का पर्याय हो, ऐसी अवधारणा है। इसका उल्लेख मनुस्मृति में भी हुआ है।[2] वस्तुतः जीवन के प्रति मनुष्य का दृष्टिकोण ही दर्शन है। जो कि प्रति व्यक्ति भिन्न हुआ करता है। सभी भारतीय दर्शनों की यही मान्यता रही है कि दुःख का कारण अज्ञान है। भारतवर्ष का अपना वैशिष्ट्य रहा है कि भारतीय दर्शन दुःख की आधारशिला पर प्रतिष्ठित है। यह शाश्वत् सत्य है कि प्रत्येक प्राणी संसार में व्याप्त त्रिविध दुःखों से ग्रस्त है और उसकी निवृत्ति हेतु प्रयत्नशील है। सभी दर्शनो का एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि किसी भी उपाय से सर्वोच्च स्थायी सुख प्राप्त हो। सुखानुभूति तभी सम्भव है जब दुःखनिवृत्ति हो। दुःखनिवृत्ति की उत्तम अवस्था है मोक्ष। सांसारिक दुःखों को बन्धन और उनकी निवृत्ति को मोक्ष के नाम से अभिहित किया जाता है। मोक्ष का कोशोपलब्ध अर्थ है मुक्ति, छुटकारा, बचाव, स्वतन्त्रता।[3] सामान्यतया दर्शन में समस्त दुःखों का आत्यन्तिक नाश ही मोक्ष है। भारतीय दर्शन में बन्ध व मोक्ष पर विस्तार से चर्चा हुई है। भारतीय दर्शन को सामान्यतया 'आध्यात्मिक दर्शन' भी कहा जाता है क्योंकि इसका परम प्रयोजन मोक्ष माना जाता है। यहाँ विवेच्य विषय यह है कि मोक्ष का भारतीय दर्शनों में क्या स्वरूप है? उस पर स्वामी दयानन्द की मोक्ष विषयक क्या अवधारणा है? भारतीय दर्शन के प्रमुखतः आस्तिक व नास्तिक भेद से दो विभाग हैं। उसमें न्याय-वैशेषिक-सांख्य-योग-पूर्वमीमांसा-उत्तरमीमांसा (वेदान्त) आस्तिक दर्शन व बौद्ध, जैन व चार्वाक नास्तिक दर्शन में परिगणित किये जाते हैं। भारतीय दर्शनों में मोक्ष को लेकर मतैक्य नहीं है। किसी के अनुसार महेश्वर की सेवा में मोक्ष की प्राप्ति होती है तो अन्य के अनुसार आत्मा के साक्षात्कार से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मोक्ष को लेकर अनेक अवधारणाएं हैं जैसे मोक्ष इसी जीवन में सम्भव है या मृत्यु के उपरान्त ही मोक्ष हो सकता है। इसको लेकर भी सभी दर्शनों में पर्याप्त मतभेद दृष्टिगोचर होता है। सामान्यतया आत्यान्तिक दुःख नाश और आत्यान्तिक सुख का सम्मिलित रूप मोक्ष है।[4] मोक्ष विषयक चर्चा प्रायः सभी दर्शनों में हुई है। महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थ प्रकाश के नवमोल्लास और ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका में मुक्ति विषय के अन्तर्गत मोक्ष के स्वरूप की विस्तार से चर्चा की है। मोक्ष के विषय

में जितनी भी शंकाएं उठी हैं उन सभी का समाधान दे पाने में भारतीय दर्शन पूर्णतया सक्षम है। मोक्ष प्राप्ति विषयक प्राय: सभी दर्शनों में एकमत हैं कि मूल तत्त्व के साक्षात्कार से ही मोक्ष प्राप्ति होती है। चार्वाक दर्शन के अनुसार शरीर ही आत्मा है। शरीर के विनाशोपरान्त मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।[5]

बौद्ध दर्शन के अनुसार दु:ख के समाप्त होने पर या दु:ख की स्थिति ही न उत्पन्न होना मुक्ति (मोक्ष) है। इस संसार में सर्वत्र दु:ख है। बौद्ध दर्शनानुसार संसार के दु:खों से ग्रस्त होना बन्धन है। इसके अतिरिक्त मोक्ष है।[6] इनके अनुसार मोक्ष प्राप्ति चार आर्य सत्यों के ज्ञान से सम्भव है।

चार आर्य सत्य क्रमशः हैं- दु:ख, समुदाय, निरोध और मार्ग।[7] जैन दर्शनानुसार मिथ्या दर्शन बन्ध का मूल कारण है। बन्धन से बाहर आ जाना मोक्ष है। उनका निरोध कर लेने पर नवीन कर्मों के अभाव में निर्जरा रूपी कारण के सम्पर्क से पूर्वोपार्जित कर्मों का विनाश होता है। सब प्रकार के कर्मों से स्थायी या पूर्ण मुक्ति ही मोक्ष है।[8]

वैशेषिक दर्शन में विशेष रूप से उल्लेख प्राप्त होता है कि दु:खान्त हेतु परमेश्वर का साक्षात्कार परम आवश्यक है। बिना परमेश्वर के साक्षात्कार से मोक्ष प्राप्ति असम्भव है।

यदाचर्मवदाकाशंवेष्टयिष्यन्ति मानवा:।

तदा शिवमविज्ञाय दु:खस्यान्तो भविष्यति।।[9]

परमेश्वर के साक्षात्कार हेतु श्रवण, मनन और भावना को प्रतिपादित किया है।[10] रामानुज सम्प्रदाय में ईश्वर के गुणों की प्राप्ति और उनके स्वरूप का अनुभव करना मोक्ष है। ईश्वर की उपासना के पाँच प्रकार हैं- तदुपासनं च पञ्चविधमभिगमनमुपादानमिज्या स्वाध्यायो योग इति श्रीपञ्चरात्रेऽभिहितम्।[11]

द्वैत-वेदान्त के अनुसार मोक्षप्राप्ति ईश्वर के प्रसाद से ही सम्भव है।[12] यहाँ यह स्पष्ट रूप से कहा है कि दु:ख से भिन्न पूर्ण सुख की प्राप्ति ही मोक्ष है और गुणों के उत्कर्ष का ज्ञान होने से ही कृपा प्राप्त होनी सम्भव है।[13]

न्याय-वैशेषिक मोक्ष की प्राय: अभावात्मक शब्दों में स्वीकृति परन्तु नैयायिक आत्यन्तिक दु:खनिवृत्ति को ही मोक्ष मानते हैं। इस प्रकार प्रमुख भारतीय दर्शनों में मोक्ष के स्वरूप को इस प्रकार प्रस्तुत किया है। अब महर्षि दयानन्द सरस्वती की मोक्ष विषयक अवधारणा पर प्रकाश डालते हैं। दयानन्द ने स्वकीय ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश के नवमोल्लास में विद्याऽविद्याबन्धमोक्ष के विषय में सविस्तार व सप्रमाण वर्णन किया है। उन्होंने मोक्ष प्राप्ति के लिए यथार्थ ज्ञान की सत्ता को स्वीकार किया है। जो मनुष्य विद्या

और अविद्या के स्वरूप को युगपत् जानता है वह कर्मोपासना से मृत्यु को पार करके विद्या (यथार्थ ज्ञान) से मोक्षप्राप्त कर सकता है।[14] इन्होंने पातञ्जल योगदर्शन के निम्न सूत्र से प्रतिपादित किया है-

अनित्याशुचिदु:खानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या।[15]

दयानन्द सरस्वती ने ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका में मुक्तिविषयक सप्रमाण उल्लेख किया है। मोक्ष प्राप्ति के मध्यस्थ जो बन्धरूपी बाधाएं उत्पन्न होती हैं उनका क्रमश: वर्णन इस प्रकार है-

अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच क्लेश हैं। इन्हीं को विपर्यय कहते हैं। इन्हीं के कारण जीव को दु:ख होता है इसलिए इनका नाम क्लेश है।[16] उपर्युक्त चित्त की पाँच वृत्तियों को यथावत् रोकने और मोक्ष के साधन में सर्वदा प्रवृत्त रहने से ये पञ्च क्लेश नष्ट हो जाते हैं। इनमें से भी अस्मितादि चार क्लेशों और मिथ्या भाषणादि दोषों में अग्रणी अविद्या है जिस कारण सू मूढ़ मनुष्य इसके तम: रूपी अन्धकार में फंसकर जन्ममरणादि दु:ख सागर में भटकते रहते हैं। परन्तु जब विद्वान और ध र्मात्मा में क्रमश: उपासकों की सत्य विद्या से अविद्या विच्छिन्न हो के नष्ट हो जाती है तब वे जीव मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं।[17] अनित्य, अपवित्र, दु:ख और अनात्मा में क्रमश: नित्य, पवित्र, सुत्र और आत्मा का ज्ञान होना अविद्या है। जब विद्या से अविद्या की निवृत्ति होती है तब बन्धन से मुक्त हो जीव मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।[18] द्वितीय क्लेश अस्मिता है जिसमें जीव और बुद्धि में एकरूपता का अनुभव हो अस्मिता नामक क्लेश कहलाता है।[19]

तृतीय क्लेश राग है। ''सुखानुशायी राग:''[20] सुख भोगने के उपरान्त करण में रहने वाली इच्छा, तृष्णा, लोभ राग नामक क्लेश है। जीव को इस यथार्थ का पता चल जाता है तब इसकी निवृत्ति हो जाती है।

चतुर्थ क्लेश द्वेष है। दु:खोपरान्त अन्त:करण में रहने वाला क्रोध द्वेष नामक क्लेश कहलाता है। ''दु:खानुशायी द्वेष:''[21]। इसकी निवृत्ति भी राग की निवृत्ति से ही सम्भव है।

पाँचवां क्लेश अभिनिवेश है। ''मैं मरूँ नहीं'' ऐसा स्वरूप वाला जो मृत्यु का भय है वह अभिनिवेश नामक क्लेश है।

''स्वसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेश:''।[22]

इस क्लेश की निवृत्ति तब होती है जब जीव परमेश्वर और जगत के कारण को नित्य और कार्य द्रव्य के संयोग वियोग को अनित्य मान लेता है। इन क्लेशों के समाप्त होने पर मोक्ष प्राप्ति सम्भव है।

जब अविद्यादि क्लेश समाप्त हो जाते हैं तब जीव सब प्रकार के बन्धनों और दु:खों के अभाव से मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।[23] स्वामी दयानन्द ने मोक्ष के स्वरूप को प्रतिपादित करते समय अनेक आचार्यों के मतों को सप्रमाण ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका में उपस्थापित किया है। स्वामी ने मोक्ष विषयक गौतमाचार्य के मतों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब मिथ्याज्ञान नष्ट हो जाता है तब जीव के सब दोष नष्ट हो जाते हैं। उसके नाशोपरान्त पुन: जन्म नहीं होता। उसके न होने से सब दु:खों का अत्यन्त अभाव हो जाता है। दु:खों के अभाव से मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है।[24]

मोक्ष के स्वरूप को लेकर प्राय: सभी दार्शनिकों में मतभेद दृष्टिगोचर होता है। चार्वाक देह नाश को ही सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। बौद्ध दर्शनानुसार निर्मल ज्ञान की उत्पत्ति ही मोक्ष है जो कि चार आर्य सत्यों द्वारा ही प्राप्त हो सकती है। जैन सम्प्रदाय के अनुसार कर्म से उत्पन्न देह में जब आवरण न हो तो जीव का निरन्तर ऊपर उठते जाना ही मोक्ष है। रामानुज सम्प्रदाय में ईश्वर के गुणों की प्राप्ति और उनके स्वरूप का साक्षात्कार करना मोक्ष है। शैव दर्शन में शिव रूप में परिणत हो जाना ही मोक्षप्रत्यभिज्ञा में पूर्ण आत्मा की प्राप्ति को ही मोक्ष माना गया है। रामेश्वर दर्शनानुसार रस के सेवन से देह का स्थिर हो जाना मोक्ष है। नैयायिक न केवल दु:ख निवृत्ति को, प्रत्युत सुख को भी मोक्ष मानते हैं। मीमांसकों के अनुसार विधिक वैदिक कर्मों के द्वारा स्वर्ग की प्राप्ति ही मोक्ष है। सांख्य दर्शन में प्रकृति के उपरत हो जाने पर पुरुष का अपने रूप में स्थित हो जाना ही मोक्ष है। योग दर्शन के अनुसार चित्त-शक्ति निरूपाधि के रूप से अपने आप में स्थित हो जाती है तो मोक्ष प्राप्ति सम्भव है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका में योगदर्शन के कतिपय सूत्रों द्वारा इसी मत की पुष्टि की है। अद्वैत वेदान्त के अनुसार मूल अज्ञान के नष्ट हो जाने पर अपने स्वरूप की प्राप्ति ही मोक्ष है।

### सन्दर्भसूची

1- तत् खलु आध्यात्मिकम्, आधिभौतिकम्, आधिदैविकं च। मिश्र, वाचस्पति:, 'सांख्यतत्त्वकौमुदी' गजानन शास्त्री (व्या.), चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफिस, विश्वविद्यालय प्रेस, वाराणसी प्र0 स0 2028 (संवत्)

2- 'मनुस्मृति' 7.43 लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर मुद्रणागार, कल्याण मुम्बई संवत् (1950)

3- आप्टे, वामन शिवराम:, संस्कृत हिन्दी शब्दकोश, कमल प्रकाशन दिल्ली, 2005

4- माधवाचार्य:, सर्वदर्शनसंग्रह:, भूमिका लेखक, उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पृ0 27 चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी। पं. स. 1997।

5- 'देहच्छेदो मोक्षः' सर्वदर्शनसंग्रहः, चार्वाकदर्शनम्, माध्वाचार्यः, चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी। पं. स. 1997।

6- सर्वस्य संसारस्य दुःखात्मकत्वं सर्वतीर्थङ्करसम्मतम्। अन्यथातन्निवृत्यसुनां तेषां तन्निवृत्युपाये प्रवृत्त्युनुपत्तेः। तस्मात् सर्वं दुःखं दुःखमिति भावनीयम् माध्वाचार्यः, सर्वदर्शनसंग्रहः बौद्धदर्शनम्, पृष्ठ-53

7- 'दुःखसमुदायनिरोधमार्गश्चत्वार आर्यबुद्धस्याभिमतानि तत्त्वानि, सर्वदर्शनसंग्रहः बौद्धदर्शनम्, पृष्ठ-144

8- मिथ्यादर्शनादीनां बन्धहेतुनां निरोधेऽभिनवकर्माभावान्निर्जररहितुसन्निधनिनार्जितस्य कर्मणो निरसनादात्यन्तिककर्ममोक्षणं मोक्षः, सर्वदर्शनसंग्रहः आर्हतदर्शनम्, पृष्ठ-144

9- माध्वाचार्यः, सर्वदर्शनसंग्रहः औलुक्यदर्शनम्, पृष्ठ-336

10- आगमनेनानुमानेन ध्यानाश्यासबलेन च।

त्रिधा प्रकल्पयन्प्रज्ञां लभते योगमुत्तमम्।। सर्वदर्शनसंग्रहः, पृ0-338

11- सर्वदर्शनसंग्रहः, रामानुजदर्शनम् पृ0 194

12- ''मोक्षश्च विष्णुप्रसादमन्तरेण न लभ्यते' सर्वदर्शनसंग्रहः पूर्णज्ञदर्शनम्, पृष्ठ-233

13- प्रसादश्च गुणोत्कर्षज्ञानादेव नाभेदज्ञानादित्युक्तम्, सर्वदर्शनसंग्रहः पूर्णज्ञदर्शनम्, पृष्ठ-233

14- विद्यां चाविद्यां चयस्तद्वेदोभयं सह।

अविद्यया मृत्यु तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते।। यजु0 अ0 40, म0 14

15- पातञ्जलिः, योगदर्शनम्, साधनपाद, सूत्र 5, सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव (व्या0) चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी।

16- अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्चक्लेशाः, योगदर्शन साधनपाद, सूत्र 3

17- अविद्या क्षेत्रमुतरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम्, योगदर्शन साधनपाद, सूत्र 4

18- अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या, योगदर्शन साधनपाद, सूत्र 5

19- दृग्दर्शनशक्योरेकात्मतेवास्मिता, योगदर्शन साधनपाद, सूत्र 6

20- वही सूत्र 7

21- वही सूत्र 8

22- वही सूत्र 9

23- तदभावात्संयोगाऽभावो हानं तदृशेः कैवल्यम्, वही 25

24- दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः, गौतम, न्यायदर्शनम्-1

# वैदिक प्रतीकों की पौराणिक व्याख्या-'ब्रह्मा स्वर्दुहितुः पतिः'

डॉ. हेमन्त चतुर्वेदी
अतिथि व्याख्याता-वेद विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वेद की भाषा निश्चयरूपेण प्रतीकात्मक है। वहां रूपकों की सहायता से मूल सिद्धान्त का प्रतिपादन किया जाता है, किन्तु रूपकों को यथार्थतः समझना एक विषम पहेली है। इसकी कुंजी पुराणों में अन्तर्निविष्ट है। पुराणों की सहायता से ही यह गम्भीर तत्त्व उद्घाटित किया जा सकता है। इस विषय में वेद तथा पुराण में किसी प्रकार का विरोध नहीं हैं। जो तत्त्व वैदिक मन्त्रों में रूपकालंकार की लपेट में गुह्यरूप से निर्दिष्ट है, वे ही पुराणों में सरल सुबोध शैली में सामान्य जनता के उपदेशार्थ रोचक शब्दों में प्रकट किये गये हैं। तात्पर्य दोनों ग्रन्थों का एक ही अभिन्न है। इसलिए वेद में श्रद्धा रखने वाला जन पुराण में अश्रद्धा रखे, यह एक विषम तथा औचित्य-विहीन कथन है। पुराण वे ही बातें विस्तार से कहता है जो वेद ने सूक्ष्मरूप में कहा है अथवा केवल संकेतित किया है। इस तथ्य को भुलाना, मानों हिन्दु धर्म के मौलिक तथ्य की जानकारी से पराङ्मुख होना है। पुराणों के वर्णनों में कहीं असम्बद्धता, असंगति, तथा व्यवहार-विरुद्धता का जो दोष दृष्टिगोचर होता है, उसे ठीक-ठीक समझने के लिए वेदों के पास आलोचकों को जाना होगा। वैदिक प्रतीकों को यथार्थरूप से न जानने के कारण ही पुराणों पर दोषों का तीव्र आरोप किया गया है, क्योंकि पुराण वैदिक प्रतीकों की ही व्याख्या अपनी कहीं सुबोध शैली में, और कहीं ऐतिहासिक पद्धति में करता है। और इन प्रतीकों की अज्ञानता ही पुराणों के ऊपर कलंक का सर्वथा उत्तरदायी माना जा सकता है। ठोस दृष्टान्तों से इस आरोप-परिहार के तथ्य को समझना होगा।

ब्रह्मा अपनी पुत्री (वाग् या सरस्वती) के पति थे जिसका उन्होंने धर्षण किया- यह एक वैदिक प्रतीक है। वेद में जिस प्रकार से यह उपन्यस्त है, पुराणों ने भी उसे उसी रूप में बिना ननुनच किये, ग्रहण किया है। पुराणों पर इस वर्णन के लिए तीव्र दोष लगाया है कि वह समाजविरोधी अधार्मिक तथ्यों का वर्णन कर धर्मविरुद्ध आचरण को प्रोत्साहन देता है। इस कथा के पीछे विद्यमान प्रतीक को यथार्थ रूप से समझने की आवश्यकता है।

पुराण ने वैदिक गाथा का, कई अंशों की पूर्ति कर, परिबृंहण किया है। वैदिक गाथा का स्वरूप संक्षेप में इस प्रकार है- प्रजापति ने अपनी दुहिता का धर्षण किया (ऋग्वेद)[1] प्रजापति ने अपनी दुहिता का अनुगमन किया (ऐतरेय)[2] जिसका समर्थन शतपथ ब्राह्मण करता है- **प्रजापतिः स्वां दुहितरभिदध्यौ**

(शतपथ 1/7/4/1) अथर्ववेद एक पद आगे बढ़कर कहता है- पिता ने पुत्री में गर्भ स्थापित किया- **पिता दुहितुर्गर्भमाधात्** (अथर्व,1/10/12)। इसी की पुष्टि ताण्ड्य ब्राह्मण करता है कि प्रजापति आरम्भ में अकेला था। वाक् (सरस्वती) दूसरी थी। ये दोनों मिथुन बने। तब वह वाक् गर्भवती हुई। इन उद्धरणों से कथानक का संक्षिप्त रूप स्पष्ट होता है।

श्रीमद्भागवत् (2/12/28-33) में पिता को इस अधर्म कार्य में कृतमति देखकर मरीचि आदि पुत्रों ने उन्हें समझाया, ब्रह्मा-सरस्वती का यह प्रसंग ठीक इसी रूप में वर्णित है। इसका निर्देश मूल गाथा में नहीं है।

इस कथा के अन्दर एक गम्भीर आध्यात्मिक तथा वैज्ञानिक तथ्य है जिसके न जानने से ही कथा में अश्लीलता तथा अनाचार की अभिव्यक्ति होती है। उसका निर्देश इस प्रकार किया जा सकता है :-

**वैज्ञानिक तथ्य :-**

प्रजाओं के पालन करने के कारण सूर्य ही प्रजापति है। यह प्रतिदिन का दृश्य है कि प्राची क्षितिज पर उषा का आगमन पहले होता है और सूर्य का आगमन उसके बाद होता है। सूर्य के आगमन होने पर उषा का जन्म होता है इसलिए वह उसकी दुहिता कही गई है। उषा में सूर्य अपने अरुण किरण का सन्निवेश कर दिवस रूपी पुत्र को उत्पन्न करता है। अरुण किरण रूपी बीज के निक्षेप के कारण ही दोनों में स्त्रीपुरुष का उपचार किया गया है। इस प्रकार सूर्य और उषा का दैनन्दिन व्यवहार यहाँ ब्रह्मादुहितृ रूप में चर्चित किया गया है। उषा का सूर्य द्वारा अनुगमन पुत्री का पिता द्वारा अनुगमन माना गया है तथा अरुण किरणों को बिखेर कर दिन की उत्पत्ति वीर्याधान की व्याख्या है। वही वैज्ञानिक तथ्य इस कथा के द्वारा अभिव्यक्त किया गया है। **'परोक्षप्रिया हि देवा प्रत्यक्षद्विषः'** की शैली के आधार पर प्रत्यक्ष दृश्य घटना का यह परोक्ष संकेत है।[3]

श्रीमद्भागवत् ने इस कथानक के वर्णन में इस संकेत की संक्षेप में अभिव्यक्ति की है। **'वाचं दुहितरं तन्वीम्'** में 'तन्वी' शब्द का प्रयोग व्यंजना से प्रकट करता है कि यह दुहिता कोई स्थूल शरीर वाली न होकर सूक्ष्म शरीरिणी है तथा निषेद्धा मानसपुत्रों में 'मरीचि' ऋषि का उल्लेख प्रकारान्तर से 'किरण' का भी बोधन करता है। इस प्रकार भागवत् सूर्य-उषा परक तात्पर्य को संकेत द्वारा प्रकट करता है।

**आध्यात्मिक रहस्य :-**

वेदों में मन की ही संज्ञा 'प्रजापति' है तथा 'वाक्' की संज्ञा सरस्वती है। **यत् प्रजापतिस्तन्मनः** (जैमिनिउप0 1/33/2) तथा **वाग् वै सरस्वती** (कौशीतकि 5/1) मन की सत्ता वाणी से पूर्ववर्तिनी होती है। मनुष्य जो भी प्रथमतः संकल्प करता है उसे ही वह वाणी द्वारा प्रकट करता है। मन की सत्ता पहले है तथा वाणी की स्थिति उसके अनन्तर है। इस पारस्परिक सम्बन्ध के कारण मन पिता (प्रजापति) कहा गया है और वाक् दुहिता। जब मन रूपी पिता वाणी रूपी अपनी पुत्री में प्रेरणा रूपी तेज का आधान करता है, तब शब्द रूपी पुत्र का जन्म होता है। इसी मनोवैज्ञानिक तथ्य का आविष्करण इस कथा के मूल में वर्तमान है। इस अर्थ का कथन ब्रह्मवैवर्त पुराण के किन्हीं श्लोकों द्वारा मिलता है।

**आधिदैविक तथ्य :-**

आधिदैविक स्तर पर भी इसकी व्याख्या की जा सकती है। वैदिक मन्त्रों के समान ही पौराणिक कथाओं की भी व्याख्या तीनों स्तरों को दृष्टि में रखकर की जा सकती है। वैदिक मन्त्रों की इस त्रिविध व्याख्या का मार्ग यास्क ने अपने निरुक्त में पूर्व ही प्रशस्त कर दिया है। उसी प्रक्रिया का प्रयोग पौराणिक कथानकों की व्याख्या के निमित्त भी करना चाहिये। आधिदैविक रूप में भी यह कथानक एक सारगर्भित तथ्य की अभिव्यंजना करता है। वह तथ्य वैदिक ग्रन्थों तथा स्मृतिग्रन्थों में स्थान-स्थान पर निर्दिष्ट किया गया है। सृष्टि के अवसर पर ब्रह्माजी ने अपने शरीर को दो भागों में विभक्त कर दिया। उनका वामभाग तो स्त्रीरूप हो गया तथा दक्षिण भाग पुरुष बना[4] और इन दोनों के संयोग से ही सारी सृष्टि की उत्पत्ति हुई। शतपथ के एक अंश (14/3/4) में इसका विवरण विस्तार से दिया गया है। तथा मानव-पशु सृष्टि की प्रक्रिया बड़े सुन्दर ढंग से दिखलाई गई है। फलतः ब्रह्मा वाली यह कथा इसी आदिम सृष्टि रहस्य की प्रतिपादिका है।[5]

**सन्दर्भसूची**

1- प्रजापतिः स्वां दुहितरमधिष्कन् ऋग्वेद 10/61/7

2- प्रजापतिर्वै स्वां दुहितरमभ्यध्यायत्'' ऐतरेय, 3/33

3- इस व्याख्या का बीज ब्राह्मण ग्रन्थों में भी विद्यमान है- प्रजापतिरुषसमध्यैत् स्वां दुहितरम् (ताण्ड ब्रा0 8/2/10) जिसका पल्लवन कुमारिल भट्ट ने अपने तन्त्रवार्तिक में किया है:- प्रजापतिस्तावत् प्रजापालनाधिकारात् आदित्य एवोच्यते। स च अरुणोदयवेलायामुषसमुद्यन्नभ्यैत्। सा च तदागमनादेवोपजायते इति तद्-दुहितृत्वेन व्यपदिश्यते। तस्यां चारुणकिरणाख्यबीज निक्षेपात् स्त्रीपुरुषयोगवदुपचारः।- तन्त्रवार्तिक 1/3/7

4- द्विधाकृत्वाऽऽत्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत्।

अर्धेन नारी तस्यां तु विराजमसृजत् प्रभुः।। -मनु0 1/32

5- इन रहस्यों के अज्ञान के कारण ही पुराणों पर अनेक घृणित दोषों का आरोप किया गया है। इसके समाधान के लिए द्रष्टव्य पण्डित माधवाचार्य द्वारा रचित 'पुराण दिग्दर्शन' (तृतीय सं0, प्रकाशक माधव पुस्तकालय, देहली, पृष्ठ 410-720)। पुराण-विमर्श ''बलदेव उपाध्याय:-चौखम्बा प्रकाशन।

# Agenda of 'Make in India' in Indian Education System

**Luxmi Nagar, Research Scholar (Education),IASE**
**Jamia Millia Islamia, New Delhi**

**ABSTRACT:**

India is in throes of reviving its high growth trajectory through Make-in-India campaign. Education policy has therefore become a critical link in this campaign as it would upscale Human Development Index (HDI) and improve employment opportunity of around 10 million additional workforce who seek jobs every year. This paper takes an overview of the high power committees to improve private industry participation and foreign collaboration and strongly advocates the need to increase government's commitment towards allocation to education, increase thrust on research and development, and to abdicate the ideological slug fest in order to realize the immense potential that a high global connect provides.

**Keywords:** Make in India, HDI, Foreign collaboration.

**Introduction**

Although education has been a priority sector almost close to a decade, somewhere there has been negligible will to bring in much change in the system. Prime Minister Modi's independence day declaration of 'Make in India' has in a sense articulated India's aspirations to be a global leader in the near future. This dream can be achieved only if there is an alignment of vision for skill development, higher education and research with the overall economic agenda. The Vision clearly outlines the architecture that would create a high quality, yet equitable and affordable Indian higher education system that is not just the best in the world but the best for the world.

Economic development, inclusive growth and high employability are significantly linked to education policy of a country. Beginning with Kothari Commission (1966) with its emphasis on science & technology and research to National Policy on Education (1986), several committees during the last decade have advocated for greater foreign collaboration, public private partnership and improvement in quality. Three important committees have addressed the issue of private sector participation and the modicum for achieving better global connectivity and quality improvement in the higher education sector.

**Ambani Birla Report (2000) :**Ambani-Birla envisioned creation of a knowledge based society, which will induce competitiveness while fostering cooperation. The report championed the principle of use-pay policy supported by loan schemes and financial grants for economically backward section. It strongly recommends legislation for new private universities in the field of science and technology, management and finance area. The report pitched for foreign direct investment while limiting into Science, Technology and Research. Moreover excessive regulations was sought to be dispensed with while emphasizing that the government should play the role of a facilitator.

**Knowledge Commission (2009) :** Some of the striking features of the Knowledge Commission are to spur growth of private and foreign universities and reduce role of the state. The commission recommends expansion of the number of universities to 1500 in the country, and establishment of 50 national universities by government or by private sponsoring bodies to be set up by Society or Trust or though Section 25 of Companies Act. The commission strongly recommends reduced role of the UGC and instead purposed establishment of an independent regulatory authority for higher education (IRAHE) and an addition 1.5% of GDP to be allocated for higher education.

**Narayan Murthy Report (2012) :** It proposes enhancing research focused-through dedicated funding for research sponsored doctoral programs, setting up centre of

excellences in the form of technology parks, developing new knowledge clusters & up-gradation of 75 top of the class universities, with investment ranging from Rs.175 to Rs.200 crore per university. The committee has recommended creation of 20 world class universities with investment of Rs.500crore per university and the targeted outcome is the creation of 20 new national knowledge clusters through the public private partnership. The estimated investment for the 5 year plan is of Rs.40000 crore with government corporate partnership and creation of a council for industry and higher education collaboration as a nodal agency.

The global economy is undergoing structural transformation: there will be need for a workforce of 3.3 billion by 2020, increasingly in the services and capital intensive-manufacturing sectors. The phenomena is also expected to play out in India – by 2020, 90% of India's GDP and 75% of employment is expected to be Contributed by the services and manufacturing sectors.

**Biyani (2015)** has focused on and discussed Quality Improvement in Higher Education to Meet Challenges of Make in India. She mentioned that Education is the basic necessity for the socioeconomic development of an individual and society. Since independence it's been facing challenges to establish strong education system. Though serious attempts were made by ruling government in this regard but could not improve basic problems faced by higher education system in India.

Challenges faced by India include inadequate infrastructure and facilities, large number of vacancies in faculty positions, low student enrollment rate, outdated teaching methods, declining research standards, regional imbalances in the growth of higher technical institutions, declining student teacher ratio, inequitable excess to quality higher education for students coming from poor families. This all has resulted in increasing unemployment amongst youth leading to unexpected rush to grab opportunities in govt.

sector. Time has now come to improve the standard of higher education and relate it with requirements of govt., public sector, private sector and corporate world by increasing academic connection with industry, incentives to teachers and researchers, adopting innovative methods of communication, introducing PPP mode in the field of higher education, proving need based and job oriented courses. The need for such improvement has become all the more pertinent in ensuring success of ¯Make In India program of central govt. for which lot of emphasis is being laid on skill development. Honorable Prime Minister,„s dream is make India as a hub for supporting qualified and skilled manpower to other countries of the world.

Mahatma Gandhi said, "human beings themselves are the real wealth of the nation, not gold and silver". Human beings are both ends and means of economic activities, hence are considered as a great asset of any nation. As compared to western Countries where there is a burden of ageing population, India has unique window of opportunity called 'demographic dividend' because India has a higher proportion of working age population of 20-25 years. India's abundance of human capital is attracting the global economy towards it and is one of the reasons for the growth of FDI. With a strong human resource any other challenge to economic growth can be face.

India, with its large workforce and increasing pool of higher education graduates, is strategically positioned to reap the benefits of this shift. However, the 'demographic divided' will be squandered unless India is able to create a "globally relevant and competitive" higher education system that serves the requirements of both the domestic as well as global economy. We believe that "globally relevant and competitive" in the Indian context implies the following:

- **India prominently placed on the global higher education map** in terms of more globally-reputed Indian institutions, significant student and faculty mobility, presence of / collaborations with quality international institutions

- **India as a hub for talent** that is able to drive competitiveness of the Indian economy and is fit to work in or serve international markets

- **A culture of research, innovation and entrepreneurship** that can power high economic growth in the country

While the Indian higher education system has made considerable progress in terms of capacity creation and enrolment especially in the last decade, it lags significantly in terms of "global relevance and competitiveness". We believe the key gaps are as follows:

- **Low employability of graduates**, driven by several factors including outdated curricula, shortage of quality faculty, high student-teacher ratios, lack of institutional and industry linkages, and lack of autonomy to introduce new and innovative courses.

- **Low impact research output and patents filed** given relatively low government and corporate spending on research, insufficient doctoral students, missing research focus and culture in most institutions, and lack of international research collaborations

- **Limited focus on entrepreneurship** on campus as reflected in the fact that there are few institutes that offer programs in entrepreneurship and have active incubation / entrepreneurship cells

- **Complex regulatory requirements and hurdles**, poor institutional governance standards, and lack of professional management

Higher level of educational attainment leads to skilled, productive and efficient work force which ensures standard quality of goods and services. Education is essential to increase the productivity of human capital. Education is regarded as basis for the foundation for employability. Education implies not only gaining knowledge but also transforming that knowledge into application through vocational training and skill development. Education enhances people's capacity to work and their opportunities to work; promoting innovation ensures work satisfaction and also increases productivity. All these will lower unemployment, underemployment, reduce social inequality and also encourages the flow of domestic and foreign investment.

We are of the opinion that "Make in India" should not become an export-oriented strategy rather we need to create an environment that makes our firms able to compete with the rest of the world and also encourage the foreign producers to utilize of our human capital and there by create employment opportunities. It also involves establishment of a stronger sustainable unified domestic market as when the external demand is affected or reduced, we have to produce for internal market. Further, the call should energize all people to become educated entrepreneurs – smart, skilled and synergetic. Our educational institutions must become socially more responsible balancing career-focus and research-focus. The quality/assurance of this education should be based on accessibility, affordability, universality and measurability of both inputs and outcomes. The ultimate goal has to be to make people have national competence and global relevance, meaning convergence of transformational education and transnational education, and balancing of academics with advocacy and praxis.

PM Modi's main concern is with the manufacturing sector which accounts for 14-16% of GDP with 85% of employment in unorganized sector, with a 'missing middle'. This is unlike manufacturing hubs in Korea, China, Germany and Japan where 50% of the firms are large with benefit of economy of scale and 20% are SEMs. Value addition in global value chain for India was only 1% in 2009 as against 9% by China and Germany. National manufacturing Zone (NMZ) 2011 policy is limping big time in the absence of Centre State synergy, tardy land acquisition and long drawn environmental clearance. Subir Gokran has rightly observed that increase in Incremental Capital Output Ratio (ICOR) from 3.1% (2005-2006) to 5.9% (2012-2013) is largely attributable to supply constraints like power-coal imbalance and in ordinate project delays.

For Improving a Country's Manufacturing Capability the quality of workforce would be critical. Prof. Solow, a Nobel Laureate, in his seminal paper had brought out the importance of Total Factor Productivity (TFP). His equation Q=A * KÄ Lâ where Q is the production function, A is the level of technology and scale, K & L are factors of production Ä & â are factor efficiency has demonstrated how US has become the premier technological hegemony after the second world war.

**Provisions for Education in Budget 2015-16:**

- There are some provisions to promote the education sector in 2015-16 financial years,, budget
- Establishment of new IITs, IIMs, and AIIMS to boost capacity in such institutes of excellence
- Increased emphasis on skilling youth with employability and entrepreneurial skills
- Address issues of quality in school & girl child education through specialized schemes and creation of infrastructure

- Allocation for teacher training in order to have a direct impact on the learning outcomes of the students
- Simplification of norms to facilitate education loan for higher studies.

While we acknowledge that the Government has proposed and is also taking several measures to improve the system on the above aspects, there are some steps it could take to make the Indian higher education system a role model for other emerging systems. Institutions, on their part, would need to adopt a transformative and innovative approach across all levels of higher education: from curricula and pedagogy to the use of technology to partnerships, governance and funding, to become globally relevant and competitive. The government should also focus on:

- Providing a platform for policy advocacy and influencing reforms pertinent to the industry needs
- Creating sustainable linkages between Industry and Academia
- Facilitating networking and knowledge sharing
- Promoting collaborative ventures in academic exchanges, industry oriented research/ consultancy and value added services
- Advocating Internationalization of Indian Higher Education by organizing overseas missions and sting foreign delegations in India.

Sudhir Kumar Sopory, vice – chancellor of Jawaharlal Lal Nehru University said in a recent meeting-¯A ranking system in India is being launched, The government has done a few things such as launching a program that allows us to invite people from abroad at government expense which has made it easy for universities to invite foreign faculty but we have not seen much enhancement in budgetary allocation and resources

continue to be constraint. There is again an another opinion on efforts make in India- The best way to estimate the reach and influence of Prime Minister Narendra Modi„s campaign in higher education is perhaps to look at how some of the foreign universities and global honchos have responded to the campaign.

**Conclusion**

Make-In- India campaign success however, would critically hinge on education policy and allocational commitment of a country to bolster quality of primary and higher education. India has been inordinately late in introducing universal access to basic education as a fundamental right. However the RTE Act 2002 has acted as huge catalyst in reaching out to all segments of the society. The major concerns are essentially with regard to poor infrastructure facility, inept teaching and high dropout rates.

However India needs to embark on new educational policy which is devoid of ideological fixation and foster industry academic interface, collaboration with reputed foreign universities with government playing a pivotal role both in pre & primary stage of education with adequate funding, for basic infrastructure and improve the quality of teachers and teaching. As John Maynard Keynes observes "The difficulty lies not in introducing new ideas but in replacing old ones". Hopefully the new education policy will abdicate obscurantism and Make India the super power of Asia through the Make-in-India campaign.

**References**

1. 12th Plan Document, Government of India
2. Agarwal, P.(2007). Higher Education-I-From Kothari Commission to Pitroda Commission. Economic and Political Weekly February 17, 2007

3. Altbach, G.P.(2009). The Giants Awake: Higher Education Systems in China and India. Economic & Political Weekly, June 6, 2009 VOL XLIV No 23

4. Annual Report, Ministry of Human Resource Development, India, 2010-2011 & 20-13

5. Bakshi, P.M. The Constitution of India. Universal Law Publishing Co. Pvt. Ltd. Delhi

6. Colclough, C. & Lewin, K. M. (1993): Educating all the Children. Calendon Press, Oxford

7. Dreze, J. & Sen, A. An Uncertain Glory India and its Contradictions. Penguin Books India Pvt. Ltd, Panchsheel Park, New Delhi

8. Dubey, M. Free and Compulsory Elementary Education: Still a Long Distance for Indian Children. India

9. Guidebook on Promoting Good Governance In Public-Private Partnerships. United Nations Economic Commission for Europe-2008

10. Human Development Report, 2014-Sustaining Human Progress: Reducing Vulnerabilities and Building Resilience. UNDP

11. India Public Policy Report 2014.

12. Malhotra, R. India Public Policy Report-2014 Tackling Poverty, Hunger & Malnutrition. Oxford University Press, Jai Singh Road, New Delhi

13. Mehra, P. -Free markets model has failed- The Hindu, 22nd December, 14

14. Panagariya, A. India-The Emerging Giant. Oxford University Press, Madison Avenue, New York

15. Saini, S.K.-Development of Education in India-Socio Economic and Political Perspective. Shabdankan

16. MHRDs AISHE survey. (2014-15). Retrieved from http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/statistics/AISHE _2014-15P

17. http://www.dnaindia.com/money/report-pm-modi-s-make-inindia-turns-one-all-you-need-to-know-about-the-initiative-2128448

18. https://en.wikipedia.org/wiki/Higher_education_in_India

19. https://www.iimcal.ac.in/make-india-academic-perspective-profpartha-priya-dutta

# संस्कृतसाहित्ये विज्ञानम्

**डॉ० मनोजकिशोरपन्तः**
सहायक प्रोफेसर
उ.स.वि.वि., हरिद्वारम्

किं विज्ञानमिति जिज्ञासायामुच्यते यत्- विवेकज्ञानं विशिष्टज्ञानं विविधज्ञानं वा विज्ञानमिति। यतो हि विवेकज्ञानसानेन पदार्थानां साधर्म्यवैधर्म्यज्ञानस्य यथार्थता दृश्यते। विशिष्टज्ञानेन पदार्थानां भिन्नं विलक्षणज्ञानं भवति। विविधज्ञानेन विषयवैविध्यानुरूपं ज्ञानं बोद्धव्यम्। यथार्थनियमो हि विज्ञानस्य मन्तव्यः। विज्ञानं हि प्रत्यक्षसाध्यं वर्तते। संस्कते विज्ञानस्य प्रत्यक्षमूलतत्वं स्वीकृतमेव। प्रचीनऋषयः वैज्ञानिका आसन्। ते सर्वदा प्रत्यक्षद्रष्टारो बभूवः। साक्षात्कृतपदार्थानां वर्णनं वैदिकमन्त्रेषु प्राप्यते।

वेदानां विषये भगवता मनुना कथितम्- ''**सर्वज्ञानमयो हि सः**[1]'' अर्थात् वेदेषु सर्वविद्यानां साधनानि विद्यमानानि सन्ति। यत्र धर्मः, आचारशिक्षा, नीतिशिक्षा, सामाजिकजीवनं, राजनीतिशास्त्रम्, अर्थशास्त्रम्, आयुर्वेदादिविषयाः विवेचिताः तत्रैव विज्ञानसम्बन्धितसामग्रीणामपि प्राचुर्येण समीक्षा द्रष्टुं शक्यते। अनेन विज्ञानस्योद्भवः संस्कृतवाङ्मयतो जातः। तत्र विज्ञानस्य मार्गः प्रशस्तोऽस्ति। संस्कृते विज्ञानस्य स्वरूपं सिद्धान्तरूपेण व्यवहारतया च प्राप्यते। संस्कृतवाङ्मयेऽस्मिन् भौतिकविज्ञान-रसायनविज्ञान-वनस्पतिविज्ञान-जन्तुविज्ञान-प्रौद्यौगिकी-कृषि-दृष्टिविज्ञान-भूगर्भविज्ञान-प्राणिविज्ञान-वैमानिकीविज्ञानप्रभृतीनाञ्च वर्णनं दृश्यते। एतेषां साङ्गोपाङ्गविवेचनं विस्तृततया शोधपत्रे भविष्यति।

वैदिकसाहित्ये विज्ञानस्य महत्त्वपूर्णं तथ्यं प्राप्यते। अथर्ववेदे विज्ञानशब्दस्य प्रयोगो विशिष्टज्ञानार्थे निहितः। यथा हि

**विज्ञानम् आ ददे।।**[2]

व्रात्यप्रसङ्गे विज्ञानं तस्य वस्त्रं कथ्यते। तद्यथा-

**विज्ञानं वासः।**[3]

ऋतं सत्यञ्च सृष्टेराधारद्वयमस्ति। शाश्वतप्राकृतिको नियमो हि ऋतः। एते प्राकृतिकाः नियमा हि सृष्टेः पदार्थानां सञ्चालनं कुर्वन्ति। यदुक्तमऋग्वेदे-

**ऋतं च सत्यं चाभीद्धात् तपसोऽध्यजायत।**[4]

वैदिकसाहित्ये वैज्ञानिकतथ्यानुसारेण ज्ञायते यत् सत्येन पृथिवी तिष्ठति तथा च ऋतेन आदित्यास्तिष्ठन्ति। यथा हि-

**सत्येनोत्तभित्ता भूमिः, ऋतेन आदित्यास्तिष्ठन्ति[5]।**

सूर्यस्य सप्तरश्मयो विद्यन्ते। एताः सप्तश्वा अपि कथ्यन्ते। अनेन सूर्यः सप्तसप्तिः, सप्तरश्मिरिति नाम्नाऽभिधीयते। एताः सप्तरश्मयो वर्षायाः कारणभूता वर्तन्ते। सूर्यस्यरू सप्तरश्मयः आकाशात् जलं वर्षन्ति। तथा हि अथर्ववेदे-

**अव दिवस्तारयियन्ति सप्त सूर्यस्य रश्मयः। आपः समुद्रिया धाराः[6]।**

संसारेऽस्मिन् दृश्यादृश्यमाना बहवः पदार्थाः सन्ति। तेषां पदार्थानां संग्रहणेन हि भौतिकमिदं जगन्निर्मितमिति सत्यम्। समस्तेषु भौतिकपदार्थेषु प्रामुख्यमाग्नेयतत्त्वस्यैव वर्तते। यदुक्तं शतपथब्राह्मणे-

आपो हि वा वज्रः।

**येनैता यन्ति निम्नङ्कुर्वन्ति यत्रोपतिष्ठन्ते निर्दहन्ति च[7]।**

भौतिकविज्ञाने प्रमुखतयाग्नि-सूर्य-पृथिवी-वायुजलादीनां विषये सिद्धान्ताः प्राप्यन्ते। एकं महत्त्वपूर्णं वैज्ञानिकतथ्यं संस्कृतसाहित्यवर्णनमस्ति यत् सूर्याद् हि चद्रमसि प्रकाश मायाति। मन्त्रस्य कथनमस्ति-चन्द्रमण्डले सूर्यस्य गुप्तरश्मयो गच्छन्ति। यथा-

अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम्।

**इत्था चन्द्रमसो गृहे[8]।**

आधुनिके भौतिकविज्ञाने शक्तिः, गतिः, ऊर्जा, तापः, सामर्थ्यं, ध्वनिः, प्रकाशः, चुम्बकत्वं, विद्युत्, नाभिकीयोर्जादयो विषयाः सन्ति। अथापि अग्निना सहाधिकानां सम्बन्धोऽस्ति।

अग्नेर्विराट्स्वरूपमृग्वगस्य द्वितीयमण्डले प्राप्यते। यथा हि

**त्वमग्न इन्द्रः, त्वं विष्णुः, त्वं ब्रह्मा, त्वं वरुणः, त्वं मित्रः, त्वमर्यमा,**

**त्वं रुद्रः, त्वं मरुत्, त्वं पूषा, त्वमदितिः, त्वं भारती, त्वमिडा, त्वं सरस्वती[9]॥**

अनेन प्रतीयते यत् विस्पष्टमेवैतद्यदग्निः व्यक्ताव्यक्तः? मूर्तोऽमूर्तः, स्थूलसूक्ष्मः, सर्वस्वरूपश्च वर्तते। संस्कृते अग्नेर्माहात्म्यं द्युलोकान्तरिक्षभूमौ च सर्वत्र व्यापकत्वेन वैज्ञानिकताऽपेक्षते। विज्ञानं हि स्वीकरोति

यत् अग्निना विश्वमिदं चैतन्यं गति-स्थिति-परिवर्तनञ्चापि भवितुं शक्नोति। वैज्ञानिकतादृशा संस्कृते अग्नेस्त्रिविधं स्वरूपमुपवर्णितम्। तद्यथा-

**दिवि ते जन्म, अन्तरिक्षे नाभिः, पृथिव्यामधियोनिरित्।**[10]

परमाणुविज्ञानेऽपि त्रीणि तत्त्वानि सम्मिलितानि भवन्ति। तत्र घनात्मकम्, ऋणात्मकुदासीनञ्च। अत्र वैज्ञानिकभाषायां तु इलैक्ट्रान-प्रोटॉन-न्यूट्रान-नामभिर्ज्ञायते।

विज्ञानं स्वीकरोति यत् पृथिवीमण्डलस्योत्पत्तिः सूर्यात् बभूव। एतादष्टशो वैज्ञानिकसिद्धान्तोऽयं संस्कृतवाङ्मये हि वर्तते। यदुक्तमथर्ववेदे -

**यस्या हृदयं परमे व्योमन्।**[11]

पृथिवी बाहुच्युताऽस्तीति वैज्ञानिकमतं संस्कृतवाङ्मये प्राप्यते-

**बाहुच्युता पृथिवी द्यामिवोपरि॥**[12]

इयं पृथिवी चक्रवद् भ्रमति मातरमन्तरिक्षं पुरः स्थिता सती पितरं सूर्यं परिक्रामत्येषः भूभ्रमण-वैज्ञानिकसिद्धान्त उपलभ्यते। तद्यथा-

**आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातर पुरः पितरश्च प्रयन्त्स्वः।**[13]

अनेन मन्त्रेण विश्वप्रसिद्धो ज्येतिर्विद् आर्यभट्टः पृथिवीभ्रमणसिद्धान्तस्य प्रतिपादनं कृतवान्।

पृथिव्या गुरुत्वाकर्षणस्य सिद्धान्ताः संस्कृतवाङ्मये प्राप्यन्ते। तत्र पतञ्जलिना निगादितम्-

**लोष्टः क्षिप्तो बाहुवेगं गत्वा नैव तिर्यग् गच्छति नोर्ध्वमारोहति, पृथिवीविकारः पृथिवीमेव गच्छत्यान्तर्यतः॥**[14]

गुरुम्वाकर्षणसिद्धान्त आधारशक्तिनाम्ना प्रकटितः जबालोपनिषदि। अस्या आधारशक्तेर्विभागद्वयमस्ति- ऊर्ध्वशक्तिः अधःशक्तिश्च। अत्र अग्नेरूध्वर्गतिः सोमस्यचाधोगतिर्भवति। द्वितीयभास्कराचार्यस्य, वराहमिहिरस्य, श्रीपतेश्च वैज्ञानिकग्रन्थेषु पृथिव्या आकर्षणशक्तेरनेकानि प्रमाणान्यवलाक्यन्ते।

वायुमण्डलं पृथिव्याश्चतुर्षु दिक्षु परिव्याप्तं वर्तते। वायुना विना कश्चिदपि जीवः क्षणमपि स्थातुंन पारयति। जीवस्य शरीरे प्राणः शक्तेर्गमनागमनं वायुमाध्यमेनैव भवति। एतस्य वर्णनं संस्कृते हि प्राप्यते यत्-

**आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।**

**घोषा इन्द्रस्य श्रृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम॥**[15]

वृक्षविज्ञानेनोपवनानां समृद्धिर्विस्मयकारिणी बभूव। तथा हि- आम्रफलानि घटाकाराणि सम्भावितानि। तृतीये वर्षे आम्रवृक्षाः फलदा बभूवुः। पुष्पफलाछीनामकाले प्रसवः सम्भावितः।[16] शोष्यमाणानां वृक्षाणामायुः संवर्धनं सर्वौषधयोगेन कृतम्।[17] वृक्षानां रोपणं कलमपद्धत्याऽक्रियत। विभिन्नर्तौ वृक्षकाणां सेचनकालस्य निर्धारणं कृतम्। वृक्षाणां रोगााणां लक्षणानि तेषां निदानानि च कृतानि। शल्यचिकित्साऽपि वृक्षाणां प्रचलितासीत्। वृक्षाणां पूर्णसंवर्धनायोत्तमवातावरणस्याकलनं विहितम्। वृक्षाणां शीघ्रसंवर्धनाय शतविधानि वल्यानि रचितानि। कलात्मिकविधिना लघुदीर्घमळावृक्षलतादीनामुपवने विन्यासः कृतः।।[18]

रसायनविज्ञानस्य चर्चा संस्कृतसाहित्ये प्राप्यते। रसो हि शारीरिकबलस्य साधनमात्रम्। रसः शरीराय शक्तिं ददाति। बहुषु मन्त्रेषु वर्णनं प्राप्यते यत् जले अग्निर्भवति। यथा-

**या अग्निं गर्भं दधिरं ...........आपः॥**[19]

अनेकेषां मन्त्राणां कथनमस्ति यत् जले ओषधयः सन्ति। तद्यथा-

**अप्सु अन्तः विश्वानि भेषजा॥**[20]

गोपथब्राह्मणे वर्णनमस्ति यत् जलेषु मरुतस्तिष्ठन्ति। यथा-

**अप्सु वै मरुतः श्रिताः॥**[21]

किञ्च -

**आपो वै मरुतः।**[22]

को न जानाति वायोरपरं नाम मरुदिति। मरुद्गणाः मेघस्य स्वामिनः, वृष्टिकारकाः, अन्तजलयोर्दातारः, संसारस्य नियामका वर्तन्ते। मरुद्गणेषु चुम्बकीया शक्तिरस्ति।

वनस्पतिविज्ञानविषये संस्कृतसाहित्ये वर्णनं प्राप्यते। वर्षा, सूर्यः, चन्द्रमाः च वनस्पतीनां पितरः पालका वा भवन्ति। यथा -

**शरस्य पितरं पर्जन्यम्, चन्द्रम्, सूर्यम्॥**[23]

वनस्पतीनां कृते वर्षाभ्यः रसः प्राप्यते, सूर्यात् ऊर्जा लभ्यते, चन्द्रमसः। संस्कृते अन्नं रोगनाशकरूपेण स्वीक्रियते। तथा हि -

**व्रीहियवौ...................................एतौ यक्ष्मं वि बाधेते।।[24]**

अपि च -

**यद् आद्यं यद् अनाद्यं सर्व ते अन्नमविषं कृणोमि।।[25]**

सस्कृतसाहित्ये भौतिकविज्ञान-रसायनविज्ञान-वनस्पतिविज्ञान-जन्तुविज्ञान-प्रौद्योगिकी-कृषि-दृष्टिविज्ञान-भूगर्भविज्ञान-प्राणिविज्ञान-वैमानिकीविज्ञानप्रभृतीनाञ्च वर्णनं संस्कृतसाहित्ये प्राप्यते।

**सन्दर्भः**


1. मनुस्मृतौ, 2/7
2. अथर्ववेदे, 7.12.3
3. तत्रैव, 15.2.13
4. तत्रैव, 10.190.1
5. तत्रैव, 14.1.1
6. तत्रैव, 7.107.1
7. शतपथब्राह्मणे, 1.1.1./7
8. अर्थव, 20.41.3, ऋक्. 1.84.25
9. ऋक्. 2.1.3-11
10. यजु. 11/12
11. अथर्व. 12.1.8
12. तत्रैव, 18.3.15
13. ऋक्. 10.129.9
14. महाभाष्ये, 1.1.49
15. ऋक्., 10.168.,4
16. दधिवाहनजातके, 183पृष्ठ0
17. छान्दग्ये, 6.3.7-13
18. नैषधीयचरिते, 16.82.,1.82, रत्नावल्याम्, 3.8
19. अथर्ववेदे, 1.33.1

20. तत्रैव, 1.6.2
21. कौषी, 54
22. ऐत., 6.30
23. अथर्ववेदे, 1.3.1,4,5
24. तत्रैव, 8.2.18
25. तत्रैव, 8.2.19

# योगवासिष्ठ में प्रतिपादित योग का स्वरूप

**स्वाती पाण्डेय**
शोधच्छात्रा
संस्कृत विभाग, कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
swatibhu08@gmail.com

भारतीय दर्शन का चरमलक्ष्य प्राणियों की त्रिविधदुःखों से सदा के लिए मुक्त कराना है। दुःखों की शाश्वतिक निवृत्ति मुक्ति, मोक्ष, कैवल्य, अपवर्ग निःश्रेयस, निर्वाण और परमपद इत्यादि शब्दों से अभिहित है। इसकी प्राप्ति के लिए पदार्थ का शुद्धज्ञान अपरिहार्य है। पदार्थो के इस शुद्धज्ञान को विभिन्नदर्शनों में तत्त्वज्ञान, सम्यगज्ञान, तत्त्वसाक्षात्कार, परमज्ञान, विज्ञान, परप्रसंख्यान और विवेकख्याति इत्यादि नाम, दिए गये हैं। इस शुद्धज्ञान का एक रूप तो वह है, जो बुद्धि की शुद्ध सात्त्विक वृत्ति के द्वारा प्राप्त किया जाता है और दूसरा तथा उत्तमरूप वह है, जो वृत्तिहीन स्थिति में आत्मा का अपरोक्ष अनुभव होता है। इनमें से प्रथम प्रकार का तत्त्वदर्शन योगशास्त्र में असम्प्रज्ञात के नाम से विख्यात है। न्यायवैशेषिक और मीमांसादर्शन भी वृत्तिज्ञान से परे किसी अपरोक्ष किसी उत्तमज्ञान की कल्पना नहीं कर पाये। परन्तु अद्वैतवेदान्तदर्शन में इस अपरोक्षानुभूतिरूप ज्ञान को ही मोक्ष का वास्तविक हेतु स्वीकार किया गया है। आचार्य गौड़पाद ने इस अपरोक्षानुभव को ही 'अस्पर्शयोग' की संज्ञा प्रदान की है–

**मनसोह्यमनीभावे, द्वैतं नैवोपलभ्यते।**
**अकल्पकमजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते**
**ब्रह्मज्ञेयमजं नित्यमजेनाजं विबुध्यते।।**
**अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः।**
**योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः।।**[1]

इसके अतिरिक्त 'विज्ञातारमरे केन विजानीयादिति।'[*1] और यन्मनसा न मनुते[*2] इत्यादि श्रुतियाँ यही बात सिद्धान्तित करती हैं। दोनों प्रकार के शुद्धज्ञान को प्राप्त करने की प्रक्रिया बड़ी ही जटिल एवं दुरूह है। इस उभयस्तरीयच प्रक्रिया का रचना स्वरूप ही योग है। योग वह माध्यम है, जिसमें प्रवेश कर सामान्य पुरुष साधक की सर्वोच्चश्रेणी को प्राप्त करता है। योग वह प्रेरणा है, जिससे यह विश्वास साधक को होने लगता है कि उसका मोक्ष तक पहुँचने का मार्ग दुरूह है पर असम्भव नहीं। समस्त भारतीय दर्शन अपने–अपने माध्यम से सात्विक

---

*[1] बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.14
*[2] केनोपनिषद्, 1/5

ज्ञान को उत्पन्न करने वाली योगसाधना को अपनाति है। मोक्षप्रद तत्वज्ञान की उपलब्धि के पथ पर अग्रसर होते हैं। योगदर्शन में ज्ञानानुकूल योग–साधना को सम्प्रज्ञात योग की संज्ञा दी गई है।*[3]

वेदान्त को छोड़कर अन्य सभी भारतीयदर्शन ज्ञानजनक योग से परे 'असम्प्रज्ञात' योग की उच्चभूमि तक नहीं पहुँच पाते, जिससे कि पुरुषत्व का साक्षात्दर्शन होता है। 'यह योग वृत्ति ज्ञान का अतिक्रमण कराता है, सद्यः मुक्तिप्रद होता है, प्रारब्धकर्मो के संस्कारों काभी नाश करता है और इस बौद्धिकज्ञान का साधन नहीं साध्य बनता है। असम्प्रज्ञातयोग साक्षात् मोक्ष की अवस्था होती है। साधक अपने परम निर्लिप्त असंग रूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। इस योग का संकेत भगवान् श्रीकृष्ण ने 'श्रीमद्भगवद्गीता' में किया है –

**यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया**
**यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति।।**[2]
**तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपिमतोधिकः।**
**कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन।**[3]

अद्वैतवेदान्त में निर्विकल्पक समाधि के द्वारा ईश्वर का अपरोक्ष अनुभव माना जाता है। साधनचतुष्टय से सम्पन्न साधक सम्प्रज्ञातसमाधि के माध्यम से असम्प्रज्ञात समाधि तक पहुँचता है तत्पश्चात उसे ब्रह्मसाक्षात्कार होता है। अस्तु

वेदान्तशास्त्र के मुख्य प्रमाणितग्रन्थ प्रस्थानत्रयी = उपनिषद् ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भगवत्गीता तथा माण्डुक्यकारिका तथा योगवासिष्ठ है। प्रस्तुत शोधपत्र में योगवासिष्ठ ग्रन्थ के अन्तर्गत वर्णित योग के व्यापकस्वरूप पर प्रकाश डाला जा रहा है। योगवासिष्ठ के अनुसार संसार से पार उतरने के युक्ति का नाम योग है।

**''संसारोत्तरेण युक्तिर्योग शब्देन कथ्यते।**[4]

यह युक्ति दो प्रकार की है– आत्मज्ञान और प्राणनिरोध। यद्यपि यह दोनों मार्ग योग है फिर भी प्राणनिरोध के लिए ही 'योग' शब्द अधिक प्रचलित है। चित्त को शान्त करने के दो उपाय हैं– योग और ज्ञान। योग का अर्थ चित्तवृत्तियों का निरोध और ज्ञान का अर्थ है– यथावस्थित वस्तु को जानना। चित्त और चित्तवृत्ति दोनों में से किसी एक क्षय होने से दूसरे का क्षय हो जाता है ए क गुणी है, तो दूसरा उसका गुण है, एक के नष्ट होने पर दोनों ही नष्ट हो जाते हैं।

**तां विद्धि द्विप्रकारां त्वं चित्तोपशमधर्मिणीम्।।**
**आत्मज्ञानं प्रकारोऽस्या एकः प्रकटितो भुवि।**
**द्वितीयः प्राणसंरोधः शृणु योऽयं मयोच्यते।।**[5]

---

*[3] वितर्कविचारानन्दाऽस्मितानुगमात्सम्प्रज्ञातः। योगसूत्र/समाधि पाद/17

अर्थात् संसारसागर से पार उतरने में जो उपाय हैं वही योग शब्द से कहा गया है। इस प्रसंग में श्रीराम ने गुरु वसिष्ठ से एक प्रश्न किया कि –

**सुलभत्वाददुःखत्वात् कतरः शोभनोऽनयोः।**

**येनाऽवगतमात्रेण भूयः क्षोभो न बाधते।।[6]**

अर्थात् उपर्युक्त योगों के दो प्रकारों में से ऐसा कौन प्रकार सरल और कष्टरहित होने से उत्तम है, जिसके कि एकमात्र अवगत होने पर विक्षेप फिर बाधा नहीं पहुँचाता। उत्तर में गुरुवसिष्ठ कहते हैं, यद्यपि शास्त्रों में योग शब्द से उपर्युक्त दोनों ही प्रकार (आत्मज्ञान और प्राणसंरोध) कहे गये हैं, तथापि यह योग शब्द प्राणनिरोध में ही अधिक प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ है।

**प्रकारौ द्वावपि प्रोक्तौ योगशब्देन यद्यपि।**

**तथापि रुढ़िमायातः प्राणयुक्तावसौ भृशम्।।[7]**

इनमें संसारसागर से पार उतरने की पद्धति में एक योग अर्थात् प्राणनिरोध और दूसरा ज्ञान – ये दोनों एकफल देने वाले समान उपाय हैं। इसके अतिरिक्त योग और ज्ञान इन दो उपायों में ज्ञान को सुकर और योग को दुष्कर बताया गया है। ज्ञान किस प्रकार सुकर है इस सन्दर्भ में कहते हैं–

**अज्ञानं पुनरज्ञातं स्वप्नेष्वपि न तद्भवेत्।[8]**

**ज्ञानं सर्वास्ववस्थासु नित्यमेव प्रवर्तते।।**

अर्थात् वह अज्ञान सदा ही साक्षी में भासित होता है, ज्ञान स्वयं प्रकाश होने से स्वतः प्रकाशमान रहता है और इन दोनों का वैधर्म्य अनुभव से ही प्रस्फुरित है, इसलिए ज्ञान, अज्ञान का विवेक हो जाने से आत्मज्ञानरूप योग सुकर है तथा प्राणनिरोधरूप योग दुष्कर है। योग क्यों दुष्कर है इस सन्दर्भ में कहते हैं –

**धारणासनदेशादिसाध्यत्वेन सुसाध्यताम्।**

**नाऽऽयाति योगो ह्यथवा विकल पो नैव शोभनः।।[9]**

अर्थात् यह प्राणसंरोधरूप योग धारणादेश पर्वतशिखर, चन्द्र, तारा आदि देश और आन्तर हृदय, कण्ठ, तालुमूल, भ्रूमध्य आदि देश आसन–देश (सम, पवित्र, कंकड़, अग्नि और बालुका से वर्जित, कलकलध्वनि, जलाश्रय आदि से शून्य, मनोहर, चक्षु में पीड़ा न पहुँचाने वला आदि विशेषणों से श्रुतिस्मृति में वर्णित आस नदेश) आदि से साध्य हैं, अतः यह सुखसाध्य नहीं हो सकता। अतः साधक को मोक्षप्राप्ति हेतु सुखसाध्यत्व और दु :खसाध्यत्व का विचार नहीं करना चाहिए। अतः यहाँ मोक्षाभिलाषी व्यक्ति को ज्ञान और योग दोनों से वृद्ध होना आवश्यक बताया गया है तथा अन्ततः कतरः शोभनः इस प्रश्न का निरास कर गुरुवसिष्ठ श्रीराम से योग का वैशिष्ट्य बताते हैं –

**द्वावेव किल शास्त्रोक्तौ ज्ञानयोगौ रघूद्वह।**
**तत्रोक्तं भवते ज्ञानमन्तस्थं सेयनिर्मलम्।।**
**प्राणापानतया रूढ़ो दृए्देहगुहाशयः।**
**अनन्तसिद्धिछः साधो योगोऽयं बुद्धिदः शृणु।।**[10]

अर्थात् ज्ञान और योग – ये दोनों ही उपाय शास्त्रों में कहे गये हैं इन दोनों मं आत्मपदार्थरूप ज्ञेय को निर्मल करने वाला सब ज्ञानों से परे स्थित आत्मज्ञान तथा यह योग; प्राण और अपान की समतारूप से प्रसिद्ध है, दृढ़देहरूपी गुहा का आश्रयण करने वाला है, सिद्धि की इच्छा करने वालों को खेचरत्व आदि अनन्त सिद्धियों को देने वाला है और ज्ञान की इच्छा करने वालों को आत्मसाक्षात्कार कराने वाला है –

**मुखानिलस्फुरणनिरोधसंभव –**
**स्थितिंगतो नृपसुत चेतसाऽक्षये।**
**समाहितस्थितिरिह योगयुक्तितः**
**परे पदे प्रगलितगीर्निवत्स्यसि।।**[11]

उस योग की पराकाष्ठा में अर्थात् समाधि में विश्रान्ति की स्थिति का वर्णन है कि साधक–प्रयत्नशीलचित्त से प्राण–गति के निरोध से होने वाली निष्ठा को प्राप्त होकर यदि चित्तवृत्तिनिरोध के अभ्यास से प्रत्यग्रूप, अक्षय, परमपद में भली प्रकार स्थिरता को प्राप्त करके वाणी और मन के अगोचर, निरतिशय आनन्दस्वरूप होकर स्थित रहता है। अस्तु

यहाँ योग का एक व्यापकस्वरूप बताने के क्रम योग में प्रविष्ट होने के लिए सतत अभ्यास को एक दृढ़ नीवं की भांति रखा है, क्योंकि जब तक एकतानतारूप अभ्यास का अभाव रहेगा तबतक साधक अपनी साधना में प्रविष्ट ही नहीं हो सकता है। परमआनन्द की अनन्तप्राप्ति हेतु योग को सोपानरूप में रखा गया है। इस योग के तीन अर्थ योगवासिष्ठ में प्रतिपादित है– प्रथम है– एक तत्त्व का घन गहन अभ्यास, द्वितीय है– प्राणों का निरोध और तृतीय है– मन का निग्रह। इन तीनों में से किसी एक का अभ्यास हो जाने पर तीनों कही सिद्ध हो जाते हैं। अभ्यास का बहुत सुन्दरस्वरूप भाष्यकार व्यास ने बताया है–

**'तत्सम्पिपादविषया तत्साधनानुष्ठानमभ्यासः।''**

अर्थात् चित्त को स्थिर और अचंचल करने के लिए योगसाधनों का अनुष्ठान रूप प्रयन्त करना अभ्यास है। इस अभ्यास की तीन रीतियाँ यहाँ बताई गयी हैं– ब्रह्मभावना, पदार्थों के अभाव की भावना और केवल भावना।

ब्रह्मभावना से तात्पर्य है अनन्त आत्म–तत्त्व का विचार करके मन को तन्मय बनाने का यत्न करने के उपरान्त मन स्थिर हो जाता है और आत्मरूपता को प्राप्त करना है –

**एकतत्त्वघनाभ्यासाच्छान्तं शाम्यत्यलं मनः।**

**तल्लीनत्वात्स्वभावस्य तेन प्राणोऽपि शाम्यति।।[12]**

तदनन्तर

**विचार्य यदनन्तात्मतत्त्वं तन्मयतां नय।**

**मनस्ततस्तल्लयेन तदेव भवति स्थिरम्।।[13]**

ब्रह्मभावना के उपरान्त असत्य दृष्टि के क्षीण हो जाने पर सत्य दृष्टि के दृढ़ हो जाने पर आत्मा नि र्विकल्पक और शुद्ध चिति का आकार धारण कर लेता है। इसे ही असत्पदार्थ विषयिणी भावना कहते हैं।

**आत्मानमितरच्चैव दृष्टया नित्याविभिन्नया।**

**सर्वं चिज्ज्योतिरेवेति यः पश्यति स पश्यति।।[14]**

तत्पश्चात् दृश्य का अत्यन्त अभाव होने पर जब द्रष्टा का द्रष्टृत्व आप ही लय हो जाता है तब जो सत्ता शेष रहती है, उसको योग की तृतीय रीति केवली भाव कहते हैं। उस स्थिति में सब ब्रह्म ही है, जगत् एकमात्र ब्रह्म ही है, ऐसी भावना को सतत हृदय धारण कर अन्य का नेति नेति से परित्याग होने लगता है –

**सम्पूर्णं खल्विदं ब्रह्म जगद् ब्रह्मैव केवलम्।**

**इति भावय यत्नेन ह्ययन्यत् सर्वं परित्यज।।[15]**

अस्तु

इन सभी के उपरान्त अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया का प्रारमी करना होता है, जिसे प्राणनिरोध कहा जाता है जिसके विषय में कहा गया है कि –

**तालवृन्तस्य संस्पन्दे शान्ते शान्तो यथाऽनिलः।**

**प्राणनिलपरिस्पन्दे शान्तेशान्तं तथा मनः।।[16]**

अर्थात् जैसे पंखे की गति रूक जाने पर हवा की गति रूक जाती है, वैसे ही प्राणों की गति रूप जाने पर मन शान्त हो जाता है। अब प्रश्न यह उठता है कि देह के अस्तित्व में जब प्राण का उत्क्रमण हो तब आपका यह क्रम भले ही रहे परन्तु शाप, छेदन आदि से जब देह का अस्तित्व ही ना हो तब कौन सा क्रम माना जाए? इ सका समाधान है कि शरीर का विलय हो जाने पर बाध्याकाश में अवस्थित वायु में मिल जाने के कारण प्राण बाह्याकाशस्थ वायुरूप हो जाते हैं और वहाँ पर वासनानुसार ही इन सब पदार्थो को दखते हैं।

**प्राणः शरीरविलये प्रयाति व्योमवायुताम्।**

**यथावासितमेवेदं सर्वं पश्यति तत्र वा।।[17]**

मन का जो चलन है वही प्राण है मन ने ही प्राणों की कल्पना की है और इस तथ्य की भी कल्पना की है कि प्राण उसकी गति है और प्राण के बिना उसकी स्थिति नहीं है

अतएव मन प्राणों के ऊपर निर्भर रहता है और फिर मन जिसका अभ्यास कर लेता है उसी का अनुभव करता है। मन समझता है कि प्राण उसका जीवन है, इसलिए ही प्राण में मन की स्थिति है। फलतः प्राण की शक्ति के निरूद्ध हो जाने पर अवश्य ही मन विलीन हो जाता है और मन के विलीन होने पर यह संसार सर्वथा विलीन हो जाता है। यथा –

**मनसः स्पन्दनं प्राणः प्राणस्य स्पन्दनं मनः।**
**एतौ विहरतो नित्यमन्योन्यं रथसारथी।।**
**आधाराधेयवच्चैतावेकाभावे विनश्यतः।**
**कुरुतश्च स्वनाशेन कार्यं मोक्षाख्यमुत्तमम्।।**[18]

प्राण और मन के विषय में साधक का ज्ञान पुष्ट होने के पश्चात् वह प्राणों के निरोध की युक्तियों को आत्मसात करता है। इन युक्तियों के अन्तर्गत प्राणविद्या, प्राणायाम को प्रधान तो माना ही गया है इसके अतिरिक्त भी वैराग्य, कारणाभ्यास, व्यसनक्षय आदि अनेक है। इन सभी युक्यिों में जिस किसी में भी साधक का दृढ़ अभ्यास हो जाता वहीं उस ब्रह्माभ्यासी के लिए उपयोगी सिद्ध हो जाता है।

साधक को प्राणनिरोध के लिए जिन कठिन सोपानों से होकर समाधितक पहुँचना होता है, उसका क्रम है –

1. प्राणविद्या
2. प्राणायाम
3. वैराग्य – के अन्तर्गत
   (अ) ज्ञानयुक्ति
   (ब) संकल्प त्याग
   (स) भोगों से विरक्ति
4. इन्द्रियनिग्रह
5. वासनाओं का त्याग
6. अहंकारत्याग
7. असंग का अभ्यास
8. समभाव का अभ्यास
9. कर्तृत्व का त्याग
10. सर्वत्याग

**सर्वं व्यजति यस्तस्य सर्वमेवोपतिष्ठते।**
**न गृह्णाति हि यत्किञ्चित्सर्वं तस्मै/पदीयते।।**[19]

इस प्रकार की भावना से पुष्ट साधक समाधि का अधिकारी हो समाधि की अवस्था में पहुँच जाता है। यह समाधि क्या है?

**तत्त्वावबोधो भगवन् सर्वाशातृणपावकः।**
**प्रोक्तः समाधिशब्देन न तु तूष्णीमवस्थितिः।।**
**समाहिता नित्यतृप्ता यथाभूतार्थदर्शिनी।**
**साधोसमाधिशब्देन पराप्रज्ञोच्यते बुधै।**
**अक्षुब्धा निरहङ्कारा द्वन्द्वेष्वननुपातिथी।**
**प्रोक्ता समाधि शब्देन मेरोः स्थिरतराकृतिः।।**
**निश्चिन्ताऽधिगताभीष्टा हेयोपादेयवर्जिता।**
**प्रोक्ता समाधि शब्देन परिपूर्णाः मनोगतिः।।**[20]

अर्थात् समस्त आशारूपी तृणों के लिए अग्निरूप जो आत्मतत्त्व का अपरोक्ष साक्षात्कार है, वही समाधि कहलाता है। चिन्ता से वर्णित, अभीष्ट पदार्थ को प्राप्त, हेय और उपादेय से रहित तथा परिपूर्ण जो मानसिक वृत्ति, वह समाधि शब्द से कही गयी है। जिसके फलस्वरूप

**यतः प्रभृति बोधेन युक्तमात्यन्तिकं मनः।**
**तदारभ्य समाधानमव्युच्छिन्नं महात्मनः।।**
**समग्रं दिनमालोकाद् विरमत्यक्षयो यथा।**
**आजीवितान्तं नो प्रज्ञा तथा तत्त्वावलोकनात्।।**[21]

अर्थात् समाधि की स्थिति प्राप्त होने पर मन विच्छिन्न नहीं होता उसी प्रकार जैसे सूर्य सारे दिन प्रकाश से विराम नहीं करता, अपितु प्रकाशपूर्ण ही रहता है वैसे ही समाधिस्थ की प्रज्ञा जीवनपर्यन्त यानी विदेहमुक्तिपर्यन्त तत्त्व के अवलोकन से विराम नहीं करती, अपितु दृढ़संस्कार के कारण सदा सर्वदा अनुवर्तन करती है। अस्तु

इस प्रकार साधक इस कठिन योग की आत्मसात कर उस परमानन्द की अवस्था में पहुँच जाता है जहाँ ध्याता ध्येय और तीनों तृकुटी का भी भान नहीं होता उस अवस्था में मात्र प्रकाशपुंज ही शेष रह जाता है तथा अन्ततोगत्वा उसकी यही प्रेरणा होती है –

**सर्वदैववाऽस्मि सम्बुद्धः सर्वदैवाऽस्मि निर्मलः।**
**सर्वदैवाऽस्मि शान्तात्मा सर्वदाऽस्मि समाहितः।**
**भेदः केन समाधेर्मे जन्यते कथमेव वा।**
**आत्मनोऽव्यतिरेकेण नित्यमेव सदात्मना।।**[22]

**सन्दर्भसूची –**

1. माण्डूक्यकारिका, 3/31, 3/33, 3/39 (क्रमशः)
2. श्रीमद्भगवद्गीता, 6/20
3. श्रीमद्भगवद्गीता, 6/46
4. योगवासिष्ठरामायण, निर्वाणप्रकरण/13/3

5. वहीं, 13/4
6. वहीं, 13/5
7. वहीं, 13/6
8. वहीं, 13/9
9. वहीं, 13/10
10. वहीं, 13/11, 12
11. वहीं, 13/13
12. वहीं, 69/48
13. वहीं, 69/49
14. योगवासिष्ठ, स्थितिप्रकरण/22/27
15. वहीं, 11/46
16. योगवासिष्ठ, स्थितिप्रकरण (पूर्वाद्ध) 69/41
17. वहीं, 69/42
18. वहीं, 69/46, 47
19. योगवासिष्ठ, 6/93/59
20. योगवासिष्ठ, उपशमप्रकरण/62/9, 10, 11, 12
21. वहीं, 62/12, 14
22. वहीं, 69/21, 22

**सन्दर्भग्रन्थसूची –**


1. योगवासिष्ठः (महारामायणम्), प्रथमसंस्करण, 2011, सम्पादन– चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, सम्पादक– शास्त्री श्रीकृष्ण पन्त, शास्त्री मूलशंकर सम्पादक–
2. ईशादिनौउपनिषद्, सं0–2067; गीता प्रेस, गोरखपुर।
3. पातंजलयोगदर्शन, संस्करण 2008, श्रीवास्तव सुरेशचन्द्र।
4. श्रीमद्भगवद्गीता, चतुर्थसंस्करण, 1995, गीता प्रेस, गोरखपुर।

# आगमतन्त्र एक दृष्टि

**शेषनाथ तिवारी (अतिथि अध्यापक)**
धर्मागम विभाग
संस्कृतविद्या धर्म–विज्ञान संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी–5

भारतीय चिन्तन तथा साधना के दो आधारभूत स्रोत हैं, जो निगम, आगम अथवा तन्त्र के नाम से प्रख्यात हैं। दोनों ही परम्पराओं में भाक्ति, ज्ञान तथा उपासना की स्रोतस्विनी अनादि काल से अविच्छिन्न रूप से प्रवाहित हो रही है और आज भी उसी से साधनालोक को नित्य नयी दिशायें प्राप्त होती हैं। आगमों का रचना–काल –आगम एक व्यापक संज्ञा है। तन्त्र आगमिक साहित्य के अन्तर्गत हैं। आगम के क्रियात्मक पक्ष पर बल देने के लिए 'तन्त्र'शब्द का प्रयोग कालान्तर में व्यापक रूप से हुआ है। आगम कब लिखे गये यह अत्यन्त विवादास्पद प्रकरण है, फिर भी आगमों की लेखनशैली एवं आन्तरिक संघटना पर विचारोपरान्त डॉ.वी.वी. रमनशास्त्रीका मानना है कि मध्य एशिया के डॉ.स्टेन के अनुसन्धान द्वारा यह प्रमाणित होता है कि शैवागमों का समय प्रथत बौद्ध सभा के पूर्व का है। रौरवागम पर आधारित 'शिवज्ञानबोधम् के अनुवाद जे.एम.नल्लस्वामिन् का कहना है कि ज्योतिर्लिंग की पूजा के पक्ष में याज्ञिक नीति परित्यक्त हो गयी, तो याज्ञिक आधार का प्रतीकवाद और अधिक आध्यात्मिक अभिप्राय से सम्पन्न हो गया । वह आगमों का समय हो सकता है। श्री पी.टी. श्रीनिवास आयंगर का मत है कि शिवतन्त्रों की छाया तैत्तिरीयसंहिता में प्राप्त होती है। लेकिन तान्त्रिक स्वरूप वैचारिक रूप में ईसवी प्रारम्भिक शताब्दियों में आया। श्री मल्लादि सूर्यनारायण शास्त्री का विचार है कि पांचरात्रागम ईसवी चतुर्दश शतक से पूर्व के हो सकते है। श्री आर.आर. दिवाकर महाशय का कथन है कि शैवागम आज से दो सहस्र वर्ष पूर्व के विरचित है। प्रोफेसर मसहरु अनेत्सकी ने तान्त्रिक पूजा के प्रमाण में राजतरंगिणी से अशोक के समय को उद्धृत करते हुए प्रमाणित किया है कि तन्त्र नागार्जुन से भी पहले था। शाबरभाष्य में देवपूजा को याग कहा गया है। आगमों में भी देवपूजा में अन्तर्याग और बहिर्याग शब्द प्रचलित है। पाणिनि बुद्ध से प्राचीन है, यह निर्विवाद है। अस्तु आगमों में प्रचलित पूजादि को पाणिनि से पूर्व मानना समुचित है।

वास्तुशास्त्र के लेखकों का मत है कि वास्तुविद्या–विषयक शास्त्र शैवागमों से प्राचीन नहीं है। वास्तुविद्या की परम्परा हडप्पा और मोहनजोदड़ों की संस्कृतियों में स्पष्ट रूप से दृष्टिगत होती है। अतः शैवागमपरम्परा वेद के समकालीन ही नहीं ,अपितु उससे भी पूर्व स्वीकार की जा सकती है। हडप्पा और मोहनजादड़ों की खुदाइयों से उपलबध अवशेषों से इसकी पुष्टि की सकती है।

विद्वानों के विचारोपरान्त अभिलेखीय और साहित्यिक प्रमाण भी आगमों की उत्पत्ति के सन्दर्भ में परीक्षणीय है। पांचवीं शताब्दीके कांची के शिलालेखा में 28 शैवागमों का उल्लेख है वाराणसी के दैनिक समाचारपत्र 'आज ' 5 फरवरी 172 से पता चलता है कि मथुरा संग्रहालय में 2300 वर्ष प्राचीन मौर्य–शुंगकालीन यक्षी–प्रतिमा मनसा देवी है, जो मथुरा से 20 कि.मी.

दक्षिण की ओर झांग का नगला नामाक गांव से मिली है। उदयपुर के पुरातत्व–संग्रहालय में सन् 490 ई.का एक शिलालेख सुरक्षित है, जिसमें देवी की स्तुति की गयी है। इस प्रकार शाक्त तन्त्र भी अत्यन्त प्राचीन है।

महाभारत में वर्णित है कि सत्ययुग में रुद्र ने योग में निविष्ट होकर तन्त्रशास्त्र बालखिल्य ऋषियों को बताया । एतावता महाकाव्य का में बाम प्रचलित थे। महर्षि वादरायण ने वेदान्त सूत्रों में पांचरात्र और पाशुपतों का खण्डन किया है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् में कण्वाश्रम में तपस्वियों को वैखानस कहा गया है। तिरुमूलर के तिरुमन्दिर में बरगम कर वर्णन मिलता है । भारविकृत किरातार्जुनीय,आनन्दगिरि का शंकरविजय, मनुस्मृति पर कुल्लूकभट्ट की टीका आदि में भी आगमों का दिग्दर्शन प्राप्त है।

महाभारत का उद्घोष है कि श्रुति–प्रतिपादित प्रमाणों का विचार तथा आगमशास्त्र में बताये हुए मंगलमय साधनाओं का अनुष्ठान से मनुष्य जरा–मृत्यु के भय से रहित होकर सुख से सोता है।1 आगम और निगम दोनों शब्दों की व्याख्यायें भारतीयशास्त्र तथा आधुनिक नृतत्त्वशास्त्र अपने–अपने ढ़ग से करते हैं, परन्तु शब्दावली–भेद के बावजूद निष्कर्ष बहुत कुछ समान है। शास्त्र की दृष्टि से निगम कूटस्थ ब्रह्म की शुद्ध–विद्या है और आगम अधःस्थित पृथ्वी विद्या ही प्रकृति है और नृतत्त्व की भाषा में लोकविद्या है।2 निगम के केन्द्र में 'सूर्य' है, जो ब्रह्म का प्रतीक है और अगम के केन्द्र में पृथ्वी है जो प्रकृति अथवा लोकजीवन का प्रतीक है। व्यवहार में शुद्ध रूप से हमें निगम या आगम प्राप्त नहीं होता , जो प्राप्त होता है,वह वस्तुतः निगमागम । उपनिषदों में निगम तत्त्व अर्थात् ब्रह्मविद्या का प्राधान्य है, तो तन्त्रग्रन्थों में आगम तत्त्व अर्थात् पृथ्वीतत्त्व या लोकतत्त्व का। वस्तुतः निगम की आध्यात्मिक विद्या को विज्ञान बनाने का श्रेय आगम को है। संस्कृत वाङ्मय में आगम शब्द का प्रयोग विविध अर्थों में हुआ है। किन्तु प्रतीयमान विरोधों के होते हुए भी उनमें प्रायः एकरूपता है।

आगम शब्द आ उपसर्ग के साथ गम् धातु से निष्पन्न है, अर्थात् आ समन्तात् अर्थं गमयति इति अगमः । इसी प्रकार निगम भी नि उपसर्ग के साथ गम् धातु से निष्पन्न होने के कारण 'निःशेषेण अर्थं गमयति इति निगमः'दोनों का ही अर्थ किसी ज्ञान की पूर्ण अभिव्यक्ति है। गम् धातु गत्यर्थक होनें के साथ ही साथ ज्ञानार्थक भी हैं–ये गत्यर्थाःधातवाः ते ज्ञानार्थाः'' ।3

आ उपसर्ग का अर्थ पूर्णता है। इस प्रकार आगम का अर्थ हुआ पूर्ण ज्ञान, पवित्र ज्ञान, स्वतः स्फूर्तज्ञान, विमलज्ञान , निराकुलज्ञान गुह्याद्गुह्यज्ञान, शिवज्ञान , दिव्यशास्त्र,अवबोधरूपज्ञान और सिद्धान्त आदि।4 इस प्रकार आगम वह शास्त्र है, जिसके द्वारा सभी कुछ ज्ञान होता है। वास्पपति मिश्र ने अपनी तत्त्ववैशारदी में यह प्रतिपादित किया है कि आगम यह बताने की प्रक्रिया हैकि मनुष्य किस प्रकार इस लोक में सुख प्राप्त करते हुए भी मुक्ति प्राप्त करता है।5' आगच्छन्ति बुद्धिमारोहन्ति यस्मादभ्युयनिः श्रेयसोपाया स आगमः' उपासकाध्ययन में आगम शब्द को परिभाषित करने हुए कहा गया है कि हेय तथा उपादेय रूप से धर्मार्थकामादि चतुवर्ग समाश्रय पूर्वक त्रिकालगत अर्थो का ज्ञान कराने वाली विद्या आगम है। हेयोपादेयरूपेण चतुर्वर्गसमाश्रयात् । कालोभयागतानर्थान् गमयत्यागमः स्मृतः ।।6

कुल्लूकभट्ट ने मनुस्मृति की टीका में दो प्रकार की श्रुतियों का प्रतिपादन किया है। वैदिकी श्रुति तथा तान्त्रिकी श्रुति।7 यहा टीकाकार ने दोनों आगम तथा निगम को ज्ञुतिमूलक माना है।स्वयं मनु ने श्रुति का अर्थ वेद किया है।8 श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो'...। अर्थात वेद ही श्रुति है। अतः अगम की मौलिकता वेद से ही सिद्ध हो जाती है, दोनों ही अनादि हैं और दोनों के ही

कर्ता का स्मरण नहीं है। स्वामी करपात्री जी ने निगम की परिभाषा करते हुए यह प्रतिपादित किया है कि सम्प्रदायाविच्छिन्ने सति अस्मर्यमाणकर्त्तृकत्वं निगमत्वम् –अर्थात् जिस वाणी या ज्ञानधारा की परम्परा अनादिकाल से अविच्छिन्न रूप में चली आ रही ही और जिसके कार्ता का स्मरण नहीं हो वहीं निगम है।9 कुछ संशोधन के साथ यही परिभाषा आगम के उपर भी चरितार्थ होती है। आगम भी अविच्छिन्न परम्परा से प्राप्त होते हैं,किन्तु इसके कर्ता के विषय में विभिन्न मान्यताए हैं। नैयायिक सामान्य पुरुष के द्वारा वेद की संरचना को असम्भव मानते हुए उसे भी ईश्वर रचित ही मानता है, और पुरुष शब्द का आर्थ अलौकिक पुरुष या सर्वशक्तिमान ईश्वर करता है।इस प्रकार आगम तथा निगम दोनों ही परमेश्वर कृत हुए । ईश्वरसंहिता में भी इसी बात का प्रतिपादन किया गया है कि आगम का मूल वेद के सदृश ही है।

ईश्वरसंहिता में तो यहा तक कहने का प्रयास किया है कि वेद रूपी महान वृक्ष का यह मूल है। ,ऋग्आदि इसकी शाखयें हैं।10

पौष्करसंहिता में भी इसे इतिहास,पुराण,तथा वेद वदान्त से युक्त माना गया है।

मूल शब्द से यह नहीं समझना चाहिए कि निगम की उत्पत्ति आगम से हुई है बल्कि यहा मूल का अभिप्राय वेद का क्रियात्मक रूप अभिप्रेत है।अर्थात् आगम के बिना निगम का लोकोपयोगी होना या व्यवहार में आना असम्भव है। आगम परम्परा भी इस विचार से असहमत नहीं है।

कुलार्णवतन्त्र में कृतयुग में आचार मा मूल श्रुति को बताया है तथा वही त्रेया में स्मृति,द्वापर में पुराण तथा कलियुग में आगम के रूप में प्रतिपादित है। 11

कृतेश्रुत्यक्त आचारस्त्रेतायां स्मृति सम्भवः। द्वापरे तु पुराणोक्त कलावागम संमतः।। इससे इतना स्पष्ट है कि सिद्धान्त तथा व्यवहार या आचार दोनों ही साथ–साथ चलते है,क्योंकि कोरा सिद्धान्त कभी उपयोगी नहीं होता । भर्तृहरि ने आगम का बीज वेदों में ही माना है।12

उनका कहना है कि पूर्वागमों के उच्छिन्न हो जाने पर तथा वेद में ही बीजरूप से सन्निविष्ट रहने के कारण उन्हीं के आधार पर आगमान्तरों का निबन्धन किया जाता है। अतः आगमों के प्रवाह से ही अनादिता सिद्ध हो जाती है। आगम का मौलिक अर्थ परम्परा प्राप्त ही है और परम्परा का स्रोत वेद या निगम ही है। गुरु–शिष्य परम्परा से जो शिष्ट पराम्परा अविच्छिन्न रूप से चली आती है, उसी को आगम कहते है। वाक्पदीय के टीकाकार वृषभदे ने ''यौ असौ शिष्टानाम् अवच्छिन्नःउपदेशः ''।13तथा अनादि : अगृह्यमाणकारणाचारोपदेशागमः'।14 कहकर इसी बात का प्रतिपादन किया है।इतना ही नहीं वाक्पदीयकार ने यह दृढ़तापूर्वक प्रतिपादित किया है कि आगम के अतिरिक्त केवल तर्क से धर्म की व्याख्या नहीं हो सकती ,क्योकि ऋषियों का ज्ञान भी आगमपूर्वक ही है।15

**न चागमादृते धर्मस्तकेण व्यवतिष्ठते। ऋषीणामपि यन्ज्ञानं तदप्यागम पूर्वकम् ।।**

वेदों में एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति'' स्वर्गकामो यजेत'' ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति'' आदि वाक्य मन्त्रद्रष्टा ऋषियों द्वारा प्रणीत हैं। इन वाक्यों पर ध्यान देने से स्पष्ट हो जाता है कि एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति''से लेकर ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति '' तक का बोध कोई भी व्यक्ति कैसे प्राप्त करे इसकी जिज्ञास हो जाती है। इस जिज्ञासा को अधिक स्पष्ट रूप से 'स्वर्गकामो यजेत' का यजेत शब्द व्यक्त करता है। भावनाद्वय से समन्वित इस शब्द के लिए द्रव्य ,देवता मन्त्र,तथा विधि की अपेक्षा होती है। ये विधिया भी किसी न किसी साधक ऋषि के

प्रयोग–विज्ञान से सिद्ध है। जैसे कोई वैज्ञानिक एच.ओ. से पानी को पहचानता है अथवा जैसे कोई विधायिका अपने द्वारा बनाये गये कानून को लागू कराने के लिए नियम,उपनियम बनाती है।,उसी प्रकार साधक ऋषि ने स्वानुभूत स्वर्गकामना की सत्याभिव्यक्ति के लिए द्रव्य, देवता और मन्त्र आदि का अनुभूत प्रतिपादन किया । इस प्रकार जिस भाति मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ब्रह्माण्ड में व्याप्त नित्य मन्त्र का साक्षात्कार किया,उसी भाति उसके प्रयोग का अभ्यास भी किया तथा उसका प्रयोगात्मक स्वरूप स्थिर किया। मूलतः यहीं आगम है। अर्थात् निगम सिद्धान्त पक्ष है तथा अगम उसका क्रियात्मक स्परूप । अन्तर केवल इतना ही है कि आगम रूप दृष्ट ज्ञान का क्रियात्म्क स्वरूप किसी व्यक्ति द्वारा उपस्थापित किया गया माना जाता है, जबकि निगम क्रियात्मक स्वरूप रहित दृष्ट ज्ञान की अभिव्यक्ति है।

देवसूरि ने अपने प्रमाणनयतत्वलोकालंकार में आगम की परिभाषा देते हुए बताया है कि 'आप्तवचनाद् आविर्भूतमर्थसंवेदनमागमः'।16 अर्थात् किसी आप्त पुरुष द्वारा अर्थ विशेष का परिज्ञान कराने वाले ज्ञान का नाम आगम हे। यहा आप्त पुरुष का अभिप्राय है स्वदृष्ट ज्ञान का उपदेशक ,क्योंकि 'सांख्यसप्तति ' की जयमंगला व्याख्या में यह कहा गया है कि रागद्वेष से रहित अपने कर्म में लगे हुए अजातशत्रु तथा सज्जनों द्वारा पूजित व्यक्ति को ही आप्त कहे हैं।17 स्वकर्मण्यभियुक्तोयोरागद्वेषविवर्जितः।निर्वैरःपूजितः सद्भिः आप्तो ज्ञेयः स तादृशः।। इसमें स्वकर्मणाभियुक्तो'शब्द महायान बौद्ध धर्म के 'महायानार्थकोविदम्'विशेषणधाी कल्याण मित्र की भाति है। चरकसंहिता में कहा गया है कि 'जिनका सर्वविषयों में तर्क रहित निश्चयात्मक ज्ञान रहता है, जो त्रिकालदर्शी है,जिनकी स्मरणशक्ति कदापि नष्ट नहीं होती हो जो रागद्वेष के वश में नहीं होते और जो पक्षपातशून्य हैं,वे ही आप्त हैं''।18 इन वाक्यों से यह स्पष्ट हो जता है कि निगम का व्यवहार पक्ष ही आगम है। माना यह गया है कि वेद अपौरुषेय है, जब कि आगम पौरुषेय है।

पुरुष विभिन्न प्रवृत्तियों के कारण 'ऋजु'अथवा कुटिल अनेक मार्गो से अपना लक्ष्य प्राप्त करता है,19 रुचीनां वैचित्र्या......... अतः कभी –कभी वह दृष्ट रूप में वेद के विरुद्ध भी चला जाता हे, साधक निरन्तर अभ्यास से सवयं ही सामाधान करता है और इसी अवस्था में मानसिक पृष्ठभूमि में निगम तथा आगम दोनों में कोई भेद नहीं है और दूसरा प्रयोगात्मक विधि से ।

वाराहीतन्त्र में सात लक्षणों से युक्त क्रियाओं को आगम माना गया है।20 सृष्टिश्च प्रलयश्चैव देवतानां समर्चनम्। धर्म एवं आध्यात्मिक ज्ञान का यह दावा होता है कि वह अनादि अथवा ईश्वर से समुद्भूत है। भारतीय परम्परा में भगवान् शंकर को समस्त विद्याओंका मूल स्रोत माना जाता है। अस्तु आगम को अपनी त्रेकालिक सत्यता प्रतिपादित करने के लिए भगवान के मुख से निःसृत माना जाता है।21

इनके अतिरिक्त यतीन्द्रमतदीपिका नामक वैष्णवदर्शन ग्रन्थ में भी पाशुपत की चर्चा उपलबध है। सवार्थसिदि्ध नामक जैनदर्शन में जैनागम का प्रमाण स्वीकृत है।

वाक्यपदीयम् भर्तृहरिकृत वैयाकरण दर्शन में अगम का पूर्ण अस्तित्व प्रतिपादित है।

*****

1 श्रुतिप्रमाणाममंगलैश्च शेते जरामृत्युभयादभीतः–शान्तिपर्व–मोक्षपर्व –219/46

2 द.चिन्मय भारत,पृ.54

3 जर्नल ऑफ् कर्नाटक यू.ह्यूमनिटीज 1970.पृ.29

4 जर्नल ऑफ् कर्नाटक यू.ह्यूमनिटीज 1970.पृ.30

5तत्त्ववैशारदी 1/7

6 उपासकाध्ययन श्लोक 100

7 मनु.स्मृ.टीका.कुल्लूक.2/1

8 तत्रैव

9 सन्मार्ग.आगम विशेषांक पृ.1

10 ईश्वरसंहिता.1/2

11 कु.त.उ.भारतीय दर्शन.पं.बलदेव उ.पृ.664

12 वाक्यपदीय ब्रह्मकाण्ड.134.टीका.पृ.51–

13 वाक्यपदीय बृषभदेव.1/27

14 वाक्यपदीय बृषभदेव.1/27

15 वा.प.1/141

16 प्रमाणनय तत्त्वालोकालंकार.4/1

17 सांख्य कारिका टीका.जयमंगला.5

18 चरकसंहिता .विमानस्थान 4/4

19 शिवमहिम्न.7

20 वाचस्पत्यम् पृ.618

21 सर्वो.त.1/15

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

ॐ

# वैदिकवाङ्मये स्थापत्यकला

**प्रस्तोता–डॉ०हनुमानमिश्र**
असिस्टेण्टप्रोफेसर
श्रीरामसुन्दरसंस्कृतविश्वविद्याप्रतिष्ठानम्
दरभङ्गा,बिहार

विश्वस्य प्राचीनसंस्कृतेर्महत्वं वेदेषुवर्णितमस्ति। यदावयंभारतीय संस्कृतेः पृष्ठभूमौ दृष्टिपातंकूर्मश्चेत् तदाज्ञायतेयत् विष्वस्य समग्रज्ञानस्य विद्यानांमूलस्रोतांसिवेदा एव विद्यन्ते। वेदांगानांविस्तषंव्याखानंनैकषास्त्रेशुविभिन्नस्वरुपेउपलभ्यते।

यथापुराणेषूक्तम् –**इतिहासपुराणानांपंचमोवेदः।**

अर्थात् इतिहासपुराणानिपंचमवेदरुपेणसम्मतानि।अद्यापिवेदानां ऋचाः स्वमूलस्वरुपेसमस्तऋशिपरम्परयातथैवसुरक्षित रुपेण दृग्गोचरीभवन्ति। ऋशयः मन्त्रदृष्टारःसंज्ञिताः यथा–**"ऋषयः मत्र दृष्टारः"** एवंरीत्या ऋषयः ऋचाभिः सहनैकेशांविद्यानांप्रणयनंचक्रुः।ततष्च याज्ञिककर्मोपयोगित्वेनमहर्शिवेदव्यासः वेदस्य चतुर्विधाविभाजनंचकार यस्माद् मानवोवेदसन्निहितज्ञानंसहजतयासरलतया च प्राप्तुं षक्नुयात्।वेदानांषाखानांवर्णनंसहस्रवर्त्मा यावत् सामवेदेप्राप्यतो एतेशांरहस्यानांज्ञानंवेदांगैरपिक्रियते।

वेदस्य ब्राह्मणारण्यतसूत्रगंथेशुअपिविस्तष्त रूपेणबहुविधविज्ञानानांविशयवस्तूनांसंकेताः प्राप्यन्ते।

यथा–कात्यायनऋषिणोल्लेखितम्–

**ऋग्वेदस्यायुर्वेदः यजुर्वेदस्यधनुर्वेदः।**
**सामवेदस्यगान्धर्ववेदःउपवेदोऽथर्वस्यस्थापत्यवेदः।।**

अत्र कस्मिन् वेदेकस्याः विद्यायाः स्रोतोविद्यतेइतिउल्लेखोवर्तते।यस्यज्ञानस्य तुवेदःपृथक्–पृथक् रुपेणात्रादिग्दर्षितम्–आसुविद्यासुस्छापत्यकलाअपिविदादिन्सृताइतिप्रतिपादितम्। गोपथब्राह्मणेअथर्ववेदस्य पंच–उपवेदाः निर्दिष्टाः। येशुअतिप्राचीनवैदिकविद्यानांज्ञानंअस्माभिः स्थापत्यरुपेणप्राप्यते। इदंतथ्यंअन्यशास्त्रेषुअपिसमर्थितम्।

यथा–

**स्थापत्यमुच्यतेऽस्माभिरिदानीमकमागताम् ।**

**ज्ञातेन येनज्ञायन्तेस्थापत्यंचतुर्विधं प्रकीर्तितम् ।।**[1]

स्थापत्यकलाविज्ञानाय षास्त्रं , कर्म,प्रज्ञातथाक्रियान्वयनं एतेशांचतुर्णां स्थापत्याङ्गानोज्ञानमावष्यकम्। स्थापत्यकलांमूर्तरुपप्रदानाय एतेशुचतुर्शुअंगेशु दक्षताआवष्यकी अस्ति।

•स्थापत्यषार्त्रीयज्ञानम् (सैद्धान्तिकम्)।

•हस्तेनकर्मसम्पादननैपुण्यम् (प्रायोगिकम्)।

•स्थानकालपरिस्थिति–अनुसारंज्ञानप्रयोग्यप्रज्ञा।

• त्रयाणां पूर्वोक्ताङ्गानां क्रिया रुपेणसम्पादनयोग्यता दक्षतानिश्ठाच।इममेवविशयंषुक्राचार्यः एवंप्रतिपादयति।

यथा–

**प्रासादमतिप्रतिमारामगृहवात्यादिसंकृतिः।**

**कथितायत्रतच्छिल्प, शास्त्रमुक्त महर्षिभिः।।**[2]

अर्थात् विषालगष्स्ययत्रसुन्दरयुक्त्यानिर्मितिक्रियतेतत्स्थापत्यंउच्यते। षब्दकल्पद्रुमानुसारंअस्यव्युत्पत्तिः प्रदर्षितावास्तुविद्यायाः वा निर्माणकलायाः

आविश्कारकरुपेम अश्टादषऋशीणांनामोल्लेखोविद्यते। येशांसर्वाध्सिाकऋशीणांनामोल्लेखोवेदेशुअन्योपाख्यानेशुप्राप्यते।

1 समरांगसूत्र 2 षुक्रनीति

यथा–

**भृगुरत्रिर्वाशिष्ठश्च, विश्वकर्मामयस्तथा।**

**नारदोनग्नाजिच्चैवविशालाक्षः पुरन्दरः।।**

**ब्रह्मकुमारोनन्दीशः, शौनकोमार्गएव च।**

**वारुदेवोग्निरुघ्रश्चतथा शुकबृहस्पतिः।**

**अष्टादशैतेविख्याताःशिल्पशास्त्रोपदेशकाः।।(समरांगणः)**

अस्यास्थापत्यकलायाःअंषाःसमग्रवैदिकसाहित्येअस्याःवैज्ञानिकतत्वैःसहविविधस्वरुपेप्राप्यन्ते। यथावेदेस्थापत्यस्यकर्ताविष्वकर्माकीर्तितःतोस्वभुजाभिः सर्वेशामुपकरणानांनिर्माणांचकार।

यथा–

**विश्वतशतक्षुरुतविश्वतोमुखोविश्वतोबाहुरुतविश्वतस्पात्।**

**सम्बाहुभ्यान्धमतिसम्पतत्रैर्द्यावाभूमीजनयन्देवऽएकः।।**

एवंप्रकारेणस्याः कलायाःनिमाणेपंचमहाभूतषक्तीनगंप्रयोगोविहितः इतिउल्लेखोप्राप्यते। विष्वकर्मणासहअन्यसमूहोऽपि एकीभूय इमांपष्थ्वींविस्तष्तांकुर्वन् प्रत्यश्ठापयत्।[4]ये स्थापत्यकलायाः निर्माणकर्ताउक्तः। तत्र अस्याः विधिरपिउक्तः।

यथा–

**विश्वकर्माविमनाऽआद्विहायाधाताविधातापरमोतसन्दृक्।**

**तेषामिष्टानिसमिषामदन्तियत्रासप्तऽऋशीन्परऽएकमाहुः।।**

3 षु०य०१७/१६–२२4 ष०य० १७/ध्२५5 ष०य० १७/२६

निरुक्तेऽपि"रदति खदतिकर्माआदि " वाक्यानिस्थापत्य सन्दर्भेउल्लिखितानि।

एवंप्रकारेण यजुर्वेदेचयनयागेइश्टिकानांनिर्माणंइश्टिकानामाहरणं च क्रियते। अत्र विष्वकर्मा एव प्रजापतिः इतिसंज्ञयाभिहितः। यथा–

**जुञ्जानः प्रथमम्मनस्तत्वायसविताधियः।**

**णग्ग्नेज्योतिर्न्निचायपृथिव्याऽअधयाभरत्।।[6]**

उपर्युक्तविशयेहैवलमहोदयोप्रतिपादति यत् –स्थापत्यस्यक्रियाज्ञातापुरोहितः (अध्वर्युः) सम्मतः। यः इश्टिकायाः आहरणंविदधाति।वेदेउक्तम्–

**बह्मैत्वोजातेविद्यां वदति।[8]**

यस्य संकेतोऽथर्ववेदस्यकष्तेविहितः।वैदिककालेस्थापत्यस्य निमार्णं तष्णेः क्रियतेस्म।[9]

यस्य कल्पनादीर्घस्थायित्वरूपेणकर्तुंवयंषक्नुमः ।तथापिअस्यनिर्माणस्यविधिःमन्त्रेशु

प्राप्यते ।यथा–

**अभ्रिरसिनार्यसित्वयाव्वयमग्नि ठं० शकेमखनितुःसधस्त्थऽआ ।।**

**जागतेनच्छन्दसांगिरस्वत् ।।[10]**

अभ्रिणा(वंषेन) निर्माणं वा द्वयोः स्तम्भयोः योजनंवा बंधनंतस्य विधिः स्थापत्यकलाउच्यते ।अस्यौवपरिवर्तितंविकसितस्वरुपेणस्थापत्यविज्ञानंविद्यते ।त्वश्टानामक ऋशिः यतसभायाः तथाजले वरुणसभायां निर्माणांचकार ।[11]

6 निरूक्त7 ष०य०११ / १8 निरूक्तः9 हैवल10 षु०य०अ०११11 सभापर्व ६१ –६२

अस्यनिर्माणाय पष्थक्–पष्थक् विषेशज्ञाः अपिनियोजिताः क्रियन्तेस्म ।वात्स्यायनः वर्णयतिहस्तेननिर्मितं यत्र धातूनांप्रयोगोविहितःतच्छिल्पः संज्ञितः ।वेदेस्थापत्योपकारणानांनामानिप्राप्यते। यथा–

**अश्माचमेमृत्तिका चमे ।।[12]**

प्रांगणस्वरुपेअपिस्थापत्यंक्रियतेस्म ।देवस्यकष्तेगष्हेनिवासःअतिथिषालायाः चनिर्माणंक्रियतेस्म। एतादृषस्य भवनस्य सन्दर्भोऽपिप्राप्यते स यस्मिन् सहस्रद्वाराणिनिर्मीयतेस्य ।कामनाक्रियतेस्म यत् निर्माणकर्ताषिल्पीदीर्घकालं यावत् दीर्घायुशंप्राप्नुयात्। यथा–

**सह स्रदवारंजगमागृहंते ।[13]**

यस्मिन् प्रयोगविधिरस्रि. लोहकीलेनस्थिरीकरोमि, एतादृषानिवाक्यानिस्थापत्यकलायाः संकेतंकुर्वन्तिअयस्तापयन्त्रस्यवर्णनं यजुर्वेदेप्राप्यतेस्थापत्यविज्ञानंकष्यपः ऋशिः षिल्पषास्त्रे मूर्धन्यंइति रुपेणवर्णयति। यज्ञे प्रयोज्य यूपस्यस्थापविधिःवर्णितःतदैवषिल्पविज्ञानंवा स्थापत्यविज्ञानंविद्यते।

12 अथर्व० १ / ३ / ४13 ऋ० ७ / ८–८५

# शिक्षा नारी सशक्तीकरण का माध्यम

सुश्री मीनाक्षी
सहायक आचार्य,शिक्षाशास्त्र विभाग
उत्तराखण्ड़ संस्कशत विश्वविद्यालय,हरिद्वार

## सारांश

नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समोगुरुः अर्थात् इस दुनिया में विद्या के समान क्षेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है। शिक्षा एक ऐसा सशक्त साधन है जिसके माध्यम से मानव समाज मे चेतना जाग्रत कर उसकी कार्य कुशलता में वृद्धि की जा सकती है नेपोलियन बोनापार्ट ने कहा कि ''मातृभूमि की प्रगति शिक्षित और समझदार माताओं के बिना असम्भव है।'' नारी शिक्षा के बिना कोई भी राष्ट्र उच्चस्तरीय पूर्ण विकसित जनसमूह का प्रयास नही बन सकता। शिक्षा के माध्यम से महिलाओं मे आत्मविश्वास उत्पन्न होता हैं बच्चों की शिक्षा का आरम्भ घर पर ही उसकी माँ से होता है अतः माँ का शिक्षित होना अनिवार्य आवश्यकता हैं क्योंकि बालक के विकास में सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चे को पाठ पढ़ाती हैं बालक का यह प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थायी आधार बन जाता है। हालांकि वर्तमान में महिलाओं के द्वारा सभी क्षेत्रों में विजय प्राप्त कर ली गई है, उनका अस्तित्व आज बहुत अधिक विकसित स्वरूप में पाया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं का समावेश स्पष्ट रूप से देखने को मिल जाता है। आज की महिला के द्वारा अपने सम्मान के स्तर को सुदृढ़ बनाने का पूर्ण प्रयास किया गया हैं जिसमें उसे सफलता भी प्राप्त हुई है। परन्तु आज भी समाज में अनेक स्त्रियों को अपमानपूर्वक जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। हम प्रत्येक वर्ष महिला दिवस मनाते है किन्तु उन समस्याओं में घिरी उस नारी का क्या जो अशिक्षा के कारण समस्याओं के गर्त में सिमटी हुई है शिक्षा के अभाव में नारी कई शोषणों से प्रताड़ित हो रही है जैसे असमान विवाह संबंध जिनमे शारीरिक, बौद्धिक स्तर, आर्थिक व सामाजिक स्थिति महत्त्वपूर्ण है, पति का कंजूस, जुआरी, सट्टेबाज, शराबी य व्यभिचारी होना, दहेज प्रथा, बलात्कार, इत्यादि जिससे वह असभ्य, अदक्ष, अयोग्य एवं अप्रगतिशील बन जाती है। वह आत्मबोध से वंचित आजीवन बंदिनी की तरह घर में ही बन्द रहती हुई चूल्हे–चौके तक सीमित रहकर संकीर्णताओं के दण्ड़ को भोगती हुई मिटती चली जाती है अतः वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्तर पर यह महसूस किया जा रहा है कि नारी शिक्षा की दिशा में ठोस प्रयास के बिना समाज का सन्तुलित विकास सम्भव नहीं है। इसलिए नारी–शिक्षा की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। आज भारत में अनेक विद्यालय, महाविद्यालय और

विश्वविद्यालय चलाये जा रहें हैं। महिलाओं को शिक्षित बनाने का वास्तविक अर्थ प्रगतिशील और सभ्य बनाना है ताकि उसमें तर्कशक्ति का विकास हो सके। शिक्षा वयस्क जीवन के प्रति स्त्रियों के विकास के लिए एक आधार के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः प्रस्तुत लेख के माध्यम से महिलाओं कि समस्यायें और समाधान मे किस तरह शिक्षा अहम भूमिका निभा रही है यह जानने का प्रयत्न किया जा रहा है

**प्रस्तावना**—नारी इस समाज का अहम हिस्सा है तथा युगों से ही समाज के निर्माण में नारी का विशेष स्थान रहा है। प्राचीन समय में नारी को पूजा जाता था उन्हें देवी का दर्जा दिया जाता था एवं वह पुरूषों के समान ही हर काम में अपनी भागीदारी देती थी फिर भी आज के विकासमान युगो में जहां तकनीकि का दौर अपनी जड़ों को मजबूत करने के लिए तत्पर है वही आज भी इस शिक्षित समाज में शिक्षा, जागरूकता के अभाव में नारी की दशा दयनीय बनी हुई है, जो विभिन्न समस्याओं के रूप में हमारे समक्ष विकट स्वरूप धारण किये प्रस्तुत हो रही है, उन्हें हिंसा का शिकार होना पड़ रहा है, हिंसा के प्रमुख कारण क्रमशः परिवार में पुत्र को प्राथमिकता तथा महिलाओं की अशिक्षा या अल्प शिक्षा है जिसकी परिणति दहेज मृत्यु, बहुओं को जलाना एवं घरेलू हिंसा के रूप में सामने आती है, इनके अतिरिक्त असमान विवाह संबंध जिनमें शारीरिक, बौद्धिक स्तर, आर्थिक व सामाजिक स्थिति महत्त्वपूर्ण है, पति का कंजूस, जुआरी, सट्टेबाज, शराबी य व्यभिचारी होना भी मुख्य कारण है। वैदिक कालीन समय में जहां वह धार्मिक क्रियाओं में एक महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ के रूप में देवी स्वरूपा पूजनीय थी वही युग परिवर्तन के साथ बढ़ते—बढ़ते महिलाओं के आधार संरचना अपने अस्तित्व व पहचान को खोती सी गई, व्यभिचार एवं रूढ़िवादी समाज ने शनैः शनैः उन्हें सभी प्रकार के अधिकारों व शक्तियों से वंचित कर, एवं आर्थिक रूप से दयनीय स्थिति में अपने अधीन दया का पात्र अबला, शक्तिहीन, बेचारी, भाग्यहीन बनाने के लिए उनको तरह—तरह के अपमानजनक व्यवहार, दुखों एवं परेशानियों से पीड़ित, उत्पीड़ित किया जाता रहा है। उन्हें सार्वजनिक, राजनीतक या सामाजिक अथवा आर्थिक जीवन में कभी सम्माननीय स्थान नहीं मिला किन्तु वर्तमान समय में आज विश्व के सभी राष्ट्र नारी सशक्तीकरण की शब्दावली को सरोकार करने पर लगे हैं एवं आज जागरूकता एवं शिक्षा के कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार नारी स्थिति में सुधार करने के लिए तत्पर है। किन्तु फिर भी वर्तमान समय में भारतीय सरकार द्वारा नारी उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन तो किया जा रहा लेकिन इन योजनाओं का क्रियान्यवयन निचले स्तर तक उचित ढ़ंग से न पहुंच सकने के कारण स्त्रियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है, इसलिए नारी को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है कि उनकी चेतना की जागरूकता की,आत्मविश्वास की,स्वालम्बन,आत्मनिर्भर, साक्षर बनने की और नारी जब तक सशक्त

एवं शिक्षित नही होगी तब तक उसकी अधीनता खत्म नही होगी, और न ही उसका यह दोयम दर्जा। अतः यह अति आवश्यक है समाज की नारी को शिक्षा की धारा के प्रवाह में प्रवाहित किया जाये ताकि वे शिक्षा रूपी नदी से ज्ञान, स्वालम्बन, आत्मसम्बल, स्वरूप विशाल महासागर में समाहित हो स्वंय को समाहित कर सके और अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए स्वयं सशक्त बने इसके लिए यह अति आवश्यक है कि सर्वप्रथम वह अपनी समस्याओं से परिचित हो उनसे लड़ने को स्वयं ही तैयार हो।

**नारी जीवन की समस्यायें**—'पिता रक्षति कौमारे,भर्ता रक्षति यौवने। रक्षान्ति स्थविरे पुत्राः न स्त्री स्वतन्त्रया महर्ति।।' अर्थात् स्त्रियां किसी भी अवस्था में स्वतंत्र नहीं है। बचपन में पिता,युवावस्था में पति,तथा वृद्धावस्था में पुत्र उसकी रखवाली करेगा। उक्त श्लोक में जहां नारी की सुरक्षा के आवरण को प्रस्तुत किया गया है, वही नारी के स्वतंत्र अस्मिता की छूट पर प्रश्न चिन्ह लगता है कि क्या एक नारी वास्तविकता से अबला है आत्मनिर्भर नहीं, उसका स्वयं का कोई वजूद नहीं वह दूसरों पर ही निर्भर है समाज कि इस विचार धारा ने आज उसे समस्याओं के चक्रव्यूह में लाकर खड़ाकर दिया जहाँ आज की नारी के समक्ष अनेक प्रकार की समस्याओं का समावेश भली भांति देखा जा सकता है। आज नारी के समक्ष समस्याएं इस प्रकार हैं—

1—**घरेलू हिंसा की व्यापकता**—घरेलू हिंसा से संबंधित महिला संरक्षण अधिनियम 2005 बनाया गया जिसके मुताबिक राज्य पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह स्त्रियों के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करे विशेष रूप से जो घरेलू हिंसा होती है, इस अधिनियम के मुख्य प्रावधानों के अनुसार घरेलू हिंसा महिला के साथ जबर्दस्ती, मारपीट, मानसिक शोषण, काम का बोझ, भोजन की प्राप्ति न होना, शारीरिक क्षति, कार्य स्वतंत्रता का न होना, इत्यादि।

2—**शारीरिक हिंसा**— बलात्कार/लैंगिक दुराचार, महिला की लज्जा भंग करना, पीछा करना/घूरना, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, बाल यौन दुर्व्यवहार, मारपीट करना, थप्पड़ मारना, ठोकर मारना, दाँत से काटना, लात मारना, मुक्का मारना, धक्का देना, धकेलना व अन्य रीति से शारीरिक पीड़ा या क्षति पहुंचाना।

3—**लैंगिक हिंसा**—महिलाओं की संपति और विरासत अधिकार, व्यावसायिक यौन शोषण, घरेलू काम, शादी आदि के लिए तस्करी, महिलाओं और श्रम अधिकारों के लिए समान रोजगार के अवसर, उच्च सम्मान या शासन में उच्च पदों पर आसीन उपर्युक्त स्थिति से बचने के लिए अपनी कन्याओं का जन्म होते ही वध कर देना उचित समझते थे, ताकि उनके मान—सम्मान में कमी न होवे। वर्तमान युग में शिक्षा की बदौलत अब स्थिति में कुछ सुधार हुआ है और समाज को इस कुरीति

से थोड़ा छुटकारा मिला है लेकिन इस मानसिकता की बदौलत अब परिवार नियोजन या गर्भ में बालिका की मृत्यु के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। जिसके मुताबिक भारतवर्ष में 2011 में 1000 पुरूषों के अनुपात में महिलाओं की संख्या 918 है जो कि पाकिस्तान, चीन तथा बांग्लादेश से भी कम है ।

4–**मौखिक एवं भावनात्मक हिंसा**– अपमान गालिया देना चरित्र आचरण का दोषारोपण, लड़का न होने पर अपमान,दहेज के लिए अपमान, बालिका को विद्यालय या महाविद्यालय जाने से रोकना, नौकरी करने से रोकना, नौकरी छोड़ने पर मजबूर करना, किसी व्याक्ति से मिलने से रोकना, विवाह करने के लिए मजबूर करना, अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने से रोकना, किसी व्यक्ति विशेष से विवाह करने के लिए मजबूर करना, आत्महत्या करने की धमकी देना, अन्य मौखिक व भावनात्मक दुर्व्यवहार।

5–**आर्थिक हिंसा**– बच्चों के अनुरक्षण के लिए धन उपलब्ध न करना, खाना कपड़ा इत्यादि उपलब्ध न कराना,रोजगार से रोकना या विघ्न डालना, वेतन पारिश्रमिक को ले लेना, उपभोग करने से रोकना, घरेलू कपड़ों वस्त्रों इत्यादि के उपयोग से रोकना ।

6–**महिला से क्रूरता / उत्पीड़न**– दहेज की मांग, एसिड हमलों का खतरा, गरिमा से जीने का अधिकार, बाल विवाह, वैवाहिक विवाद, हिरासत, तलाक, गर्भभ्रम का जन्म पूर्व लिंग चयन और उन्मूलन।

7–**अन्य मामले**– साइबर अपराध, महिला के खिलाफ पुलिस की उदासीनता, महिला की निजता का उल्लंघन करना, तंत्रमंत्र एवं चुड़ैल घोषित होने का खतरा,एसिड हमलो का खतरा, दहेज प्रथा, नारी उत्पीड़न, शोषण, छेड़छाड़ आदि।

इन सभी का समावेश आज नारी को न केवल शारीरिक रूप से पीड़ित कर रहा है बल्कि आज उनमें तनाव का विकास कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप वह भली–भांति अपना विकास नहीं कर पा रही है, इसलिए आज नारी को मानव अधिकार के प्रति शिक्षित किया जाना विशेष रूप से लाभदायक माना जाता है। इसके लिए सरकार के द्वारा महिला सशक्तीकरण तथा महिला साक्षरता को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**शिक्षा–सशक्तीकरण का माध्यम**–आज का युग प्रगतिशील युग माना जाता है जिसमें पुरूषों की भांति ही नारियों के द्वारा भी अपना विकास किया जा रहा है। आज समाज में महिलाओं को पुरूषों से कन्धे–से–कन्धा मिलाकर चलने की अनुमति प्रदान की जा रही है जिससे वह भली भांति अपना

विकास कर सकें आज उन्हें विद्यालयों की परिधि में मानव अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जाती है जिससे वह भली भांति देश में अपने अधिकारों से परिचित हो सकें तथा अपनी अधिकाधिक उन्नति कर सकें। यह देखा जाता है कि नारियों के द्वारा आज पुरूषों से अधिक तीव्रता से सभी विषयों में उन्नति प्राप्त की जाती है। इसके पीछे कारण उनकी दृढ़ लगन के साथ–साथ शोषण की बेड़ियों को तोडकर स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता के खुले आसमान में विचरण करने की उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को माना जा सकता है। जो उनमें शिक्षा के माध्यम से पैदा कि जा रही है ताकि वे स्वंय को पहचाने स्वयं के अस्तित्व की पहचान को जाने और समाज को अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति का आभास करा सकें। आधुनिक युग में नारी उत्थान के अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिनके आधार पर नारी को पूर्ण रूप से उन्नति की ओर अग्रसित करने की ओर ध्यान दिया जा रहा है। महिलाओं के लिए संविधान में अनेक प्रकार के कानूनों का निर्माण किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप भली भांति अपना विकास कर पा रही हैं इसके साथ ही सरकार के द्वारा उनके मार्ग में आने वाली विभिन्न बाधाओं को दूर करने का प्रयत्न किया जा रहा हैं जिससे वह अधिकाधिक अपना विकास कर सके तथा देश के निर्माण में सहयोग प्रदान कर सके। यह देखा जाता है कि शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके परिणामस्वरूप आज भी उनका वह सम्मान नहीं बन पाया है। जिसकी अपेक्षा की जाती है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सचेत करके ही उन्हें पूर्ण रूप से उन्नति की ओर अग्रसित किया जा सकता है। आज इसलिए उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। उन्हें शिक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरुक किया जा रहा है। आज की नारी द्वारा शिक्षा, तकनीकी, कला, कविता, गद्य आदि सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से उन्नति प्राप्त की जा रही है। भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन को ही देखें तो कई जागरुक एवं शिक्षित महिलाओं का स्वतंत्रता आन्दोलन मे विशेष योगदान रहा है इनमें महारानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, कस्तूरबा गांधी, कमला नेहरु, ललिता शास्त्री आदि के नाम उल्लेखनीय है

**शिक्षा के माध्यम से महिला अधिकारों की जागृति के प्रयास**–शिक्षा अन्य अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़कियों और महिलाओं को सक्षम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर होना सिखाती है, इसके लिए देश कि सरकार के द्वारा शिक्षा के माध्यम से नारी को उनके मानव अधिकारों से परिचित कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का सहारा लिया जा रहा है आज नारी के द्वारा अपने प्रति होने वाले अन्यायों के प्रति आवाज उठाई जा रही है। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि आज की नारी में जागरूक प्रवृति का विकास हो चुका है। महिला के हो रहे शोषण को रोकने के लिए वर्तमान समय

में शिक्षा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों अधिनियमों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है सरकार, समाज सुधारक, सामाजिक संस्थाएं सुधार कार्यक्रमों के माध्यम से नारी की सशक्त भूमिका के लिए उसे सचेत कर रहे हैं जो निम्नवत् है–

1–**नारी सशक्तिकरण**–सशक्तिकरण का तात्पर्य समाज में परम्परागत रूप से चली आ रही अन्यायपूर्ण स्थितियों का तर्क की दृष्टि से विरोध करने व निर्णय लेने की क्षमता या सामर्थ्य है। सशक्तिकरण का अर्थ आत्मनिर्णय की शक्ति से है अर्थात जब छात्रायें सामाजिक–आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, कानूनी सभी क्षेत्रों में स्वयं निर्णय लेने की स्थिति में आ जाती है तथा किसी भी क्षेत्र में कार्य करने का निर्णय उसका स्वयं का होता है तो हम कह सकते हैं कि वह सशक्त हो गई है। अतः असहायता की अवस्था से हटकर अपने जीवन को स्वयं नियंत्रित कर सकने की क्षमता को सशक्तिकरण कहा जा सकता है। महिला सशक्तिकरण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सन्1985 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन 'महिला एवं बाल विकास विभाग' की स्थापना की गई तत्पश्चात् 1992 में ''राष्ट्रीय महिला आयोग'' का गठन किया गया सन् 2001 में राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण नीति की घोषणा ओर इसी वर्ष '2001 महिला सशक्तिकरण वर्ष' मनाने से महिला सशक्तिकरण प्रक्रिया को नई दिशा प्राप्त हुई।

2–**अधिकारों की जागृति**–महिलाओं के अधिकार के अभिवर्धन के प्रति चिन्ता अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय ने वास्तव में द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के समय से ही किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर की उददेशिका में ' मूल मानव अधिकारों, मानव व्यक्ति की गरिमा और मूल्य,मनुष्यों और स्त्रियों के समान अधिकारों ' और ''लोगों के आर्थिक और सामाजिक अभिवर्धन के संवर्धन के लिये अन्तर्राष्ट्रीय तंत्र के उपयोग'' की घोषणा की गई हैं इसी प्रकार संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर और अन्य मानवाधिकार लिखतों में सम्मिलित किए गए उपबन्ध महिलाओं के अभिवर्धन के लिए व्यवस्था करते हैं। सामूहिक चिन्तन तथा निर्णय लेने के माध्यम से महिलाएँ शक्तिशाली सयुक्त राष्ट्र संघ चार्टर के उपबन्ध के उद्देश्य निम्नवत थे–

1. सही एवं स्व–धारणा तथा आत्मविश्वास बनाना।
2. आलोचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता विकसित करना।
3. वर्ग–सम्बद्धता बनाना तथा निर्णयकारिता और क्रियाशीलता को प्रोत्साहित करना।
4. सामाजिक परिवर्तन लाने की प्रक्रिया में बराबर भाग लेने को सुनिश्चित करना।
5. समाज में परिवर्तन लाने की दृष्टि से सामूहिक कार्यवाही को प्रोत्साहित करना।

6. आर्थिक स्वतन्त्रता के लिए साधन उपलब्ध कराना।

3–**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार महिला सशक्तीकरण के सदर्न्भ में**– 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी नारी की जागरूकता हेतु नारियों को सशक्त बनाने की बात की गई जिसका उद्देश्य निम्नवत् था–

1– स्त्रियों में एक धनात्मक स्वचित्रण और आत्मविश्वास का निर्माण करना।

2– उनमें आलोचनात्मक ढंग से सोचने की क्षमता का विकास करना।

3– सामूहिक एकता का निर्माण करना और उनमें निर्णय लेने व कार्य करने की शक्ति का निर्माण करना।

4– सामाजिक परिवर्तन लाने की प्रक्रिया में समान भागीदारी को सुनिश्चित करना।

5– समाज में परिवर्तन लाने की सामूहिक कदम उठाने को प्रोत्साहित करना।

4–**नारी सहायता एवं सुरक्षा प्रक्रिया**– अध्ययन कि गई उपरोक्त निम्न से संबंधित कोई शिकायत होने पर महिला अपनी सुरक्षा एवं मदद के लिए कई सहायता प्रणाली का प्रयोग कर सकती है–

1– पुलिस केन्द्र में जाना– महिला हिंसा का कोई भी पहलू होने पर सर्वप्रथम महिला को नजदीकी पुलिस चौकी में शिकायत अपील करने जाना चाहिए।

2– एस.पी./एस.एस.पी./डी.सी.पी. से सम्पर्क– पुलिस केन्द्र से समस्या का समाधान न होने पर सम्बन्धित क्षेत्र के एस.पी., एस.एस.पी. या डी.सी.पी. से सम्पर्क करें।

3– जिला मजिस्ट्रेट से अपील– उपरोक्त से सन्तुष्टि न होने से जिला मजिस्ट्रेट से अपील की गुहार लगाई जा सकती है।

4– राज्य महिला आयोग– राज्य महिला आयोग के पास महिला अपनी शिकायत याचिका डाल सकती है।

5– राष्ट्रीय महिला आयोग–यह आयोग महिलाओं की रक्षा, संरक्षण तथा महिलाओं के अधिकारों की निगरानी के लिए सजग होता है।

5–**स्त्री प्रास्थिति आयोग**– स्त्री प्रास्थिति आयोग आर्थिक और सामाजिक परिषद् का कृत्यिक आयोग है जिसकी स्थापना 1946 में की गई थी। इस समय इसमें 45 सदस्य हैं। इसका कार्य प्रमुख रूप से राजनैतिक,आर्थिक,सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में स्त्रियों के अधिकारों की अभिवृद्धि के विषय में आर्थिक और सामाजिक परिषद् को रिपोर्ट देकर सिफारिशें भेजना है। स्त्रियों के अधिकारों के क्षेत्र में समस्याओं के विषय में यह परिषद् को रिर्पोट देता है जिन पर ध्यान देने की अपेक्षा रहती है। क्या कार्रवाई की जानी है,इस पर परिषद् ही निर्णय लेती है।

6– विभिन्न संवैधानिक कार्य–देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत में स्वतंत्रता के उपरान्त संविधान निर्माताओं के द्वारा इस विषय पर विशेष ध्यान दिया गया। लिंग समानता हेतु भारतीय संविधान में स्पष्ट प्रावधान में लिंग भेद को आधार नहीं बनाया गया है।

–अनु0 14–15 में है कि ''भारत के राज्य क्षेत्र में व्यक्ति विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से संचित नहीं रखा जायेगा। अर्थात धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर भेद–भाव नहीं किया जायेगा।

–अनु0 16 के अनुसार रोजगार के अवसरों की समानता दी है

–अनु0 21 में ''जीवन तथा व्यक्तिगत सुरक्षा का अधिकार''

–अनु0 23 व 24 में शोषण के विरूद्ध अधिकार दिया है।

–अनु0 45 में 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान दिया है।

–73वें व 74वें संशोधनों द्वारा महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन में उनके लिए 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित कर महिलाओं को संवैधानिक उपचार प्रदान किए गए हैं।

– 2015 के बाद के एक तरफा तीन तलाक के खिलाफ अपने महिला अधिकार के हनन के खिलाफ लड़ाई को उच्चतम न्यायालय तक ले जाने वाली सुल्तानपुर निवासी अतिया साबरी के बल पर इस विषय को आज सरकार ने गंभीरता पूर्वक लिया और तीन तलाक पर संसद में पेश किए जाने वाले मुस्लिम बूमेन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज बिल पेश किया। इससे करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को समानता से जीने का अध्किार मिलेगा और अतिया ने माननीय प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी से गुहार लगाई है कि तलाक मे पति–पत्नी दोनो की सहमति को मान्यता मिले एवं एक तरफा तलाक देने की सूरत में पत्नी को पति की संपत्ति में हिस्सा के प्रावधानों को भी बिल में सम्मिलित

किया जाये। 28 दिसम्बर 2017 कोबूमेन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज बिल 2017 कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के द्वारा लोकसभा मे पारित कर लिया गया जब कभी मुस्लिम महिलाओं के सशक्तीकरण की बात होगी उस वक्त राजीव गांधी के समय शाहबानो मामले और मोदी सरकार द्वारा तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने क जिक्र अवश्य होगा।

**नारी विकास प्रावधान**—समय समय पर सरकार महिला सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाओं एवं कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है जिससे वे अधिक से अधिक स्वालम्बी बन सकें सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप महिलाओं की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है, जिससे आज महिलायें पुरूष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आज उनके विकास के लिए अनेक प्रकार के आयोगों तथा संस्थाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिनके परिणामस्वरूप उनके द्वारा भली भांति अपना पूर्ण रूप से विकास किया जा रहा है। यह देखा जाता है कि आज की नारी घर के सभी कार्यों से लेकर ऑफिस के कार्य तक को कुशाग्रता से सम्भालती है। इसलिए आज की नारी को अबला नहीं कहा जाना चाहिए। आज की नारी निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसित हो रही है तथा देश के विकास में सहायता प्रदान कर रही है। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नारी कल्याण के प्रति बहुत अधिक ध्यान दिया गया हैं महिलाओं के विकास हेतु चलाई जाने वाली महत्वपूर्ण योजनाएँ—

- 8 मार्च 1975 में सम्पूर्ण विश्व में अन्तर्राष्टीय महिला वर्ष मनाया गया।
- महिलाओं की स्थिति सुधारने हेतु ही 1979 में समान वेतन अधिनियम पास किया गया।
- नगरों में कार्यशील महिलाओं को आवास सुविधा प्रदान करने हेतु छात्रावास खोले गये है
- उत्तम रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से महिला विकास निगम जैसी संस्थाओं की स्थापना की गई है।
- 20 अगस्त 1995 को निचले स्तर की महिलाओं के विकास हेतु इन्दिरा महिला योजना प्रारम्भ की गई।
- केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की स्थापना द्वारा अनेक कार्यक्रम महिला उत्थान हेतु चलाये जा रहे हैं।
- 73 एवं 74वें संवैधानिक संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था में 33 प्रतिशत आरक्षण केवल महिलाओं के लिए दिया गया है।

– मातृत्व हित लाभ जैसी योजनाओं को महिला के जीवन स्तर सुधार हेतु चलाया जा रही है।

– 2 अक्टूबर 1993 से महिला समृद्धि योजना चलायी जा रही है।

– 1993 में महिलाओं की स्थिति सुधारने हेतु राष्ट्रीय महिला कोश की स्थापना की गई।

– प्रौढ़ महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था कि गई।

**निष्कर्ष**– आज नारी को खुद ही साबित करना होगा कि भगवान ने उसे कोमल जरूर बनाया हे लेकिन वह कमजोर नही हैं एसमें पन्नाधाय का त्याग,रानी लक्ष्मीबाई को पौरूष, इंदिरा गांधी जैसी नेतृत्व क्षमता, मदर टेरेसा की ममता है और कल्पना चावला एवं सुनीता विलियम्स की तरह अंतरिक्ष विजय का सपना है आज जरूरत है इन उदाहरणों और विचारों को गली–मुहल्लों और गाँवों चौपालों तक पहुंचाने की। पूरे विश्व में महिलाओं के समग्र एवं सार्थक विकास के संबंध में बहुआयामी महिला नीति बनाकर लागू करने की होड़ चल रही है। संस्थागत प्रजातांत्रिक ढाँचे में नारी को नारायणी बनाने की वह स्वयं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ रही हैं और ये संकेत मिलना शुरू हो गया है कि चाहे सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा हो, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा या अन्य शिक्षा हो सभी जगह महिलाओं ने अपना परचम फहराया है। सरकारी सेवा या राजनीति में सक्रिय महिलाओं को समाज मे स्थान एवं सम्मान मिल रहा है। डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रोफसर, जज, प्रशासनिक अधिकारी जैसे पदों पर महिलाएं आ रही है। राजनीति में वार्डपंच, सरपंच, प्रधान, प्रमुख, विधानसभा सदस्य, लोक सभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य, लोक सभा सदस्य, राज्य सभा सदस्य, मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति जैसे पदों पर अपना दमखम दिखाने में पीछे नहीं है। खेलों, फिल्मों, सौन्दर्य प्रतियोगिताओं, पत्रकारिता, लेखन आदि में भी महिलाओं ने अपने आपको स्थापित किया है। राजनीतिक सशक्तिकरण की बात करें तो स्थानीय संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत या 50 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधानों ने महिलाओं की प्रतिनिधि सहभागिता में निश्चित रूप से सकारात्मक वृद्धि हुई है। हालांकि इसमें अभी कुछ समस्याएं एवं चुनौतियां अवश्य है आज महिलाएं घर की चारदीवारी से बाहर निकल कर रूढ़िवादी प्रवृतियों को पार कर विभिन्न व्यवसायों एवं सेवाओं में कार्यरत है जिससे आर्थिक आत्मनिर्भरता भी आ रही है और केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ ही नहीं हुई हैं अपितु समाज एवं परिवार की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने प्रारम्भ हो गए हैं और यह संभव हो पाया है नारी को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने से जिससे उसमें जागरूकता के साथ अपने अस्तित्व के निर्माण के चिन्तन को भी जाग्रत किया है एवं प्राचीन रूढ़ियों

कि दीवार को लांघने का प्रयत्न किया है ओर साथ ही समाज को अपनी महत्ता से परिचित करवाया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ–


1– डॉ0 हेमलता, नयी सहस्राब्दी में हिंसा से नारी की सुरक्षाः कितनी यथार्थ कितनी मिथ्या,

2– एन0 एस0 बक्शी, मानव अधिकार शिक्षा 2009, प्रेरणा प्रकाशन।

3– त्यागी पी0एस0 एवं अन्य 'नारी सशक्तिकरणःशैक्षिक परिप्रेक्ष्य मे',जनवरी–मार्च 2013

4– मलहोत्रा.एम.''महिला अधिकार और मानवधिकार'' 2013 ज्ञान गंगा प्रकाशन दिल्ली

5– चड्ढा एण्ड चड्ढा''महिला सशक्तीकरण भारतीय परिप्रेक्ष्य'' हिमालोकिनी 2011–14,पृ.सं. 22

6– चन्देल.धर्मवीर,भारत मे महिला सशक्तिकरणः दशा और दिशा/महिलाओं का यथार्थ मानवाधिकारों के सन्दर्भ में एक अध्ययन, मई 2012/जुलाई 2012, journalistdharmaveer.blogpot.in

7– यादव नीलम,भारत मे महिलाओं की वर्तमान स्थिति की सामाजिक विवेचना,रचनाकार ई पत्रिका

8– शर्मा सुशील,भारतीय महिलाएं और मानवधिकार,रचनाकार ई–पत्रिका, www.rachnakar.org/2017

9– दिव्या,नारी शिक्षा, दिसंबर 2017 पृ.स. 8

10– तीन तलाक पर आतिया केंद्र के पक्ष मे, तीन तलाक को तलाक एवं समर्पण न करें! दैनिक जागरण,दिसम्बर2017

11– ललित गर्ग,दैनिक जागरण दिसम्बर 2017 पृ.स.10

12– मुखर्जी, रविन्द्र (1984) ने ''भारत में सामाजिक स्तरीकरण'' वोरा,आर0एस0 (1993)'हिमालय माइग्रशनः ए स्टडी ऑफ द हिल रीजन ऑफ उत्तर–प्रदेश'

# अद्वैतवेदान्तसम्मत माया का स्वरूप

**परमेश तिवारी**
शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग
बी0 एच्0 यू0, वाराणसी

इस संसरणात्मक संसार की सृष्टि रहस्यमयी है। इसके रहस्य को जानने के लिए मानव मस्तिष्क सदैव से चिन्तनशील रहा है। भारतीय मनीषियों ने अपनी सूक्ष्म-कुशाग्र-बुद्धि के बल पर जिन दार्शनिक सिद्धान्तों का विश्लेषण किया है, वे दर्शन के इतिहास में अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण हैं, उन्हीं सिद्धान्तों में अद्वैतवेदान्त का मायावाद भी है।

शुद्धचैतन्यरूप जीव-ब्रह्मैक्य[1] ही अद्वैतवेदान्त का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है, जो नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्त- सत्यस्वभाव-परमानन्दानन्ताद्वयरूप है। सकल वेदान्त-वाक्यों का तात्पर्य उसी शुद्धचैतन्य में ही है।[2] आचार्यशङ्कर ने भी 'तत्तु समन्वयात्' इस ब्रह्मसूत्र की व्याख्या में बड़े विस्तार से शुद्धचैतन्यस्वरूप ब्रह्म में समस्त वेदान्त-वाक्यों के समन्वय का उपपादन किया है।[3] उस सच्चिदानन्दस्वरूप, निर्गुण, निर्विकल्प, अनादि, अनन्त, सर्वोच्च, एक, अद्वितीय अद्वैततत्त्वरूप ब्रह्म की सिद्धि में माया तत्त्व की भूमिका अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है। इसके बिना अद्वैतवेदान्त का शरीर निर्जीव है। शाङ्कर अद्वैतवाद का ढांचा मायावाद सिद्धान्त के आधार पर ही खड़ा किया गया है। जगत्रूप प्रपञ्च का नानात्व एवं अद्वैततत्त्व इन दोनों की समन्विति माया (अविद्या) की जगत्कारणत्व में द्वारता के बिना सम्भव नहीं है। हमारे उपनिषदों में दो प्रकार के परस्पर विरोधी वाक्य समधिगत होते हैं। एक ओर **'एकमेवाद्वितीयम्'**[4], **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'**[5] **'ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ताद् ब्रह्म पश्चाद् दक्षिणतश्चोत्तरेण'**[6], **नेह नानास्ति किञ्चन'**[7] **'अतोऽन्यदार्त्तम्'**[8] आदि से अद्वैततत्त्व सिद्ध होता है, तो दूसरी ओर **'यतो वो इमानि भूतानि जायन्ते.........**[9], **'तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः..................'**[10] इत्यादि से नानात्व स्थापित होता है। अद्वैत तथा नानात्व में विरोध स्पष्ट है। अतः इसी विरोध परिहारार्थ अद्वैतवेदान्तियों के लिए माया का अभ्युपगम अनिवार्य हो जाता है।

### माया शब्द का अर्थ

माया शब्द के कई अर्थ प्राप्त होते हैं, यथा धोखा, जालसाजी, कपट, धूर्तता, दाँव,

इन्द्रजाल, अवास्तविक, कल्पनासृष्टि, मनोलीला, दुष्टता, दया, करुणा आदि।[11] कहीं-कहीं माया शब्द का प्रयोग प्रज्ञा के अर्थ में भी हुआ है।[12] यास्कमुनि के निघण्टु में माया शब्द का अर्थ प्रज्ञा किया गया है।[13] सायणाचार्यकृत भाष्यों में माया शब्द का अर्थ प्रज्ञा या प्रज्ञान किया गया है। किन्तु अद्वैतवेदान्त में माया (अविद्या) का अपना नितान्त मौलिक स्थान है। वेदान्त में माया एक भ्रान्ति है, जिसके कारण मनुष्य इस अवास्तविक संसार को वास्तविक तथा परमात्मा से भिन्न अस्तित्व वाला समझता है।[14] अनादि अज्ञान को माया कहा गया है।

व्युत्पत्ति की दृष्टि से माया शब्द की निष्पत्ति संस्कृत के 'मा' धातु से 'य' प्रत्यय कर स्त्रीत्व की विवक्षा में 'टाप्' प्रत्यय करने पर हुयी है। 'मीयते या सा माया' जो मापा जाय या 'मीयतेऽनया सा माया' जिससे मापा जाय, वह माया शब्दवाच्य है। यह माया अमेय को माप देती है, अर्थात् यह अमेय को मेय, अपरिच्छिन्न को परिच्छिन्न, असीमित को सीमित, निर्गुण को सगुण, असंसारी को संसारी तथा एक को अनेक कर देती है। यद्यपि तार्किक दृष्टि से ऐसा असम्भव है, तथापि यह माया असम्भव को सम्भव कर देती है। चूँकि माया के द्वारा मापने की यह प्रक्रिया वास्तविक न होकर केवल ऊपर से प्रतीत होती है। अतः इसे भ्रम की प्रेरक शक्ति के रूप में देखना सार्थक होगा।

'माङ्' धातु से निर्मित माया शब्द का अर्थ ज्ञानसामान्य भी है। जिसका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है- 'मीयते निर्मीयते जगद् यया सा माया' जिससे जगत् का निर्माण हो, वह माया है अथवा 'यद्वा मीयते (ज्ञायते) आत्मन्यध्यस्तं जगत् यया सा माया' अर्थात् जिससे आत्माध्यस्त जगत् जाना जाय, वह माया है।[15] सायण ने 'मिमीते जानीते कर्म मीयतेऽनयेति माया''[16] कहकर माया की व्युत्पत्ति दी है। इसके अनुसार जिसके द्वारा ज्ञान प्राप्त हो या कर्म विधान परिज्ञात हो, वह माया है। श्रीवासुदेवयतीश्वर ने 'या मा सा माया' एवं 'या न विद्यते साऽविद्या कहकर माया व अविद्या की व्युत्पत्ति प्रदर्शित किया है।[17] जिसका अर्थ है- जो नहीं है अर्थात् अवास्तविक है, वह माया है और जो है ही नहीं, वह अविद्या है। माया की इस व्युत्पत्ति से उसका कल्पितत्त्व रूप सिद्ध होता है। महीधर ने इसका अर्थ अकल्पनीय वस्तु का निर्माण करने वाली शक्ति किया है।[18] अद्वैतवेदान्त में माया शब्द पारिभाषिक है। वहाँ माया ब्रह्म की शक्ति के रूप में परिकल्पित है, जिससे उपहित होकर ब्रह्म ईश्वर कहलाता है। वह माया शक्ति न तो ब्रह्म से भिन्न है, न अभिन्न, न सत् है, न असत् और न उभयरूप है, अपितु सदसद् से विलक्षण अनिर्वचनीय (मिथ्या) है। इस शक्ति के प्रभाव से ही ब्रह्म के जगत्स्रष्टा आदि होने की एवं जगत् के ब्रह्म से उत्पन्न, उसी में

स्थित तथा लीन होने की समुचित व्याख्या की गई है। अद्वैतवेदान्त में इसके कई नामान्तर शब्द भी प्राप्त होते हैं। यथा-अज्ञान, अविद्या, तम, मोह, मूलप्रकृति, प्रधान, गुणसाम्य, अव्यक्त व माया।[19]

**माया का स्वरूप-विचार**

यद्यपि अद्वैतवेदान्त में प्रतिपाद्य माया सिद्धान्त का नितांत मौलिक एवं स्वतन्त्र स्थान है तथापि वैदिक संहिताओं में भी इसके बीज यत्र-तत्र बिखरे पड़े हैं। माया का मूलरूप हमें सर्वप्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद से ही मिलना आरम्भ हो जाता है जो क्रमशः उपनिषदों में और अधिक स्पष्ट होते हुए अद्वैतवेदान्त में मायावाद के रूप में सजीव हो उठता है। ऋग्वेद में माया का स्पष्ट संकेत बहुशः प्राप्त होता है। जहाँ उक्त है कि इन्द्र अपनी अनेक रूप धारण करने वाली शक्ति माया के द्वारा अनेकरूपता को प्राप्त होकर भिन्न-भिन्न रूप में प्रकट होते हैं- रूपं रूपं प्रतिरूपं बभूत तदस्य रूपं प्रति चक्षणाय। इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते''[20] इसी संहिता में यह भी कहा गया है कि वरुण माया शक्ति के द्वारा सम्पूर्ण संसार को धारण करते हैं।[21] यहाँ माया शब्द देवों की अलौकिक एवं रहस्यमयी शक्ति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। ऋग्वेद के नवम मण्डल में माया शब्द प्रज्ञा के अर्थ में भी प्रयुक्त है।[22] इसके भाष्यकार सायण ने अधिकतर माया शब्द का अर्थ प्रज्ञा ही किया है।[23] यजुर्वेद में भी माया का उल्लेख अनेक स्थलों पर मिलता है। यजुर्वेद के 11वें अध्याय के 69वें मन्त्र में आसुरी माया का वर्णन है। यहाँ माया की अचिन्त्य-रूपता तथा विचित्रता भी भासित होती है। उवट्ट ने इस मन्त्र की व्याख्या में आसुरी माया को प्राण सम्बन्धिनी प्रज्ञा कहा है।[24] इसी मन्त्र की टिप्पणी में भाष्यकार महीधर ने माया के दो अर्थ किये है- प्रथम प्राण सम्बन्धिनी प्रज्ञा तथा द्वितीय अंचिन्त्यरचनारूप विचित्र वस्तु।[25] यजुर्वेद में माया का प्रयोग प्रायः प्रज्ञा के अर्थ में भी प्राप्त होता है।[26] सामवेद संहिता में भी माया शब्द व्यवहृत हुआ है। यद्यपि सामवेद संहिता में माया शब्द के प्रयोग का क्षेत्र सीमित है।

इस संहिता के पूर्वार्चिक पञ्चम प्रपाठक प्रथमोऽर्ध तृतीय दशति के चतुर्थ मन्त्र में आसुरी माया तथा ईश्वरीय माया का उल्लेख है।[27] यहाँ माया शक्ति के अर्थ में प्रयुक्त है। सामवेद षष्ठ प्रपाठक तृतीयोऽर्ध, द्वितीय दशति के दूसरे मन्त्र में माया बुद्धि के लिए भी व्यवहृत हुयी है।[28] इस प्रकार, इस संहिता में माया का प्रयोग आसुरी शक्ति, ईश्वरीय शक्ति व सृजन करने वाली शक्ति तथा बुद्धि के लिए किया गया है। अथर्ववेद संहिता में माया का उल्लेख निर्मात्री शक्ति के रूप में एवं प्रज्ञा या बुद्धि के

लिए हुआ है।[29] अथर्ववेद में सृष्टि की उत्पादक शक्ति के अर्थ में मायावाद प्राप्त होता है।[30] यहाँ एक स्थल पर उक्त है कि इन्द्र मायाओं (प्रवंचनाओं) से उद्‌गमन करने के इच्छुक तथा द्युलोक पर चढ़ने के इच्छुक असुरों को उल्टा मुख करके नीचे गिरा देने वाले हैं। सायणाचार्य ने यहाँ माया शब्द का अर्थ प्रवञ्चना किया है।[31] अथर्ववेद में आसुरी माया का भी उल्लेख मिलता है। कहा गया है कि हे इन्द्र! तुम स्वर्ग के राजा हो, अपने दक्षिण हस्त में वज्र धारण कर सभी राक्षसी माया को दूर करों–'भुवो जनस्य दिव्यस्य राजा पार्थिवस्य जगतस्त्वेष संदृक्। द्यिष्व वज्रं दक्षिण इन्द्र हस्ते विश्वा अजुर्य दवसे वि माया:'।।[32]

उपनिषदों में माया एवं अविद्या शब्दों का प्रयोग अनेक बार हुआ है। प्रश्नोपनिषद् में माया शब्द का प्रयोग आचार की कुटिलता के लिये किया गया है।[33] बृह0उप0 में रहस्यमयी शक्ति के अर्थ में माया शब्द व्यवहृत हुआ है– इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते।''[34] छान्दोग्य में असत्य को सत्य का आवरण कहा गया है।[35] यहाँ माया का प्रयोग अनृत और असत्य के लिये किया गया है। इसी उपनिषद् में विद्या तथा अविद्या में भेद करते हुए विद्या द्वारा अविद्यामूलक कर्म का निषेध किया गया है।[36] कठोपनिषद् में उक्त है कि विद्या और अविद्या दोनों अत्यन्त विरूद्ध स्वभाववाली एवं विपरीत फल देने वाली है। अविद्या के अन्दर स्थित व्यक्ति स्वयं को पण्डित मानते हैं तथा अविद्या में ही चक्कर लगा रहे हैं, जैसे अन्धों के पीछे अन्धे।[37] श्वेताश्वतरोपनिषद् में माया को प्रकृति (उपादान कारण) एवं परमेश्वर को मायी कहा गया है– 'मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्'।[38] यह उपनिषद् माया को 'देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम'[39] कहती है। मुण्डकोपनिषद् में अविद्याग्रन्थि का वर्णन करते हुए कहा गया है कि जो उस ब्रह्म को सम्पूर्ण प्राणियों के अन्त:करण में स्थित जानता है। वह इस लोक में अविद्या की ग्रन्थि का छेदन कर देता है– 'एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रन्थिं विकिरतीह सोम्य।''[40] इस प्रकार, माया या अविद्या के बीज उपनिषद् में निर्विवाद रूप से पाये जाते है। कुछ लोग जो यह मानते हैं कि उपनिषद् में माया या अविद्या प्रतिपादित नहीं हैं। आचार्यशङ्कर ने या तो इसे बौद्धों से ग्रहण किया है या उन्हीं की कल्पना है तो ये दोनों ही बातें निराधार है। आचार्य ने उपनिषद् में विद्यमान माया या अविद्या के विचार को अपने अद्वैतदर्शन में उपबृंहण किया है। अत: नि:संकोच कहा जा सकता है कि उपनिषदों में परवर्ती मायावाद की पृष्ठभूमि अवश्य मिलती है।

पुराण साहित्य में भी माया का स्वरूप वर्णन समधिगत होता है। विष्णु पुराण में विष्णु की माया

का उल्लेख है। मोहिनीरूपधारी विष्णु अपनी माया से दानवों को मोहित कर उनसे कमण्डल लेकर देवताओं को दे देते हैं।[41] यहाँ माया मोहन शक्ति के अर्थ में प्रतीत होती है। श्रीमद्भागवत में माया के अस्तित्व के सम्बन्ध में उक्त है कि ब्रह्म के बिना माया की सत्ता सम्भव नहीं, किन्तु उसकी सत्ता की प्रतीति ब्रह्म में सम्भव नहीं है।[42] श्रीमद्भागवत में माया शक्ति के अर्थ में प्रयुक्त है। उक्त है- ''आत्ममायां समाविश्य सोऽहं गुणमयीं द्विज! सृजन् रक्षन् हरन् विश्वं दध्रे संज्ञां क्रियोचित्ताम्''[43] अर्थात्- अपनी सत्त्वादिगुणमयी माया शक्ति का आश्रय कर ही मैं विश्व का सर्जन, रक्षण व संहरण करता हुआ क्रियाओं के अनुरूप उत्पादक ब्रह्मा, रक्षक विष्णु तथा संहारक महेश्वर ऐसी संज्ञाओं को धारण करता हूँ। भागवत में माया ज्ञानैकनिवर्त्य है, ऐसा अनेक स्थलों उक्त है, यथा- मायां व्युदस्य चिच्छक्त्या कैवल्ये स्थित आत्मनि।[44] विधूय मायां वयूनोदयेन[45] इत्यादि। ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि संसार में ममत्व की भावना का कारण परमेश्वर की माया है।[46] यहाँ ईश्वर की माया से पुरुषों के बद्ध होने का वर्णन भी मिलता है।[47] अत: यहाँ माया को बन्धन का मूल स्वीकार किया गया है। ब्रह्माण्ड पुराण में माया अनाचार सूचक अर्थ में प्रयुक्त है।[48] गीता में भी माया तत्त्व का विवेचन हुआ है। गीता में माया परमेश्वर की शक्ति है जो अद्भुत व त्रिगुणात्मिका है। यहाँ त्रिगुणमयी माया को दुरत्यया कहा गया है किन्तु जो परमेश्वर को निरन्तर भजते हैं, वे माया को पार कर जाते है-

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते।।[49]

यहाँ ईश्वर की माया के भ्रमोत्पादक रूप का भी वर्णन मिलता है। उक्त है कि ईश्वर अपनी माया से सभी प्राणियों को घुमाता है-

ईश्वर: सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया।।[50]

एक अन्य स्थल पर उक्त है कि ज्ञान अज्ञान से आवृत है, जिससे सभी प्राणी भ्रान्त (मोहित) है।[51] गीता में माया को योगमाया के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। यहाँ योगमाया से आशय ईश्वरीय माया से ही है। ईश्वर अपनी योगमाया से छिपा होने के कारण सबके प्रत्यक्ष नहीं होते-

'नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः'।[52]

माया ज्ञान की बाधिका है। **'मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते,' 'ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः'**[53] इन वचनों से माया को ज्ञानैकनिवर्त्य कहा गया है। अतः गीता में माया ज्ञान का बाध करने वाली परमेश्वर की अलौकिक शक्ति तथा त्रिगुणात्मिका प्रकृति के रूप में वर्णित है। वादरायण के ब्रह्मसूत्र में केवल एक स्थान पर ''मायामात्रं तु कात्स्र्न्येनानभिव्यक्तस्वरूपत्वात्''[54] इस सूत्र में माया का संकेत हुआ है। यहाँ माया शब्द स्वाप्निक प्रपञ्च के मिथ्यात्व के अर्थ में प्रयुक्त है।

योगवशिष्ठ में माया का स्वरूप आत्मतत्त्व का अदर्शन कहा गया है। उसके मिथ्यात्व एवं अविद्यमानता पर जोर दिया गया है। वह वस्तुतः कही भी स्थित नहीं है; किन्तु सर्वत्र दिखती है। मृगमरीचिका, इन्द्रजाल, मनोराज्य की तरह ही अविद्या का स्वरूप है। वह सकल संसार का बीज है। कहा गया है- 'संसारबीजकणिका यैषाऽविद्या रघूद्वह। एषा ह्यविद्यमानैव सतीव स्फरतां गता न क्वचित् संस्थितापीह सर्वत्रैवोपलक्ष्यते।''[55]

अद्वैतवेदान्त में माया सिद्धान्त के स्वरूप का व्यवस्थित प्रतिपादन भगवत्पूज्यपाद शङ्कराचार्य ने अपने भाष्य ग्रन्थों में किया है। इनसे पूर्व भी वेदान्त दर्शन के अनेक आचार्य हुए हैं, जिनकी कृतियाँ अनुपलब्ध है। महर्षि वादरायण ने ब्रह्मसूत्र में जैमिनि, आश्मरथ्य, बादरि, औडुलोमि, काशकृत्स्न, कार्ष्णाजिनी, आत्रेय इन पूर्वाचार्यों का नामोल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य आचार्य भी हुए हैं, जिनकी कृतियाँ अद्वैत वेदान्त के विचारों का सूक्ष्म विवरण एवं आचार्यशङ्कर के मायावाद के भी बीज उपलब्ध कराती है। उन आचार्यों में भर्तृप्रपञ्च, भर्तृहरि भर्तृमित्र, बोधायन, दविड़ाचार्य, ब्रह्मदत्त, ब्रह्मनन्दी तथा गौडपादाचार्य मुख्यतः उल्लेखनीय है। किन्तु यहाँ आचार्यगौडपाद की दृष्टि पर ही प्रकाश डाला जायेगा।

## माया स्वरूप विषयक गौडपादाचार्य की दृष्टि

मायावाद का सिद्धान्त अद्वैतवेदान्त का उपांगभूत सिद्धान्त है, जिसके आधार पर ही अद्वैतवाद सिद्धान्त का प्रतिपादन हो सका है। चूँकि माया सिद्धान्त को स्वीकार किये बिना अद्वैतवाद की उपस्थापना असम्भव है।

गौडपादाचार्य की माण्डूक्योपनिषद् पर एक कारिका है, जिसे माण्डूक्यकारिका (गौडपाद का0 भी) कहते हैं, अद्वैतवेदान्त का प्रथम उपलब्ध दार्शनिक ग्रन्थ माना जाता है। इसमें आचार्य ने माया सम्बन्धी सिद्धान्त का विवेचन किया है। प्रायः मायावाद का प्रारम्भ इन्हीं से माना जाता है। इनके अनुसार अनादि-माया से परिवृत जीव अज्ञान की निद्रा में चिरकाल से सोया है। अज्ञान निवृत्ति के बाद अनादि माया में सुप्त जीव जब जागता है, उसी समय उसे अज, अनिद्र तथा स्वप्नरहित अद्वैत आत्मा का बोध होता है-

'अनादि मायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते,

अजमनिद्रमस्वप्नमद्वैतंबुध्यते तदा।[56]

आचार्य माया का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि ये धर्म (जीव) जो उत्पन्न कहे जाते हैं, वे तत्त्वतः उत्पन्न नहीं होते। उनका जन्म माया के समान है और वह माया वस्तुतः है नहीं-

धर्मा य इति जायन्ते जायन्ते ते न तत्त्वतः।

जन्म मायोपमं तेषां सा च माया न विद्यते।।[57]

गौडपादाचार्य चूँकि अजातिवाद के समर्थक आचार्य है। अजाति का अर्थ अनुत्पत्ति है। इनके मत में जाति (उत्पत्ति) वस्तुतः असम्भव है। इनके अनुसार अद्वैत आत्मतत्त्व नित्य निरपेक्ष, निर्विकल्प शुद्ध चैतन्यस्वरूप, समस्त अनुभवों का अधिष्ठान स्वतस्सिद्ध, स्वप्रकाश है। यह स्वभावेन अजात है किन्तु अपनी माया शक्ति से यह अद्वैततत्त्व विश्व के नानारूपों में, जड़-जगत् के भिन्न-भिन्न पदार्थों व बद्ध जीवों के रूप में भासित होता है। अनित्य पदार्थ भी वस्तुतः आत्मा के मायाकृत प्रतीतिमात्र है। जो अपने अधिष्ठानभूत आत्मा से अभिन्न है। इनकी तात्त्विक उत्पत्ति नहीं होती, माया के कारण इनकी उत्पत्ति की प्रतीतिमात्र होती है और यह न सत् है, न असत् और न सदसत् है। अतः सदसदनिर्वचनीय होने से मायिक (मिथ्या) या वितथ है। मिथ्या जगत् की उत्पत्ति आचार्य ने सत् स्वरूप आत्मा से माया के द्वारा बतलायी है, जो अपारमार्थिक है-

'सतो हि मायया जन्म युज्यते न तु तत्त्वतः।[58]

अजात तत्त्व की जातता की प्रतीति का हेतु बतलाते हुए आचार्य कहते हैं कि अजायमान आत्मा

ही माया के द्वारा जायमान प्रतीत होता है- ''अजायमानो बहुधा मायया जायते तु स:।''[59] यहाँ माया शब्द अविद्या के अर्थ में प्रयुक्त है। इनके अनुसार हमें जो भी भेद प्रतीत होता है, केवल माया के कारण,[60] जो वास्तविक नहीं है आचार्य स्पष्ट कहते हैं कि प्रपञ्च यदि होता तो निवृत्त हो जाता, इसमें संशय नहीं, किन्तु वास्तविक रूप से द्वैत तो मायामात्र है। पारमार्थिक रूप से तो केवल अद्वैत आत्मतत्त्व ही हैं-

प्रपञ्चो यदि विद्येत निवर्तेत न संशय:।

मायामात्रमिदं द्वैतमद्वैतं परमार्थत:।।[61]

अत: माया भ्रम का कारण है। उसकी कोई निरपेक्ष सत्ता नहीं है। निरपेक्ष सत्ता एकमात्र अद्वैततत्त्व ब्रह्म की है, जिसका अपरोक्षानुभव होने पर अविद्या या माया व्याख्या के लिए शेष नहीं रह जाती। आत्मदेव अपनी ही माया से स्वयं भी मोहित हुए के समान मोहग्रस्त हो रहे हैं।[62] इस प्रकार सैद्धान्तिक दृष्टिकोण से आचार्य गौडपाद के माया सम्बन्धी विचार के अन्तर्गत शाङ्कर मायावाद की सबल आधारभूमि प्राप्त होती है। इनकी माण्डूक्यकारिका आचार्यशङ्कर के दार्शनिक सिद्धान्तों के लिए महती प्रेरणा एवं एक पृष्ठभूमि का काम करती है। प्रो0 रानाडे का मानना है कि उपनिषदों तथा आचार्य गौडपाद के सिद्धान्तों के आधार पर ही आचार्यशङ्कर ने अपने मायावाद उपसिद्धान्त का विकास किया है।[63] किन्तु गौडपादाचार्य ने माया शब्द का प्रयोग जहाँ अविद्या, अज्ञान एवं ईश्वर की शक्ति के रूप में किया है, वही स्वप्न के अर्थ में भी माया शब्द का प्रयोग हुआ है। माया का जगत् की स्वाप्निक सत्ता के द्योतक के रूप में किया गया प्रयोग आचार्यशङ्कर के विचार से थोड़ा भिन्न है, क्योंकि आचार्यशङ्कर ने माया एवं मायिक जगत्प्रपञ्च को सर्वदा स्वप्न न स्वीकार कर उसकी अनिर्वचनीयता के कारण व्यावहारिक सत्ता भी स्वीकार किया है। इस प्रकार अन्य कई आचार्यों के माया विषयक विचारों में कुछ भेद दृष्टिगोचर होता है।

**सन्दर्भसूची**

1- विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं ............। वेदान्तसार, सदानन्द।

2- तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात्, वही।

3- सर्वेषु हि वेदान्तेषु वाक्यानि तात्पर्येणैतस्यार्थस्य प्रतिपादकत्वेन समनुगतानि, ब्र०सू० शा0भा० 1/1/4

4- छा०उप० 6/2/1

5- वही, 3/14/1,

6- मु0उप0 2/2/11,

7- बृह0उप0 4/4/19,

8- बृह0उप0 3/4/2,

9- तैति0उप0 3/1/1

10- तैति0उप0 2/1

11- द्रष्टव्य, संस्कृत-हिन्दी, शब्दकोश, वामन शिवराम आप्टे, पृ. 854

12- ऋ.सं. 9/83/3, यजु. 13/44, 30/7, 23/52

13- निघण्टु 3/9, 1/6/4

14- संस्कृत-हिन्दी, श.को., वामन शिवराम आप्टे, पृ. 854

15- रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय, माया स्वरूप विमर्श, प्रज्ञा, 1970

16- वेदान्त दर्शन, डॉ0 विनय कुमार मिश्र, पृ. 67 से उद्धृत।

17- लघुवासुदेवमननम्, प्रथमवर्णकम्, वासुदेवयतीश्वर।

18- यजुर्वेद-महीधरभाष्य 11/69

19- अज्ञानमेवाविद्या तमो मोहो मूलप्रकृतिः प्रधानं गुणसाम्यमव्यक्तं मायेति चोच्यते। लघुवासुदेवमननम्, प्रथमवर्णकम्।

20- ऋग्वेद 6/47/18

21- वही, 8/41/3

22- मायाविनो ममिरे अस्य मायया नृचक्षसः पितरो गर्भमादद्युः। वही, 9/83/3

23- देखिए सा0भा0ऋ0सं0 5/85/5, 5/85/6, 9/83/3

24- यतः आसुरी माया/असुः प्राणः। रेफ उपजनः। प्राण सम्बन्धिनी माया प्रज्ञा। यजुर्वेद संहिता, उवट्ट भाष्य, 11-9।

25- वही, महीधर भाष्य, 11/69 ।

26- यजुर्वेद 23/52, 13/44, 30/7।

27- सामवेद, पूर्वार्चिक पञ्चम प्रपाठक, प्रथमोऽर्ध, तृतीया दशति, मन्त्र-4।

28- वही, षष्ठ प्रपाठक, तृतीयोऽर्ध, द्वितीय दशति, मन्त्र-2।

29- बृहती परि मात्राया -----। अथर्ववेद सं0 8/9/5।

30- वही, 8/10/22।

31- मायाभिः आत्मीयाभिर्वञ्चनाभिः। अथर्ववेदसं0सायणभाष्य, 20/29/4।

32- अथर्ववेद संहिता, 20/36/9।

33- तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोको न येषु जिह्ममनृतं न माया चेति। प्र0उप0, 1/16

34- बृह0उप0 2/5/19

35- छा0उप0 8/3/1

36- वही 1/1/10

37- क0उप0 1/2/4-5

38- श्वेता0उप0 4/10

39- वही

40- मु0उप0 2/1/10

41- वि0पु0, 9/109

42- भा0, 2/9/33

43- भागवत।

44- भागवत।

45- भागवत।

46- ब्रह्म पु0 302/11

47- यदेते पुरुषा बद्धा मायमा भगवंस्तत। वही 203/15

48- ब्रह्माण्ड पु0 19/105 ।

49- गीता 7/14

50- गीता 18/61

51- अज्ञानेनावश्तं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः। गीता 5/15

52- वही, 7/25

53- वही, 7/14, 5/16

54- ब्र0सू0 3/2/3

55- योगवशिष्ठ 3/113/17

56- गौडपादकारिका 1/16

57- गौडपादकारिका 4/58

58- गौ0पा0का0 3/27

59- वही, 3/24

60- मायया भिद्यते ह्येतन्नान्यथाजं कथञ्चन, वहीं, 3/19

61- गौ0का0 1/17

62- मायैषा तस्य देवस्य यया संमोहितः स्वयंम्। वहीं, 2/19

63- A Constructive survey of upanishadic philosophy, p- 165

# प्राचीन भारत में शल्य चिकित्सा

**डॉ0 अखिलेश कुमार**
विभागाध्यक्ष
प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व
विभाग, नगर निगम डिग्री कॉलेज,
लखनऊ

प्राचीन भारतीय चिकित्सा में औषधि प्रयोग की ही तरह शल्य क्रिया से उपचार किया जाता था। जिस प्रकार से चिकित्सा की औषधियों तथा अन्य विधियों का विकास वेदों से हुआ है उसी प्रकार शल्य क्रिया का विकास भी हमें वेदों से मिलता है। पौराणिक विवरण के अनुसार भारत में चिकित्सा जानने वाला पहला व्यक्ति भिषगर्थवन था।[1] ऋग्वेद में एक स्थान पर विवरण आता है कि विष्पला की टूटी टांग को काटकर अश्विन देवताओं ने उसके स्थान पर लोहे की टांग लगा दी।[2] शल्य वैद्यों को युद्ध क्षेत्रो में साथ रखा जाता था, जिससे घायल होने पर तत्काल उपचार हो सके।

सुश्रुत ने ही प्रथम बार शल्य कर्मों की सारी आवश्यकताओं, शल्य अनुभवों तथा इससे संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियों को लिपिबद्ध करने का कार्य किया। उन्होंने वेदों की विवरण शैली से हटकर शल्य चिकित्सा के स्वतंत्र एवं वैज्ञानिक आधार दिया। इन्होंने शल्य ऑपरेशनों को आठ भागों में बाँटा तथा इन समूहों के अन्तर्गत रखा– आहार्य (ठोस देह को निकालना) भेद (छेदना) और विसात्य द्रव्य निकालना।[3]

## सुश्रुत द्वारा किये गये प्रमुख चिकित्सकीय कार्य

सुश्रुत ने प्रथम बार कटे हुए कान को गर्दन के पास के खाल को निकाल कर उपचारित करने की क्रिया को बताया है।[4] सुश्रुत को ही मोतियाबिन्द दबाने की कला का आविष्कार करने का भी श्रेय दिया जाता है। इसका ज्ञान प्राचीन ग्रीस और मिश्र के शल्य चिकित्सकों को न था।[5] सुश्रुत ने अपनी संहिता के चिकित्सा स्थान दो में निम्नलिखित बातों पर बड़ी विषद् चर्चा की है– पेट का ऑपरेशन, टूटी हड्डियों को बैठाया जाना, हार्निया तथा फटन का उपचार, बवासीर तथा भगंदर का उपचार, आँतों के चोटिल हो जाने पर उसका इस प्रकार से उपचार की निचले हुए भाग की अंगुली को धीरे–धीरे चलाते हुए यथाव्यवस्थित कर देना चाहिए। जरूरी हो तो चिकित्सक काट दें। आँत टूट गई हो तो उसे उसके टुकड़े के छोरों पर जिंदा चीटें लगाकर उनकी देह काट देनी चाहिए और सिर लगा रहने देना चाहिए। जो काम आज तांत के द्वारा सिलने से होता है, वही कार्य उस समय इस विधि से किया जाता था। यह करने के बाद आँतों को उदरगुहा में अच्छी तरह रख देना चाहिए और बाहरी खुला भाग सिल देना चाहिए। सुश्रुत ने इस कार्य की तुलना यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र में देखी जा सकती है।[6] पथरी के सफलतापूर्वक उपचार के बारे में सूचना हमें सुश्रुत से

मिलती है। इनके अनुसार अगर पथरी मूत्रमार्ग में हो तो उसे अनुवासनम और मूत्रमार्ग वस्ति द्वारा निकालना चाहिए पर यदि इसमें सफलता न मिले तो शिशन को काट कर खोलना चाहिए और संग्रथन को एक हुक के माध्यम से निकालना चाहिए।[7] सुश्रुत ने विच्छेदन तथा आँख के ऑपरेशन पर भी अपनी जानकारी को प्रस्तुत किया है। इन्होंने आँखों के बीमारियों को छिहत्तर भेदों में से इक्यावन का संबंध शल्य से बताया है।[8] धात्री विद्या के विषय में भी सुश्रुत विषद् चर्चा करते है। मानव शरीर में कितनी हड्डिया हैं। इसकी संख्या भी सुश्रुत बताते हैं। परन्तु यह संख्या वैदिक परंपरा में मानी गयी हड्डियों की संख्या से भिन्न है वैदिक परम्परा में 390 हड्डियों की सूचना है परन्तु सुश्रुत इसे 300 ही बताते हैं।[9]

## सुश्रुत के बताये शल्य के यन्त्र

सुश्रुत ने शल्य यंत्रों की संख्या 101 बतायी गई है, जिसमें हाथ को सर्वप्रमुख माना गया है क्योंकि इसकी सहायता बिना कोई भी कार्य नहीं हो सकता।[10]

शल्य यन्त्रों को छः भिन्न–भिन्न वर्गों में बांटा गया है– स्वास्तिक, संदर्भ, ताल, नाड़ी यंत्र और शलाका इनके उपयंत्र भी होते हैं।[11] इन यंत्रों को न तो बहुत बड़ा और न ही बहुत छोटा होना चाहिए। ऐसी सूचना हमें संहिता के 'सूत्रस्थान अध्याय' 7 से मिलती है। स्वास्तिक वर्ग के यंत्रों की लंबाई 18 अंगुल बतायी गई है उनके मुख, शेर, चीता, भेड़िया, बाघ, बिल्ली, सियार, हरिण, कौवा, जलगोध आदि के समान होनी चाहिए। इन हथियारों का उपयोग कांटा या दूसरी बाहरी वस्तु के हड्डियों में घुस जाने पर करना चाहिए। ताल यन्त्रों की लम्बाई 12 अंगुल होती है। इनको दो भागों में बांटा जा सकता है– इकहरे ताल तथा दुहरे ताल। इकहरा ताल मछली के कांटे के समान होता है। और दूरा भेतुली मछली के पूरे मुख के समान। इन यंत्रों का उपयोग नाक, कान या शरीर के अन्य छिद्रों के शल्य के लिये किया जाता है।[12] नाड़ीयंत्र का भी प्रयोग होता था। इसका उपयोग शरीर के बाहय छिद्रों तथा आन्तरिक छिद्रों से अपद्रव्य निकालने में होता था। इन यंत्रों की लंबाई आवश्यकतानुसार घटाई बढ़ाई जाती थी। इनका उपयोग बवासीर, भगन्दर, फोड़ा, आंत्रवृद्धि निरूद्धगुदा, जलोदर, मूत्रमार्ग, आंतड़ियों, भग, गर्भाशय आदि में कुछ इजेक्ट करने के लिये या औषधि सहित मास लेने के लिये या फिर अलाशुयंत्रों (प्याले के लिये लौकी का प्रयोग) के जैसे उपयोग के लिये होता था।[13]

शलाका यंत्र भिन्न–भिन्न आकार के होते थे और तरह तरह के कामों के लिये प्रयोग किए जाते थे। विशेष पके हुए स्थान से पीव को खोजने के लिये व्यूहन, काटकर भीतर लगे शल्य को बाहर निकालने में एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाने में, प्रभावित अंग से निकालने (आहरण) के लिए प्रयोग आदि।[14] शल्य यंत्रों को किस प्रकार से उपयोग में लाया जाता था। इन यंत्रों के क्या क्या कार्य हैं? यह भी सूत्र अध्याय सात में बहुत अच्छी तरह से विवेचित है। सत्य प्रकाश ने इसे अपनी पुस्तक में इस प्रकार से वर्णित किया है। ''ये कृत्य है निर्धनतम् (हिला डुला कर शल्य को बाहर निकालने का), इंजेक्ट करना या भरना, बांधना उठाना और फिर शल्य निकालना, घुमाकर

ठीक करना, शल्य को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाना, घुमाना, फैलाना, दबाना, स्रोत साफल करना, निकालना, खींचना, सतह पर लाना, ऊपर उठाना, नीचे रखना, काटना या खुरचना, किसी अंग को चारों ओर से दबाना, खोजना, सीधा करना, धोना, नोक को भरना और साफ करना ये सब चौबीस है।''[15]

सुश्रुत शल्य यंत्र के बारे में प्रशंसनीय जानकारी देते हैं, वे यंत्र सर्वोच्च कोटि के होते हैं, जिनमें हत्था बड़ा और शुद्ध लोहे का, ठीक आकार का, तेज धार वाला, जिसमें दांता न पड़ता हो, और जिसके सिरे ठीक–ठीक बनते हों।[16] वक्रता, भुथरापन, धार की असमान, प्रखरता, खुरदुरापन और ज्यादा छोटा होना शल्य यंत्रों के दोष है।[17] जिस यंत्र का प्रयोग भेदन के लिये किया जाता है, उसकी धार मसूर की दाल जैसी पतली होनी चाहिए और खुरचने वाले यंत्र की धार तो उससे भी आधी होनी चाहिए। व्यधन, उठाकर काटने या पीव को निकालने के लिए उपयोग में आने वाले यंत्र की धार तो मानव के बाल जितना पतला होना चाहिए।[18] शल्य यंत्रों को क्षार, मेल या अन्य ऐसे पदार्थों के साथ रखना चाहिए जिससे इन यंत्रों की धार तथा कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मानव शरीर में घुसे द्रवों को काटने के लिये जिन शास्त्रों को उपयोग किया जाता है उनको क्षार के साथ रखना श्रेयस्कर होगा। पर काटने, तराशने, स्नायु काटने के यंत्र को तेल में रखना चाहिए। हल्के लाल पत्थर पर इन यंत्रों की धार को संवारना चाहिए तथा लकड़ी की बनी हुयी म्यान में इन शल्य यंत्रों को रखना चाहिए।[19]

## शल्य चिकित्सक की व्यवहारिक सावधानी

सुश्रुत संहिता के सूत्रस्थान के 'योगसूत्र' अध्याय 7 में चिकित्सक को शल्य क्रिया के पूर्व किए जाने वाली सावधानियों को विस्तृत रूप से चर्चा की है। छेदन आदि या तेल आदि भरने की सभी शल्य क्रिया से संबंधित कार्यों में शिष्य को जिन प्रणालियों में शल्य क्रिया करनी है या औषध ा लगानी है, उन से सुपरिचित बनाना चाहिए। पुष्पफल कुम्हड़ा लौकी, तरबूज, खीरा, आदि में काट करके खास तरह के छेदनों का ज्ञान कराना चाहिए। इसी तरह ऊपर करने या नीचे करने की काठ करने की कला भी सिखानी चाहिए। वैद्य शिरा काटने की कला का अनुभव मृत पशुओं की शिरा या कमल नाल पर कराना चाहिए। खोज या भरने की कला का अनुभव घुन से खाई हुई लकड़ी या बांस के नरकुल पर या सूखी लौकी पर सिखानी चाहिए। निकालने की कला, बिम्बी बिल्व या कटहल के गूदे में से बीज निकालकर या मृतपशु के जबड़े से दाँत निकाल कर सिखाई जानी चाहिए।

कर्ण सन्धि (कटे कान को बांधना) की कला मुलायम कटी हुई पेशी या मांस पर या कमलिनी की डंठल पर सिखानी चाहिए। क्षार या विदाहक लगाने की कला कोमल मांस पर लगाकर सिखानी चाहिए। ब्लेडर या फोड़े वाले पथ में सिरिंज या एनीमा डालने की कला भरे घड़े की दरार में या लौकी के मुख में डालकर सिखानी चाहिए।[20] सुश्रुत सूत्र स्थान के 'जलैकावचारण' खण्ड में जोंक या सिंगिया के माध्यम से उपचार करने की बात करते हैं। इसमें उस रोगी को

उपचारित करने की बात की गयी है, जो बति दुर्बल, वृद्ध, स्त्री, बाल या भीरू सुकोमल शरीर वाला अर्थात शल्य क्रिया के उपुर्यक्त न हो कि जोंक के माध्यम से उपचारित करने की बात की गई है। कुपित, वात, पित्त, कफ से दूषित खून को जोंको, सिंगियों अलाबू यंत्रों या जो भी साधन उपलब्ध हो, उससे निकालना चाहिए, रक्त दोष का कारण कुछ भी हो, जब कभी यह खून निकालना आवश्यक समझाा जाये, ऐसा करना चाहिए।[21]

कर्णभेदन से यदि किसी प्रकार का कष्ट हो जाता है, तो इसकी भी चिकित्सा पर सुश्रुत ने पर्यापत प्रकाश डाला है। यह कर्णभेदन आयूषणादि के लिये किया जाता है।[22] नाक की प्लास्टिक शल्य क्रिया के बारे में हमें सुश्रुत संहिता से जानकारी मिलती है। इसमें प्रथमतया उस अंग से मांस का टुकड़ा निकाला जाता है जिसे आसानी से उसको चिपकाया जा सके तथा साथ ही साथ वह स्थान भी उसे जल्दी भर सके। मांस को नाक पर चिपकाकर उसे पट्टी से बांध दिया जाता है। इसके बाद दो पतली नलिका इस मांस की बीच से डाल दी जाती है, जिसके कारण आसानी से रोगी सांस ले सके और बाद में उसके ऊपर औषधि चूर्ण लगा दिया जाता है। नाक पर सूती कपड़ा लपेटना उचित रहता है। इससे उसे शुद्ध तेल से सिंचित करने में आसानी रहें। रोगी को पीने के लिये घृत देना चाहिए तथा मालिश के लिये तेल का प्रयोग करना चाहिए और रोगी जो कुछ भी खा रहा है, उसके पाचन पर भी उचित ध्यान देना चाहिए। अगर पाचन क्रिया रोगी की सही नहीं तो इसका प्रभाव रोगी पर पड़ सकता है। घाव पूर्ण रूप से ठीक हो जाये तो समझना चाहिए कि मांस पूरी तरह से चिपक गया है अगर नहीं तो पुनः छीलकर उसे चिपकाना चाहिये।[23] घाव पर पट्टी बाँधते समय ध्यान रखना चाहिए कि सूजन जहाँ है, वहाँ पर दवा के प्रलेप के साथ पट्टी बाँधना चाहिए। अलग रोगों में अलग–अलग तरह से प्लास्टर करना चाहिए।[24] इसके बारे में ऐसा भी मत है कि प्रलेप वर्ग का प्लास्टर पतला और ठंडा लगाया जाता है और इष्ट प्रभाव के अनुसार से विरोशी (सुखाने वाले) या अविरोशी (न सुखाने वाले) द्रव्यों से युक्त बनाया जाता है। दूसरी तर् प्रदेह वर्ग के प्लास्टर प्रलेप को पतला या गाढ़ा गरम या ठंडा लगाया जाता है वह अवशोषी के रूप में काम करता है।[28] सुश्रुत ने आगे बताया है कि आलेप वर्ग का जो प्लास्टर होता है वह प्रलेप और प्रदेह दोनों के मध्य का होता है।[25] प्रलेपवर्ग के प्लास्टर को खून के अव्यवस्थित तथा पित्त के प्रकोप को ठीक करने के लिये किया जाता है तथा प्रदेह वर्ग का प्लास्टर वात और कफ के प्रकोप को ठीक करने के लिये। आलेप का प्रभाव पकाव रहित सूजन में अत्यधिक काम आता है।[26] चिकित्सक ने गुदा के आस–पास तथा अत्यधिक मुलायम स्थान पर आलेप वर्ग का ही प्लास्टर लगाने को बताते हैं। क्योंकि वह कुपित मलों को लक्षणों को शांत करता है। खुजली (कुपित कफ के कारण) जलन (कुपित पित्त के कारण), तेज दर्द (कुपित वात के कारण)। इसक कार्य चमड़े को और निश्चेत स्थान के खून को साफ करना, जलन को दूर करना तेज दर्द को कम करना तथा खुजली को कम करने का है। वात, कफ और पित्त के लिये चिकित्सक जितनी भी दवा दे, उसमें घृत का 1:6 या 1:8 होना चाहिए।

सन्दर्भ

1. प्राचीन भारत के वैज्ञानिक कर्णधार, पश्0 211 सत्यप्रकाश सरस्वती
2. हिरण्यंश्रश्गोअयो अस्य पादा। ऋ 1.163.9
सद्यो जग्घमायसी विष्पलायै धने हिते सर्तवे प्रत्यधत्तम्।। ऋ0 1.116 15–16
3. सत्य प्रकाश सरस्वती, पूर्वोधश्त, पृ0 213
4. सुश्रुत, सू0अ0, अध्याय–16
5. सत्य प्रकाश सरस्वती, पूर्वोधश्त, पृ0 214
6. 'Hearidity and sum of its surgical as pects' the medical advance
Vol. 64 June 1906, Pg. 357
7. Founders of Sciences in Ancient India, S. Prakash, Pg. 216
8. सुश्रुत, सं0उ0अ0, अध्याय–8
9. सुश्रुत, श0अ0,, 5.18
10. सुश्रुत, सू0अ0, अध्याय–7
11. वही,
12. वही,
13. वही,
14. वही,
15. सत्य प्रकाया सरस्वती, पूर्वोधश्त, पृ0 224
16. सुश्रुत, सू0अ0, अध्याय–7
17. वही,
18. वही,
19. वही
20. वही,
21. सत्य प्रकाश, पूर्वोधश्त, पृ0 229, दृश्टव्य, सू0अ0, अध्याय–9
22. वही, आरोग्यांक, गीता प्रेस, गोरखपुर
23. सुश्रुत, सू0अ0, अध्याय–16
24. वही,
25. वही,
26. सत्य प्रकाश, पूर्वोधश्त, पृ0 229

27. सूत्र अ0, अध्याय–16
28. वही, सत्य प्रकाश, पूर्वोधश्त, पृ0 240
29. सुश्रुत सू0अ0, अध्याय–16

# 'सोम का वैज्ञानिक स्वरूप'

(ऋग्वेद १०.८५.१-५ के विशेष सन्दर्भ में)

**डॉ. अरुणा शुक्ला**
संस्कृत विभागाध्यक्ष, बी.एल.एम. गर्ल्ज़ कॉलेज,
शहीद भगतसिंह नगर, नवांशहर (पञ्जाब)।

ऋग्वेद का १०.८५ वाँ सूक्त विवाह सूक्त के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें प्रथम बीस मंत्रों में सूर्या और सोम के विवाह का वर्णन किया गया है। प्रारंभ के पाँच मंत्रों में सोम की महिमा गाई गई है। इस सूक्त का प्रथम मन्त्र है-

**सत्येनोत्तभिता भूमिः सूर्येणोत्तभिता द्यौः।**

**ऋतेनादित्यास्तिष्ठन्ति दिवि सोमो अधिश्रितः॥ (ऋ.१०.८५.१)**

यहाँ इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि यह भूमि सत्य से ही प्रतिष्ठित है- 'सूर्येणोत्तभिता द्यौः' सूर्य द्वारा द्युलोक प्रतिष्ठित है और ऋत के द्वारा द्वादश आदित्य स्थित हैं और यह सोम द्युलोक में प्रतिष्ठित है। 'सत्येनोत्तभिता भूमिः' इस वाक्यांश में सत्य शब्द अग्नि का द्योतक है क्योंकि अग्नि ही पृथिवी का देवता है। यास्क ने भी अपने निरुक्त में अग्नि को पृथिवीस्थानीय होने का उल्लेख किया है। पं. मधुसूदन ओझा ने इस बात का प्रतिपादन किया है कि अग्निरूप प्रजापति ही पृथिवी को धारण करता है। सामगान में जिस त्रिवृत् स्तोम का गान प्रातः सवन में किया जाता है उसका सम्बंध पृथिवीलोक के साथ ही है। ऋचाओं में से प्रत्येक ऋक् का तीन-तीन बार गान करने से ही त्रिवृत् स्तोम का स्वरूप संपन्न होता है। इस प्रकार त्रिवृत् स्तोम में तीन ऋचाओं का तीन-तीन बार गान करने से नौ ऋचाएँ हो जाती हैं। इसी कारण से पृथिवी का क्षेत्र नौ अंश तक माना जाता है। यही पार्थिव अग्नि का मुख्य क्षेत्र है। पृथिवी पर जितनी वस्तुएँ हैं उन सबमें अग्नितत्त्व का ही परिगणन किया है। यास्क ने उन्हें आग्नेय देवता माना है निघण्टु के दैवत काण्ड में प्रथम अध्याय की प्रथम तीन कण्डिकाओं में अग्निजातवेदा से लेकर के देवी ऊर्जाहुतिपर्यन्त सभी पद आग्नेय हैं और इन सबका सम्बंध पृथिवी से है।

प्रथम मंत्र 'सूर्येणोत्तभिता भूमिः' में कहा गया है कि वहाँ पर द्युलोक को प्रतिष्ठित करने वाला सूर्य है। द्युलोक के जितने भी देवता हैं वह सारे किसी न किसी प्रकार से सूर्य के ही विविध रूप से अंश हैं। इसी द्युलोक में स्थित सूर्य से सम्बद्ध जितने भी देवता हैं उनकी सामूहिक संज्ञा आदित्य है। आदित्य का अर्थ होता

है- आदान करने वाला। ये आदित्य-संज्ञक देवता निरन्तर सोम का ग्रहण करते रहते हैं। सोम का निरन्तर ग्रहण करने के कारण ही ये आदित्य कहलाते हैं। इनका आहरण दो प्रकार से है। द्युलोक से ऊपर सोमलोक की सत्ता है जो 'मह:' लोक के नाम से भी विख्यात है। 'मह:' व्याहृतियों में से चौथे स्थान पर परिगणित है जो द्युलोक से ऊपर है। इसी सोमलोक में सोम की सत्ता है। इसकी स्थिति एकविंश स्तोम के ऊपर है एकविंश स्तोम तक सूर्य का क्षेत्र है और उसके ऊपर सोम का है। एकविंश स्तोम से ऊपर स्थित सोम के तीन रूप मिलते हैं। यही आपोमय परमेष्ठिमण्डल भी माना जाता है। इसमें स्थित सोम, राजा और वाज के नाम से जाना जाता है। ये राजा और वाजसंज्ञक सोम किमी के द्वारा ग्रहीत नहीं होते क्योंकि सोम का ग्राहक तो केवल अग्नि होता है। एकविंश स्तोम पर स्थित सूर्य भी अग्नि की तृतीय अवस्था अग्नि का विरल स्वरूप है। इसलिए एकविंश स्तोम से ऊपर अग्निक्षेत्र से बाहर रहने वाला जो सोम है वह पवमान सोम कहलाता है। राजासंज्ञक सोम वरुणमण्डल में स्थित है और वही वरुणमण्डल तथा सूर्यमण्डल की संधि रूप बार्हस्पत्यमण्डल में वाज नामक सोम के रूप में स्थित है। इसलिए एकविंश स्तोम से ऊपर पवमान सोम के दो नाम हैं- राजा और वाज। यही वाजसंज्ञक पवमान सोम सूर्य को निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है। इसी ऋत-रूप वाज सोम से आदित्य अर्थात् सौरमण्डलस्थ सभी देव, शक्ति प्राप्त करते हैं। सूर्य में आते ही यह सोम ४० भागों में विभक्त हो जाता है। वस्तुत: वहाँ सौर इन्द्र पवमान सोम के ४० टुकड़े कर देता है। यही ४० ग्रह हैं जिनका ग्रहण सोमयाग में किया जाता है। यही ४० सोमग्रह हैं इनको ग्रह इसलिए कहते हैं क्योंकि यह सोम अग्नि द्वारा ग्रहीत होता रहता है। परमेष्ठिमण्डल से सोम के पृथिवीमण्डल में स्थित अग्नि में निरंतर आहुत होना ही सोमयाग के विविध रूप हैं। इन्हीं ग्रहों से सबकी उत्पत्ति होती है। यही परमेष्ठिमण्डल से पृथिवीमण्डल पर सोम का अवतरण है।

आदित्य द्वारा सोमग्रहण का दूसरा स्वरूप पृथिवी पर स्थित सोम के विविध रसों का ग्रहण करना है। सौरमण्डल में स्थित सोम की मरीचि भी एक संज्ञा है। सूर्य की किरणों द्वारा उसी मरीचि का पान करने के कारण सौरमण्डल के देवता मरीचिपा: भी कहलाते हैं। सोम विषयक प्रथम मंत्र के ही विवेचन से यह बात सुनिश्चित हुई कि सोम द्युलोक से ऊपर प्रतिष्ठित है। इसी तथ्य को लक्ष्य करके दशम मण्डल के ८५ वें सूक्त के दूसरे मंत्र में यह स्पष्ट रूप से कहा है-

**सोमेनादित्या बलिनः सोमेन पृथिवी मही।**

**अथो नक्षत्राणामेषामुपस्थे सोम आहितः॥ ( ऋ.१०.८५.२ )**

अर्थात् सोम से ही आदित्य बलवान हैं तथा सोम से ही पृथिवी महान् है। परमेष्ठिमण्डल में स्थित पवमान सोम से शक्ति लेकर ऊर्जा ग्रहणकर आदित्य के बलवान होने का हमने उल्लेख किया। पृथिवी भी सोम से ही शक्ति लेकर सभी जीवों का भरण-पोषण करने के कारण महती बनी हुई है। सौर-आग्नेय-मण्डल में आते ही

पवमान सोम सौर अग्नि से ग्रहण किया जाता है। इसीलिए सौर-आग्नेय-मण्डल स्थित ग्रह कहलाता है। परमेष्ठिमण्डलस्थ सोम सौरमण्डलस्थ आदित्य के द्वारा ग्रहण करने के पश्चात् चन्द्रमण्डल में आता है। यही कारण है कि चन्द्रमा को भी सोम नाम से पुकारा जाता है। चन्द्रमा में सोम सीधे परमेष्ठिमण्डल से न आकर सौरमण्डल से होकर आता है इसीलिए आज विज्ञान भी मानता है कि चन्द्रमा का प्रकाश उसका नहीं बल्कि सूर्य का प्रकाश है। चन्द्रमा तक प्राप्त चन्द्रमण्डल में व्याप्त सोम ही मेघ के माध्यम से वर्षा के रूप में परिणत होकर पृथिवीमण्डल पर आता है। यह उल्लेखनीय है कि परमेष्ठिमण्डल से सौरमण्डल होकर तथा चन्द्रमण्डल से होकर पृथिवीमण्डल पर आने वाला सोम आप: का स्थूलरूप ग्रहण करता है। यह पार्थिव जल, पृथिवीमण्डल पर उत्पन्न होने वाली सभी ओषधियों एवं वनस्पतियों का कारण है। वस्तुत: पृथिवीमण्डल पर स्वयं अपने में जल नहीं है वह सोममण्डल से ही प्राप्त हुआ है इसीलिए मन्त्रदृष्टा ऋषि ने स्पष्ट रूप से इस बात का उल्लेख किया कि सोम से ही पृथिवी ओषधि, वनस्पति आदि को उत्पन्न करने में समर्थ होती है। वही सोम जो परमेष्ठिमण्डल में राजा के नाम से प्रसिद्ध था, बार्हस्पत्यमण्डल में वाज नाम से प्रसिद्ध था, सूर्यमण्डल में ग्रह नाम से प्रसिद्ध था, वही पृथिवीमण्डल पर आकर 'हवि' नाम से प्रसिद्ध है इसलिए हविर्याग में जो देवताओं को हवि प्रदान की जाती है वह सोम का ही पार्थिव स्थूल रूप है। मंत्र में ऋषि ने सोम को सभी नक्षत्रों की गोद में स्थित बताया। बिना सोम-विज्ञान को सही रूप में समझे सोम के वास्तविक स्वरूप को नहीं समझा जा सकता। ऋषि इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख तीसरे मंत्र में करता है-

**सोमं मन्यते पपिवान्यत्संपिंषन्त्योषधिम्।**

**सोमं यं ब्रह्माणो विदुर्न तस्याश्नाति कश्चन॥ (ऋ.१०.८५.३)**

अर्थात् वैदिक काल में एक ओषधि विशेष को पीसकर तथा पानकर जो यह समझते हैं कि हमने सोम रस पी लिया है यह उनका भ्रम है। वस्तुत: जो वास्तविक सोम है उसका वह पान नहीं करते। जिस परमेष्ठिमण्डल-स्थित सोम-तत्त्व को ब्राह्मण सोम कहते हैं उस सोम का कोई भक्षण नहीं कर सकता। इस मंत्र से यह बात सामने आती है कि उस समय एक ओषधि विशेष को ही सोम माना जाता था किन्तु वह सोम का यथार्थ अभिधान नहीं था। सोम तो अपने मूल रूप में परमेष्ठिगत तत्त्व था जो अत्यंत सूक्ष्म है। शतपथ ब्राह्मण स्पष्ट रूप से कहता है जो कुछ आर्द्र है वह सोम है। अर्थात् मूल सोम का स्थूलतम रूप है। ऋषि इस बात को जानता है यह परमेष्ठिगत सोम ही जगत् के अनेक प्रकार के निर्माण का उपादान कारण है। चौथे मंत्र में सृष्टि की रूपवान वस्तु में सोम के उपादान कारण होने का उल्लेख किया गया है। यह वह विधान है जिसके द्वारा जगत् में कोई भी पदार्थ आकार ग्रहण करता है। काव्यशास्त्र में यही छन्दविधान के नाम से प्रसिद्ध है। अग्नि के साथ सोम का किस मात्रा में मिश्रण होगा। इसी से विविध प्रकार के रूपों का आकार-निर्माण होगा। इसीलिए उस सोम को संबोधित करते हुए ऋषि कहता है- तुम बृहत् आ%क्षद विधान के द्वारा गुपित एवं रक्षित हो।१ कोई

भी पार्थिव व्यक्ति तुम्हारा भक्षण नहीं कर सकता-

**आच्छद्विधौनर्गुपितैः सोम रक्षितः।**

**ग्रात्णामिच्छुण्वन्तिष्ठसि न ते अश्नाति पार्थिवीः। ( ऋ.१०.८५.४ )**

पाँचवें मंत्र में सोम का तादात्म्य चन्द्रमा से किया गया प्रतीत होता है। देवता सोम का पान करते हैं लेकिन उससे सोम समाप्त नरीं होता बल्कि पुनः उत्पन्न हो जाता है। कब से वह सूर्यस्थ मरीचिपा देवता सोम का पान कर रहे हैं किन्तु वह समाप्त नहीं होता। सौरमण्डलस्थ सोम जो चन्द्रमा में प्रवाहित होता है उसका देवता और पितर पान करते हैं। इसी से वर्ष मास और दिन आदि के स्वरूप का निर्माण होता है। ऐसा माना जाता है कि कृष्णपक्ष की प्रतिपदा में जो चन्द्रमा  की एक-एक कला क्षीण होती है वही देवताओं का चन्द्रस्थ सोम का पान है। अमावस्या पर्यन्त पंद्रह दिन में संपूर्ण सोम का देवता पान करते हैं किन्तु शुक्लपक्ष के पंद्रह दिन क्रमशः चन्द्रमा की एक-एक कला बढ़ती हुई पुनः पूर्णता को प्राप्त होती है इस प्रकार निरंतर सोम देवताओं का प्रमुख पेय बना हुआ है। इसी के आधार पर कुछ विद्वान् एक ऐसी भौतिक सोमलता की कल्पना करते हैं जिसका एक-एक पत्ता बढ़ता हुआ पूर्णिमा को पंद्रह पत्तों से सम्पन्न हो जाता है जिसमें यह लक्षण देखा जाए वह सोम की कलाओं के क्षीण एवं वृद्धि के आधार पर एक कल्पना की गई है। ऋग्वेद १०.८५.१-५ में जो सोम का वास्तविक स्वरूप विवेचित है वह संक्षेप में इस प्रकार है-

१. सोम पृथिवी पर उत्पन्न कोई लता नहीं बल्कि वह तत्त्व है जो द्युलोक में स्थित है।

२. द्युलोक से ऊपर महः, जनः, तपः तथा सत्यम् लोक हैं किन्तु सामान्य रूप से द्युलोक के अन्तर्गत उसका भी उल्लेख किया जाता है। वस्तुतः महः, जनः, तपः तथा सत्यम् नाम से प्रसिद्ध लोक सोम की उत्तरोत्तर सूक्ष्म तत्त्वात्मक सत्ता के वाचक हैं. सोम तत्त्व ही द्वादश आदित्यों को शक्ति प्रदान करता है। इसी लिए मंत्र में कहा गया कि सोम से ही आदित्य बलवान होते हैं. सोम ही उसको ऊर्जा प्रदान करता है। यदि सोमतत्त्व न हो तो सम्पूर्ण सौरमण्डल ऊर्जाहीन होकर समाप्त हो जाये। पृथिवी जो भूतल पर निवास करने वाले सभी जीवों को समुचित भोजन प्रदान करके महान् कहलाती है उसकी महानता का कारण सोम ही है सूर्य और चन्द्र के माध्यम से पृथिवी पर आता हुआ सोम ही पृथिवी को अन्नवती बनाता है।

३. सामान्य व्यक्ति पृथिवी पर उपलब्ध ओषधि के रस को सोम समझता है और यह गर्व करता है कि हमने सोमपान किया है। ओषधियों में उत्पन्न रस सोम का स्थूलतम रूप है। उसके सूक्ष्मतम रूप को विद्वान् ही समझ सकते हैं, सामान्य जन की वहाँ गति नहीं।

४. महान् आकार-विज्ञान जिसे आ%छदविधान या छन्दोविधान कहा जाता है उसके द्वारा सोम सुरक्षित है उसका पान कोई भी पार्थिव व्यक्ति नहीं कर सकता। अग्नि के साथ संयुक्त होकर ही सोम किसी वस्तु को

आकार देता है। अग्निसोम-मिश्रण में मात्रा भेद से ही आकार-भेद होता है।

५. चन्द्रमा को भी सोम कहा जाता है जिसकी एक-एक कला प्रतिदिन 15 दिन तक बढ़ती है और 16वें दिन से एक-एक कला घटना प्रारंभ हो जाती है।

## सन्दर्भ सूची

१. द्वयं वा इदं न तृतीयामस्ति आर्द्रञ्चैव शुष्कञ्चं। यच्छुष्कं तदाग्नेयं यदार्द्रं तत्सौम्यम्। (शब्रा.१.६.३.२३)

# Role of Self Help Group (SHG) in Women Entrepreneurship

**NIDHI GOEL**
Research Scholar
Gurukula Kangri Vishwavidyalaya
Haridwar, India

**Prof. PANKAJ MADAN**
Head & Dean, Gurukula Kangri Vishwavidyalaya
Haridwar, India

**Abstract**

Self-help group is self-governed, peer-organized and informal group of women who have similar socio economic background and have desire for common welfare. SHG is the group of micro entrepreneurs. SHG is one of program launched by the government for promoting women entrepreneurship especially in rural area. It is also considered as an effective way of tackling the problem of poverty in the country. This paper presents a detailed theoretical investigation of the role of SHG in women entrepreneurship.

**Keywords:** Self Help Group, Women Entrepreneur

## Introduction

Women in India have to face gender discrimination at every step of their life. They are the most vulnerable group of our society. In our society women is considered as idle despite of their work which is spread throughout the day. Generally they do not participate in decision making and even they do not have right to express their opinion on matter concerning themselves.. On the status of women P.B.Shelly quotes that "Can men be free if women be a slave. The United Nation an international organization has observed the status of women as "Women who belong to the half of the population, have performing two third of the world's work, received one tenth of its income and acquire less than one hundredth of its property. This clearly shows that there is a lot of discrepancy when it comes to the opportunities provided to male and female in the country. Now the question arises that does this discrepancy impacts us as a society; what can be done to remove this infirmity. Countries where this infirmity is present have not been

able to utilize its full potential yet. This infirmity has attracted the attention of policy makers and Governments all over the world. Women entrepreneurship is one of the most noted solutions which can help in resolving the gender disparity globally. Government of India also has been coming up with various tools and schemes which promote Women Entrepreneurship. One of the most effective tools in this regard has been Self Help Group (SHG). Though it is effective across the country but has been considered as the most effective weapon in the rural areas. It is also considered as an effective way of tackling the problem of poverty in the country.

**Need of Self Help Group**

Self-help groups are referred to as self-governed, peer-organized and informal group of people who have similar socio economic background and have desire for common welfare. SHG is the group of micro entrepreneurs. It is a voluntary and informal organization of women consisting of 15 to 20 women entrepreneurs. This concept works on the principle of encouraging self- saving to later offering them as loans of small portion to the group members. People having the same background come and deposit their savings whatever they can save from their earning to a common fund which is especially designed for the dynamic and emergent requirement of the members. SHG (Bank Linkage program) is the India's own innovative program and this program is considered as the most effective tool for poverty eradication and women empowerment. SHG is getting support from NABARD, SIDBI and NGO. The total number of SHGs registered under the NRLM program as on 31.3.2014 were 18, 64,742 and within one year SHG registered the tremendous growth of 23.64% and reach the number of 23,05,513 as on 31.3.15. SHG with the membership of 120 million poorer people had made it World's largest microfinance initiative. SHG is running under the central government scheme that is NRLM (National Rural Livelihood Mission). Prior to NRLM it came under the SJSRY (Swarna Jayanti Gram Swarozgar Yojana). Generally poorer people do not have any collateral assets which are a measure of their creditworthiness. These things have excluded poorer people from the formal financial institutions. This group is especially designed for those people who cannot open bank accounts because of low and minimal saving. Arghya Kusum Mukherjee, (2013) considered SHG linkage program is the emergent microfinance initiative for the poverty eradication. This group is becoming very popular among

rural women. Now SHG act as a middleman for providing loan between government and rural women.

**Objective of the SHG:**

1. To generate saving habits in the rural women.
2. To develop decision making power among the women.
3. To make the women confident and self-reliant.
4. To build entrepreneurship spirit among the women, so that they can give their contribution towards the economic growth.
5. To motivate the women to take the responsibility of family and group.

**Review of literature**

Simantini Mohapatra Bimal Kishore Sahoo, (2016) have an opinion that SHG has a positive impact on women empowerment. Obtaining a loan through the SHG institution is always easier than bank. SHG concept is especially designed for the rural area, where the outreach of banking facilities is very remote. We can see the success of SHG concept with the number of women entrepreneur in rural area. (Basu and Srivastava, 2004; Ghate, 2007; Nair and Tankha, 2015; NABARD, 2015) have an opinion that SHG is an efficient model of micro finance. Chowdhury, (2012) mentioned the two model for rural finance, one is SHG bank linkage model and another one is Micro finance model, he preferred SHG model because of the special advantages it comes up with. Klaus Deininger Yanyan Liu, (2009) he argued the finding of pali. He was unable to see the impact of SHG economically. Ranjula Bali Swain and Fan Yang Wallentin, (2009) have said that government specially design micro finance scheme for women empowerment. Measuring empowerment is not a simple task and it requires continuous attention. Microfinance institution gives preference to women in providing loan because they believe that women are more reliable borrower than men. They also believe that investing in women capability will enhance the skill of women which in turn will contribute in the economic growth. Ajay nair, (2005) discussed the sustainability of self help group model in India. In India sustainability of self help groups have been in suspect because they are run by

the small group which has limited fund for the operation. NABARD has been playing an important role in the foundation of SHG model. It helps through their promotional and refinance program of SHG Bank linkage model. Initially this program showed the slow rate of progress then the pace of rate of growth. We have seen it with the outreach of rural area. Besides the achievement, there are still question marks on its sustainability. Government should keep interest on the factor of bottleneck of its sustainability. Papisetty Rama Mohana Rao, (2004) studied the problem of micro enterprise run by the women. In micro enterprises main problem is of access to credit. Besides access to credit there are many hindrances which women faces in running an enterprise. Those hindrances are inadequate infrastructures, lack of capital, high labor mobility and high default rate of debtor. In the big enterprises access to credit it not a considered as barrier when we compare it with the small firm.

**Impact of SHG**

Importance of the SHG model is reflected by its positive impact on poverty eradication, income generation and empowerment of women.

**Economic impact**: Providing the financial assistance to the member of SHG is the most lucrative feature of this program. This program builds the saving habit among the poorer people which they can invest in future income generating activities.

**Impact on poverty**: SHG emerged as the efficient tool of poverty reduction. SHG is the function the microfinance program. SHG helps the women in establishing a business. With the help of this program women are able to run a business with having a minimal fund.

**Gender specific impact**: Government has designed SHG on the gender specific perspective. In this perspective for making one SHG group women should have at least 50% participation. Then only SHG will be formed. This concept started with the quote “start with women”.

**Social Impact**: Main aim of this program is to inculcate the social values in women. This provides a platform where women can participate in financial literacy, social awareness and health related programs. We have seen the positive trends of SHG in south India where marginal improvement in the economic

condition of women has been noticed. It also reflects in the improved ratio of female literacy, fertility rate and active participation of women in awareness and development campaigns.

## Conclusion

Now SHG does not just acts as financial intermediaries but have emerged as a socioeconomic and political developer of the society. But to a great extent success of SHG group is much dependent on effective management of public policies. Public policy management includes factors related with macroeconomic, trade and financial policies and gender specific policies. From the literature we found that for a successful SHG group, it should be more widespread so that credit flows at the bottom level become more reachable for economically poor women.

## References

**1.** Basu, P., & Srivastava, P. (2004). Scaling-up access to finance for India's rural poor. *World Bank Policy Research Working Paper*, *3646*.

**2.** Chowdhury, P. R. (2012). Microfinance: The SHG-Linkage Program. *The Oxford Handbook of the Indian Economy*, 149.

**3.** Deininger, K., & Liu, Y. (2009). Economic and social impacts of self-help groups in India.

**4.** Ghate, P. (2007). Consumer protection in Indian microfinance: Lessons from Andhra Pradesh and the microfinance bill. *Economic and Political Weekly*, 1176-1184.

**5.** Jennings, J. E., & McDougald, M. S. (2007). Work-family interface experiences and coping strategies: Implications for entrepreneurship research and practice. *Academy of Management Review*, *32*(3), 747-760.

**6.** Mohapatra, S., Mohapatra, S., Sahoo, B. K., & Sahoo, B. K. (2016). Determinants of participation in self-help-groups (SHG) and its impact on women empowerment. *Indian Growth and Development Review*, *9*(1), 53-78.

7. Mukherjee, A. K., & Kundu, A. (2013). SGSY: How much Beneficial across Socio-Religious Communities? *Journal of Rural Development*, *32*(2), 213-235.

8. Nair, A. (2005). *Sustainability of microfinance self help groups in India: would federating help?* (Vol. 3516). World Bank Publications.

9. Nair, T. S., & Tankha, A. (2015). *Inclusive Finance India Report 2014*. New Delhi: Oxford University Press.

10. Swain, R. B., & Varghese, A. (2010). *Microfinance 'plus': The impact of business training on Indian self help groups* (No. 2010: 24). Working Paper, Department of Economics, Uppsala University.

11. Swain, R. B., & Wallentin, F. Y. (2009). Does microfinance empower women? Evidence from self help groups in India. *International review of applied economics*, *23*(5), 541-556.

12. World Bank Group. (2013). *Global Financial Development Report 2014: Financial Inclusion* (Vol. 2). World Bank Publications.

13. Xu, L., & Zia, B. (2012). Financial literacy around the world: an overview of the evidence with practical suggestions for the way forward.

14. http://www.worldbank.org/en/country/india/overview , accessed on August 13, 2017

15. https://www.ibef.org/economy/indian-economy-overview, accessed on September 1, 2017

16. https://www.nabard.org/demo/auth/writereaddata/File/Highlights%20of%20the%20SHG-Bank%20Linkage%20Programme%202015-16.pdf